CMYK

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 1 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –137 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23





ममता बनर्जी ने राजबंशी समुदाय पर उनकी टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए भाजपा की आलोचना की — पृष्ठ 2

■ आपातकालीन खाद्यान्न आपूर्ति के लिए भारत की ओर देख रहे हैं बांग्लादेश और नेपाल
■ हबीब तनवीर : जो अपने जीते जी गाथा पुरुष बन गए — पृष्ठ 6

■ अब भारत, दुनिया के लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है : एस. जयशंकर
■ जोहान्सबर्ग में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से 73 की मौत — पृष्ठ 7

दक्षिण अफ्रीका के गुणवत्तापूर्ण तेज गेंदबाज विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं : कैलिस — पृष्ठ 8

# 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' इस कहावत में है सदियों का सच

## राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले प्रवास पर राजधानी रायपुर में द्रौपदी मुर्मु



**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। जय जोहार, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। मुझे छत्तीसगढ़ की धरती पर आप सबसे मिलने का अवसर मिला। मेरी इच्छा आज पूरी हुई। एक कहावत है छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, ऐसी कहावतों के माध्यम से सदियों से चल रहे सत्य को मात्र शब्दों में कह दिया जाता है। यह बात आज यहां रायपुर के शांति सरोवर स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के वार्षिक परियोजना सकारात्मक परिवर्तन वर्ष 2023 के शुभारंभ समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कही।

राष्ट्रपति ने कहा कि साइंस और टेक्नालाजी के साथ ही जीवन में आध्यात्मिकता का भी समावेश हो तो जीवन आनंद से भर जाता है। हमारी नई पीढ़ी बहुत प्रतिभाशाली है। कभी-कभी धैर्य की कमी होने की वजह से वे निराश हो जाते हैं। उन्हें बताना है कि अपनी रुचि के क्षेत्र में धैर्य और पूरे आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत करें तो सफलता जरूर मिलती है। ब्रह्मकुमारी परिवार हमेशा से इसके लिए प्रयास कर रहा है ताकि हम बेहतर समझ के साथ विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकें।

राष्ट्रपति ने कहा कि पूरी मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मकुमारी परिवार बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। मैं इसके लिए बधाई देती हूँ। सकारात्मक परिवर्तन को लेकर ओडिशा में यह कार्यक्रम शुरू हुआ है और मैं आज यहाँ आप सभी के बीच में भी हूँ। मैं यहाँ पहले ही आ चुकी हूँ। फिर से बुलाने के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूँ।

उन्होंने कहा कि एक ओर हमारा देश नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा है, चांद पर तिरंगा लहरा रहा है और विश्वस्तरीय खेलों में कीर्तिमान रच रहा है। हमारे देशवासी अनेक नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एक अत्यंत गम्भीर विषय है कुछ दिन पहले नीट की तैयारी कर रहे दो विद्यार्थियों ने अपने जीवन, अपने सपनों, अपने भविष्य का अंत कर दिया। ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए बल्कि हमें प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए। हार-जीत तो होती रहती है। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों पर कांपिटिशन का प्रेशर है लेकिन जितना जरूरी उनका करियर है। उतना ही जरूरी है कि वे जीवन की चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें। पाजिटिव थीम की सहायता से हम उन बच्चों की मदद कर सकते हैं जो बच्चे ऐसे मोड़ पर निराश हो जाते हैं।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अध्यात्म से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किये। उन्होंने कहा कि मेरी आध्यात्मिक यात्रा में भी ब्रह्मकुमारी संस्था ने मेरा बहुत साथ दिया है। जब मेरे जीवन में कठिनाई थी तब मैं उनके पास जाती थी। ब्रह्मकुमारी का रास्ता मुझे बहुत अच्छा लगा। आप सहजता से काम करते हुए आप अपनी जिंदगी को बेहतर तरीके से जी सकते हैं। जिंदगी जीने की कला वो सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि हम आज सभी टेक्नालाजी के युग में जी रहे हैं। बच्चे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की बात कर रहे हैं लेकिन यह भी जरूरी है कि दिन का कुछ समय मोबाइल से दूर रहकर बिताएं।

अपने संबोधन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि सकारात्मक परिवर्तन का मतलब ऐसे परिवर्तन से है जिसका लाभ व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को हो। जब कोई समाज सकारात्मक बदलाव को अपनाता है तब वह और अधिक मजबूत हो जाता है। हम सभी जानते हैं कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। जो रूढ़िवादी और परंपरावादी समाज अपनी मान्यताओं और परंपराओं को बदलना नहीं चाहता वह मुख्यधारा से कट जाता है। समय और आवश्यकता ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### राहुल ने अडानी मामले पर प्रधानमंत्री मोदी से किए सवाल

# देश से बाहर भेजा गया 'एक अरब डॉलर' किसका?

■ राजीव रंजन श्रीवास्तव

**मुंबई**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन की बैठक से पहले गौतम अडानी पर फिर बड़ा हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि अडानी के खिलाफ दुनिया के दो बड़े अखबारों ने खुलासा किया है। हम इस मामले को लेकर पहले भी सवाल उठा चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। इस मामले में पूरा विपक्ष जेपीसी की मांग कर रहा है लेकिन पता नहीं क्यों सरकार यह जांच करा रही है। राहुल गांधी ने ग्रांड हयात होटल में संवाददाता सम्मेलन में दो वैश्विक फाइनेंशियल अखबारों में छपी खबरों के हवाले से आरोप लगाया है कि अडानी समूह ने देश का पैसा विदेश भेजकर उसके जरिए देश के शेयर बाजार को प्रभावित करके अत्यंत गंभीर आर्थिक अपराध किया है। 'जी-20' की बैठक से पहले यह मामला सामने आया है और यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। राहुल गांधी ने कहा कि साफ होना चाहिए कि 'देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर' किसका पैसा है?

**यह एक बड़ा घोटाला है**

उन्होंने कहा कि शेयर बाजार से खिलवाड़ करने के काम में दो विदेशी नागरिक शामिल रहे हैं जिनमें एक चीन का रहने वाला व्यक्ति भी है।



■ अडानी मामले की जांच जेपीसी से कराएं प्रधानमंत्री मोदी

■ सीबीआई व ईडी अडानी से क्यों नहीं कर रही है पूछताछ

'जी-20' की बैठक से पहले यह मामला सामने आया है और यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। यह साफ होना चाहिए कि 'देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर' किसका पैसा है : राहुल गाधी, कांग्रेस नेता

यह देश की जनता का पैसा था जिसका इस्तेमाल विदेश से शेयर बाजार को प्रभावित करने के लिए किया गया है। कांग्रेस नेता ने इसे बड़ा घोटाला बताया। राहुल गांधी ने सवाल किया ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### राहुल के नेतृत्व की ओर देख रहा है देश : राउत



शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि देश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है और उनकी ओर देख रहा है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने जनता के बीच गहरी छाप छोड़ी है और वह पश्चिम-पूर्व दिशा में इसी तरह की एक और यात्रा शुरू करेंगे। राउत ने कहा, देश ने उन्हें एक गैर-विवादास्पद, सक्षम नेता के रूप में स्वीकार किया है। लोग राहुल गांधी से प्यार करते हैं, वे उनके नेतृत्व में काम करना चाहते हैं।' हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि सभी राष्ट्रीय विपक्षी दल एक साथ बैठेंगे और कुछ दलों के बीच मतभेदों को समाप्त करने के सभी पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

### आज तैयार होगा 'इंडिया' का रोडमैप

एक सितंबर को यहां होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक के लिए मंच तैयार है। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति और रोड-मैप तैयार करने के लिए मुख्य सम्मेलन आज आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को 28 विपक्षी दल सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच विचार-विमर्श में भाग लेंगे। इन पार्टियों के लगभग 100 नेता, जिनमें 11 मुख्यमंत्री और अन्य शीर्ष पदाधिकारी शामिल हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी, राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**सार संक्षेप**

### राहुल कल रायपुर में, राजीव युवा मितान सम्मेलन में होंगे शामिल

**रायपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 2 सितंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने जानकारी दी कि 2 सितंबर को दोपहर 1 बजे मेला ग्राउंड नवा रायपुर में विशाल राजीव युवा मितान सम्मेलन आयोजित है। इस सम्मेलन को कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी संबोधित करेंगे।

### जया वर्मा सिन्हा रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को जया वर्मा सिन्हा को भारतीय रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया है। सरकार ने एक अधिसूचना में कहा, 'कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने जया वर्मा सिन्हा, सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास), को रेलवे बोर्ड अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है। जया वर्मा सिन्हा 1 सितंबर या उसके बाद कार्यभार संभालेंगी और उनका कार्यकाल 31 अगस्त 2024 तक होगा।

### अरविंदर सिंह लवली बने दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष के रूप में अपना काम शुरू करने के लिए कहा है।

### गुरुग्राम में नूंह में हिंसा का संदिग्ध गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** नूंह पुलिस की अपराध शाखा टीम ने 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा के दौरान हुई नूंह हिंसा में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए हैं तैयार

**नई दिल्ली**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में वह किसी भी समय चुनाव कराने को तैयार है, लेकिन पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं बता सकती। पूर्ण राज्य बहाल करने में कुछ समय लगेगा।

■ पूर्ण राज्य बहाल करने में लगेगा कुछ समय

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एस के कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया, लेकिन स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर योग्यताओं के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। श्री मेहता ने जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर एक निश्चित समय सीमा बताने से परहेज किया। उन्होंने वहां निवेश, रोजगार और पर्यटकों की संख्या बढ़ने सहित विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में अदालत को बताया।

# मोदी सरकार ने बुलाया संसद का विशेष सत्र

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। पूरी तरह चुनावी मूड में आ चुकी केंद्र की मोदी सरकार ने पांच दिन का एक विशेष सत्र बुलाकर सबको चौका दिया है। 18 सितम्बर से 22 सितम्बर तक चलने वाले इस खास सत्र में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों व अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पारित कराए जा सकते हैं। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखकर यह जानकारी दी। पांच दिन तक चलने वाला यह विशेष सत्र संसद के नए भवन में आयोजित किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान तकरीबन एक दर्जन विधेयक पेश किए जा सकते हैं। बताया गया कि इन विधेयकों को पारित कराने के लिए ही यह खास सत्र आहूत किया गया है। जोशी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'अमृत काल के बीच संसद में सार्थक चर्चा और बहस का इंतजार कर रहा हूं। आमतौर पर हर साल संसद के तीन सत्र बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र को बुलाने की परम्परा है। लेकिन विशेष परिस्थितियों में जब सरकार को कुछ खास विधेयक को पारित करवाना या किसी विशेष विषय पर संसद में चर्चा कराना जरूरी लगता है तो वह इस तरह के विशेष सत्र को बुलाने की लोकसभा अध्यक्ष से सिफारिश करती है। ऐसे में माना जा रहा है कि केंद्र सरकार इस साल के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को देखते सदन से कुछ खास विधेयक पारित करा सकती है।

■ 18 से 22 सितम्बर के बीच होंगी पांच बैठकें

■ कुछ महत्वपूर्ण विधेयक कराए जा सकते हैं पारित

**क्या विपक्ष के दावों पर लगेगी मुहर**

कुछ दिन पहले ही विपक्ष की तरफ से ऐसे दावे किए गए हैं कि मोदी सरकार इस बार आम चुनाव समय से पहले करा सकती है। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि केंद्र की मोदी सरकार जनवरी फरवरी में लोकसभा चुनाव करा सकती है। वहीं, अब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बाद बिहार के सीएम नीतीश कुमार के हालिया बयान से इन चर्चाओं में दम नजर आ रहा है। ममता बनर्जी और नीतीश कुमार ने कहा है कि यह लोग लोकसभा चुनाव समय से पहले भी करवा सकते हैं।

# इंदिरा गांधी कृषि विवि को मिला राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार



**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को किसानों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित क्रॉप डॉक्टर 2.0 एप विकसित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2023' 'स्वर्ण' से सम्मानित होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति और विश्वविद्यालय की टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और उनकी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

■ क्रॉप डॉक्टर 2.0 एप विकसित करने के लिए मिला स्वर्ण पदक

एआई आधारित इस एप के माध्यम से 36 प्रकार की फसलों के रोगों की पहचान, हानिकारक कीटों की पहचान करने, मौसम की जानकारी, कृषि यंत्रों को किराये पर देने और किसानों को ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म की सुविधा आसानी से उपलब्ध होगी। एआई का उपयोग करने से इस एप के माध्यम से किसानों को खेती-किसानी के लिए सटीक जानकारी

# चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा प्रज्ञान

**चेन्नई**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि प्रज्ञान रोवर चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा है। इसरो ने हाल ही में सुरक्षित नेविगेशन मार्ग के लिए चंद्रमा रोवर को घुमाया। इस गतिविधि को चंद्रमा लैंडर पर एक कैमरे द्वारा कैद किया गया और इसरो को भेज दिया गया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा, प्रज्ञान रोवर चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा है। लैंडर विक्रम उसे (प्रज्ञान को) ऐसे देख रहा है, ऐसा महसूस होता है मानो जैसे कोई मां अपने बच्चे को खेलते हुए प्यार से देखती है। आपको ऐसा नहीं लगता? इसरो के अनुसार, प्रज्ञान ने चांद पर दूसरी बार सल्फर (एस) की पुष्टि की है। अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोप (एपीएक्सएस) ने सल्फर के साथ ही अन्य छोटे तत्वों का पता लगाया है। इसरो ने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



इसरो ने एक वीडियो किया पोस्ट

### पहली तिमाही में 7.8 फीसदी रही जीडीपी वृद्धि दर

**नई दिल्ली**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी रही, जो पिछले साल की इसी अवधि में दर्ज की गई 13.1 फीसदी से काफी कम है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा गुरुवार को ये आंकड़े जारी किए गए।

हालाँकि, 2022-23 की जनवरी-मार्च अवधि (चौथी तिमाही) में दर्ज की गई 6.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर ज्यादा रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार, वास्तविक जीडीपी या स्थिर (2011-12) कीमतों पर जीडीपी 2023-24 की पहली तिमाही में 40.37 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि 2022-23 की पहली तिमाही में यह 37.44 लाख करोड़ रुपये थी, जो 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है जबकि 2022-23 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत थी।

### असम में बाढ़ से हालात बिगड़े

# 3.4 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

**गुवाहाटी**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रह्मपुत्र और अन्य प्रमुख नदियों के बढ़ते जल स्तर के साथ असम में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है, जिससे राज्य के 22 जिलों में 3.4 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, माजुली सबसे गंभीर रूप से प्रभावित जिला है, जहां 65,035 लोग ताजा बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इसके बाद गोलपारा और मोरीगांव जिलों में बाढ़ का असर दिख रहा है। कुल 1,308 लोगों ने 153 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि जिला प्रशासन 150 नामित केंद्रों के माध्यम से राहत वितरित कर रहा है। वन विभाग की एक अधिसूचना के अनुसार, ओरंग नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व के 44 कैंपग्राउंड में से 13 और पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य में 10 कैंपर जलमग्न हो गए हैं। कई जिलों में 33 सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। दरांग में एक तटबंध टूट गया है।

**अमरनाथ यात्रा** | 'छड़ी मुबारक' की स्थापना के साथ ही यात्रा का समापन, इस बार 40 श्रद्धालुओं की गई जान

# अमरनाथ यात्रा में 4.50 लाख श्रद्धालु हुए शामिल

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 31 अगस्त (देशबन्धु)। 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा में अमरनाथ यात्रा की प्रतीक 'छड़ी मुबारक' की स्थापना के साथ ही इस साल की अमरनाथ यात्रा का समापन हो गया। हालांकि सैद्धांतिक तौर पर इसका समापन कई दिन पहले उसी दिन हो गया था जब श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की शिरकत पर पाबंदी लगा दी थी।**

अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में छड़ी मुबारक पवित्र गुफा पहुंची। सुबह सूर्य उदय के साथ श्रावण पूर्णिमा के मुहूर्त में पवित्र गुफा में दर्शन किए गए। इसके बाद पूजा अर्चना की गई। वार्षिक अमरनाथ यात्रा आज श्रावण पूर्णिमा के दिन 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के मुख्य दर्शनों के साथ ही संपन्न हो गई। आज करीब डेढ़ सौ श्रद्धालुओं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी ही थे, ने गुफा के दर्शन किए जबकि 29 जून को आरंभ हुई अमरनाथ यात्रा के 62 दिनों के भीतर 4.50 लाख श्रद्धालुओं ने हिमलिंग के दर्शन किए हैं। इस बार अमरनाथ यात्रा में 40 श्रद्धालुओं की मौत भी हो गई। पिछले साल यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 3.10 लाख थी और वर्ष 2012 में यह 6.21 लाख थी। इस यात्रा की प्रतीक पावन पवित्र 'छड़ी मुबारक' को आज पवित्र गुफा में भी स्थापित किया गया जिसे लेकर साधुओं का एक दल श्रीनगर के दशनामी अखाड़े से चला था और इस दल का नेतृत्व दशनामी अखाड़े के महंत दीपेंद्र गिरि ने किया था। पूजा प्रतिष्ठा के बाद इस 'छड़ी मुबारक' को पुन: उसी अखाड़े में स्थापित कर दिया जाएगा। ज्यादातर तीर्थयात्रियों ने 45 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग के बजाय 16 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा की।

**बड़ी संख्या में साधुओं ने लिया हिस्सा**

महंत दीपेन्द्र गिरि के नेतृत्व में आज सुबह पंजतरनी से शुरू हुई छड़ी मुबारक की यात्रा में बड़ी संख्या में सिर्फ साधुओं ने हिस्सा लिया। बम बम भोले और हर हर महादेव जैसे नारों की गूंज के साथ छड़ी मुबारक को पवित्र गुफा में लाया गया। छड़ी मुबारक के यहां पहुंचने के बाद शुरू हुई पूजा दिनभर चली व शाम को छडी मुबारक को रात्रि विश्राम के लिए पंजतरनी ले जाया गया। कल रात तक छडी मुबारक पहलगाम पहुंचेगी। पहलगाम के ही लिद्दर नदी पर पूजा और विसर्जन के बाद साधु-संतों के लिए पारंपरिक कढ़ी-पकौड़ा भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# देश

## उवाच



"राहुल गांधी ने कई बार महान क्रांतिकारी विनायक सावरकर व शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाला साहेब ठाकरे का अपमान किया है, अब, शिवसेना (यूबीटी) उसी राहुल गांधी के पीछे भाग रही है, मैं संजय राउत को चुनौती देता हूं कि वह उन्हें प्रचारित करने के बजाय बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पर ले जाएं और वहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें:-**नितेश एन. राण, विधायक भाजपा**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.8 | 25.9 |
| मुंबई | 32.5 | 25.6 |
| कोलकाता | 36.1 | 29.1 |
| चेन्नई | 36.0 | 23.4 |

# राज्य का दर्जा खोने वाले लद्दाखी चार साल बाद मतदान केंद्रों पर जुटेंगें, विकास परिषद के चुनावों के लिए

■ सुरेश एस डुग्गर

- **केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे से नाखुश लद्दाखियों में खुशी का माहौल**
- **26 सीटों के लिए कुल 89 उम्मीदवार मैदान में**
- **अधिकारियों ने निर्वाचन क्षेत्रों और मतदान केंद्रों का मूल्यांकन किया**



**जम्मू,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। चार साल पहले राज्य का दर्जा खोने वाले और अब केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे से नाखुश लद्दाखियों में खुशी का माहौल इसलिए है क्योंकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शिरकत करने जा रहे हैं, चाहे यह मतदान विकास परिषद के लिए हो रहे हैं। दरअसल लेह में 5वें सामान्य लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद चुनावों की तैयारी जारी है, 26 सीटों के लिए कुल 89 उम्मीदवार मैदान में हैं। अधिकारियों ने निर्वाचन क्षेत्रों और मतदान केंद्रों का मूल्यांकन किया है, उन्हें हार्ड, साफ्ट और सामान्य क्षेत्रों में वर्गीकृत किया है। लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद करगिल के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है, और केंद्र शासित प्रदेश नेशनल कान्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीधे मुकाबले के लिए तैयार है। तीनों पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आंकड़ों के मुताबिक, हिल काउंसिल करगिल के 5वें आम चुनाव के लिए कुल 89 उम्मीदवार मैदान में हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन 89 उम्मीदवारों में से 17 नेशनल कान्फ्रेंस के, 9 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी), 17 भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 4 आम आदमी पार्टी (एएपी) और 42 स्वतंत्र उम्मीदवार हैं।

**इन 89 उम्मीदवारों में से 17 नेशनल कान्फ्रेंस के, 9 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी), 17 भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 4 आम आदमी पार्टी (एएपी) और 42 स्वतंत्र उम्मीदवार**

गौरतलब है कि करगिल चुनाव के लिए पहली बार इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पिछले ऐसे चुनावों में, मतपेटियों का उपयोग किया गया था, लेकिन इस बार, मतदान के दिन ईवीएम का उपयोग किया जाएगा। राजनीतिक दलों की उपस्थिति में उनकी पूरी तरह से जांच की गई है, और मतदान के दौरान इंजीनियर भी मौजूद रहेंगे। निर्वाचन आयोग के बकौल, निर्वाचन क्षेत्रों का मूल्यांकन संबंधित विभागों द्वारा कठिन, नरम और सामान्य क्षेत्रों के भेद को ध्यान में रखते हुए किया गया था। इस मूल्यांकन के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। क्षेत्र में 10 सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर है। राजनीतिक दलों और स्वतंत्र उम्मीदवारों ने घर-घर जाकर प्रचार करना शुरू कर दिया है और चुनाव के लिए अपने-अपने एजेंडे का खुलासा किया है। करगिल में नेशनल कान्फ्रेंस जिला इकाई के अध्यक्ष हाजी हनीफा जान ने कहा कि चुनाव की तैयारी अच्छी तरह से चल रही है। वे कहते थे कि हमारे गठबंधन ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, जिसमें एनसी के 17 और कांग्रेस के 9 उम्मीदवार शामिल हैं। हमारे उम्मीदवार सभी 26 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, और हम पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस और एनसी दोनों अपने सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से तैयारियों में लगे हुए हैं। कांग्रेस के प्रवक्ता और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार नासिर मुंशी ने उल्लेख किया कि वे जमीन पर सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी जमीन पर हैं, घर-घर जाकर प्रचार कर रहे हैं और अपने सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# साइंस और टेक्नालाजी के साथ आध्यात्मिकता को भी जोड़ने से जीवन होगा आसानः राष्ट्रपति



**रायपुर,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस युग में साइंस और टेक्नालाजी के साथ आध्यात्मिकता को भी जोड़ने से जीवन आसान होगा। श्रीमती मुर्मु ने आज यहां ब्रम्ह कुमारी संस्थान के शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में 'सकारात्मसक परिवर्तन का वर्ष' कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि एक ओर हमारा देश नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा है,चांद पर तिरंगा लहरा रहा है या विश्वस्तर खेल में कीर्तिमान रच रहा है। हमारे देशवासी अनेक नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं,वहीं दूसरी ओर एक अत्यंत गम्भीर विषय है कुछ दिन पहले नीट की तैयारी कर रहे दो विद्यार्थियों ने अपने जीवन, अपने सपनों अपने भविष्य का अंत कर दिया। ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए बल्कि हमें प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए, हार-जीत तो होती रहती है। उन्होने कहा कि बच्चों पर प्रतिस्पर्धा का दबाव है,पर जितना जरूरी उनका करियर है उतना ही जरूरी है कि वे जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें।उन्होने कहा कि मुझे लगता है कि ब्रम्हकुमारी संस्थान की सकारात्मक परिवर्तन की इस पाजिटिव थीम की सहायता से हम उन बच्चों की मदद कर सकते हैं जो बच्चे आधी-अधूरी जिंदगी जी कर चले जाते हैं।

**हर बच्चे में अपनी विशिष्ट प्रतिभा है। अपनी रुचि को जानकर इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। यह वैज्ञानिक युग है। अभी के बच्चे बहुत शार्प माइंड के होते हैं। थोड़ा धैर्य कम होता है:-द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति ने कहा कि हर बच्चे में अपनी विशिष्ट प्रतिभा है। अपनी रुचि को जानकर इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। यह वैज्ञानिक युग है। अभी के बच्चे बहुत शार्प माइंड के होते हैं। थोड़ा धैर्य कम होता है। ब्रह्मकुमारी परिवार के सदस्य कई बरसों से इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि उनकी आध्यात्मिक यात्रा में भी ब्रह्मकुमारी संस्था ने उनका बहुत साथ दिया है। जब मेरे जीवन में कठिनाई थी,तब मैं उनके पास जाती थी। उनका रास्ता कठिन है पर कष्ट सहने से ही कृष्ण मिलते हैं, इसलिए धैर्य का जीवन जीना चाहिए।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कष्ट सहकर ही हम सफलता हासिल कर सकते हैं। ब्रह्मकुमारी का रास्ता मुझे बहुत अच्छा लगा। आप सहजता से काम करते हुए आप अपनी जिंदगी को बेहतर तरीके से जी सकते हैं। जिंदगी जीने की कला वो सिखाते हैं।पूरी मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मकुमारी परिवार बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। मैं इसके लिए बधाई देती हूँ। सकारात्मक परिवर्तन को लेकर ओडिशा में यह कार्यक्रम शुरू हुआ है और मैं आज यहाँ आप सभी के बीच में भी हूँ। मैं यहाँ पहले ही आ चुकी हूँ।

# अखिलेश यादव बोले-भाजपा 2024 में सत्ता से हो जाएगी विदा

**इटावा,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जनता ही भाजपा को 2024 में सत्ता से बाहर करेगी। भाजपा 2014 में आई थी और 2024 मे सत्ता से विदा हो जाएगी। सपा मुखिया अखिलेश यादव गुरुवार को रक्षा बंधन पर इटावा जिले के सैफई में अपने पैतृक आवास पर आए थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता को धोखा दिया है। जनता ही भाजपा को 2024 में सत्ता से बाहर करेगी। भाजपा 2014 में सत्ता में आई थी और 2024 मे सत्ता से विदा हो जाएगी। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश है, जहां पर 80 लोकसभा सीटें हैं। मुंबई में होने वाली बैठक को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि लगातार इंडिया गठबंधन की बैठक हो रही है। पहली बैठक पटना, दूसरी बैठक बेंगलुरु में हुई और गुरुवार से महाराष्ट्र के मुंबई में बैठक होने जा रही है। पूरे देश की जनता को भरोसा यह गठबंधन है। भाजपा देश से बाहर जाएगी। सपा मुखिया ने कहा कि आज उन्हें रक्षाबंधन पर याद आया 200 रुपए सिलिंडर पर कम करना है। रक्षाबंधन पर महंगाई और चीजों पर रेट कम हो जाता, तो जनता को और राहत मिलती। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के बयान का पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि वह पद के लायक नहीं थे। उनकी जिम्मेदारी है कि स्वास्थ्य विभाग को मजबूत करें। वो अपना विभाग छोड़कर हर एक बीमारी देख रहे हैं। उन्होंने अपने विभाग को ही बीमार कर दिया है। अगर कोई विभाग को सही करना चाहे तो अगले 10 साल तक नहीं कर पाएगा।

# झारखंड में ओवैसी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे का वीडियो वायरल, केस दर्ज



**रांची,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के डुमरी विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर एआईएमआईएम की ओर से आयोजित जनसभा में असदुद्दीन ओवैसी की मौजूदगी में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाने पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने जांच शुरू कराई है। डुमरी में एआईएमआईएम के प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी, मुजफ्फर हसन नूरानी एवं अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। जनसभा के लिए इन्हीं लोगों ने प्रशासनिक अनुमति ली थी। इस जनसभा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जनसभा में ओवैसी जब मुसलमानों पर पुलिस जुल्म का आरोप लगाते हुए भाषण दे रहे थे, तब भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। हालांकि ओवैसी ने नारा लगाने वालों को रोकते हुए कहा कि तुम्हें जाकिर ने लाया है क्या ? गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि वीडियो सामने आने पर इसकी जांच कराई गई। प्रथम दृष्ट्या यह पाया गया है कि यह न केवल आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि

# ममता बनर्जी ने राजबंशी समुदाय पर उनकी टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए भाजपा की आलोचना की



**कोलकाता,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राजबंशी समुदाय के बारे में उनकी टिप्पणी को कथित तौर पर तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए भाजपा की राज्य इकाई की आलोचना की है। वह इस समय विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की गुरुवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए मुंबई में हैं। भगवा पार्टी की आलोचना करते हुए, मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक लंबे पोस्ट में कहा, 'राजबंशी संस्कृति के लिए मेरा प्यार और सम्मान समुदाय के उत्थान के लिए हमारी दृष्टि और काम में प्रतिबिंबित होता है। बंगाल के गद्दारों को शर्म आनी चाहिए जो हमारे लोगों के प्रति प्रेम, एकता और गहरे सम्मान वाले मेरे बयानों में अपनी नफरत भरते हैं।' जानबूझकर मेरे भाषण की गलत व्याख्या करके, भाजपा ने अपनी जातिवादी मानसिकता और विभाजनकारी राजनीति को उजागर किया है। इंडिया उन्हें सबक सिखाएगा!' पार्टी की छात्र शाखा, तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने कहा था कि जहां हिंदू और मुस्लिम उनके हाथ हैं, वहीं राजबंशी और मतुआ उनके पैर हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को मुख्यमंत्री के बयान को लेकर उन पर तीखा हमला बोला। अधिकारी के अनुसार, उनकी तुलना अपने पैरों से करके, बनर्जी ने राजबंशियों का अपमान किया है, जैसा कि नाम से पता चलता है कि वे शाही जाति से आते हैं।

उन्होंने कहा, 'वह राजबंशियों की तुलना अपने शरीर के अन्य अंगों जैसे हृदय या पलकों से कर सकती थीं। किसी भी समुदाय के लोगों की तुलना पैरों से करना कभी भी कोई पूरक भाषण नहीं हो सकता। उनकी टिप्पणियां लोगों के लिए बहुत अपमानजनक थीं।'


**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआईबैंकलि., लैंडमार्कबिल्डिंग, चतुर्थतल, 228ए, एजेसीबोसरोड, कोलकाता-700020 सीआईएन :L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

एतद् द्वारा सूचनादीजातीहैकिनिम्नलिखितकर्जदार/रों ने उनके द्वाराबैंकसेप्राप्तकीगई ऋण सुविधाओं के मूलधनऔरब्याज के भुगतानमेंचूक की हैऔर ये ऋण अनार्जकआस्तियों (एनपीए) के रूप मेंश्रेणीबद्ध किए गए हैं।उनको, वित्तीय आस्तियोंकाप्रतिभूतिकरण औरपुनर्निर्माणतथाप्रतिभूतिहितप्रवर्तनअधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीननिम्नवर्णिततिथिको एक सूचना उनके अंतिमज्ञातपतोंपरप्रेषित की गईथी, जोकितामीलनहीं की जासकीऔरइसलिए उनकोइससार्वजनिकसूचना द्वाराअधिसूचितकियाजारहाहै।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्तिका सम्पत्ति पता | प्रेषितसूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शहानापरवीन/जमीर खान/40/416 वार्डनंबर 54, निकटसामुदायिकभवनआरडीए प्लाटसंजय नगर, छत्तीसगढ़, रायपुर-492001 एलबीआरपीआर00004909976 | प्लॉटनंबर 137, खसरानंबर 322/2, मौजाडूंडा, वार्डनंबर 52, चंद्रशेखरआजादवार्ड, कंडिकानंबर 20, डूंडा, पीएचनंबर 72, आरएनएम रायपुर-1, अवीवाग्रीनसिटी, दामोदरपार्क, तहसील एवंजिलारायपुर, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफलपरिमाप 1000 वर्गफीटअथवा 92.93 वर्ग मीटर) | 30-06-2023 रू. 8,35,555/- | 06-04 -2023 |
| 2. | राहुललाखे/विकासलाखे/किरणलाखे/66 वार्डनंबर 30 तमीरपारादुर्ग, छत्तीसगढ़, दुर्ग-491001 एलबीडीआरजी00002937216/ एलबीडीआरजी00005439483/ एलबीडीआरजी00003749257 | सम्पत्ति 1) प्लॉटनंबर 172, नजूल शीटनंबर 45ए, मौजामोतीपारादुर्ग, सम्पत्ति 2) प्लॉटनंबर 2/2, शीटनंबर 30 सी, मौजारानीचरीबाजार, दुर्ग, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफलपरिमापसम्पत्ति 1) 172 वर्गमीटरसम्पत्ति 2) 287 वर्गमीटरजहांदुकानपरिमाप 238 वर्गफीटऔरप्रथमतलपरिमाप 952 वर्ग फीट) | 10-07-2023 रू. 61,50,704/- | 06-04 -2023 |
| 3. | अजीतकुमार शेरवानी/रेखा शेरवानी/वाशूराम शेरवानी/हुंडीबाई शेरवानी/मकाननंबर एच 26, गलीनंबर 2, शेरवानीहाउस, राजीवनगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर-492001 एलबीआरपीआर00003681441/ एलबीआरपीआर00005348723/ एलबीआरपीआर00005046821 | प्लॉटनंबर एच-26 (कॉर्नर), खसरानंबर 433 (पार्ट), हलकानंबर 109, ग्राममोवा, वार्डनंबर 23, नेताजीसुभाषचंद्रवार्ड, भारतगृहनिर्माणसमिति, राजीवनगर, छत्तीसगढ़, रायपुर, (क्षेत्रफलपरिमाप 4000 वर्ग फीट) | 10-07-2023 रू. 1,07,28,059/- | 06-05 -2023 |
| 4. | तरूण कुमारदेशमुख/वीणापाणिदेशमुख/सरस्वतीदेशमुख/232 वार्डनंबर 52, न्यूआदर्शनगर, जोन-3, गली-8, दुर्ग, छत्तीसगढ़, दुर्ग-491001 एलबीडीआरजी00004840441/ एलबीडीआरजी00005308550 | पीएचनंबर 19, खसरानंबर 89/138, मौजापोटियाकाला, न्यूआदर्शनगर, तहसील एवंजिलादुर्ग, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफलपरिमाप 0-022 हेक्टअथवा 2400 वर्ग फीट) | 11-07-2023 रू. 67,69,935/- | 08-05 -2023 |
| 5. | हाडी खान/नीलोफरजहां/मुहम्मद शफी खान/वार्डनंबर 2, कारगिलचौककुरूड, छत्तीसगढ़, धामतरी-493663 एलबीआरपीआर00005234837 | खसरानंबर 827 तथा 828/1 (पार्ट), पीएचनंबर 16, वार्डनंबर 8, बी. नंबर 75, ग्रामकुरूड, मंडलतथाब्लॉकऔरतहसीलकुरूड, नगरनिगमकुरूड, जिलारायपुर, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफलपरिमाप खसरानंबर 827 तथा 828 176 वर्गफीट, खसरानंबर 828/1 क्षेत्रफल 170 वर्ग फीट) | 26-06-2023 रू. 25,52,413/- | 07-04 -2023 |
| 6. | नागेन्दरसिंहबेदी/संजीतकौर बेदी/एलआईजी-257, पद्मनाभपुर, दुर्ग, छत्तीसगढ़, दुर्ग-491001 एलबीबीएलआई00002087472 | एलआईजी-257, मौजापद्मनाभपुर, दुर्ग, वार्डनंबर 46, छत्तीसगढ़ एच.बी. पद्मनाभपुरपूर्व, नगरपालिकादुर्ग, तहसील एवंजिलादुर्ग, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफलपरिमापकुल एरिया 140 वर्गमीटरअथवा 1506.4 वर्गफीटजिसमें 68.06 वर्गमीटरमेंनिर्मितकच्चामकान शामिल है) | 17-07-2023 रू. 2,09,086/- | 29-05 -2023 |
| 7. | कुमारकरनटोपो/लोलासटोपो/ओमेगा यूनीजटोपो/एच- 6, प्रथमतल, सेल्सटैक्सकालोनी, शंकरनगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर-492001/ एलबीआरपीआर00006167037/ एलबीआरपीआर00005634998 एलबीआरपीआर00005321685 | प्लॉटनंबर एचआईजी ड्यूपलेक्स 79, स्कीमऑफदिअंडर 17 एचआईजी ड्यूपलेक्ससेल्फफाइनैंसस्कीम, स्थितसंतकबीरनगर, सोन्दोनगरीरायपुरसर्किल, रायपुरडिवीजन, रायपुर, तहसीलऔरजिलारायपुर, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफलपरिमाप 216 वर्ग मीटर) | 22-06-2023 रू. 38,51,829/- | 03-04 -2023 |
| 8. | श्रीरानीसतीस्टीलट्रेडर्स/रेखाझुनझुनवाला/पवनकुमारझुनझुनवाला/राजकुमारीझुनझुनवाला/रामप्रसादझुनझुनवाला/संतोषदेवीझुनझुनवाला/एसआरएसइंडस्ट्रीजप्रा. लि./सत्य प्रकाशझुनझुनवाला / बलदेवप्रसादमालीरामझुनझुनवाला/भाईस्थानरोड, रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर-492001 एलबीआरपीआर00002443529/ एलबीआरपीआर00005352542/ एलबीआरपीआर00004844713/ एलबीआरपीआर00002443531 | प्लॉटनंबर 10, खसरानंबर 353/10 तथा 354/6 काभाग, पीएचनंबर 106-3, शीटनंबर 63 (पार्ट), आरएनमंडल रायपुर-1, कालोनीपारा, तेलघानीनाका, रामसागरपारा, वार्डनंबर 05, तहसीलऔरजिलारायपुर, छत्तीसगढ़, (क्षेत्रफलपरिमाप 1500 वर्ग फीट) | 06-07-2023 रू. 4,77,77,531/- | 06-05 -2023 |
| 9. | श्रीरानीसतीस्टीलट्रेडर्स/रेखाझुनझुनवाला/पवनकुमारझुनझुनवाला/राजकुमारीझुनझुनवाला/रामप्रसादझुनझुनवाला/संतोषदेवीझुनझुनवाला/एसआरएसइंडस्ट्रीजप्रा. लि./सत्य प्रकाशझुनझुनवाला / बलदेवप्रसादमालीरामझुनझुनवाला/भाईस्थानरोड, रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर-492001 एलबीआरपीआर00002443527/ एलबीआरपीआर00004844711/ एलबीआरपीआर00002443528 | प्लॉटनंबर सी-96, सी-97, सी-98/5, वार्डनंबर 46, डा. राजेन्द्रप्रसादवार्ड, कटोरातालाब, स्कीमनंबर 16, सेक्टरनंबर 7, रायपुर, छत्तीसगढ़, (क्षेत्रफलपरिमाप 7500 वर्ग फीट) | 06-07-2023 रू. 4,80,37,511/- | 06-05 -2023 |
| 10 | लक्ष्मणदासडोडेजा/रिंकीडोडेजा/सतरामदास डोडेजा/विनोदकुमारडोडेजा /38/436, हेमूनगर, निकटओवरब्रिज, बिलासपुर एम कॉर्पछत्तीसगढ़, बिलासपुर-495001 एलबीबीएसआर00006040982/ एलबीबीएसआर00006040991 | पीएचनंबर 22/34, केएचनंबर 9/11, प्लॉटनंबर 5/6, खसरानंबर 72/2/68, आरएनएमबिलासपुर, तहसील एवंजिलाबिलासपुर, वार्डनंबर 41, शंकरनगरवार्ड के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ नगरपालिका, छत्तीसगढ़, बिलासपुर (क्षेत्रफलपरिमापप्लॉट एरिया 585.15 वर्गफीट (54.381 वर्ग मीटर) 363.40 वर्गफीट (34.052 वर्गमीटरमेंनिर्मितदुकान क्षेत्र सहित) | 10-07-2023 रू. 75,59,449/- | 03-05 -2023 |

सूचनाप्रदानकरनेहेतुवैकल्पिकउपाय किए जारहेहैं।उपरोक्तकर्जदार/रोंतथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहींलागू है) कोबकायाराशिकाभुगतान धाराइससूचना के प्रकाशन की तिथिसे 60 दिन के भीतरकरनेकीसलाहदीजातीहै, जिसमेंविफलरहनेकीस्थितिमें, आगेवित्तीय आस्तियोंकाप्रतिभूतिकरणऔरपुनर्निर्माणतथाप्रतिभूतिहितप्रवर्तनअधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसारकदमउठाए जाएंगे।

29 अगस्त, 2023 — प्राधिकृतअधिकारी
स्थान : रायपुर एवं बिलासपुर — आईसीआईसीआईबैंकलिमिटेड



**कार्यालय नगर पंचायत पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)**
Phone No. 07727-271344 E-mail ID- emonppallari@rediffmail.com

क्रमांक/2081/लो.नि.वि./नि.आ.सू./2023 — पलारी, दिनांक 28-08-2023

**मैन्युवल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत पलारी द्वारा छत्तीसगढ़ शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत् संचालनालय के पत्र क्र. 6023 दिनांक 23.08.2023 के द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत 01 कार्य एवं अनटाईड फण्ड अंतर्गत 02 कार्य, कुल 03 कार्य लागत राशि 48.18 लाख का ठेकेदार/ फर्म से छत्तीसगढ़ शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत ठेकेदार/फर्म से अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण एवं सामग्री प्रदाय कार्य हेतु (लो.नि.वि. के प्रचलित दर भवन/रोड़ एस.ओ.आर. 2015 तथा विद्युत एस.ओ.आर. 2020 मे संशोधित दरों से) तीन लिफाफा पद्धति में पृथक-पृथक मैन्युल निविदा आमंत्रित की जाती है। ईच्छुक ठेकेदार/फर्म अपनी निविदा दरें पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 18.09.2023 समय दोपहर 3.00 बजे तक प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक निविदा प्रस्तुत कर सकते है।

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क. 12 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 10.18 | 7500/- | 1 आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 06.09.2023 दोप. 4:00 बजे तक |
| 02 | आवश्यकता अनुसार निकाय क्षेत्रांतर्गत अनटाईड फण्ड से विभिन्न निर्माण कार्य (PWD भवन SOR 01.01.2015 7 एवं PWD विद्युत SOR 01.06.2020 | 18.00 | 13500/- | 2 निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि -08.09.2023 दोप. 5:00 बजे तक<br>3 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 18.09.2023 दोप. 3:00 बजे तक |
| 03 | आवश्यकता अनुसार निकाय क्षेत्रांतर्गत अनटाईड फण्ड से विभिन्न निर्माण कार्य (PWD भवन SOR 01.01.2015 एवं PWD विद्युत SOR 01.06.2020) | 18.00 | 13500/- | 4 निविदा खोले जाने की तिथि - 18.09.2023 शाम 4:00 बजे से |

1. उपरोक्त तिथि में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि माना/समझा जावे।
2. जिस स्थल पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया है, वहां आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष आवेदन प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर सप्रमाण आवेदन कर सकते है। उक्त तिथि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर निर्माण कराया जावेगा।
3. उपरोक्तानुसार मैन्यूअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना की विस्तृत/सामान्य शर्ते की जानकारी न.पं. कार्यालय के लो.नि.शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत पलारी**


# मध्यप्रदेश में बीजेपी विधायक ने दिया इस्तीफा, सिंधिया पर लगाए गंभीर आरोप



**भोपाल,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भाजपा को बड़ा झटका लगा है। भाजपा के मौजूदा विधायक बृजेंद्र सिंह रघुवंशी ने गुरुवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बृजेंद्र सिंह रघुवंशी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को लिखे पत्र में कहा, 'भारी मन से आज मैं भाजपा और प्रदेश कार्यसमिति की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं पिछले पांच साल से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपनी चिंताएं व्यक्त कर रहा हूं। लेकिन, उन्होंने कुछ नहीं किया।' शिवपुरी जिले की कोलारस विधानसभा सीट से विधायक रघुवंशी ने अपने आधिकारिक लेटर-पैड में आरोप लगाया कि जब से ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा में शामिल हुए हैं, उन्हें पार्टी से अलग कर दिया गया है। रघुवंशी ने अपने पत्र में लिखा, 'कोलारस और शिवपुरी में भ्रष्ट अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।


**कार्यालय नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
Emall ID- npkharora@gmail.com

क्रमांक/171/नपं/लो.नि.वि./2023-24 — खरोरा दिनांक 29/08/2023

**खरोरा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगर पंचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित श्रमिक आपूर्ति / निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 145391 | शास. प्राथ. शाला नायकटांड़ में 03 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 22.74 | 19.09.2023 समय-शाम 5.30 बजे |
| 145392 | शास. प्राथ. शाला खरोरा में 03 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 22.74 | |
| 145393 | शास. पूर्व माध्य. शाला खरोरा में 04 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 30.32 | |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत खरोरा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**



**TATA टाटा कैपिटल फायनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय पता : 11वां तल, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, शाखा पता : पुजारी चैम्बर्स, ब्लॉक 1, निकट पचपेडी नाका, टीकरापारा, एनएच-43, रायपुर 492001.

**अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित नियम 9(1) के अधीन)
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम के साथ पठित
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित नियम 9(1) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

**ऋण खाता सं. 21119183 : श्री कुणाल जायसवाल**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से निम्नवर्णित कर्जदार/सह-कर्जदार को सूचना दी जाती है कि टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड (प्रत्याभूत क्रेडिटर/टीसीएफएसएल) के पास बंधक रखी गई निम्नलिखित सम्पत्ति, जिसका कब्जा टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड (प्रत्याभूत क्रेडिटर) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, दिनांक 25 सितम्बर 2023 को "जैसी है जहां है आधार" एवं "जैसी है जो है तथा जो कुछ भी वहां है और अन्य कोई उपाय नहीं आधार" पर बेची जाएगी।

जबकि प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री (1) श्री कुणाल जायसवाल, मकान नंबर 45/4, मोतीलाल नेहरू नगर, ईस्ट भिलाई, जिला दुर्ग, भिलाई-490 020, अन्य पता : "निको गार्डन्स", फ्लैट नंबर 72, "लोटस", 7वां और 8वां तल, सर्वे नंबर 208/2, विमान नगर, लोहागांव, पुणे-411 014, महाराष्ट्र, (2) श्री विजय कुमार जायसवाल, मकान नंबर 45/4, मोतीलाल नेहरू नगर, ईस्ट भिलाई, जिला दुर्ग, भिलाई-490 020, (3) एक्सट्रीम एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रतिनिधि श्री कुणाल जायसवाल, 4/1, प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम), भिलाई दुर्ग, भिलाई-490 020, (4) कृष कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, प्रतिनिधि श्री विजय कुमार जायसवाल, 4/1, प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम), भिलाई दुर्ग, भिलाई-490 020 से प्रतिभूत ऋण की वसूली के लिए की जानी है तथा जबकि ऋण खाता सं. 21119183 में धारा 13(2) के तहत जारी की गई मांग सूचना दिनांकित 20-05-2021 के अनुसार दिनांक 20-05-2021 तक परिकलित बकाया राशि रू. 1,88,53,464.95/- (रू. एक करोड़ अठासी लाख तिरेपन हजार चार सौ चौंसठ तथा पैसे पिच्यानवे मात्र) की राशि बकाया है।

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि किसी स्थगन/समाधान के नहीं होने की स्थिति में, टीसीएफएसएल द्वारा उक्त सम्पत्ति दिनांक 25 सितम्बर 2023 को अप. 2.00 बजे इसके शाखा कार्यालय : पुजारी चैम्बर्स, ब्लॉक 1, निकट पचपेडी नाका, टीकरापारा, एनएच-43, रायपुर 492001 में ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी। सम्पत्ति के क्रय हेतु सीलबंद ई-नीलामी ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट के साथ टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 23 सितम्बर 2023 को अप. 5 बजे तक प्राप्त की जाएगी।

| प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | कब्जे का प्रकार प्रलक्षित/भौतिक | सुरक्षित मूल्य (रू.) | धरोहर राशि ईएमडी (रू.) |
|---|---|---|---|
| प्लॉट नंबर 19, ब्लॉक नंबर 4, क्षेत्रफल - 330.00 वर्ग मीटर, स्थित प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम), आवासीय योजना, भिलाई, कोसा नगर, वार्ड नंबर 03, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ चौहद्दी - उत्तर - प्लॉट नंबर 1, मकान, दक्षिण - प्लॉट नंबर 18, खुली भूमि, पूरब - प्लॉट नंबर 2, मकान, पश्चिम - रोड | भौतिक | रू. 80,20,000/- (रूपए अस्सी लाख बीस हजार मात्र) | रू. 8,02,000/- (रूपए आठ लाख दो हजार मात्र) |

जिस सम्पत्ति की बिक्री की जाएगी, उसका वर्णन नीचे अनुसूची में किया गया है। उपरिवर्णित प्रतिभूत आस्ति के भीतर रखी चल वस्तुएं/घरेलू सामान प्रतिभूत आस्ति के साथ बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं होगा, जबतक कि नीलामी बिक्री सूचना में ऐसा स्पष्ट वर्णन नहीं किया गया हो। यह बिक्री तब भी रोक दी जाएगी, यदि उपरोक्त बकाया राशि, मय ब्याज एवं लागत (बिक्री की लागत सहित) 'प्राधिकृत अधिकारी' को सौंप दी जाती है अथवा उसकी संतुष्टि हेतु यह प्रमाण प्रस्तुत किया जाता है कि प्रत्याभूत ऋण की उक्त राशि मय ब्याज एवं लागत अदा कर दी गई है। बिक्री में, साधारणतः जनता को अपनी निविदा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। तथापि, बिक्री से संबंधित कोई ड्यूटी करने वाला कोई भी अधिकारी अथवा अन्य व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पत्ति के लिए बोली नहीं लगाएगा, बेची गई सम्पत्ति में कोई हित अर्जित नहीं करेगा अथवा अर्जित करने का प्रयास नहीं करेगा। यह बिक्री सरफासी ऐक्ट, 2002 में निर्धारित नियमों/शर्तों के तहत होगी। ई-नीलामी पोर्टल ीजजचेरूध्ध्कपेचवेंसीनइण्बवउ के माध्यम से 25 सितम्बर 2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे के बीच 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ सम्पन्न होगी। सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रस्तुत की जाने वाली प्रत्येक निविदा के साथ उपरोक्तानुसार धरोहर राशि "टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड" के पक्ष में रायपुर में भुगतान योग्य डिमांड ड्राफ्ट के रूप में संलग्न की जाएगी। सम्पत्ति का निरीक्षण दिनांक 16 सितम्बर 2023 को पूर्वा. 11 बजे से अप. 05.00 बजे तक के बीच किया जा सकता है।

टीसीएफएसएल को सम्पत्ति के संबंध में ज्ञात किसी ऋणभार का विवरण : स्थानीय प्राधिकरण द्वारा जारी मदर लीज तथा एनओसी की अनुपलब्धता।

नोट : इच्छुक बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी श्री अयान भट्टचार्य, ई-मेल आईडी : ंलंदण्ईंजजंबींतलं/जंजंबंचपजंसण्बवउ तथा मोबाइल नंबर +91 9289724441 से सम्पर्क कर सकते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रत्याभूत क्रेडिटर की वेबसाइट में उपलब्ध करवाया गया लिंक देखें, नामत : ीजजचेरूध्ध्इपजण्सलध्3म्स्च्म्4 देखें अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा सेवा प्रदाता - नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

हस्ता./-
स्थान : रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी
तिथि : 01-09-2023 — टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड

# कैपिटल ज़ोन

संपादकीय

## खुशी को ग़म में बदलते सड़क हादसे

वाहनों के लापरवाहीपूर्वक चालन से होने वाले सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ती महसूस की जा रही है। वैसे तो सारे ही हादसे दुखदायी होते हैं और उनमें होने वाली मौतें भी दुखद होती हैं पर यदि ये दुर्घटनाएं किसी खुशी के मौके पर हों तो वे बहुत गहन ग़म का कारण बन जाते हैं। ज्यादातर तीज-त्यौहारों में लोगों का आवागमन बढ़ जाता है। लोग एक दूसरे के घरों को या परिजन आपसी मेल-मिलाप के लिये जाते हैं। त्यौहारों का उत्साह और अपने लोगों से मिलने की खुशी में वाहनों की गति और परिचालन ऐसा अनियंत्रित हो जाता है कि हादसे हो जाते हैं। खुशियों को दुख में बदलते देर नहीं लगती। आवश्यक है कि वाहनों को बहुत नियंत्रित तरीके से और सावधान होकर चलाना चाहिये।

छत्तीसगढ़ में तीज, राखी, भाई-दूज आदि ऐसे ही पर्व हैं जब महिलाएं मायके जाती हैं और भाई-बहनों का एक दूसरे के घरों में आना-जाना होता है। दुर्भाग्य से शायद ही ऐसा कोई त्यौहार देखने में आता है जब सड़कों पर दुर्घटनाओं के चलते खून न बहता हो। यहां तक कि शादी ब्याह में भी हादसे होते हैं- ज्यादातर लापरवाही से वाहन चलाते हुए। राखी, भाई-दूज, तीज, दिवाली आदि में दोपहिया वाहनों पर पूरा परिवार बैठकर यात्रा करता है, जिनमें अक्सर पति-पत्नी के साथ दो या तीन बच्चे भी होते हैं। किसी तरह से उन्हें आगे-पीछे बैठाकर वाहन चालक बहुत असुविधापूर्ण तरीके से मोटर साइकल, स्कूटी आदि चलाते हैं। इससे अक्सर उनका नियंत्रण गड़बड़ाता है व हादसे हो जाते हैं।

बुधवार को मनाये गये रक्षाबन्धन (कई लोगों ने गुरुवार को भी मनाया) के लिये जाते हुए कुछ हादसे हुए हैं जिनके कारण अनेक लोगों के यहां मातम छा गया। जांजगीर के पामगढ़ थाना के तहत कोसला गांव के संतोष विश्वकर्मा की पत्नी तथा उनकी बेटी अपने भाइयों को राखी बांधने के लिये डोड़की गई थीं। राखी बांधकर बस से लौटीं। उतरकर मां तो सड़क के पार हो गई पर तन्नू एक हाइवा की चपेट में आ गई जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पैदल चलने वालों को भी उतनी ही सतर्कता बरतनी चाहिये। बुधवार को ही राखी पहुंचाने जा रहे युवक की बाइक और स्कूटी की टक्कर में मौत हो गई। बाइक को ओवरटेक करते हुए स्कूटी सवार युवक के सिर पर गम्भीर चोट लगने से मृत्यु हो गई। हेलमेट न पहनना भी मौत का कारण बन गया। साथ में उसकी पत्नी व एक बच्चा भी था। ऐसे ही, पलारी में खपरीडीह गांव के पास एक ट्रक ने मां-बेटे को रौंद दिया। खोलबहरीन साहू अपने बेटे जनेहर के साथ बाइक पर मिरचिद से हसुवा गांव राखी छोड़ने जा रही थी। तभी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। देवभोग में अमलीपदर में एक ढाई वर्षीय बच्चे को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। बच्चे का कपड़ा व पैर लेग गार्ड व हुक में बहुत देर तक फंसा रहा और बाइक सवार उसे लगभग एक किलोमीटर तक घसीटता हुआ चला गया। वह बच्चे के चीखने-चिल्लाने की आवाज भी नहीं सुन रहा था और न ही उसे रोकने के लिये चिल्लाते हुए लोगों की वह आवाज़ सुन पा रहा था। आखिरकार कुछ महिलाओं ने उसे रोका एवं पुलिस के हवाले किया। बच्चा इस कदर घायल हो गया था कि अस्पताल पहुंचते हुए उसकी मौत हो गई।


इन घटनाओं से साफ है कि चाहे वाहन खुद चलाएं या फिर रास्ते पर पैदल चलना हो। बहुत सावधानी आवश्यक है। कभी खुद के चालन से किसी की जान जा सकती है तो कभी खुद को खतरा हो सकता है। वाहनों की गति नियंत्रित हो, सतर्कता बनी रहे और सुरक्षा उपाय हेलमेट आदि भी ज़रूरी हैं।

उल्टा पुल्टा

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे.
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

# आरोप पत्र से कांग्रेस को घेरेंगे अमित शाह

## प्रदेश में सत्ता वापसी के लिए भाजपा ने झोंकी ताकत



**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 में सत्ता वापसी के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। 70 दिनों के भीतर चौथी बार शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। शाह एक सितंबर को शाम 6ः40 बजे नियमित विमान से राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे।

शाह अपने साथ कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए बनाया गया खास च्आरोप पत्रज् साथ लेकर आएंगे। पार्टी सूत्रों की माने तो आरोप पत्र को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, विफलता और वादाखिलाफी शामिल हैं। ये ही भाजपा के प्रमुख चुनावी मुद्दे होंगे।

आरोप पत्र के साथ भाजपा एक गाना भी रिलीज करेगी। हर विधानसभा स्तर पर आरोप पत्र तैयार होगा। अलग-अलग वर्गों महिला, युवा, किसान आदिवासी के लिए अलग-अलग आरोप पत्र बनेंगे। चुनाव के लिए गठित आरोप पत्र समिति ने एक महीने पहले शाह को आरोपों का पुलिंदा दे दिया था। ये आरोप पत्र का प्रिंट भी दिल्ली में गोपनीय तरीके से किया गया है।

**ये होंगे भाजपा के प्रमुख मुद्दे**

**भ्रष्टाचार:** भाजपा कोल घोटाले, शराब, महादेव एप के जरिए सट्टे की कार्रवाई के सहारे कांग्रेस सरकार को घेरेगी।

**विफलता:** पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन समेत गोठान- किसानों की दुर्दशा, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था आदि मुद्दे शामिल हैं।

**वादाखिलाफी:** प्रदेश में शराबबंदी, अनियमित कर्मियों को नियमित करने का वादा आदि पर कांग्रेस को घेरने की तैयारी है।

**आरोप पत्र जारी करने से पहले लेंगे बैठक**

निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक शाह एक सितंबर को शाम 6ः40 बजे नियमित विमान से राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे। वहां से भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचकर भाजपा की आरोप पत्र समिति, घोषणा पत्र समित व अन्य समितियों की बैठकें लेंगे।

दो सितंबर को सुबह 11 बजे साइंस कालेज स्थित प. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता की ओर से आरोप पत्र पेश करेंगे।

**सराईपाली में चुनावी सभा**

दो सितंबर की शाम 3 बजे अर्जुंदा सराईपाली में जनजाति समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शाह चुनावी सभा का आगाज करेंगे। इसके पहले शाह ने 22 जून को दुर्ग में एक बड़ी आम सभा को संबोधित किया था। इसके 12 दिन बाद चार-पांच जुलाई और 22 जुलाई को को रायपुर आए। अब करीब 40 दिन बाद फिर शाह आ रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष पहुंच रहे हैं।

## तीन चार मंत्री क्षेत्र बदलकर लड़ेंगे चुनाव

### भूपेश कैबिनेट के सभी मंत्रियों की टिकट लगभग फाइनल

भूपेश कैबिनेट के सभी मंत्रियों की टिकट लगभग फाइनल है ।लेकिन तीन मंत्रियों ने सीट बदलकर चुनाव लड़ने की मंशा जताई है ।सूत्रों की माने तो सर्वे रिपोर्ट में भी इन मंत्रियों को वर्तमान सीट से खतरा बताया गया है ।वही अब तक का रिकार्ड देखे तो नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया हर बार सीट बदलते रहे है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन से ही चुनाव लड़ेंगे। वहीं उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव अम्बिकापुर से, मंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण या बेमेतरा, मंत्री रविंद्र चौबे साजा, मंत्री मो. अकबर कवर्धा, मंत्री कवासी लखमा कोंटा, डॉ. शिवकुमार डहरिया आरंग या बिलाईगढ़ या सरायपाली से लड़ेंगे। वहीं मंत्री अमरजीत भगत सीतापुर, मंत्री अनिला भेंड़िया डौंडीलोहारा या मोहला-मानपुर, मंत्री उमेश पटेल खरसिया, मंत्री मोहन मरकाम कोंडागांव, मंत्री गुरु रूद्रकुमार अहिवारा या नवागढ़ या मुंगेली और जयसिंह अग्रवाल कोरबा से चुनाव लड़ेंगे। मंत्री गुरु रूद्रकुमार, मंत्री ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अनिला भेंड़िया की सीटों में परिवर्तन होने की संभावना जताई गई है।

## अभनपुर व रायपुर पश्चिम मे कांग्रेस से केवल एक नाम

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस में प्रत्याशियों का पैनल तैयार होने लगा है। इस कड़ी में रायपुर जिले की 3 सीटों पर केवल एक ही नाम होने की वजह से प्रत्याशी तय बताए जा रहे हैं ।अन्य चार सीटों पर तीन और दो नाम का पैनल तैयार किया गया है। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस में रायपुर जिले की तीन सीटों आरंग, अभनपुर और रायपुर पश्चिम से केवल एक ही नाम पैनल में शामिल किया गया है। इसमें अभनपुर से धनेंद्र साहू और रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय का नाम शामिल है। ऐसे में दावेदारी स्पष्ट है। इसके अलावा अन्य चार सीटों पर तीन और दो नाम का पैनल तैयार हुआ है ।इसमें भी रायपुर ग्रामीण से पंकज शर्मा के नाम पर मुहर लगने की संभावना है। लेकिन रायपुर उत्तर और धरसींवा से कांग्रेस विधायकों के टिकट कटने के आसार नजर आ रहे हैं।

# छग में भाजपा ईडी के भरोसे, उनके पास आरोप लगाने लायक मुद्दा नहीं : सैलजा

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा आज रायपुर पहुंचीं ।उन्होंने कहा, 2 सितंबर को राहुल गांधी का दौरा है। दौरे को लेकर रायपुर में युवाओं के बीच उत्साह है ।भारत जोड़ो यात्रा के बाद से युवाओं को राहुल का इंतजार है। कुमारी सैलजा ने कहा, भाजपा के पास आरोप लगाने लायक कोई मुद्दा ही नहीं है. ईडी के जरिये लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है।

कुमारी सैलजा ने कहा, देश के भविष्य को प्रधानमंत्री ने अधंकार में डाल दिया है। युवाओं को समझ आ गया है कि भाजपा के साथ उनका भविष्य नहीं है ।दूसरी ओर पीएम मोदी इंवेंट के भरोसे हैं। युवाओं के साथ प्रधानमंत्री ने छल किया है।

गृहमंत्री अमित शाह के दौरे और भाजपा के आरोप पत्र सैलजा ने कहा, अमित शाह और भाजपा तो छत्तीसगढ़ में ईडी के भरोसे हैं ।आरोप तो भाजपा पर ढेरों हैं ।15 साल के शासन में जो घोटाले हुए वो ईडी को नजर नहीं आ रही है। भाजपा सरकार में कितने भ्रष्टाचार हुए हैं, हजारों करोड़ के घोटाले हुए ।इसकी जांच नहीं हो रही है। दूसरे राजनीतिक दल के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी को छोड़े देंगे। कुमारी सैलजा ने कहा, भाजपा के पास आरोप लगाने लायक कोई मुद्दा ही नहीं है।



घोषणा पत्र में शराबबंदी की बात को लेकर लगातार बीजेपी सवाल उठा रही है, इस पर सैलजा ने कहा, पहले ही हमने इस बात को मान लिया, हम बिल्कुल चाहते थे कि शराबबंदी हो, लेकिन जब यहां के लोगों से बातचीत और बहुत कुछ इसके बारे में ग्राउंड वर्क किया गया तब ऐसा लगा कि शराबबंदी के लिए अभी समय ठीक नहीं है ।इस बार के घोषणा पत्र को लेकर सैलजा ने कहा, व्यापक रूप से लोगों से बातचीत कर इनपुट ले रहे हैं, उसके बाद ही हमारा घोषणा पत्र जारी होगा।

आज इंडिया एलाइंस की मीटिंग में डिप्टी सीएम महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस कह रहे हैं कि इंडिया का जो एलाइंस है यह बहुत ज्यादा इंपैक्ट नहीं करेगा और यह मोदी जी को टारगेट करने के लिए है ।इस पर कुमारी सैलजा ने कहा, यह पहले खुद देख लें की उनके यहां किन-किन की डायनेस्टी चल रही है ।भारतीय जनता पार्टी अपने गिरेबान में जाकर और भारतीय जनता पार्टी यह देखें कि उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों के साथ क्या खिलवाड़ किया ।वहां पर कैसे सरकारों को गिराया जाता है, वह सब कुछ दुनिया देख रही है, देश के लोग देख रहे हैं और फडणवीस जो पहले मुख्यमंत्री थे अब वह उपमुख्यमंत्री बनने में संतुष्ट हैं।

# महादेव ऐप की दुबई में पार्टी करने वाली इवेंट-कंपनी पर ईडी का छापा

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में चल रही महादेव ऐप की ईडी की जांच चारों तरफ बढ़ती जा रही है। देश के बाहर दूसरी जगहों पर भी इससे जुड़े लोगों की तलाश हो रही है, और इस ऑनलाईन सट्टेबाजी कारोबार से गया हुआ पैसा ढूंढा जा रहा है। इस बीच दो दिन पहले मुम्बई में एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी पर भी ईडी का छापा पड़ा है जिसने दुबई में महादेव ऐप चलाने वालों की एक पार्टी में फिल्मी सितारों और कलाकारों का इंतजाम किया था।

जानकार सूत्रों से पता चला है कि ईडी ने इस कंपनी पर छापा डाला है और ऐसे सुबूत जुटाए हैं कि सट्टेबाजी की कमाई में से करीब 40 करोड़ रूपया पिछले बरस सितंबर में दुबई की पार्टी के लिए इसे दिए गए थे। मुम्बई के अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक महादेव ऐप और छत्तीसगढ़ के कुछ प्रभावशाली लोगों पर पड़े ईडी छापों के साथ ही मुम्बई की इस कंपनी पर छापा पड़ा है। छत्तीसगढ़ में ईडी को यह पता लगा था कि सट्टेबाजी के इस कारोबार में सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल नाम के जो दो लोग इसके मुखिया दिखते हैं, उनके पीछे कुछ दूसरे ताकतवर लोग भी थे। ईडी उसकी जांच कर ही रही है कि यह भी पता लगा कि दुर्ग-भिलाई इलाके के बहुत से नौजवान दुबई की इस पार्टी में गए थे, और वहां से लौटते हुए उन सबको बहुत महंगे तोहफे भी दिए गए थे। जांच एजेंसी के सूत्रों से यह भी पता लगा है कि दुर्ग जिले के कई पुलिस अधिकारी-

**40 करोड़ भुगतान के मिले सुबूत**

कर्मचारी भी इस पार्टी में दुबई गए थे, और अब उनकी भी जांच चल रही है।

इस मामले में अब तक एक पुलिस अधिकारी, एएसआई चन्द्रभूषण वर्मा को ईडी ने गिरफ्तार किया है, जिसने प्रारंभिक बयान देने के बाद अदालत में आवेदन लगाया है कि ईडी को यह कहा जाए कि उससे पूछताछ हिन्दी में ही की जाए, क्योंकि वह अंग्रेजी नहीं जानता है। दूसरी तरफ ईडी के वकील से जानकारी मिली है कि एजेंसी गवाहों और आरोपियों के पलट जाने की वजह से अब सारे बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग भी करती जा रही है, और जरूरत पडने् पर उसे अदालत के सामने रखा जाएगा।

महादेव ऐप नाम का ऑनलाईन सट्टेबाजी कारोबार छत्तीसगढ़ के इतिहास का आज तक का सबसे बड़ा जुर्म कहा जा रहा है जिसमें हजारों करोड़ की अफरा-तफरी की जानकारी सामने आई है। इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, और सीएम के दो ओएसडी पर भी छापे पड़े हैं, इनके बाद में ईडी दफ्तर में बयान भी लिए गए हैं, लेकिन उनमें से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ईडी ने अदालत में पेश रिमांड नोट में खुलासे से लिखा है कि किस तरह चन्द्रभूषण वर्मा बड़े राजनीतिक संरक्षण में काम कर रहा था, और ऊपर तक पैसा पहुंचा रहा था। उसे सट्टा कारोबारियों से नियमित उगाही करके पुलिस अफसरों और सत्तारूढ़ नेताओं तक पहुंचाने वाला बताया गया है। प्रदेश के कई आईपीएस अधिकारियों और राज्य पुलिस सेवा के अफसरों के नाम से बड़ी-बड़ी रकम पहुंचाने की बात ईडी को बयानों में मिली है, और चन्द्रभूषण वर्मा ने अदालत में अर्जी लगाकर खुद ही ऐसे आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों के नाम बताए हैं जिनके खिलाफ बयान देने के लिए ईडी के दबाव की बात उसने कही है।

# शिक्षा विभाग में पदस्थ एडिशनल कलेक्टरों को लौटना होगा

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु) ।स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ किए गए राज्य प्रशासनिक सेवा के दोनों अफसरों को मूल संवर्ग में लौटना होगा। दोनों ही अधिकारी जीएडी के आदेश का इंतजार कर रहे हैं । राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग में हो रही गड़बडियों पर निगाह रखने साढ़े तीन माह पहले राप्रसे के दो एडीशनल कलेक्टरों को एडिशनल डायरेक्टर पदस्थ किया था। 9 मई को जारी आदेशानुसार राजेंद्र गुप्ता एडिशनल कलेक्टर बलौदाबाजार और प्रणव सिंह रायपुर को पदस्थ किया था। उनके चार्ज लेते ही विभागीय कैडर के जेडी, डीडी और डीईओ ने विरोध शुरू कर दिया। इन्हें पूर्व मंत्री डॉ. टेकाम के ओएसडी एएन बंजारा की भी मदद मिली ।इस पर विभाग के इन अफसरों ने टेकाम से मिलकर नियुक्ति रद्द करने की मांग की थी।

टेकाम ने सीएम की व्यवस्था कहकर हाथ खड़े कर दिए थे ।उसके बाद रायपुर के जेडी श्री कुमार, और सरगुजा के जेडी हेमंत उपाध्याय ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसी सप्ताह के शुरू में हाईकोर्ट ने नियुक्ति को अनुचित ठहराते हुए विभागीय कैडर के अफसरों को पदस्थ करने कहा। सूत्रों ने बताया कि शिक्षा विभाग के इन अफसरों के कॉकस ने याचिका लगाने और सुनवाई के दौरान भर्ती, सेवा नियमों में कई रद्दो बदल कर प्ली लगाई। दोनों याचिकाकर्ता जेडी, कुमार और उपाध्याय , हाल में उजागर हुए पदोन्नति और पोस्टिंग घोटाले में लिप्त रहे हैं ।इन्हें मंत्री चौबे ने निलंबित कर दिया है ।बहरहाल दोनो एडिशनल कलेक्टर, अपनी नई पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं ।

# गहलोत के खत का जवाब दें भूपेश : चंदेल

**कोल खनन को लेकर कांग्रेस की नूरा कुश्ती का भेद खुला**

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कोल ब्लॉक रद्द करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मांग और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जमीन देने के लिए श्री बघेल को लिखी गई चिट्ठी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पहले तो जवाब दें कि वे राजस्थान की मांग पर जमीन दे रहे हैं या नहीं ? कांग्रेस की नूरा कुश्ती एक बार फिर सामने आ गई है।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि भूपेश बघेल एक तरफ तो राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आग्रह पर कोल ब्लॉक खनन के लिए पेड़ काटने एनओसी देते हैं और कहते हैं कि बिजली चाहिए तो कोयला जरूरी है। विरोध करने वाले पहले अपने घर की बिजली बंद कर लें, फिर राजनीति करें। दूसरी तरफ वे केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आवंटित कोल ब्लॉक निरस्त किए जाएं ! एनओसी किसने और क्यों दी, जनता जानती है। उन्होंने कहा कि हसदेव के जंगलों की कटाई की एनओसी देने वाले भूपेश बघेल की झूठ की दुकान 3 माह में बंद होने वाली है। कांग्रेस का दोहरा चरित्र जनता के सामने है। कांग्रेस पहले अपना स्वार्थ सिद्ध करती है और फिर शोर मचाती है। भूपेश



बघेल किस स्तर की राजनीति करते हैं, वे चालबाजियों में कितने माहिर हैं, यह छत्तीसगढ़ की जनता ने पौने पांच साल में अच्छी तरह अनुभव कर लिया है। अब जनता के सामने उनकी कोई चालाकी चलने वाली नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस में राहुल-सोनिया गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव तक सब के सब नौटंकी कर रहे हैं। इनके राजस्थान के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की शिकायत सोनिया गांधी से करते हैं कि वे छत्तीसगढ़ में राजस्थान के लिए आवंटित कोल ब्लॉक की एनओसी रोककर रखे हुए हैं। उनके साथ क्या सौदेबाजी हुई, यह भूपेश बघेल बतायें कि सोनिया दरबार में मामला पहुंचने के बाद एनओसी मिल गई। पेड़ों का कत्लेआम शुरू हो गया। लाखों पेड़ कट गए। दूसरा ड्रामा यह कि सिंहदेव कहते थे कि पेड़ बचाने पहली गोली वे खाएंगे। भूपेश बघेल कहते थे कि पेड़ क्या डंगाल भी नहीं कटेगी। तब आखिर क्या हुआ कि डंगाल तो क्या पूरा जंगल कट रहा है। क्या उप मुख्यमंत्री बनने के बाद सिंहदेव मीठी वाली गोली खा रहे हैं। तीसरा ड्रामा यह कि राहुल गांधी कहते थे कि पेड़ नहीं कटने दूंगा। लेकिन जब भूपेश बघेल ने लाखों पेड़ काटने की अनुमति दे दी तब विदेशी धरती पर राहुल गांधी की कोरी बकवास के बीच सवाल सामने आया कि हसदेव में आपकी भूपेश सरकार ने पेड़ काटने की इजाजत क्यों दी है तो उन्होंने कहा था कि इस पर कार्यवाही करेंगे। राहुल गांधी भारत आकर चुप्पी साध गए। भूपेश बघेल बतायें कि क्या डील हुई ? राहुल की सीधी डील हुई या भूपेश बघेल और अशोक गहलोत ने मध्यस्थता की।

# राहुल गांधी प्रधानमंत्री के लिए सबसे योग्य व्यक्ति : भूपेश बघेल

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। इंडिया गठबंधन के पीएम उम्मीदवार को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सभी दल मिलकर क्या तय करेंगे मुझे नहीं पता। लेकिन उन्हें विश्वास है कि इसके लिए राहुल गांधी ही सबसे योग्य व्यक्ति हैं। साथ ही नक्सलवाद से निपटने को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे यहां नक्सलवाद से लड़ने के लिए अलग-अलग राजनेताओं की अलग-अलग नीतियां रही हैं। पिछली सरकार इस समस्या के निदान के लिए बंदूक के बदले बंदूक और गोली के बदले गोली की रणनीति से चली।

पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स को खुली छूट दी गई। इस कारण से सैंकड़ों लोगों की जान गई। हमारी सरकार आई तो हम लोगों ने कहा, आज तक जितनी भी समस्याओं का समाधान हुआ है, वह गोला बारूद



से तो हुआ नहीं है, बातचीत से हुआ। विश्वास जीतने के लिए हमने जहां 1700 किसानों की 4200 एकड़ जमीन वापस की। दरअसल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एएनआई के पॉडकास्ट में अपनी बात रख रहे थे। दरअसल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एएनआई के पॉडकास्ट में अपनी बात रख रहे थे। यहां देखें उनका पूरा इंटरव्यू।

ढ्ढ.हृ.ष्ठ.ढ्ढ. गठबंधन के पीएम उम्मीदवार को लेकर किए गए सवाल पर सीएम भूपेश ने कहा, 26 दल के लोग क्या तय करेंगे और क्या नहीं करेंगे, मुझे नहीं पता। लेकिन एक कांग्रेस के कार्यकर्ता होने के नाते मैं यह कह सकता हूं कांग्रेस का ही पीएम उम्मीदवार होना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मैं समझता हूं इसके लिए राहुल गांधी ही सबसे योग्य व्यक्ति हैं। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर किए गए सवाल पर सीएम भूपेश ने कहा कि पूरे देश में हो रहा है तो केंद्र को नियम बना देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कई नेताओं ने जब बार-बार छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के मामले बढ़ने के आरोप लगाए तो आंकड़े निकलवाए कि किस कार्यकाल में सबसे ज्यादा चर्च बने। साथ ही मैंने चुनौती दी कि सबसे ज्यादा चर्च भाजपा के शासन काल में बने। ये इस चुनौती को स्वीकार्य नहीं कर रहे और धर्मांतरण इन्हीं (भाजपा) के कार्यकाल में सबसे ज्यादा हुआ।

# भाजपा ने काटा 24 दावेदारों का नाम दागियों का आगे भी कटेगा पत्ता

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु) ।इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुत सतर्कता बरतते दिखाई दे रही हैं ।और पुरानी किसी भी गलती को दोहराना नहीं चाहती। जो-जो गलतियां बीजेपी को चुनाव या उप-चुनाव में ले डूबीं थी, उनसे पार्टी ने पूरी तरह से किनारा कर लिया है। बीते अनुभवों से , भाजपा ने इस बार चुनाव में किसी भी दागी दावेदार को टिकट ना देने का फैसला किया है। इस बार प्रत्याशियों के चयन में ऐसे करीब 2 दर्जन दावेदारों के नाम काट दिए गए हैं।

01 नवंबर 2022 में हुए भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम पर दुष्कर्म के आरोपों के चलते भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए इस साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुत कोताही बरत रही है और किसी ऐसे उम्मीदवार को टिकट नहीं देना चाहती, जिसके




खिलाफ कोई आपराधिक केस हो।

हाल ही में पामगढ़ विधानसभा सीट से टिकट की दावेदार महिला के खिलाफ दहेज यातना का केस दर्ज होने की पुष्टि हुई तो पार्टी ने उन्हें दरकिनार कर दिया । 21 टिकटों की पहली सूची तैयार करते हुए इस पर खासा ध्यान दिया गया और आगे किसी भी मामले के स्नढ्ढक्रदर्ज वाले दावेदारों को टिकट ना देने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब हैं की अब भाजपा केवल स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशियों को ही मौका देना चाहती हैं। हालाँकि देखना यह भी हैं कि इसका चुनाव मैदान में मुकाबले पर क्या असर पड़ता हैं।

छत्तीसगढ़ के चुनावी मैदान में दागी प्रत्याशियों या फिर विधानसभा में विधायकों की मौजूदगी नई नहीं है। मौजूदा विधानसभा के 90 में से 22 विधायकों पर आपराधिक केस दर्ज हैं। जिनमें 12 विधायक यानी 13 फीसदी पर गंभीर अपराध के केस रजिस्टर हैं।

इन आंकड़ों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि, सत्ता और सियासत के साथ किस तरह अपराध का तालमेल बना हुआ है। वहीं बीजेपी ने दागियों को नो एंट्री कहकर अब कांग्रेस पर भी दबाव बढ़ा दिया है।

## फिल्म 'स्त्री' में मेरा किरदार कल्पना से परे : अभिषेक बनर्जी

**मुंबई।** अभिनेता अभिषेक बनर्जी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' की 5वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने राजकुमार राव के दोस्त जना का किरदार निभाया था। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उनका 'स्त्री' फिल्म का किरदार उनकी कल्पना से भी परे है। फिल्म 'स्त्री' के 5 साल पूरे होने के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा कि जना को जीवंत हुए पांच साल बीत चुके हैं। इस किरदार ने जो यात्रा की है, वह मेरी कल्पना से भी परे है। 'स्त्री' से शुरुआत करने और इस किरदार के ब्रह्मांड का विस्तार करने के बाद जना की यात्रा उल्लेखनीय रही है। उन्होंने आगे कहा कि जबकि मैंने अपनी फिल्मी यात्रा गहरे किरदारों के साथ शुरू की, जना के किरदार ने मुझे अपने हास्य पहलुओं को अपनाने का मौका दिया।

### शोधकर्ताओं द्वारा अध्ययन में दावा

# सूखी अदरक का पाउडर कोविड-19 के इलाज में प्रभावी



- सुरक्षित, प्रभावी, तुरंत लागू करने योग्य और लागत-कुशल तरीका
- प्रतिभागियों ने 15 दिनों तक सुंठी पाउडर का चार बार रोज़ाना सेवन किया

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, आईआईटी-बीएचयू व गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में दावा किया गया है कि सुंठी (सूखी अदरक का पाउडर) कोविड-19 के प्रबंधन में प्रभावी साबित हो सकता है।

अध्ययन के अनुसार सुठी का इस्तेमाल कोविड-19 के प्रसार को रोकने में कारगर है। बीएचयू के वैद्य सुशील कुमार दुबे ने बताया कि यह अपनी तरह का पहला अंतर-विषयी अध्ययन है, जो कोरोना वायरस के संबंध में उच्चतम महत्व की औषधि (सुंठी) के आयुर्वेदिक संश्लेषण की चिकित्सकीय सुरक्षा और प्रभावकारिता पर प्रारंभिक प्रमाण प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि वाराणसी में सरकार द्वारा संचालित कोविड-19 अस्पतालों में भर्ती कोरोना वायरस संक्रमित रोगियों के घर के सदस्यों और स्वास्थ्य कर्मियों (डॉक्टर, नर्स, वार्ड बॉय, पैरामेडिक) समेत 800 से अधिक प्रतिभागियों पर अध्ययन किया गया।

डॉ. दुबे ने कहा कि इस अध्ययन के लिए वाराणसी के तत्कालीन जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा द्वारा सहयोग उपलब्ध कराया गया। इस अध्ययन में बहु-केंद्रीय, नॉन-रैंडमाइज्ड, ओपन-लेबल, सिंगल-आर्म, प्री-पोस्ट डिज़ाइन का उपयोग किया गया।

प्रतिभागियों ने 15 दिनों तक सुंठी पाउडर का चार बार रोज़ाना सेवन किया, दो बार मौखिक रूप से (2 ग्राम) और दो बार नासिका द्वारा (0.5 ग्राम) लिया। उनका 15, 30 और 90 दिनों के बाद अध्ययन किया गया।

इसके अलावा, फाइटोकेमिकल विश्लेषण में लिक्विड क्रोमाटोग्राफी को मास स्पेक्ट्रोमेट्री के साथ जोड़कर किया गया।

शोधकर्ताओं के मुताबिक नतीजों से स्थापित हो पाया कि अदरक में फाइटोकेमिकल्स होते हैं, जो कोविड-19 के प्रसार को रोकने में मदद करते हैं, और इसका आयुर्वेदिक संश्लेषण कोविड-19 के लक्षणों व प्रसार को कम करने में मददगार हैं।

इस अध्ययन के नतीजे जर्नल ऑफ हर्बल मेडिसिन में प्रकाशित हुए हैं, जो ब्रिटेन में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल हर्बलिस्ट्स की औपचारिक पत्रिका है। ब्रिटेन में हर्बल चिकित्सकों का अग्रणी पेशेवर संगठन है। वैद्य सुशील दुबे के अनुसार यह अध्ययन, अब तक इस प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित भारत के मात्र दो कोविड-19 संबंधित चिकित्सा अध्ययनों में से एक है।

अध्ययनकर्ताओं का सुझाव है कि सम्पूर्ण विश्व में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों के कोविड 19 निवारण और प्रबंधन प्रोटोकॉल में सूखी अदरक को शामिल करना संक्रमण के ख़तरे की जद में आने वाले लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए सुरक्षित, प्रभावी, तुरंत लागू करने योग्य, और लागत-कुशल तरीका हो सकता है।

इस शोध दल में डॉ. सुनील कुमार मिश्रा (आईआईटी बीएचयू) तथा डॉ. हितेश जानी (गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय) शामिल हैं।

# बीएचयू के चिकित्सकों ने पहला एलोजेनिक स्टेम सेल किया प्रत्यारोपण

### रक्त कैंसर से पीड़ित 11 वर्षीय बच्चा

**वाराणसी,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के बाल रोग विभाग के चिकित्सकों ने दोबारा तीव्र लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (रक्त कैंसर) से पीड़ित 11 वर्षीय बच्चे में पहला एलोजेनिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण किया है। विभाग की प्रोफेसर एवं प्रभारी डॉ. विनीता गुप्ता ने बताया कि दो वर्षों में विभाग द्वारा किया गया यह 15वां स्टेम सेल प्रत्यारोपण है। पहले 14 प्रत्यारोपण ऑटोलॉगस स्टेम सेल प्रत्यारोपण थे, जहां स्टेम कोशिकाएं रोगी से स्वयं एकत्र की गईं थीं।



इन्हें बाल चिकित्सा ठोस ट्यूमर (पेट में ट्यूमर और लिम्फ नोड्स के कैंसर) के लिए किया गया था। एलोजेनिक ट्रांसप्लांट के लिए डोनर की पहचान की गई और पाया गया कि मरीज अपनी बड़ी बहन से पूरी तरह मेल खाता है। डोनर (बड़ी बहन) से एफेरेसिस की प्रक्रिया द्वारा स्टेम सेल एकत्र किए गए और रोगी को दिए गए। मरीज़ ने प्रक्रिया को अच्छी तरह से सहन किया और दो महीने अस्पताल में रहने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

प्रत्यारोपण डॉ. विनीता गुप्ता, डॉ. प्रियंका अग्रवाल और उनके साथियों, जूनियर रेजिडेंट्स और नर्सिंग अधिकारियों की टीम द्वारा किया गया।

# दिलीप साहब और लता मंगेश्कर के बीच भाई-बहन जैसा रिश्ता था : सायरा बानो



**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री सायरा बानो का कहना है कि उनके पति दिलीप कुमार और लता मंगेश्कर के बीच भाई-बहन जैसा रिश्ता था और दोनों हर साल रक्षा बंधन पर मिला करते थे।

सायरा बानो ने रक्षाबंधन के मौके पर अपने दिवंगत पति दिलीप कुमार और लता मंगेशकर के बीच के कुछ पलों के बारे में फैंस को बताया है। सायरा ने बताया कि दोनों के बीच भाई-बहन जैसा रिश्ता था और अपनी कार्य प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने के बावजूद दोनों हर रक्षाबंधन पर मिलते थे। सायरा बानु ने दिलीप कुमार और लता की कुछ तसवीरें शेयर कर लिखा, भारतीय सिनेमा के कोहिनूर दिलीप साहब और भारतीय संगीत उद्योग की स्वर कोकिला लता मंगेशकर के बीच अपने शानदार स्टारडम की चकाचौंध से परे एक रिश्ता था। एक यात्रा के दौरान दिलीप साहब ने लताजी से उर्दू के सही उच्चारण के महत्व का जिक्र किया और कहा कि कैसे नुक्ता जैसी एक सरल चीज भी शब्दों को सुंदर बना देती है हर मायने में एक आज्ञाकारी बहन लताजी ने उनकी सलाह पर ध्यान दिया और एक उर्दू पढ़ाने वाले की सहायता ली। फिल्मी दुनिया के दोनों दिग्गजों के बीच का बंधन 'आखिर तक' बरकरार रहा। लताजी अक्सर दिलीप साहब से मिलने हमारे घर आती थीं और वे दोपहर का खाना या रात का खाना एक साथ खाते थे।

पिछली बार जब वह यहां आई थीं, तो उन्होंने प्यार से दिलीप साहब को अपने हाथों से खाना खिलाया था।

# डाक विभाग के माध्यम से देवी-देवताओं के लिए तीन हजार से अधिक राखियां भेजीं

**लखनऊ,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में तीन हजार से अधिक लड़कियों और महिलाओं ने डाक से विभिन्न देवताओं के लिए राखियां भेजी हैं। पोस्टमास्टर जनरल मुख्यालय क्षेत्र, लखनऊ, विवेक कुमार दक्ष ने कहा कि अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर और हनुमान गढ़ी में राम लला सहित विभिन्न मंदिरों में 3,000 से अधिक राखी पहुंचाई गई हैं।



ये देश भर के लोगों द्वारा भेजी गई थीं। लोग डाक के माध्यम से स्थानीय हनुमान सेतु मंदिर और मनकामेश्वर मंदिर में भी राखियां भेज रहे हैं।

मनकामेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी महंत देव्यागिरि ने कहा कि 'कुछ लोग भगवान के साथ त्योहार मनाना शुभ मानते हैं।' विभाग ने त्योहार के लिए शहर में लगभग 5,000 विशेष राखी कवर भी बेचे। दक्ष ने कहा, त्योहार से संबंधित सभी डिलीवरी को पूरा करने की कोशिश में विभाग के 1,000 से अधिक कर्मचारियों ने दिन-रात काम किया। उन्होंने कहा कि स्कूली छात्रों सहित लोगों द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगभग 3,000 राखी पोस्ट मेल की गईं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को 900 से अधिक पोस्ट पहुंचाई गईं।

# अब इंस्टाग्राम पर भी बन सकेगी 10 मिनट लंबी रील




**सैन फ्रांसिस्को,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। इंस्टाग्राम अपने यूजर्स के लिए जल्द ही एक खुशखबरी लेकर आने वाला है। मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टाग्राम यूजर्स के लिए 10 मिनट तक की लंबी रील्स बनाने की तकनीक पर काम कर रहा है। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार मोबाइल डेवलपर और लीकर एलेसेंड्रो पलुजी ने बुधवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर दो साइड-बाय-साइड रील्स पेजों के स्क्रीनशॉट साझा करते हुए इस बात की जानकारी दी। इसमें एक 3 मिनट लंबी और एक 10 मिनट की वीडियो शेयर की गई। उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम 10 मिनट तक लंबी रील्स बनाने की क्षमता पर काम कर रहा है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि मेटा ने अभी तक रील्स का विस्तार करने की योजना की पुष्टि नहीं की है। रील्स को 10 मिनट तक करने से यह यूट्यूब वीडियो के करीब पहुंच जाता है, लेकिन वीडियो प्रतिद्वंद्वी टिकटॉक जितना नहीं, जो पहले से ही वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए अधिक समय प्रदान करता है। टिकटॉक फ्री यूजर्स के लिए 10 मिनट तक की लंबी वीडियो प्रदान करता है, साथ ही 20 मिनट तक के लिए अतिरिक्त भुगतान पर प्रशंसकों को पसंदीदा क्रिएटर्स की अधिक सामग्री देखने को मिलती है। इस बीच, इंस्टाग्राम एक नए ग्रुप फीचर का परीक्षण कर रहा है, जो यूजर्स को स्टोरी में एक से अधिक लोगों को टैग करने की अनुमति देगा। इंस्टाग्राम प्रमुख एडम मोसेरी ने कहा कि हम एक ही स्टोरी पर एक से अधिक लोगों को टैग करने की सुविधा पर काम कर रहे हैं। यह सुविधा मददगार होगी, क्योंकि एक बार में कई लोगों को टैग करने से स्टोरी साफ-सुथरी और व्यवस्थित हो जाएंगी।

# एआई जनरेटेड तस्वीरों की पहचान के लिए नए टूल का परीक्षण कर रहा है गूगल



**सैन फ्रांसिस्को,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। गूगल ने वॉटरमार्किंग और एआई से जनरेटेड तस्वीरों की पहचान के लिए एक नया टूल लॉन्च किया है। यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो एक डिजिटल वॉटरमार्क को सीधे एक तस्वीर के पिक्सल में एम्बेड करती है, जिससे यह मानव आंखों के लिए अदृश्य हो जाता है। लेकिन पहचान के लिए पता लगाने योग्य हो जाता है। गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी में गूगल डीपमाइंड ने एक नए टूल 'सिंथआईडी' का बीटा संस्करण लॉन्च किया है।

सिंथआईडी इमेज का उपयोग करने वाले सीमित संख्या में वर्टेक्स एआई ग्राहकों के लिए उपलब्ध है, जो कंपनी के नवीनतम टेक्स्ट-टू-इमेज मॉडल में से एक है। यह फोटोरियलिस्टिक तस्वीरें बनाने के लिए इनपुट टेक्स्ट का उपयोग करता है। गूगल डीपमाइंड ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि जेनरेटिव एआई विशाल रचनात्मक क्षमता को अनलॉक कर सकता है, यह नए जोखिम भी प्रस्तुत करता है जैसे रचनाकारों को जानबूझकर या अनजाने में गलत जानकारी फैलाने में सक्षम बनाना। इसमें कहा गया है, 'एआई जनरेटेड सामग्री की पहचान करने के लिए लोगों का सक्षम होना महत्वपूर्ण है।' डीपमाइंड के अनुसार छवियों में फिल्टर जोड़ने, उनके रंग बदलने के बाद भी सिंथआईडी अपनी जगह पर बना रहता है।

टूल का निर्माण करने के लिए डीपमाइंड ने दो एआई मॉडल को छवियों के 'विविध' सेट पर एक साथ प्रशिक्षित किया, एक वॉटरमार्किंग के लिए और एक पहचान के लिए।

# ग्रैमी अवॉर्ड्स विजेता कैमिलो ने दिलजीत दोसांझ के साथ गाया 'पलपिटा'



**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। ग्रैमी अवॉर्ड्स विजेता रहे गायक कैमिलो ने बॉलीवुड स्टार दिलजीत दोसांझ के साथ नए गाने 'पलपिटा' पर काम किया है। यह कोक स्टूडियो के दूसरे सीजन के लिए जारी किया गया एक मूल ट्रैक है। 'पलपिटा' को स्पेनिश में कैमिलो और पंजाबी में दिलजीत ने गाया है, जो दोनों संस्कृतियों के एक अविश्वसनीय मिलन को दिखाता है।

यह रिलीज कैमिलो द्वारा पहली बार जापान में दो म्यूजिक कॉन्सर्ट में सुर्खियां बटोरने के बाद हुई है। कैमिलो ने कहा कि मैंने हमेशा भारतीय संस्कृति और इसकी परंपराओं के प्रति आकर्षण महसूस किया है। मुझे एक बार वहां जाने का मौका मिला और मुझे इससे प्यार हो गया। वर्षों बाद मैंने देखा कि पंजाबी संगीत के साथ क्या हो रहा है और कैसे दिलजीत जैसे कलाकार दुनिया भर में अपने संगीत, संस्कृति और ध्वनि को साझा कर रहे हैं। मैं लंबे समय से दिलजीत की प्रशंसा करता रहा हूं, यह सहयोग को जीवंत होते देखना एक अविश्वसनीय आश्चर्य है। उन्होंने आगे कहा कि स्टूडियो में उनके साथ काम करना एक बेहतर अनुभव था क्योंकि मुझे वास्तव में उनके विशाल हृदय, उनकी धुनों की समृद्धि, उनकी दयालुता और उनकी टीम को देखने और महसूस करने का मौका मिला था।

# रक्षाबंधन पर पचास हजार से अधिक लोग बने ऐतिहासिक बग्वाल के साक्षी

### फल-फूल के साथ ही देखते-देखते पत्थरों की होने लगी बरसात

**देवीधुरा/नैनीताल,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षाबंधन के मौके पर उत्तराखंड के कुमाऊं के चंपावत जिले में खेली जाने वाली ऐतिहासिक बग्वाल के इस बार चालीस से पचास हजार लोग साक्षी बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने भी गुरुवार को मां बाराही धाम पहुंच कर बग्वाल का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने बाराही धाम में पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। अद्भुत बग्वाल को देखने के लिए न केवल कुमाऊं बल्कि अन्य प्रदेशों से भी हजारों श्रद्धालु देवीधुरा पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास मकानों की छतें दर्शकों से भरी रहीं। पूरे मेले परिसर में तिल रखने की जगह नहीं थी। रणबांकुरे खोलीखाण मैदान में जुटने लगे। चम्याल, गहड़वाल, लमगड़िया व बालिग खाम के रणबांकुरे एक एक कर मैदान में उतरे। बग्वाल से पहले सभी ने मंदिर की परिक्रमा की।

इसके बाद अद्भुत पाषाण युद्ध बग्वाल शुरू हुआ। फल-फूल के साथ ही देखते देखते पत्थरों की बरसात होने लगी। सात मिनट तक बग्वाल खेली गई। कई दर्जन रणबांकुरे घायल हो गए। इनका मौके पर ही उपचार किया गया। बग्वाल बंद होने के साथ ही बग्वाली बीर आपस में गले मिले।

देवीधुरा के ऐतिहासिक खोलीखांण मैदान में पौराणिक काल से रक्षा बंधन के दिन बग्वाल खेली जाती है। चार खाम और सात थोक के लोग बग्वाल खेलते हैं। मान्यता है कि मां बाराही को मनाने के लिए स्थानीय लोग बग्वाल खेलते हैं।

# भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक को समताप मंडल से छलांग लगाने वाली पहली महिला बनने की उम्मीद

- पृथ्वी से 42.5 किमी की ऊंचाई पर समताप मंडल से स्काइडाइविंग करने और चार रिकॉर्ड तोड़ने वाली पहली महिला
- स्वाति वार्ष्णेय राइजिंग यूनाइटेड के हेरा प्रोजेक्ट द्वारा चयनित तीन उम्मीदवारों में से एक

**न्यूयॉर्क,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक को पृथ्वी से 42.5 किमी की ऊंचाई पर समताप मंडल से स्काइडाइविंग करने और चार रिकॉर्ड तोड़ने वाली पहली महिला बनने की उम्मीद है। स्वाति वार्ष्णेय राइजिंग यूनाइटेड के हेरा प्रोजेक्ट द्वारा चयनित तीन उम्मीदवारों में से एक हैं, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। संगठन ने घोषणा की है।



यदि वह 2025 में स्काइडाइव करती हैं, तो हेरा प्रोजेक्ट को उम्मीद है कि वह चार उच्चतम ऊंचाई से 1.1 किमी तक मुक्त गिरावट, सबसे लंबे समय तक मुक्त गिरावट का समय सहन करना, 264 किलोमीटर प्रति घंटे की सहायता के बिना ध्वनि अवरोध को तोड़ना, और एक किमी से अधिक की उच्चतम चालक दल वाले गुब्बारे की उड़ान का मौजूदा रिकॉर्ड तोड़ देंगी।

संगठन ने कहा कि राइजिंग यूनाइटेड में, हम महिलाओं को आगे बढ़ाने और एसटीईएएम शिक्षा में युवा महिलाओं की रुचि को प्रेरित करने के लिए रिकॉर्ड और सीमाओं को तोड़ते हुए एक ऐतिहासिक यात्रा शुरू कर रहे हैं।

स्पेस डॉट कॉम के अनुसार, वार्ष्णेय ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से सामग्री विज्ञान में पीएचडी की है और ऊर्ध्वाधर फ्रीफॉल में विशेषज्ञता के साथ 1,200 से अधिक छलांग लगाई है।

'अंतरिक्ष के किनारे पर पहला महिला मिशन' के रूप में प्रस्तावित, इस परियोजना में अन्य दो दावेदार लातीनी मूल की एलियाना रॉड्रिक्वेज और डायना वैलेरिन जिमेनेज शामिल हैं। इस परियोजना में विशेष रूप से अल्पसंख्यक समूहों की लड़कियों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि बढ़ाने के लिए स्कूलों में शैक्षिक कार्यक्रम शामिल होंगे।

वार्ष्णेय ने स्पेस डॉट कॉम को बताया कि स्काइ डाइविंग मेरे वैज्ञानिक प्रशिक्षण से मिलता-जुलता है। यह मेरे लिए आजीवन सीखने के इस लक्ष्य को आगे बढ़ाने का एक और अवसर है। वार्ष्णेय, जिन्होंने स्काइ डाइविंग में एक दशक बिताया है, ने मीडिया आउटलेट को बताया कि मेरी शैक्षणिक प्रगति और मेरे करियर की गति वास्तव में स्काइ डाइविंग के साथ जुड़ गई है। इसलिए मैंने स्काइ डाइविंग शुरू कर दी। उसने टेंडेम जंपिंग की कोशिश की और बाद में उसे एक शौक के रूप में अपना लिया। उन्होंने स्पेश डॉट कॉम को बताया कि मैं वास्तव में कुछ ऐसा चाहती थी, जो पूरी तरह से अलग हो। उन्होंने कहा कि यह ज्ञान की एक और खोज की कभी न खत्म होने वाली यात्रा बन गई, जो मेरे शैक्षणिक करियर के साथ-साथ चली। उल्लेखनीय है कि समतापमंडल पृथ्वी से लगभग 6 किमी से 50 किमी ऊपर है।

# बेटी सुहाना पर गर्व महसूस कर रहे हैं शाहरूख खान



**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान अपनी बेटी बेटी सुहाना के फिल्म द आर्चीज के साथ डेब्यू करने पर गर्व महसूस कर रहे है। जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' के साथ शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, बोनी कपूर-श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा डेब्यू करेंगे। फिल्म द आर्चीज़ 7 दिसम्बर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। शाहरुख खान ने सेट से सुहाना की एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में सुहाना बेड पर लेटी हुई दिखाई दे रही हैं। इस फोटो में उनके साथ बेड पर एक बिल्ली भी है। शाहरुख खान ने नोट शेयर करते हुए लिखा है, तुम्हें अपनी फेवरेट जगह यानी कैमरे के सामने देखते हुए बहुत खुशी हो रही है। तुम कैमरे के सामने काफी सहज और सुंदर लग रही हो और चमक भी रही हो। मुझे तुम पर गर्व है। हालांकि, ये जो तुम्हारी को-स्टार है, ये बिल्ली इसे अभी कैमरे के सामने आने के लिए थोड़ी और प्रैक्टिस और कोचिंग की जरूरत है। सुहाना ने इस नोट का रिप्लाई करते हुए एक स्टोरी शेयर की। उन्होंने स्टोरी पर लिखा- आई लव यू!

रायपुर, शुक्रवार 1 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मुम्बई बैठक से बढ़ी 'इंडिया' की ताकत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले से अड़चन में लाने वाले विवादास्पद कारोबारी गौतम अदानी को लेकर हुए नये खुलासों, चीन द्वारा जारी नये नक्शे से पीएम द्वारा झूठ बोला जाना साबित हो जाने, संसद के 18 से 22 सितम्बर तक अचानक बुलाए गये विशेष सत्र, नज़दीक आती जी-20 की बैठक जैसे मुद्दों के बीच 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार को चुनौती देने के लिये बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूज़िव एलाएंस) की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को जिस सकारात्मक नोट के साथ प्रारम्भ हुई है, वह आशा बंधाती है कि भारत को जिस आर्थिक बदहाली, सामाजिक विखंडन और कुप्रबन्धन के गर्त में इस सरकार ने डाल रखा है, उससे उबारने के लिये देशवासियों के सामने एक मजबूत विकल्प साकार हो सकेगा। इस दो दिवसीय बैठक में इंडिया का शुभंकर यानी लोगो, संयोजकों का मनोनयन, सीटों का बंटवारा, भावी कार्यक्रम जैसे विषयों पर फैसले होने हैं जिसके बाद इंडिया के घटक दल चुनावी तैयारियों में लग जायेंगे।

इसी वर्ष जून में बिहार की राजधानी पटना तत्पश्चात जुलाई में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हुई बैठकों की कड़ी में यह तीसरा महाजुटान है। पटना बैठक में 16 विपक्षी दल इसमें शामिल हुए थे, जबकि बेंगलुरु में 26 दल आ जुड़े थे। अबकी बार दो नये दल भी इंडिया से आ मिले हैं जो बतलाता है कि सामूहिक प्रतिपक्ष सघन और विस्तृत दोनों ही हो रहा है। जिन दलों को लेकर संशय था, वे भी संयुक्त विपक्ष का हिस्सा बनते गये (जैसे आम आदमी पार्टी) या जिन नेताओं की निष्ठा पर शक जाहिर किया जा रहा था, वे भी साथ हैं। ऐसों में एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार मुख्य हैं जिनके बारे में कहा जा रहा था कि वे कभी भी पाला बदल सकते हैं। उनके बारे में ऐसा सोचने का कारण यह था कि उनके भतीजे और कुछ प्रमुख समर्थक उनसे अलग होकर महाराष्ट्र की उस मिली-जुली सरकार का हिस्सा हैं जिसके अन्य घटक दल भाजपा तथा शिवसेना का एकनाथ शिंदे वाला धड़ा है। वही पवार इस वक्त इंडिया के प्रमुख नेताओं में से एक हैं और शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के पुत्र व उद्धव धड़े के प्रमुख हैं। वे पवार के ऐसे सहयोगी हैं जिनके बल पर भाजपा-शिंदे-अजित पवार (शरद पवार के भतीजे, जो अलग हुए नेताओं में से एक हैं) की सरकार वाले महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में इंडिया की बैठक कर रहे हैं। इसके पहले हुई बैठकें उन राज्यों में हुई थीं जिनमें इंडिया में शामिल दलों की सरकारें हैं। बिहार में जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की, तो कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है।

यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब नये खुलासों के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति की संगठन ऑर्गेनाइज़्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) ने नया धमाका किया है जिसमें बतलाया गया है कि गौतम अदानी एवं उनके भाई विनोद अदानी ने अपनी ही राशि से खुद की कम्पनियों के शेयर खरीदकर उस नियम का उल्लंघन किया है जिसके तहत कोई भी कम्पनी का प्रमोटर इनसाइड ट्रेडिंग नहीं कर सकता। निर्धारित संख्या में कुछ शेयर छोटे निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं। इस रिपोर्ट को दो प्रसिद्ध अखबार 'गार्डियन' और 'दी फाइनेंशियल टाइम्स' ने भी प्रकाशित कर बतलाया है कि मोदी के साथ ही निवेशकों के हितों की रक्षा करने के जिम्मेदार सेबी, जांच एजेंसियों आदि ने भी अदानी को बचाने में भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले हिंडनबर्ग रिपोर्ट आई थी जिसमें कहा गया था कि मोदी ने गौतम अदानी को फायदा पहुंचाया था। राहुल गांधी बार-बार यह मामला उठाते आए हैं। उन्होंने पिछले साल निकाली अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' में इस मुद्दे को उठाया था तथा मोदी-अदानी के रिश्तों के बारे में लोकसभा में सवाल उठाये थे। इसके चलते एक अवमानना मामले का सहारा लेकर राहुल को लोकसभा से निलम्बित कर दिया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी है और सेबी भी अड़चन में दिख रहा है जिसने अदानी को क्लीन चिट दी थी। इसी मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में संयुक्त संसदीय समिति बनाने की मांग की गई थी जिसे सरकार ने नकार दिया था।

मुम्बई के बैठक स्थल पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने इस मामले को उठाते हुए कहा कि जी-20 की बैठक भारत में होने जा रही है। ऐसे में यह रिपोर्ट सामने आना देश की प्रतिष्ठा के प्रतिकूल है क्योंकि इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि अदानी परिवार मोदी के करीबी हैं। राहुल ने कहा कि इस लेन-देन में दो विदेशी नागरिक नासेर अली शबान अली तथा चेंग चुंग चिंग भी सम्बद्ध हैं जो भारत की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा है। उन्होंने अपना पुराना सवाल दोहराया कि जो पैसा लगाया गया है, वह किसका है। राहुल के अनुसार 10 लाख डॉलर भारत से बाहर गया और फिर घूमकर भारत की अदानी की कम्पनियों में निवेश हुआ जिससे उनके शेयरों में उछाल आया एवं सरकारी परिसम्पत्तियों को इसी राशि से खरीदा गया।

कहना न होगा कि इन कारणों से पहले से परेशान मोदी तथा भाजपा इंडिया की बढ़ती ताकत से और संकट से घिरते जा रहे हैं। वैसे तो इंडिया के जवाब के रूप में एनडीए की भी बैठक बुलाई गई है जिसमें 38 सदस्य हैं। यह अलग बात है कि इनमें से 24 पार्टियां ऐसी हैं जिनका किसी भी राज्य की विधानसभा या लोकसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। बेशक, इंडिया की मुम्बई बैठक संयुक्त प्रतिपक्ष की बढ़ती ताकत का गवाह पहले ही दिन बन गई है।

# आपातकालीन खाद्यान्न आपूर्ति के लिए भारत की ओर देख रहे हैं बांग्लादेश और नेपाल

■ आशीष विश्वास

भारत और बांग्लादेश दोनों अगले साल की शुरुआत में आम चुनाव कराने की तैयारी कर रहे हैं, परन्तु संबंधित अधिकारियों को प्रभावी खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बेहद कठिनाई हो रही है।

नेपाल आने वाले त्यौहार के मौसम में बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए भारत से बड़ी मात्रा में चावल, गेहूं और धान बेचने का आग्रह कर रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि दिल्ली एक विशेष उपाय के रूप में खाद्यान्न निर्यात पर अपने वर्तमान प्रतिबंध में ढील देगी। नेपाली प्रशासन, जिसने हाल ही में फसल की कीमतों को स्थिर करने या कम करने में भारत की मदद करने के लिए टमाटर की पर्याप्त मात्रा बेची है, ऐसे समय जब देश के अधिकांश राज्यों में 140 - 200 रुपये के बीच था, उम्मीद की जा रही है कि भारत भी उसके लिए कुछ करेगा।

खाद्य पदार्थों के साथ-साथ ईंधन की बढ़ती कीमतें, मौजूदा मुद्रास्फीति के रुझान में योगदान दे रही हैं, जो अभी भी भारत के क्षेत्रीय पड़ोसियों के बीच प्रमुख चिंता बनी हुई है। अत्यधिक गर्मी और अनियमित तथा घटती बारिश के साथ वैश्विक तापमान वृद्धि के विनाशकारी प्रभावों ने अधिकांश स्थानों में फसल उत्पादन को प्रभावित किया है।

यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पहले ही बाधित हो चुकी है, जिसके जल्द ख़त्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। भारत से प्रमुख अनाज और संबंधित आयात के बिना, नेपाल और बांग्लादेश को पहले से ही ऊंची कीमतों के और बढ़ने की गंभीर संभावना का सामना करना पड़ रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर मुद्रास्फीति बढ़ेगी।

बांग्लादेश लघु और मध्यम अवधि के लिए चावल और गेहूं की गारंटीकृत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रूस और म्यांमार के साथ तत्काल बातचीत कर रहा है। ढाका की रिपोर्टों से पता चलता है कि देश की मौजूदा स्टॉक स्थिति स्वस्थ है। लेकिन 2024 की शुरुआत में, जब चुनाव होंगे, मौजूदा भंडार ख़त्म हो जायेगा। रूस और म्यांमार दोनों ने बिक्री मूल्यों का उल्लेख किया है जो बांग्लादेश को बहुत अधिक लगता है। यह भी निश्चित नहीं है कि म्यांमार ढाका की अनाज मांगों को पूरी तरह से पूरा कर सकता है।

दुनिया भर में व्याप्त कठिन आर्थिक स्थिति को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि अधिक बातचीत की आवश्यकता होगी और नीति निर्माताओं के लिए आगे कुछ कठोर सौदेबाजी करना बुद्धिमानी होगी, जिसमें बेचने वाले देश अपने लाभप्रद स्थिति का आनंद ले रहे हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि नेपाल के साथ-साथ बांग्लादेश भी एक कठिन परिस्थिति में बड़ी मदद के लिए भारत पर भरोसा कर रहा है।

> **भारत ने हमेशा की तरह, अपने पड़ोसियों की ज़रूरत की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालिया वार्ता के बाद बांग्लादेश ने पहले ही भारत से आवश्यकताओं की एक संशोधित सूची जमा कर दी है। लेकिन नेपाल के साथ-साथ उसे अभी भी भारत पर भरोसा है कि वह प्रमुख रूप से उसकी मदद करेगा।**

इन देशों के बीच अच्छे पड़ोसी संबंध एक निश्चित लाभ हैं। श्रीलंका और चीन के साथ, बांग्लादेश और नेपाल सामान्य समय में भारत में उत्पादित चावल के नियमित आयातक रहे हैं। उदाहरण के लिए, नेपाल ने 2021 में 1.4 मिलियन टन भारतीय चावल का आयात किया, जिसकी लागत 473 मिलियन डॉलर से अधिक थी। बांग्लादेश ने 2022 में अपने कुल चावल आयात का 37 प्रतिशत भारत से खरीदा, और 2.81 मिलियन डालर से अधिक खर्च किया।

हालांकि, 2023 के अंत और 2024 की पहली तिमाही तक, भारत को अपनी विशेष मजबूरियों से जूझना होगा। संकेतों के मुताबिक लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य में होंगे। खाद्य कीमतें एक बड़ा मुद्दा होंगी। बहुत कुछ चावल, गेहूं, धान और दाल की किस्मों के घरेलू उत्पादन पर निर्भर करेगा। वर्तमान फसल-पूर्व संकेत शायद ही उत्साहवर्धक हों।

दक्षिणी राज्यों से शुरुआत करते हुए, अलनीनो कारक के कारण पूर्व और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में मानसून वर्षा में गिरावट की उम्मीद है। इसलिए अधिकांश अर्थशास्त्रियों और योजनाकारों को समग्र खाद्य/सब्जी उत्पादन में कमी की आशंका है। मात्रा में कमी के परिणामस्वरूप उच्च कीमतें होने की संभावना है, जिसे मौजूदा भंडार का उपयोग करके केवल आंशिक रूप से पूरा किया जा सकता है। 2024 के चुनावों से पहले लंबी तैयारी अवधि के दौरान यह मुद्दा राजनीतिक रूप से संवेदनशील होने के साथ-साथ निर्णायक भी हो सकता है। बेरोजगारी, गिरते निर्यात और औद्योगिक उत्पादन के वर्तमान स्तर के साथ भारत की अपनी अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी नहीं चल रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि भारत सरकार ने चावल और चीनी आदि के अपने सामान्य निर्यात पर फिलहाल प्रतिबंध लगा दिया है।

सवाल उठता है कि प्रभावी घरेलू शासन को बनाये रखने और अपने आर्थिक रूप से संकटग्रस्त पड़ोसियों की मदद की बेताब अपीलों को पूरा करने के बीच भारत सरकार कितनी कुशलता से एक नाजुक संतुलन बना सकती है? दक्षिण एशियाई क्षेत्र में एक सर्वमान्य नेता होने की भारत की पारंपरिक भूमिका को देखते हुए, विश्वव्यापी आर्थिक संकट के दौरान पड़ोसियों की मदद करना कोई हल्के में लिया जाने वाला कार्य नहीं है। इस बीच, काठमांडू और ढाका की मीडिया रिपोर्टों को देखते हुए, नीति निर्माता यह नहीं छिपाते कि उन्हें गर्मी के साथ-साथ आम लोगों के बीच बढ़ते तनाव का भी एहसास है। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी ने उन वस्तुओं की तत्काल आवश्यकताओं की एक सूची के साथ हाल ही में भारत का दौरा किया, जिनकी ढाका को सख्त जरूरत थी। इससे पहले दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने एक द्विपक्षीय समझौते पर काम करने पर सहमति व्यक्त की थी जो भारत से निश्चित मात्रा में आपूर्ति की गारंटी देगा।

बांग्लादेश की मजबूरी का आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है, यह देखते हुए कि सत्तारूढ़ अवामीलीग (एएल) पहले से ही अपने सबसे कट्टर प्रतिद्वंद्वी बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के खिलाफ चुनाव पूर्व अभियान में लगी हुई है। इस प्रकार, चुनाव से पहले बांग्लादेश के लिए किसी प्रकार की खाद्य सुरक्षा हासिल करना, शत्रुतापूर्ण पश्चिम की नज़र में, सत्तारूढ़ एएल के लिए पहली प्राथमिकता है। वे पहले से ही घटनाक्रम पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं!

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नेपाल ने भारत पर कम से कम 100,000 टन चावल, 10 लाख टन धान और 50,000 टन चीनी की आपूर्ति करने का दबाव डाला है। जहां तक बांग्लादेश की बात है, वह 15,00,000 टन से अधिक चावल, 10,00,000 टन चीनी और 26,00,000 टन गेहूं का आयात करना चाहेगा। निकट भविष्य में इसके लिए पर्याप्त मात्रा में लहसुन, अदरक, प्याज और दाल की भी आवश्यकता होगी।

मंत्रियों और भारत सरकार के अधिकारियों ने संकेत दिया है कि भारत की अपनी मजबूरियों को देखते हुए वर्तमान स्थिति में इतनी मात्रा में खाद्यान्न आदि का निर्यात संभव नहीं हो सकता है। दोनों देशों से कहा गया है कि वे अपने प्रारंभिक आदेशों की मात्रा को यथासंभव कम करें। हालांकि, भारत ने हमेशा की तरह, अपने पड़ोसियों की ज़रूरत की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालिया वार्ता के बाद बांग्लादेश ने पहले ही भारत से आवश्यकताओं की एक संशोधित सूची जमा कर दी है। लेकिन नेपाल के साथ-साथ उसे अभी भी भारत पर भरोसा है कि वह प्रमुख रूप से उसकी मदद करेगा।

# हबीब तनवीर : जो अपने जीते जी गाथा पुरुष बन गए

■ ज़ाहिद ख़ान

बीसवीं सदी के चौथे दशक में मुल्क के अंदर तरक्क़ी पसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। इप्टा के नाटक अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता और सरोकारों के चलते पूरे मुल्क में मक़बूल हो रहे थे। इप्टा से जुड़े हुये अदाकार-निर्देशकों ने हिंदोस्तान में पहली बार लोक नाट्य स्वरूपों को समकालीन सार्थक रूप में प्रस्तुत किया। हबीब तनवीर भी आज़ादी की जद्दोजहद के उस दौर में इप्टा के अभिन्न हिस्सा थे। एक वक्त तो ऐसा भी आया कि उन्हें इप्टा को पूरी तरह संभालना पड़ा। जन आंदोलन के दौरान साथियों की गिरफ़्तारी के बाद, कुछ ऐसे हालात बने कि इप्टा की सारी ज़िम्मेदारी तनवीर के ऊपर आ गई। साल 1948-50 के बीच उन्होंने नाटक लिखने के साथ-साथ उनका निर्देशन भी किया। अपने आत्मकथ्य 'ए लाईफ़ इन थियेटर' में हबीब तनवीर लिखते हैं, ''दरअसल निर्देशन मुझ पर आरोपित किया गया। वह मेरा चुनाव नहीं था, मेरा चुनाव तो अभिनय था।'' मुंबई में प्रगतिशील लेखक संघ के संस्थापक सज्जाद ज़हीर के घर होने वाली साप्ताहिक बैठकों में हबीब तनवीर नियमित तौर पर जाते थे। इन साहित्यिक बैठकों में तनवीर अपनी पुर—कशिश आवाज़ में शायरी पढ़ते, जो बहुत पसंद की जाती। उनकी ग़ज़लों का पहला सेट जिसमें छह ग़ज़लें शामिल थीं, अली सरदार जाफ़री द्वारा संपादित उर्दू के मक़बूल रिसाले 'नया अदब' में एक साथ शाए हुईं।

> **हबीब तनवीर के हर नाटक में एक मक़सद है, जो नाटक के अंदर अंतर्धारा की तरह बहता है। मसलन नाटक 'आगरा बाज़ार' में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नज़रियों के बीच कशमकश है, तो 'चरनदास चोर' सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। 'हिरमा की अमर कहानी' और स्टीफ़न ज्वाईग की कहानी पर आधारित 'देख रहे हैं नयन' सियासी नाटक हैं, जो हर दौर में सामायिक रहेंगे।**

1 सितंबर, 1923 में अविभाजित मध्यप्रदेश के रायपुर में जन्मे हबीब अहमद ख़ान की शुरुआती तालीम रायपुर में हुई। शायरी से लगाव के चलते, उन्होंने 'तनवीर' अपना तख़ल्लुस चुना। नाटक में पूरी तरह उतर जाने के बाद, शायरी तो उनसे काफ़ी पीछे छूट गई। अलबत्ता 'तनवीर' उनके नाम के आगे हमेशा के लिए जुड़ा रहा। नागपुर के मॉरिस कॉलेज से उन्होंने बी.ए. किया। बाद में एम.ए. उर्दू के लिए अलीगढ़ गए और फ़िल्मों का शौक़ उन्हें आखिरकार, मुंबई ले आया। मुंबई में पैर जमाने के लिए उन्होंने जमकर संघर्ष किया। कई छोटे-मोटे काम किए। मसलन आकाशवाणी में संगीतात्मक रूपक, पत्र-पत्रिकाओं में फ़िल्मी समीक्षा, विज्ञापन फ़िल्मों की स्क्रिप्ट वगैरह लिखीं। तनवीर की जी तोड़ मेहनत ज़ल्द ही रंग लाई। थोड़े ही अरसे के बाद, उन्हें अपनी मंज़िल-ए-मक़सूद यानी फ़िल्मों में भी मौक़ा मिल गया। लिहाज़ा उन्होंने फ़िल्मों में अदाकारी की और कई फ़िल्मों के गाने और संवाद भी लिखे।

बंबई में फ़िल्मों और पत्रकारिता में मसरूफ़ियत के बावजूद हबीब तनवीर प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा से जुड़े रहे। इप्टा से जुड़कर, उन्होंने कई नुक्कड़ नाटक लिखे और निर्देशित किए। 'शांतिदूत कामगार' उनका लिखा और निर्देशित पहला नाटक था। बीसवीं सदी के पांचवें दशक में हबीब तनवीर मुंबई से दिल्ली आ गए। यहां आकर उन्होंने अपना नाटक 'शतरंज के मोहरे' दोबारा लिखा और इसमें ख़ालिस लखनवी उर्दू ज़बान का इस्तेमाल किया। नाटक इस बार ज़्यादा कामयाब साबित हुआ। साल 1954 में लिखा 'आगरा बाज़ार' वह नाटक था, जिसने हबीब तनवीर को शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचा दिया। अठारहवीं सदी के मशहूर अवामी शायर नज़ीर अकबरावादी की ज़िंदगी और रचनाओं पर आधारित नाटक 'आगरा बाज़ार' में उन्होंने न सिर्फ़ आम आदमी की ज़िंदगी और उसके रोज़मर्रा के सरोकारों को अपना विषय बनाया, बल्कि लेखन में भी वह मुहावरा और तरीक़ा बरता, जो पारंपरिक अभिजन कविता के आदाब और मौज़ूअ के बिल्कुल ख़िलाफ़ था।

हबीब तनवीर ने थिएटर की आला तालीम लंदन के प्रसिद्ध थिएटर स्कूल 'रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स' यानी 'राडा' से हासिल की। इस दरमियान उन्होंने यूरोप में तीन साल बिताए। इन तीन सालों में उन्होंने यूरोपीय रंगमंच को क़रीब से देखा। ख़ासकर बर्लिन में तो तनवीर ने आठ महीने गुज़ारे, जहां जर्मन नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त की नाट्य प्रस्तुतियां देखीं। बर्तोल्त ब्रेख्त के नाटकों से हबीब तनवीर ने काफ़ी कुछ सीखा। उनके नाटकों में हमें जो जनपक्षधरता दिखाई देती है, उसमें ब्रेख्त के नाटकों का बड़ा योगदान है। हिंदुस्तान वापसी पर तनवीर की पहली प्रस्तुति हिंदुस्तानी थिएटर के बैनर पर हुई। शूद्रक के संस्कृत नाटक 'मृच्छकटिकम्' के हिंदी अनुवाद 'मिट्टी की गाड़ी' को उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के साथ रंगमंच पर उतारा। इस नाटक में उन्होंने पूरी तरह से लोक रंगमंच की पारंपरिक शैली और तकनीक का प्रयोग किया। नाटक को एक ख़ास हिंदोस्तानियत में ढाला। ज़ाहिर है, नाटक बेहद मक़बूल हुआ।

लोक अदब और लोक रिवायतों से हबीब तनवीर को बेहद लगाव था। उन्होंने कई लोक कथाओं को विकसित कर नाटक में तब्दील किया। मसलन 'जालीदार पर्दे'-रूसी लोक कथा पर आधारित है, तो 'सात पैसे'-चेकोस्लोवाकिया की लोककथा, 'अर्जुन का सारथी'-छत्तीसगढ़ी कहानी, 'गांव के नाव ससुराल, मोर नाव दामाद'-छत्तीसगढ़ी लोककथा, 'ठाकुर पृथ्वीपाल सिंह'-राजस्थानी लोककथा, 'चरनदास चोर'-राजस्थानी लोककथा, 'बहादुर कलारिन'-छत्तीसगढ़ी लोककथा, 'सोनसागर'-बिहारी लोककथा, 'हिरमा की अमर कहानी'-आदिवासी लोककथा पर आधारित नाटक हैं। इन नाटकों की ख़ासियत ये है कि तनवीर ने इन लोक कथाओं को सीधे-सीधे ड्रामा रूप में तब्दील नहीं किया है, बल्कि लोककथा के केन्द्रीय विचार को लेकर अपने हिसाब से नाटक में विस्तारित किया। इम्प्रोवाइज किया। यही नहीं इन नाटकों को उन्होंने मौजूदा परिवेश से भी जोड़ा, जो लोगों को खूब पसंद आया।

साल 1959 में हबीब तनवीर ने नाटक के एक नये ग्रुप 'नया थिएटर' की नींव रखी। 'सात पैसे', 'रुस्तम सोहराब', मोलियर का 'द बुर्जुआ जेंटलमैन', 'मेरे बाद' वगैरह उनके इस ग्रुप के शुरुआती नाटक थे। दिल्ली में जीविकायापन के लिये हबीब तनवीर ने नाटक के साथ-साथ स्वतंत्र पत्रकारिता भी की। 'लिंक', 'स्टेट्समेन', 'पेट्रिएट' के लिये उन्होंने फ़िल्म समीक्षा, नाट्य समीक्षा आदि लिखीं। इस दरमियान 'संगीत नाटक अकादमी' ने तनवीर से उनके मशहूर नाटक 'आगरा बाज़ार' का पुनर्सृजन करने के लिए कहा। इस बार तनवीर ने 'आगरा बाज़ार' के संगीत में छत्तीसगढ़ी लोकधुनों के अलावा दीगर प्रयोग किए, जो काफ़ी हिट रहे। नाटक बेहद मक़बूल हुआ। नाटक के सैकड़ों शो हुए। गोयाकि 'आगरा बाज़ार' और हबीब तनवीर एक दूसरे के पर्याय हो गए। नाटक 'चरनदास चोर' तक आते-आते हबीर तनवीर ने अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। उनके नाटक ख़ालिस छत्तीसगढ़ी मुहावरे में खेले जाते। 'अर्जुन का सारथी', 'गौरी-गौरा', 'चपरासी', 'गांव के नाव ससुराल, मोर नाम दामाद' आदि नाटक पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य शैली नाचा में खेले गए। इन नाटकों को महानगरीय दर्शकों ने भी खूब सराहा।

साल 1975 में 'चरनदास चोर' के साथ ही तनवीर की शैली और प्रस्तुति ने अपनी पूर्णता पा ली। इसके बाद उन्होंने अपनी शैली को बिल्कुल नहीं बदला और आख़िर तक इसी शैली में नाटक खेलते रहे। नाटक 'चरनदास चोर' के कथ्य की ताज़गी और दिलचस्प व आकर्षक पेशकश ने पूरे मुल्क में तहलका मचा दिया। एक शुद्ध लोक कहानी को बिल्कुल नया रूप देकर, मौजूदा हालात से जोड़कर कैसे सामायिक बनाया जा सकता है ?, इसकी एक शानदार मिसाल है 'चरनदास चोर'। साल 1982 में एडिनबरा के विश्व ड्रामा फेस्टिवल में बावन मुल्कों के ड्रामों के बीच 'चरनदास चोर' की कामयाबी ने हबीर तनवीर और नया थिएटर को दुनियावी स्तर पर मक़बूल कर दिया। 'चरनदास चोर' के ज़रिए तनवीर ने ये साबित कर दिखाया कि लोक परंपराओं के मेल और देशज रंग पद्धति से कैसे आधुनिक नाटक खेला जा सकता है।

हबीब तनवीर द्वारा विकसित रंगमंच सिर्फ़ लोक रंगमंच ही नहीं था, बल्कि वह आधुनिक रंगमंच भी था। तनवीर आधुनिक दृष्टि वाले नाट्य निर्देशक थे। उनके पास इतिहास और सियासत की गहरी समझ थी। उनका लोककला में दिलचस्पी लेना और लोक मुहावरों में काम करना, वैचारिक फ़ैसला था। और अपने इस फ़ैसले पर वे आखिर तक क़ायम रहे। नाटक 'आगरा बाज़ार' से लेकर 'एक औरत हिपेशिया भी थी' तक उन्होंने दर्जन भर से ज़्यादा अर्थपूर्ण नाटक लिखे और निर्देशित किये। अपने नाटकों के ज़रिए वे दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ, उन्हें सम-सामयिक मुद्दों से भी जोड़ते रहे। हबीब तनवीर के हर नाटक में एक मक़सद है, जो नाटक के अंदर अंतर्धारा की तरह बहता है। मसलन नाटक 'आगरा बाज़ार' में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नज़रियों के बीच कशमकश है, तो 'चरनदास चोर' सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। 'हिरमा की अमर कहानी' और स्टीफ़न ज्वाईग की कहानी पर आधारित 'देख रहे हैं नयन' सियासी नाटक हैं, जो हर दौर में सामायिक रहेंगे। 'बहादुर कलारिन' में वे सामंतवाद पर वार करते हैं। नाटक 'जिन लाहौर नहीं देख्या, वो जन्मा ही नईं' हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द्र पर और 'पोंगा पंडित' समाज में व्याप्त छुआ-छूत को उजागर करता है। 'मिट्टी की गाड़ी' में वे समाज को लोकसत्ता से जोड़ने की ठोस कोशिश करते हैं। ऐसा नाटक जिसका कोई मक़सद न हो उसके हबीब तनवीर खिलाफ़ थे। अपने जीते जी गाथा पुरुष बन जाने वाले हबीब तनवीर का रंगकर्म एक जुदा रंगकर्म था, जो हमेशा याद किया जाएगा।

## पावन प्रसंग

### मौन एक रक्षा कवच है

भारतीय मनुष्यों ने हमारी वाणी को वाक शक्ति बताया है। कहा जाता है जब कोई बोलता है तो वह मनुष्य और जब मौन हो जाता है तो देवता ज्ञानी है। यानी वाणी मनुष्य की भाषा है और मौन ज्ञानियों की भाषा है। वाणी में असीम शक्ति है परंतु मौन में उससे भी प्रचंड शक्ति है। मनुष्य अपने अंत:करण की शक्ति, प्राणों की शक्ति को बोलकर बिखेर देता है किंतु साधक मौन रहकर उस शक्ति को संवर्धन में उपयोग करता है। आत्म शक्ति को संवर्धन में उपयोग करते हैं और मौन द्वारा अपने भावों को अत्यधिक प्रभावकारी बना देता है। मूल व्यक्तित्व को अधिक प्रभावशाली और लोकप्रिय बनाता है। जो जितना कम बोलता है, उसकी वाणी उतनी ही प्रभावशाली होती है। मौन मनुष्य की सर्वप्रियता का एक अचूक साधन है। मौन रहने वाला कलह से, कटुता से बचता रहता है।

मौन एक रक्षा कवच है ज्ञानियों का भी और मूर्खों का भी, ज्ञानी मौन रहता है तो उसका वह गुण हो, आभूषण है और सत्य व्रत की रक्षा कर सकता है। लोकप्रियता को बनाए रख सकता है। लोग उसे समझदार समझते हैं। मूर्खता का ढक्कन है मौन। मौन कभी भी दूसरों को हानि नहीं पहुंचाता है, जबकि मनुष्य बोलकर कलह, विग्रह, विद्वेष, फूट और हिंसा को भड़काता है। दूसरों के दिलों में तीर चुभो सकता है जिससे खून खराबा होता है। उनमें भड़कीले भाषण उत्तेजक शब्द ही ज्यादा काम करते हैं। पहले बोली चलती है फिर गोली चलती है। अंडे देने के बाद मुर्गी यह मूर्खता करती है कि वह चहचहाने लग जाती है। उसकी चहचहाट सुनकर कौआ आ जाता है, वह उसके अंडे छीन लेता है जो वस्तुएं अपनी भावी संतान के खाने के लिए रखी थी उन्हें भी वह चट कर जाता है। अगर वह चुप रहती तो वह इन दोनों आफतों से बच सकती थी। यह बोलने का ही परिणाम है। संसार का इतिहास उठाकर देख लो, जितने भी अनर्थ हुए हैं, युद्ध हुए हैं, नरसंहार हुए हैं, उनके पीछे सबसे बड़ा कारण वाणी ही रही है। द्रौपदी अगर एक कटु वचन नहीं बोलती तो महाभारत की विनाश लीला नहीं होती, कुरुक्षेत्र में खून की नदियां नहीं बहती, विशाल सेना का नरसंहार क्यो हुआ? दशरथ अगर कैकयी को वचन नहीं देते तो न राम की जगह भरत का राजतिलक होता, न ही राम वनवास जाते और न ही रावण के साथ युद्ध होता। आज भी परिवार, राष्ट्र और किसी भी क्षेत्र में चले जाइये, जितने विग्रह, संघर्ष होते हैं, परिवार टूटते हैं, उनके मूल में कहीं न कहीं बोलना ही मुख्य कारण रहा है। सास-बहू के कलह अगर बहू मौन रख ले तो सास कितनी देर बोल सकेगी? अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। बिना घास की चिंगारी किसको जलायेगी? सूखी जगह पर गिरी आग अपने आप बुझ जायेगी। अकेला व्यक्ति कलह नहीं कर सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

### भारत की आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति देश के आर्थिक विकास का पैमाना

भारत के कृषि, चिकित्सा, संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फ स्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है। इसरो के साथ सभी क्षेत्र के वैज्ञानिकों को अनंत बधाइयां। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी, कुपोषण और साक्षरता, बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्याओं से गरीब इंसान झेलता है।

भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 140 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निस्संदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है, जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है, लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है। ई गवर्नेंस व स्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है। यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मॉडल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके। दुनिया के हर महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री विकास के मॉडल में विज्ञान की तकनीकी का प्रयोग अत्यंत एवं आवश्यक मानते हैं। अब विकास के साथ विज्ञान और मूल्य का सही संयोजन जरूरी है ताकि असमानता के स्थान पर सभी का विकास संभव हो सके।

विज्ञान की अथाह क्षमता तथा शक्ति का सदुपयोग विकास के पथ को तीव्र सरल तथा उच्च उत्पादकता वाला बनाना होगा। गरीबी की दर्दनाक पीड़ा पर यह मरहम लगाकर उसे हटाने का बेहतर साधन भी बन सकता है। वैज्ञानिक तकनीक के साथ यदि मानवीय संवेदनाओं का समावेश हो तो यह कई गुना अधिक सफल बन सकती है। ऐसे में येन केन प्रकारेण धन कमाने की लिप्सा और शोषण की सोच की जगह सर्वे भवंतु सुखिन: जैसी सकारात्मक भावनाएं समाज में व्याप्त हो तभी विकास की सही दिशा को कोई भी राष्ट्र प्राप्त कर उस देश की गरीबी को हटाने में सफल हो सकता है।

**संजीव ठाकुर**

## वेस्ट बैंक में विस्फोट, अधिकारी और तीन सैनिक घायल

**रामल्ला।** वेस्ट बैंक के नब्लस में हुए विस्फोट में इज़राइली रक्षा बल (आईडीएफ) के एक अधिकारी और तीन सैनिक घायल हो गए। यह जानकारी आईडीएफ ने टेलीग्राम पर एक बयान के माध्यम से दी। आईडीएफ ने कहा नब्लस शहर में जोसेफ के मकबरे में इजरायली नागरिकों का समन्वित प्रवेश सुरक्षित करने के दौरान हुए एक विस्फोट में एक आईडीएफ अधिकारी और तीन सैनिक घायल हो गए। उन्हें चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए एक अस्पताल में भर्ती किया गया और उनके परिवारों को इस दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है।

# अब भारत, दुनिया के लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है : एस. जयशंकर

## दुनिया के लिए बढ़ता जा रहा है भारत का महत्व

**नई दिल्ली**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत ने ऐसे समय में जी20 की अध्यक्षता संभाली है जब भारत, दुनिया के लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। विदेश मंत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदू कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत करते हुए कहा, सच तो यह है कि भारत ने ऐसे समय में जी-20 की अध्यक्षता संभाली है, जब दुनिया के लिए भारत का महत्व बढ़ता जा रहा है। यह दुनिया के लिए आंशिक रूप से हमारी आर्थिक उपलब्धियों के कारण अधिक मायने रखता है क्योंकि अब हम पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए हैं। आज हम वैश्विक कार्यस्थल, वैश्विक प्रतिभा पूल के लिए आवश्यक माने गए हैं। यह मायने रखता है क्योंकि हमने भी आज एक क्षमता का प्रदर्शन किया है। हमने दूसरे देशों की मदद करने की क्षमता प्रदर्शित की है। इसलिए, जी-20 की भारत की अध्यक्षता से अपेक्षाएं और जिम्मेदारियां बहुत असाधारण हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस के जरिए सौर ऊर्जा को



**'यह दुनिया के लिए आंशिक रूप से हमारी आर्थिक उपलब्धियों के कारण अधिक मायने रखता है क्योंकि अब हम पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए हैं।'**

लेकर दुनिया की सोच बदल दी है। आज हम अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के माध्यम से दुनिया की खान-पान की आदतों को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। हमने आपदा प्रतिक्रिया के गठबंधन के माध्यम से आपदाओं का जवाब देने का एक सामूहिक तरीका बनाया है। आज भारत के बारे में पूरी धारणा सिर्फ एक ऐसी जगह नहीं है, जहां प्रौद्योगिकी की ये बड़ी छलांगें लगाई गई हैं, बल्कि यह एक ऐसा देश भी है, जिसे आज वास्तव में वैश्विक प्रगति को आगे बढ़ाने वाले के रूप में देखा जाता है। इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि जब एक दिन आप सभी पीछे मुड़कर देखेंगे, तो आप सभी 2023 को भारत के लिए एक बड़े वर्ष के रूप में याद करेंगे, एक ऐसे वर्ष के रूप में जब हमारी जी-20 अध्यक्षता ने हमें दुनिया के मानचित्र पर एक अलग स्थान पर खड़ा किया। चंद्रयान-3 पर विदेश मंत्री ने कहा, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हम शारीरिक रूप से वहां मौजूद थे, लेकिन मानसिक रूप से हम बेंगलुरु में थे, क्योंकि पूरे समय प्रधानमंत्री के साथ-साथ हमारे मन में भी चंद्रयान का ही विचार था। लेकिन, शाम को बातचीत का एक ही विषय था, बातचीत का वह विषय था चंद्रयान-3 की लैंडिंग। उस दिन मेरे लिए सबसे बड़ी संतुष्टि सभी नेताओं की यह भावना थी कि भारत ने यह कर दिखाया है।

# जोहान्सबर्ग में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से 73 की मौत



**जोहान्सबर्ग**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका की राजधानी जोहान्सबर्ग में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 73 लोगों की मौत हो गयी है और 52 अन्य झुलस गए हैं। जोहान्सबर्ग आपातकालीन प्रबंधन सेवाओं के प्रवक्ता रॉबर्ट मलाउदज़ी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, श्री मलाउदजी ने कहा ,

**52 अन्य आग से झुलसे**

दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े शहर में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 63 लोग मारे गए और 43 अन्य झुलस गए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स', पर कहा, %इस हादसे में 73 लोगों की मौत हो गई है और 52 लोग झुलस गए हैं। खोज और बचाव अभियान जारी है।% श्री मलाउदज़ी ने दिन की शुरुआत में बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने एक्स पर यह भी कहा कि अग्निशमन और बचाव दल घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। इस बीच, साउथ अफ्रीकन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने बताया कि आग पांच मंजिला इमारत में लगी थी, जिसमें लोग अवैध रूप से रह रहे थे।

## सुडोकू 6303

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 2 | |
| 5 | 4 | | 9 | | 3 | | | 6 |
| | 9 | 8 | | | | | | |
| 7 | | | 2 | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | | | | 5 | | |
| 3 | | | 8 | | 6 | | | 9 |
| | | | | | | 3 | 9 | |
| 8 | | | 5 | | 9 | | 1 | 4 |
| | 1 | | | | | 6 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 1 सितम्बर, 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

वृषभ - आज कोई पुरानी चिंता दूर हो सकेगी। शारीरिक रूप से भी आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष का अनुभव होगा। व्यवसाय में आपको यश मिलेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। स्वास्थ्य में भी कुछ उतार-चढ़ाव होगा। व्यापार में पार्टनर के साथ मतभेद हो सकते हैं। धन का व्यय अधिक होगा।

कर्क - आज मन को शांत रखकर ईश्वर के नाम का स्मरण करें। इससे एकाग्र होने में दिक्कत नहीं आएगी। गुस्से को वश में रखें। नेगेटिव विचार आपको परेशान कर सकते हैं। धन की तंगी रहेगी। फिर भी दोपहर के बाद आप प्रसन्न रहेंगे।

सिंह - आज आपको मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध होंगे। इससे आप मित्रों और स्नेहीजनों के साथ खुशी महसूस करेंगे। पर्यटन की संभावना है। दोपहर के बाद मानसिक रूप से आप थका हुआ महसूस करेंगे।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक है। काम में सफलता मिलने से आज आप आनंदित रहेंगे। आपका यश बढ़ेगा। परिवार का वातावरण अनुकूल रहेगा।

तुला - लेखनकार्य और साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। किसी चर्चा में भाग ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपने टैलेंट की बदौलत कुछ अच्छा काम कर पाएंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें। अपने इमोशन पर नियंत्रण रखें। वित्तीय मामलों में लाभ की आशा रख सकते हैं। वस्त्र-आभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधनों के मामले में खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

धनु - आज मन की कोई चिंता दूर होने से आप काफी हलकापन महसूस करेंगे। परिजनों के साथ किसी खास पारिवारिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। मित्रों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी और विरोधी के समक्ष विजय होगी।

मकर - आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कामों पर धन खर्च होगा। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण सौहार्दपूर्ण नहीं रहेगा। ऑफिस में काम में मन नहीं लगेगा। दोपहर के बाद आप का मन चिंता से मुक्त रहेगा।

कुंभ - आज सांसारिक विषयों की बजाए आध्यात्मिक विषयों की तरफ आप का झुकाव अधिक रहेगा।किसी नेगेटिव भावनाओं को महत्व न देकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रयत्न करें।

मीन - धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय आज सावधानी रखें। किसी के भी काम में जल्दबाज़ी करने से विघ्न आ सकता है। कोर्ट कचहरी की बातों में संभलकर चलने की सलाह आपको दी जाती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1807- अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति आरोन बर्र राजद्रोह के मामले में निर्दोष पाये गये।

1878- एम्मा एम नट्ट अमेरिका में पहली महिला टेलीफोन ऑपरेटर बनीं।

1923- ग्रेट कैंटो भूकंप ने जापान के टोक्यो और योकोहामा में भयंकर तबाही मचायी।

1939- जर्मनी का पोलैंड पर आक्रमण करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत हुई।

1947- भारतीय मानक समय को अपनाया गया।

1956- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की स्थापना हुई।

1956- राज्यों के पुनर्गठन के बाद त्रिपुरा केंद्र शासित प्रदेश बना।

1962- महाराष्ट्र के कोल्हापुर में शिवाजी विश्वविद्यालय की स्थापना।

1964- इंडियन ऑयल रिफाइनरी और इंडियन ऑयल कम्पनी को विलय कर इंडियन ऑयल कॉपरेशन बनाई गयी।

1972- मिस्त्र और लीबिया ने फेडरेशन बनाया।

1994- उत्तरी आयरलैंड में आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने युद्ध विराम लागू किया।

1997- साहित्यकार महाश्वेता देवी और पर्यावरणविद एम सी मेहता को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया।

1998- विक्टर चेर्नोमीर्दिन पुन: रूस के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।

2000- चीन ने तिब्बत होते हुए नेपाल जाने वाले अपने एकमात्र रास्ते को बंद किया।

2004- पाकिस्तान के मानवाधिकार विशेषज्ञ मेहर खान विलियम्स को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने उप उच्चायुक्त नियुक्त किया।

# ब्रिटेन ने गैबॉन में असंवैधानिक सैन्य अधिग्रहण की निंदा की

**लिब्रेविले**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने बुधवार को गैबॉन में सत्ता पर असंवैधानिक सैन्य अधिग्रहण की निंदा की और विद्रोहियों से संवैधानिक सरकार बहाल करने का आह्वान किया। कार्यालय ने वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ब्रिटेन गैबॉन में सत्ता पर असंवैधानिक सैन्य अधिग्रहण की निंदा करता है और संवैधानिक सरकार बहाल करने का आह्वान करता है। हम मीडिया की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध सहित हाल की चुनावी प्रक्रिया पर उठाई गई चिंताओं को समझते हैं और सभी दलों और नागरिकों से किसी भी चुनावी विवादों का समाधान करने लिए कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करने का आग्रह करते हैं। इससे पहले बुधवार को, गैबोनी के राष्ट्रपति अली बोंगो ओंडिम्बा को 64.2त्न वोट प्राप्त हुए और वह देश के प्रमुख के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए पुन: निर्वाचित हुए। जिसके बाद गैबोनी सेना ने एक टेलीविजन संदेश में चुनाव परिणामों को रद्द करने और सभी संस्थानों को भंग करने की घोषणा की। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, राष्ट्रपति को नजरबंद कर दिया गया जबकि उनके बेटे को हिरासत में लिया गया।

# ताइवान के लिए पहली बार संप्रभु राज्य वित्त कार्यक्रम के अंतर्गत अमेरिकी रक्षा सहायता

**वाशिंगटन**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल ने ताइवान के लिए विदेशी सैन्य वित्तपोषण (एफएमएफ) के माध्यम से पहली बार सहायता की घोषणा करने के लिए बिडेन प्रशासन की सराहना की। एफएमएफ कार्यक्रम आमतौर पर संप्रभु राज्यों या अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लिए आरक्षित है।

मैककॉल ने बुधवार को एक बयान में कहा, मुझे खुशी है कि अमेरिकी प्रशासन ताइवान को एफएमएफ प्रदान करके हमारे द्विदलीय ताइवान एन्हांस्ड रेजिलिएंस एक्ट लागू कर रहा है। ये हथियार न केवल ताइवान की मदद करेंगे और क्षेत्रीय लोकतंत्रों की रक्षा करेंगे बल्कि अमेरिकी निवारक मुद्रा को भी मजबूत करेंगे। मैककॉल ने यह भी कहा कि यह कदम चीन के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी के अनुसार, एफएमएफ रक्षा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीददारी के लिए पात्र भागीदार देशों को दिया जाता है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अफ्रीकी संघ ही एकमात्र अन्य गैर-राष्ट्र राज्य है जो एफएमएफ के माध्यम से सैन्य



**चीन के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा यह कदम**

सहायता प्राप्त करता है। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि यह कदम ताइवान के संबंध में अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं लाता है। विदेश विभाग ने बुधवार को कांग्रेस को इस बिक्री से अवगत करा दिया है, हालांकि शुरुआती बिक्री केवल आठ करोड़ डॉलर की अनिर्दिष्ट आपूर्ति है, लेकिन इस कदम से चीन का क्रोधित होना स्वाभाविक है। ताइवान 1949 से ही चीन द्वारा स्वतंत्र रूप से शासित हो रहा है। बीजिंग इसे अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान खुद को एक स्वायत्त इकाई मानता है, लेकिन स्वतंत्रता की घोषणा करने से बचता है।

# मलेशिया ने स्वतंत्रता की 66वीं वर्षगांठ मनाई

**कुआलालंपुर**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। मलेशिया ने गुरुवार को परेड, आतिशबाजी और बड़े पैमाने पर समारोहों के आयोजन के साथ स्वतंत्रता दिवस की 66वीं वर्षगांठ मनाई।

बुधवार देर रात के हजारों मलेशियाई लोगों ने देशभक्ति गीत गाकर और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस मनाया और इस उत्सव का समापन गुरुवार सुबह पुत्रजया के प्रशासन केंद्र में राजा सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह की देखरेख में परेड के साथ हुआ। इस उत्सव में मलेशियाई सम्राट के साथ प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, कैबिनेट के सदस्य और अन्य



■ **1957 को मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी**

अधिकारी शामिल हुए।

# सेनेगल ने नाइजर पर संभावित आक्रमण के लिए तैयारी शुरू की

**डाकार**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। सेनेगल की सेना नाइजर में संभावित सैन्य हस्तक्षेप करने के लिए बेनिन में तैनाती की तैयारी शुरू कर रही है। यह जानकारी सेनेवेब समाचार पोर्टल ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से दी।

रिपोर्ट के अनुसार, सेनेगल की सेना ने सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ मबाये सिसे के निर्देश पर 11 अगस्त को अपनी सेना को एकत्रित किया। देश के हवाई वाहक, एयर सेनेगल ने एकत्रित 900 सैनिकों और सैन्य उपकरणों को बेनिन के शहर कोटोनौ में परिवहन करने का अनुरोध किया है, जो निस्संदेह पश्चिम अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय (ईसीओडब्ल्यूएएस) के बलों के लिए एक रियर बेस जैसा काम करेगा। सेना के एक प्रवक्ता ने पोर्टल से कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि 26 जुलाई को, नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड ने राष्ट्रपति मोहम्मद बाज़ोम को अपदस्थ कर दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया...**

के अनुसार समाज में परिवर्तन आवश्यक हो जाता है। जब तूफान चलता है तो वही पेड़ सुरक्षित रहता है जो झुकना जानता है। इसलिए हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलना चाहिए। आपकी संस्था आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के कार्य में सकारात्मक भूमिका निभा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपति जी का आगमन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बहुत गौरव का क्षण है। उनकी इस यात्रा के लिए मैं छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ नागरिकों की ओर से उन्हें बहुत धन्यवाद देता हूं। आज राष्ट्रपति के रूप में पूरे देश की मुखिया के आगमन से हम छत्तीसगढ़ के लोग विशेष आत्मीयता का अनुभव कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई अपना, अपने ही घर आया है। यह प्रदेश एक आदिवासी प्रदेश है, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग बहुत बड़ी संख्या में यहां निवास करते हैं। सभी वंचितों को न्याय मिले, यह संविधान की भावना है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के संचालन में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें मिलता रहा है।

इस मौके पर माउण्ट आबू से संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्रह्माकुमार मृत्युंजय भाई, रायपुर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता देवी, इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, भिलाई केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, शिक्षाविद सेवा प्रभाग की एडिशनल डायरेक्टर लीना दीदी, न्यायाविद सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक नथमल भाई सहित संस्था के अन्य प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद हैं।

**देश से बाहर भेजा गया ...**

कि सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियां गौतम अडानी से पूछताछ क्यों नहीं कर रही हैं? भारत जैसे देश के लिए बहुत जरूरी है कि हमारे आर्थिक माहौल में पारदर्शिता और व्यापार में समान अवसर हों। दो प्रमुख वैश्विक अखबारों ने महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं...। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को खुद को पाक-साफ साबित करना चाहिए। जेपीसी गठित होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी अडाणी समूह के खिलाफ लगे आरोपों की जांच क्यों नहीं होने दे रहे हैं?

**जांच करने वाले कर्मचारी बन गए**

उन्होंने दावा किया कि सेबी की जांच में अडानी समूह को क्लीनचिट दे दी गई और ऐसा करने वाले व्यक्ति फिर अडानी समूह के ही कर्मचारी बन गए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुंबई में कहा कि जांच हुई, सेबी को सबूत दिए गए और सेबी ने गौतम अडानी को क्लीन चिट दे दी। इससे साफ है कि यहां कुछ गड़बड़ है। भारत जैसी अर्थव्यवस्था में इस सज्जन को मुफ्त यात्रा क्यों दी जा रही है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पूछा कि पहला सवाल यह उठता है कि ये किसका पैसा है? ये अडानी का पैसा है या किसी और का है? इसके पीछे के मास्टरमाइंड विनोद अडानी नामक एक सज्जन हैं जो गौतम अडानी के भाई हैं। पैसे की इस हेरा-फेरी में दो अन्य लोग भी शामिल हैं। एक सज्जन हैं जिनका नाम नासिर अली शाबान अहली है और दूसरे एक चीनी सज्जन हैं जिनका नाम चांग चुंग लिंग है। तो, दूसरा सवाल उठता है कि इन दो विदेशी नागरिकों को उन कंपनियों में से एक के मूल्यांकन के साथ खेलने की अनुमति क्यों दी जा रही है जो लगभग सभी भारतीय बुनियादी ढांचे को नियंत्रित करती है।

**इस तरह गर्माया मामला**

दरअसल 'ऑर्गेनाइजड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) ने अडानी समूह पर निशाना साधते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि उसके प्रवर्तक परिवार के साझेदारों से जुड़ी विदेशी इकाइयों के जरिए अडानी समूह के शेयरों में करोड़ों डॉलर का निवेश किया गया। अडानी समूह ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है।

**आज तैयार होगा ...**

लालू प्रसाद, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, रालोद नेता जयंत चौधरी और अन्य लोग मुंबई पहुंच चुके हैं। शाम को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे द्वारा आयोजित रात्रिभोज का आयोजन किका गया।

**चंदा मामा पर ...**

कहा कि वैज्ञानिक अब इस बात खोज कर रहे हैं कि चांद पर सल्फर कहां से आया- आंतरिक, ज्वालामुखीय घटना से या किसी उल्कापिंड से? हाल ही में इसरो ने कहा था कि रोवर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास ऑक्सीजन, एल्यूमीनियम, सल्फर और अन्य सामग्रियों की मौजूदगी मिली है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि हाइड्रोजन की मौजूदगी के संबंध में जांच चल रही है।

## वर्ग पहेली 6303

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. किसी महाजन-व्यापारी आदि के हिसाब की किताबें
३. नापाक, अशुद्ध
५. जो कभी न टूटे
६. निवासी
७. चंद्रमा
९. प्रार्थी, सवाल करने वाला (उर्दू)
१०. एक दैत्य जिसका वध श्रीकृष्ण ने किया था
१२. दिलचस्प, रुचिकर
१३. रिश्ता, लगाव
१४. डर से घबराया हुआ
१६. खोपड़ी, माथा
१८. लक्ष्मी
२०. हिंसक पशु (उर्दू)
२१. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जानेवाली चुनौती
२३. पिशाच की तरह क्रूर स्वभाव वाला मनुष्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. वर्षा
२. गले के नीचे से शुरू होने वाली नली जिससे भोजन पेट में पहुंचता है
३. अनुमान, अंदाजा
४. मुख्यालय, प्रतिरोध
५. मुताबिक
८. लाल कमल
१०. बचा हुआ, अवशेष, बाकी रकम
११. दोष या खराबी दूर करने की क्रिया या भाव
१२. रोकने वाला, विघ्न, रुकावट
१३. युद्ध
१४. बहुत से लोगों का बदहवास होकर एक साथ भागना
१५. अपनी तौल के बराबर अन्न-द्रव्य आदि का दाम
१७. खड़ाऊ, चप्पल
१८. हरगिज
१९. लोभ
२२. ध्वनि, आवाज

## वर्ग पहेली-6302

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | बे | २ ह | या | 3 त | ■ | ४ प | द | ५ चा | प |
| जी | ■ | म | ■ | ६ र | फ्ता | र | ■ | त | ■ |
| ७ वि | ध्वं | स | ■ | स | ■ | ८ व | न | क | ९ रि |
| का | ■ | फ | ■ | १० खा | मो | श | ■ | ■ | पु |
| ■ | ११ ह | र | १२ जा | ना | ■ | ■ | १३ शा | य | द |
| ■ | म | ■ | य | ■ | १४ वि | का | स | ■ | म |
| १५ चा | ल | १६ बा | ज | ■ | श्व | ■ | १७ क | १८ मा | न |
| टु | ■ | ल्य | ■ | १९ पु | स्त | २० क | ■ | हि | ■ |
| २१ का | लि | का | ■ | ल | ■ | २२ ठि | ठु | र | २३ ना |
| र | ■ | २४ ल | ड़ | क | प | न | ■ | ■ | मी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# चीन ने साओला तूफान के मद्देनजर किया रेड अलर्ट जारी


**बीजिंग**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने गुरुवार को साओला तूफान के मद्देनजर देश में रेड अलर्ट जारी किया। चार स्तरीय तूफान चेतावनी प्रणाली में यह सबसे गंभीर चेतावनी है। देश में इस साल के नौवें तूफान को देखते हुए दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में तूफान और भारी बारिश होने का अनुमान है।

वेधशाल ने एक बयान में कहा कि यह तूफान आज सुबह पांच बजे दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत के हुइलाई काउंटी से लगभग 330 किमी दक्षिणपूर्व में समुद्र के ऊपर उठा। तूफान के धीरे-धीरे 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की उम्मीद है। राष्ट्रीय वेधशाला ने कहा कि तूफान से शुक्रवार दोपहर या रात को हुइलाई से हांगकांग तक फैले तटीय इलाकों में कहीं भूस्खलन हो सकता है और इसके बाद यह पश्चिम से दक्षिण की ओर बढ़ेगा और पूर्वी गुआंग्डोंग में बिना बरसे गुजर जाएगा। केंद्र ने कहा कि इस अवधि के दौरान फ़ुज़ियान, गुआंग्डोंग और ताइवान के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होगी और कुछ क्षेत्रों में 100 से 220 मिमी तक बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

# खेल जगत

## इंटर मियामी को नैशविले ने बराबरी पर रोका, मेसी गोल नहीं कर सके

**वाशिंगटन,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। इंटर मियामी की नौ मैचों की जीत का सिलसिला उस समय समाप्त हो गया जब उन्हें मेजर लीग सॉकर मुकाबले में नैशविले ने गोलरहित घरेलू ड्रा पर रोक दिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेजबान टीम के पास 70त्न कब्ज़ा था और गोल पर 13 शॉट थे, लेकिन फोर्ट लॉडरडेल के डीआरवी पीएनके स्टेडियम में नैशविले की रक्षा को तोड़ने में असफल रहे। मेसी के लिए रात का सर्वश्रेष्ठ स्कोरिंग मौका उस समय आया जब उन्होंने डैक्स मैक्कार्टी द्वारा गिराए जाने के बाद क्षेत्र के किनारे के पास फ्री-किक जीता। लेकिन सात बार के बैलन डी ओर विजेता ने परिणामी सेट पीस के साथ खराब संपर्क किया, दीवार के ऊपर से एक कमजोर शॉट भेजा लेकिन सीधे गोलकीपर इलियट पैनिक्को के पास पहुंच गया। परिणाम के कारण इंटर मियामी 15-टीम ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में 14वें स्थान पर है, जो प्ले-ऑफ स्थानों से 13 अंक पीछे है।



# हरमनप्रीत हांगजू एशियाई खेलों में भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान, हार्दिक उपकप्तान



- आकाशदीप, दिलप्रीत, सिमरनजीत और जुगराज सिंह को नहीं मिली जगह
- सविता होंगी भारत की महिला टीम की कप्तान, दीप ग्रेस उपकप्तान

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया ने किया एशियाई खेलों के लिए चुनी हॉकी टीमों को किया सम्मानित भारत की हांगजू एशियाई खेलों के लिए चुनी गई पुरुष और महिला हॉकी टीमों हॉकी इंडिया ने अपने अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह की मौजूदगी विशेष विदाई समारोह में सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों के परिवार जनों उनके माता पिता को भी सम्मानित किया। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें 19 सितंबर को बेंगलुरु से एशियाई खेलों में शिरकत करने हांगजू रवाना होंगी। जाने माने ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह हांगजू (चीन) में एशियाई खेलों में भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे जबकि आक्रामक मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। वहीं अनुभवी गोलरक्षक सविता को भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तानी सौंपी गई जबकि फुलबैक दीप ग्रेस एक्का उपकप्तान होंगी। हॉकी इंडिया ने आधिकारिक रूप से एशियाई खेलों में 24 सितंबर से शुरू होने वाले हॉकी मुकाबले के भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम की घोषणा बृहस्पतिवार को दी। भारत की हांगजू एशियाई खेलों के लिए चुनी गई पुरुष और महिला हॉकी टीमों हॉकी इंडिया ने अपने अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह की मौजूदगी विशेष विदाई समारोह में सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों के परिवार जनों उनके माता पिता को सम्मानित किया। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें

हालांकि हॉकी इंडिया और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नरिंदर बत्रा ने हॉकी इंडिया द्वारा टीम की औपचारिक घोषणा से करीब एक पखवाड़े पहले ही एशियाई खेलों के लिए चुनी गई भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम की सूची इसके अध्यक्ष दिलीप टिर्की से कुछ खिलाड़ियों को न चुने जाने पर अपनी नाराजगी के साथ पहले ही अपने सूत्रों से जारी कर दी थी। चेन्नै में चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत इतिहास रचने वाली भारतीय हॉकी टीम बढ़िया प्रदर्शन करने वाले सदाबहार स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह व नवोदित सेल्वम कार्ति व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह को टीम की जगह एशियाई खेलों के लिए टीम में स्ट्राइकर ललित उपाध्याय, अभिषेक के साथ फुलबैक संजय को चुना गया है। भारत की एशियाई खेलों में शिरकत कर जा रही पुरुष हॉकी टीम के 15 खिलाड़ी वही हैं जो भुवनेश्वर और राउरकेला में हुए विश्व कप में नौवें स्थान पर रहने वाली टीम के है। 2018 में जकार्ता में पिछले एशियाई खेलों में शिरकत करने वाली कांसा जीतने वाली भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, विवके सागर प्रसाद, वरुण कुमार, मनदीप सिंह , ललित उपाध्याय सहित आठ सदस्य ही मौजूदा टीम में हैं।

एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत की पुरुष हाल ही में बेशक हाल ही में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के साथ हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण की मजबूत दावेदार है। बावजूद इसके आकाशदीप सिंह को बढ़िया प्रदर्शन के बावजूद टोक्यो ओलंपिक की एशियाई खेलों से बाहर कर उनके साथ एक बार फिर अन्याय किया ही गया साथ ही खासतौर पर स्ट्राइकर- लिंकमैन के रूप में खेलने वाले दिलप्रीत सिंह और सिमरनजीत को टीम से बाहर रखने के भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन के फैसले पर भी भी सवाल उठेंगे ही। भारत की टीम में आकाशदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह निश्चित रूप से सुखजीत, शमशेर व गुरजंट से बेहतर विकल्प होते।

वहीं हांगजू एशियाई खेलों के लिए गोलरक्षक सविता की अगुआई वाली पिछली बार की उपविजेता दुनिया की सातवें नंबर की भारतीय महिला हॉकी टीम खासी संतुलित है और इस बार बेशक वह रजत पदक को स्वर्ण पदक में बदलने का दम रखती है लेकिन नवजोत कौर और शर्मिला कुमारी को टीम में न चुना जरूर कुछ चौंकाने वाला है। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में भारत की कप्तान रही अब भारत की सब जूनियर महिला खिलाड़ियों की कोच की जिम्मेदारी संभालने वाली कप्तान रानी रामपाल भले ही कहें उन्होंने अभी भी हॉकी नहीं टांगी और भारत के लिए फिर खेलने का सपना संजोए हैं लेकिन हकीकत वह भी जानती हैं और हॉकी इंडिया भी।

**भारत की एशियाई खेलों के लिए 18 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम : गोलरक्षक** : पीआर श्रीजेश व कृष्ण बहादुर पाठक। **रक्षापंक्ति** :हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जर्मनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, संजय। **मध्य पंक्ति** : हार्दिक सिंह (उपकप्तान) मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, सुमित। **अग्रिम पंक्ति** : ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, अभिषेक , गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह, शमशेर सिंह।

**भारत की एशियाई खेलों के लिए 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम : गोलरक्षक** : सविता (कप्तान), बिच्छू देवी। **रक्षापंक्ति :** इशिका चौधरी, दीप ग्रेस एक्का, निकी प्रधान, उदिता, सुशीला चानू,। **मध्यपंक्ति** : नेहा गोयल, निशा वारसी, मोनिका, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका। **अग्रिम पंक्ति** :वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, दीपिका,संगीता कुमारी, वैष्णवी फाल्के।

# दक्षिण अफ्रीका के गुणवत्तापूर्ण तेज गेंदबाज विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं : कैलिस



**जोहान्सबर्ग,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर जैक्स कैलिस का मानना है कि भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में टीम का गुणवत्तापूर्ण तेज आक्रमण एक बार फिर उनकी उम्मीदों की कुंजी होगा।

दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक 50 ओवर का विश्व कप नहीं जीता है, उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चार बार सेमीफाइनलिस्ट रहा है। वे 7 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ अपने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शुरुआत करेंगे। आईसीसी ने कैलिस के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका की ताकत हमारा गेंदबाजी आक्रमण है। हमारे पास कुछ गुणवत्ता वाले तेज गेंदबाज हैं जो विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं। और मुझे लगता है कि अगर दक्षिण अफ्रीका आगे बढ़ता है तो वे एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे। पूर्व तेज हरफनमौला खिलाड़ी कैलिस को लगता है कि दक्षिण अफ्रीका के लिए महत्वपूर्ण बात यह होगी कि प्रतियोगिता से पहले अंतिम समय में अपनी भूमिकाओं में बदलाव से बचना होगा। क्रिकेट विश्व कप में सफल होने के लिए दक्षिण अफ्रीका को एक चीज बदलने की जरूरत है, वह यह है कि हमने विश्व कप से पहले जो क्रिकेट खेला है, उसे जारी रखें। हमारे पास विश्व कप से पहले अच्छा क्रिकेट खेलने का इतिहास है। किसी कारण से, चीजें बदल जाती हैं। शायद हम बहुत ज्यादा चाहते थे। मुझे लगता है कि खिलाड़ी बहुत ज्यादा चाहते थे और आप उस क्षेत्र से बाहर चले गए हैं जो आपको करना था। हो सकता है कि वे अपनी भूमिकाओं से बाहर जा रहे हों क्योंकि वे बहुत ज्यादा चाहते थे। अपनी भूमिकाओं पर कायम रहें। अपने बगल वाले साथी पर भरोसा रखें और बस वही क्रिकेट खेलें जो आप खेल रहे हैं। इंग्लैंड में 2019 विश्व कप के दौरान दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसिस, जहां वे सेमीफाइनल में पहुंचने में असफल रहे, ने चेतावनी दी कि भारत में परिस्थितियों के अनुकूल होना टेम्बा बावुमा के पुरुषों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। दक्षिण अफ्रीका की सफेद गेंद वाली टीम मजबूत स्थिति में है। उन्हें उस विश्व कप में जाने का कुछ वास्तविक अनुभव है। सभी टीमों के लिए जो उपमहाद्वीप से नहीं हैं, उनके लिए जाहिर तौर पर हमेशा उपमहाद्वीप में जाने की चुनौती होती है। खासकर 50 ओवर के क्रिकेट में। मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट में सतहें थोड़ी अधिक समतल होती हैं और आपको कुछ बहुत अच्छी पिचें मिलती हैं। 50 ओवर के क्रिकेट में, आप उस टूट-फूट को दूर कर सकते हैं और स्पिनर वास्तव में अपने आप में आ जाते हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि मेजबान भारत और कई बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया प्रतियोगिता में हराने वाली टीमें होंगी। मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका के पास वास्तव में एक अच्छी टीम है। घरेलू परिस्थितियों में भारत जैसी टीम से पार पाना कठिन होगा। दूसरी टीम जिसे आप कभी नजरअंदाज नहीं कर सकते, वह ऑस्ट्रेलिया है, जो आईसीसी आयोजनों में बहुत सफल रही है।

# भारत कड़े संघर्ष के बावजूद पाक से 4-5 से हार गया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारत दूसरे हाफ में गजब का जीवट दिखाने के कड़े संघर्ष के बावजूद अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से बुधवार रात पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में इलीट पूल मैच में सलाला (ओमान) में कड़े संघर्ष में 4-5 से हार गया। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चेन्नई में खेलने वाले एहतेशाम असलम (दूसरे व तीसरे मिनट) के दो तथा जकारिया हयात (पांचवें मिनट), अब्दुल रहमान (13 वें मिनट) और अब्दुल राणा (26) के एक एक गोल से पाकिस्तान ने मैच में बराबर अपना दबाव बनाए रखा। वहीं भारत के लिए गुरजोत सिंह (12) ने पहले हाफ तथा मनिंदर सिंह(17 वें व 29 मिनट) ने दो दूसरे हाफ में दो तथा मुहम्मद रहील (21वें मिनट) एक गोल दागा। भारत की चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के इकलौते खिलाड़ी जुगराज सिंह हैं।

मोहम्मद रहील, पवन राजभर और मनिंदर सिंह की हैट्रिक तथा जुगराज सिंह के दो तथा सुखविंदर के एक गोल से भारत ने इससे पहले अपने दूसरे मैच में ओमान को 12-2 से करारी शिकस्त दी। ओमान के लिए फहद अल लवाती और राशिद अल फजारी ने एक एक गोल किया। और एहतेशाम असलम ने दूसरे मिनट में रिवर्स हिट से तीसरे मिनट में भारत के हमले पर गोलरक्षक अली रजा के पैड से लगकर लौटती गेंद को अगले ही मिनट गोल में डाल दो मिनट में दो गोल कर पाकिस्तान को 2-0 से तथा जिकिरया हयात ने पांचवें में गोल कर तथा पाकिस्तान की बढ़ 3-0 कर दी लेकिन भारत के गुरजोत ने हाफ टाइम से तीन मिनट पहले गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया। अगले ही मिनट हयात ने गोल कर पाकिस्तान को हाफ टाइम तक 4-1 की बढ़त दिला दी थी। भारत ने बराबर पाने के मकसद दूसरे हाफ में पूरी ताकत हमलों पर झोंक दी। भारत के मनिंदर सिंह ने दूसरे हाफ के दूसरे मिनट में रिवर्स हिट से तथा कुछ मिनट बाद मोहम्मद रहील ने गो स्कोर 3-4 कर दिया।

# जोकोविच तीसरे दौर में पहुंचे, रूड, सितसिपास हुए उलटफेर का शिकार



**न्यूयॉर्क,** 31 अगस्त (एषेंसिग्ं) सर्बिया के दूसरी सीड नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में स्पेन के बर्नाब मिरालेस को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया, हालांकि पांचवीं सीड कैस्पर रूड और सातवीं सीड स्टेफानोस सितसिपास उलटफेर का शिकार हो गए।

चीन के झांग झीजेन ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे के रूड को तीन घंटे 18 मिनट में 6-4, 5-7, 6-2, 0-6, 6-2 से हराया। स्विट्जरलैंड के डोमिनिक स्ट्राइकर ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम आयोजन के तीसरे दौर के यूनान के सितसिपास को कड़े मुकाबले में 7-5, 6-7(2), 6-7(5), 7-6(6), 6-3 से हराया। दूसरी ओर, जोकोविच ने अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर एक और मज़बूत कदम बढ़ाते हुए मिरालेस को 6-4, 6-1, 6-1 से हरा दिया।

सर्बियाई दिग्गज ने अपना पहला मैच सीधे सेटों में जीतकर सोमवार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर वापसी की और मिरालेस के खिलाफ भी उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। जोकोविच ने इस मुकाबले में सभी छह ब्रेक पॉइंट बचाते हुए दो घंटे दो मिनट में जीत दर्ज की। उन्होंने अपने पहले दो मैचों में सिर्फ 11 गेम गंवाए हैं।

जोकोविच ने जीत के बाद कहा, उन्होंने अच्छी शुरुआत की। हमारी कुछ रैलियां लंबी और थकाने वाली थीं, इसलिए इसमें थोड़ा अधिक समय और प्रयास लगा। मेरे लिए एक ब्रेक काफी था। दूसरे सेट में मैं अच्छा खेला। तीसरे की शुरुआत में, कुछ करीबी गेम हुए लेकिन आखिरी चार गेम में मैंने वास्तव में अच्छा खेल दिखाया। कोर्ट पर खेलते हुए मैं जिस तरह से महसूस कर रहा हूं, उससे मैं खुश हूं।

अगले दौर में जोकोविच का सामना हमवतन लासलो जेरे से होगा। जोकोविच ने जेरे के बारे में कहा, वह बहुत अच्छे फॉर्म में हैं। यह सर्बियाई टेनिस के लिए बहुत अच्छा है कि हम तीसरे दौर में भिड़ रहे हैं। एक सर्बियाई निश्चित रूप से चौथे दौर में पहुंचेगा, जो हमारे टेनिस जगत के लिए अच्छा होगा।

## सार संक्षेप

### कोको गॉफ मिर्रा एंड्रीवा को हराकर तीसरे दौर में पहुंचीं

**न्यूयॉर्क।** नंबर 6 वरीयता प्राप्त अमेरिका कीकोको गॉफ ने इस साल ग्रैंड स्लैम में दूसरी बार अपनी साथी किशोरी मिर्रा एंड्रीवा को बुधवार को मात देते हुए 75 मिनट में लगभग 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और यहां यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गयीं। परिणाम ने गॉफ को फ्लशिंग मीडोज में पांच मुकाबलों में तीसरी बार और इस साल किसी प्रमुख मुकाबले में तीसरी बार तीसरे दौर में पहुंचा दिया है। दो सप्ताह पहले सिनसिनाटी में चैंपियन बनी अमेरिकी ने अपनी जीत का सिलसिला सात मैचों तक बढ़ाया है, जो उसके करियर के अब तक के टूर स्तर पर तीसरा सबसे लंबा है। 19 वर्षीय गॉफ ने इससे पहले अपने ग्रैंड स्लैम डेब्यू में रौलां गैरो के तीसरे दौर में 16 वर्षीय एंड्रीवा को 6-7(5), 6-1, 6-1 से हराया था। यह जोड़ी डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चार सर्वोच्च रैंक वाले किशोरों में से दो हैं, जिसमें नंबर 63 रैंक वाली एंड्रीवा केवल गॉफ से पीछे हैं और दो चेक 18 वर्षीय लिंडा नोस्कोवा और लिंडा फरुहविर्टोवा हैं - जिनमें से बाद वाली की उन्हें गारंटी है कि यूएस ओपन के बाद आगे निकल जाए।

### फीबा विश्व कप में अमेरिका ने जॉर्डन को रौंदा

**मनीला।** अमेरिका ने फीबा विश्व कप में एक और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 2006 के बाद पहली बार 100 से अधिक अंकों के साथ लगातार गेम हासिल किए और जॉर्डन को 110-62 से रौंद दिया। सोमवार को ग्रीस को 109-81 से हराने के बाद, अमेरिका ने एक गेम शेष रहते हुए राउंड 16 में स्थान हासिल कर लिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रुप सी में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए उन्हें बुधवार को केवल जीत की जरूरत थी। जॉर्डन के खिलाफ, जिसे लगातार हार का सामना करना पड़ा था, अमेरिका ने शुरू से ही आक्रामकता दिखाई और 62-33 के आधे समय के स्कोर के साथ जीत लगभग पक्की कर ली। यूएस रोस्टर के सभी 12 खिलाड़ियों ने स्कोरशीट में योगदान दिया, जिसमें एंथोनी एडवर्ड्स 22 अंकों के साथ उल्लेखनीय रहे।

# बुमराह के आने से हमारी गेंदबाजी मजबूत हुई : शमी



नयी दिल्ली, 31 अगस्त (एषेंसिग्ं) लंबे समय तक जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस करने के बाद भारत के अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी ने कहा है कि उनकी वापसी से भारतीय गेंदबाज़ी मज़बूत हो गई है। शमी ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम पर कहा, लंबे समय से हमारे पास जस्सी (बुमराह) नहीं था, इसलिए हमें उसके जैसे अच्छे खिलाड़ी की कमी महसूस हुई।

उन्होंने कहा, आपको कभी-कभी ऐसा लगता है कि काश यह खिलाड़ी वहां होता, ताकि आपका संयोजन सेट हो सके। इसलिए जस्सी के होने से, खासकर सीमित ओवर प्रारूप में, हमारी गेंदबाजी बहुत मजबूत हो गई है। वह फिट दिख रहे हैं और अच्छा खेल रहे हैं, उम्मीद है कि हम एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि बुमराह कमर में स्ट्रेस फ्रैक्चर होने के कारण करीब 11 महीने क्रिकेट से दूर रहे और उन्होंने इसी माह आयरलैंड टी20 दौरे के लिए टीम में वापसी की। शमी को पूरा विश्वास है कि बुमराह, सिराज और उनकी तिकड़ी एशिया कप और उसके बाद होने वाले विश्व कप में भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। शमी ने कहा, बड़े मैचों के लिए हमेशा अच्छी तैयारी होती है क्योंकि हमने प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास किया है। मुझे नहीं लगता कि हमें स्थिति का बहुत अधिक विश्लेषण करने की जरूरत है, हमारे पास कौशल और गेंदबाजी लाइनअप है, इसलिए हमें ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं। मुझे एक बात कहनी है कि जब भी वनडे मैच आते हैं तो ध्यान केंद्रित करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए हमें ध्यान केंद्रित करना होगा और उचित योजना बनानी होगी।

उन्होंने कहा, मेरे पास नई गेंद है या टीम को मैच के दौरान किसी भी चरण में मेरी जरूरत है तो मैं हमेशा मौजूद रहता हूं। मुझे नई गेंद या पुरानी गेंद से गेंदबाजी करने में कोई झिझक नहीं है। हम तीनों (बुमराह, शमी और सिराज) बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, इसलिए यह प्रबंधन पर निर्भर करता है कि कौन खेलेगा।

# वायाकॉम 18 को मिले बीसीसीआई के प्रसारण अधिकार



**मुंबई,** 31 अगस्त (एषेंसिग्ं) रिलायंस इंडस्ट्रीज और पैरामाउंट ग्लोबल के संयुक्त अधिग्रहण वाली मीडिया कंपनी वायाकॉम 18 ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सभी घरेलू मैचों के डिजिटल और टीवी प्रसारण अधिकार हासिल कर लिए हैं। बीसीसीआई ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की।

वायाकॉम 18 के पास इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के डिजिटल प्रसारण अधिकार पहले ही थे। अब भारतीय पुरुष और महिला टीम के घरेलू मैच भी वायाकॉम 18 ही प्रसारित करेगा।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, अगले पांच वर्षों के लिये लीनियर (टीवी) और डिजिटल दोनों के लिये बीसीसीआई मीडिया अधिकार जीतने पर को वायाकॉम 18 को बधाई। भारतीय क्रिकेट दोनों ही क्षेत्रों में आगे बढ़ता रहेगा क्योंकि आईपीएल और डब्ल्यूपीएल के बाद हम बीसीसीआई मीडिया अधिकारों के साथ साझेदारी भी बढ़ाएंगे। हम साथ मिलकर क्रिकेट प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करना जारी रखेंगे। उल्लेखनीय है कि स्टार स्पोर्ट्स ने 2018 में 6,138 करोड़ रुपये (60 करोड़ रुपये प्रति मैच) की कीमत चुकाकर भारत के घरेलू मैचों के डिजिटल और टीवी प्रसारण अधिकार हासिल किये थे। वायाकॉम 18 ने आज हुई नीलामी में 5,966.4 करोड़ (67.8 करोड़) की कीमत चुकाई है।

शाह ने ट्वीट किया, वर्षों से आपके समर्थन के लिये स्टार स्पोर्ट्स और डिज़्नी प्लस हॉटस्टार को भी बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने भारतीय क्रिकेट को दुनिया भर के प्रशंसकों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।

# पृथ्वी शॉ ने काउंटी सीजन 2024 के लिए नॉर्थम्पटनशायर लौटने की पुष्टि की



**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के दाएं हाथ के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की काउंटी सीजन-2024 के दूसरे भाग के लिए नॉर्थम्पटनशायर में वापसी की पुष्टि हो गई है। पृथ्वी शॉ ने इस गर्मी में क्लब के साथ अपने कार्यकाल में तत्काल प्रभाव डाला, जिसमें घुटने की चोट के कारण उनका कार्यकाल छोटा होने से पहले समरसेट के खिलाफ 153 गेंदों में 244 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी भी शामिल थी। क्लब द्वारा जारी एक बयान में शॉ ने कहा, मैं अगली गर्मियों में नॉर्थम्पटनशायर वापस जाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। भले ही यह जल्दी खत्म हो गया था, लेकिन मैंने वास्तव में वहां अपने समय का आनंद लिया। इसका हिस्सा बनने के लिए यह एक शानदार क्लब है और मुझे लगा कि सभी ने तुरंत इसका स्वागत किया।

अन्य काउंटी टीमों की गहरी रुचि के बावजूद, शॉ ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा एक और वर्ष के लिए नॉर्थम्पटनशायर लौटने की थी। जहां उन्हें काउंटी चैम्पियनशिप और वन डे कप दोनों में चयन के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। उनका जून 2024 से सीज़न के अंत तक क्लब के साथ जुड़ने का कार्यक्रम है। मेरा लक्ष्य हमेशा टीम के लिए गेम जीतने में मदद करना है और इस बार घायल होना और जल्दी छोड़ना बहुत निराशाजनक था। टूर्नामेंट के बाद कुछ टीमें मुझसे संपर्क कर रही थीं और अगले साल उनके लिए खेलने के बारे में बात करना चाहती थीं, लेकिन मुझे लगता है कि नॉर्थम्पटनशायर के साथ मुझे अभी भी बहुत कुछ हासिल करना है। उन्होंने इस साल मुझे मौका दिया और मैं वापस आकर बहुत खुश हूं।

घुटने की चोट के कारण उनका कार्यकाल छोटा होने से पहले, 23 वर्षीय शॉ ने अपने 4 मैचों में 143 की औसत से 429 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 152 रहा और जिसमें उनका रिकॉर्ड तोड़ने वाला 244 रन लिस्ट ए के इतिहास में छठा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था। मुख्य कोच जॉन सैडलर भी शॉ का ड्रेसिंग रूम में वापस स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जिनकी आखिरी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति 2021 में हुई थी। उन्होंने कहा, पृथ्वी एक शानदार बल्लेबाज हैं और उसने इतने कम समय में हमारे लिए जो किया वह अविश्वसनीय था। वह अपनी चोट के कारण अधिक समय तक नहीं टिक पाने से पूरी तरह निराश थे क्योंकि वह कुछ और रेड-बॉल क्रिकेट खेलना चाहते थे। इसलिए, अगले साल उनके लिए ऐसा करने का मौका वास्तव में हम सभी के लिए रोमांचक है।

## सरे ने काउंटी सीजन के शेष तीन मैचों के लिए बी. साई सुदर्शन के साथ अनुबंध किया

लंदन। इंग्लिश क्लब सरे ने इस सीजन के अपने शेष तीन काउंटी चैम्पियनशिप मुकाबलों के लिए शीर्ष क्रम के भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन के साथ अनुबंध किया है। सुदर्शन 3 सितंबर से द ओवल में वारविकशायर के खिलाफ शुरू होने वाले सरे के मैच के साथ-साथ नॉर्थेंट्स (19-22 सितंबर, द ओवल) और हैम्पशायर (26-29 सितंबर, एजेस बाउल) के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। 21 वर्षीय सुदर्शन ने भारत ए टीम का प्रतिनिधित्व किया है और श्रीलंका में एसीसी इमर्जिंग मेन्स एशिया कप में पाकिस्तान ए के खिलाफ शतक बनाया है, जहां उन्होंने पिछले महीने पांच मैचों में 220 रन बनाए थे। सुदर्शन भारतीय घरेलू क्रिकेट सर्किट में तमिलनाडु के लिए खेलते हैं और आठ प्रथम श्रेणी मैचों में दो शतक सहित उनका औसत 47.6 है। सुदर्शन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हैं और इस साल के फाइनल में उन्होंने अहमदाबाद में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार के दौरान शानदार 96 रन बनाए। आईपीएल 2023 में सुदर्शन ने आठ पारियों में 141.40 की स्ट्राइक रेट से 362 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने दलीप ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र के लिए खेलने से पहले लाइका कोवई किंग्स के लिए इस साल के तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में छह मैचों में 371 रन बनाए। दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के साथ, मुझे खिलाड़ियों की हमारी उपलब्ध टीम में साई सुदर्शन को शामिल करते हुए खुशी हो रही है। जिन लोगों का मैं बहुत सम्मान करता हूं, उन्होंने साई की अत्यधिक अनुशंसा की है, जिनमें भारतीय खेल के कुछ महान खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने उन्हें करीब से देखा है और उनके साथ काम किया है।

## सुडोकू 6303 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 |

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ की पुरातात्विक वैभव से हुईं रू-ब-रू

- राष्ट्रपति ने महंत घासीदास संग्रहालय का किया अवलोकन
- राष्ट्रपति को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तालागांव की रुद्रशिव प्रतिमा की प्रतिकृति भेंट की



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के पहले दिन आज रायपुर में महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय का अवलोकन किया। वे इस दौरान छत्तीसगढ़ की पुरातात्विक वैभव से रू-ब-रू हुईं। राष्ट्रपति ने इस बहुआयामी संग्रहालय में छत्तीसगढ़ और अन्य क्षेत्रों से प्राप्त प्राचीन मूर्तियों, अभिलेखों और ताम्रपत्रों के बारे में विस्तार से जाना। वे यहां की प्राचीन मूर्त धरोहर, राम वन गमन पथ तथा शिवनाथ नदी के दोनों ओर बसे गढ़ों से भी रू-ब-रू हुईं। संग्रहालय के भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रपति को तालागांव से प्राप्त रुद्रशिव प्रतिमा की प्रतिकृति भेंट की।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने भी राष्ट्रपति के साथ संग्रहालय का अवलोकन किया। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 21 मार्च 1953 को महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय भवन का उद्घाटन किया था। यह संग्रहालय न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश में अपनी प्राचीनता और पुरातनता के लिए प्रसिद्ध है।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने महंत घासीदास संग्रहालय में बिलासपुर जिले के तालागांव में देवरानी मंदिर से प्राप्त रुद्रशिव प्रतिमा, सरगुजा के रामगढ़ में पत्थरों को काटकर बनाई गई विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला के रूप में मशहूर सीताबेंगरा गुफा, सिरपुर में पक्के ईंटों से निर्मित लक्ष्मण मंदिर, शिल्प और स्थापत्य में समानता के कारण छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहे जाने वाले भोरमदेव के शिव मंदिर और बारसूर में पत्थर से निर्मित भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा की प्रतिकृतियों और तस्वीरों का अवलोकन किया। उन्होंने सिरपुर में वर्ष 1953 में टीलों की खुदाई में प्राप्त धातु निर्मित बौद्ध मूर्तियों जिनमें बौद्ध धर्म में ज्ञान के देवता मंजुश्री, भूमिस्पर्शमुद्रा व वरमुद्रा में बुद्ध और उनके अवतार वज्रपाणी की प्रतिमाएं शामिल हैं, उनको भी देखा। ये प्रतिमाएं केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि देश की उत्कृष्ट धातु शिल्प की धरोहर हैं जिनका प्रदर्शन कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में हो चुका है। इन मूर्तियों को यहां संग्रहालय में सुरक्षित ढंग से रखा गया है।

राष्ट्रपति ने संग्रहालय के भ्रमण के दौरान रतनपुर से मिले 11वीं और 12वीं शताब्दी की भगवान विष्णु की प्रतिमा तथा जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाओं के बारे में भी जाना। इनमें जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ, 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ तथा 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी की प्रतिमाएं शामिल हैं। उन्होंने ग्राम किरारी के तालाब से प्राप्त दो हजार वर्ष पुराना और अनूठा काष्ठ स्तंभ लेख तथा सिरपुर से खुदाई में मिला एक हजार वर्ष पुराना मिट्टी का अन्न संग्राहक पात्र भी देखा। राष्ट्रपति के संग्रहालय भ्रमण के दौरान संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी. और संचालक विवेक आचार्य भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने गौरवशाली अतीत के साक्ष्यों को संभालने के लिए संग्रहालय की पूरी टीम को दी बधाई।

महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के भ्रमण के बाद राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने संग्रहालय की टीम की सराहना की। उन्होंने विजिटर्स बुक में लिखा कि यहां प्रदर्शित कलाकृतियां और प्राचीन अवशेष भारतीय इतिहास के ज्ञान में वृद्धि करते हैं। रुद्रशिव की मूर्ति, सिरपुर की धातु मूर्तियां तथा लकड़ी के खंभे पर दो हजार साल पहले लिखा गया लेख इस संग्रहालय में सावधानीपूर्वक रखे गए हैं। उन्होंने गौरवशाली अतीत के साक्ष्यों को संभालने के लिए संग्रहालय की पूरी टीम को बधाई दी।



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। स्वामी विवेकानंद विमानतल पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं रायपुर के प्रथम नागरिक महापौर एजाज ढेबर ने स्वागत किया।

# छत्तीसगढ़ के पेंशनर्स को बड़ी राहत अब मिलेगा 4 प्रतिशत बढ़ा महंगाई भत्ता

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की थी घोषणा
- छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के पेंशनर्स अधिकारी-कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा दिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने इसके लिए आज आदेश जारी कर दिया है।

सातवें वेतनमान में मूल पेंशन/परिवार पेंशन के लिए महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह लाभ इसी जुलाई महीने की पहली तारीख से मिलेगा। इस वृद्धि के पश्चात अब महंगाई राहत 42 प्रतिशत हो गई है। इसके साथ ही छठवें वेतनमान के मूल पेंशन/ परिवार पेंशन पाने वाले पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में 9 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह लाभ भी इसी साल के जुलाई महीने की पहली तारीख से मिलेगा। इस वृद्धि के साथ ही महंगाई राहत में कुल वृद्धि 221 प्रतिशत हो गई है।

उल्लेखनीय है कि पेंशनर्स की महंगाई राहत के संबंध में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों की स्वीकृति आवश्यक होती है। इस संबंध में स्वीकृति जल्द प्रदान करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा था। इसके बाद जैसे ही स्वीकृति प्राप्त हुई। महंगाई राहत में वृद्धि का लाभ पेंशनर्स को प्रदान करने का अविलंब निर्णय लिया गया।

# बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे सहायक शिक्षक भर्ती काउंसिलिंग में

- ऑनलाईन काउंसिलिंग 1 से 7 सितंबर तक

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सहायक शिक्षक भर्ती के लिए ऑनलाईन काउंसिलिंग में बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थी को शामिल किया जा रहा है। ऑनलाईन काउंसिलिंग में 1 से 7 सितंबर तक पूर्व में जारी कट ऑफ रैंक के भीतर आने वाले बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग लेंगे। केवल अनुसूचित जाति बहुविकलांग वर्ग (एमसी) में 117667 कट ऑफ रैंक के भीतर के अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है।

सहायक शिक्षक पद पर होने वाली समस्त नियुक्तियां हाई कोर्ट में दायर याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी.एस. 5788/2023 एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एस.एल.पी. (सिविल) डायरी नम्बर 35325/2023 में पारित निर्णय के अधीन रहेगी।

गौरतलब है कि हाई कोर्ट द्वारा याचिका कमांक डब्ल्यू.पी.एस. 5788/2023 में 21 अगस्त 2023 को पारित आदेश में सहायक शिक्षक पद के लिये डी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करने आदेशित किया गया था और बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रक्रिया में स्थगन दिया गया था। इस स्थगन आदेश के परिपेक्ष्य में ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया 23 अगस्त 2023 से 30 अगस्त 2023 तक सायं 5.00 बजे तक की गई थी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इसे 07 सितम्बर 2023 सायं 05.00 बजे तक बढ़ाया गया है। हाई कोर्ट में पारित आदेश 21 अगस्त 2023 के विरूद्ध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थगन दिया गया है। अत: 01 सितंबर 2023 से 07 सितंबर 2023 तक पूर्व में जारी कट ऑफ रैंक के भीतर आने वाले बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रकिया में शामिल किया जा रहा है, केवल अनुसूचित जाति बहुविकलांग वर्ग (एमसी) में 117667 कटऑफ रैंक के भीतर के अभ्यर्थियों को भी नियमानुसार शामिल किया गया है।

# प्रवासी विधायक के समक्ष 147 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश



- नवागढ़ में कमल खिलाने का लिया संकल्प

**बेमेतरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी नवागढ़ विधानसभा स्तरीय प्रदर्शन और विधायक निवास घेराव का कार्यक्रम के पहले नवागढ़ विधानसभा 147 लोगों ने भाजपा नेता हरिकिशन कुर्रे के अगुवाई में बीजेपी प्रवेश किया। जिनका प्रवासी विधायक कृष्ण नंदन पासवान, पूर्व सांसद व जिला प्रभारी लखनलाल साहू, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान एवं मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू सहित वरिष्ठ नेताओं बीजेपी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। पार्टी में शामिल हुए लोगों ने जमकर भाजपा के पक्ष में तथा भूपेश सरकार के विरोध में नारेबाजी की।

विधायक पासवान ने अपने प्रवास में एकात्रित की गई जानकारियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि मैंने भाजपा कार्यकर्ताओ, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर उनसे चर्चा की। उन्होंने सभी ने यह मन बनाया है कि इस बार नवागढ़ विधानसभा में कमल खिलाना है। जिसका टिकट भी फाइनल होगा, तब सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ पार्टी का काम करेंगे। उन्होंने पार्टी में प्रवेश करने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए पूरी सक्रियता से कम करने का निर्देश दिया।

जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष विकास दीवान ने कहा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से सशक्त 13 अनुसूचित जाति वर्ग के नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने दावा किया कि यहां के सभी नेताओं में एकजुट होकर मन बना लिया है कि इस बार कमल का फूल खिलाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसे भी टिकट देगी, हम सभी मिलजुलकर एक तरफ बहुमत से उसे जीताकर लाएंगे।

भाजपा नेता कुर्रे नें कहा की आज भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों में विश्वास जाग रहा है क्योंकि भूपेश सरकार और उसके विधायक गुरुदयाल बंजारे के क्रियाकलापों से पूरा क्षेत्र के जनता त्रस्त है। नवागढ़ भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है। यहां बगैर पैसा का कोई काम नहीं होता। जनता को लूटने का काम किया जा रहा है, इसलिए पूरी क्षेत्र के जनता हमारे ऊपर भारतीय जनता पार्टी के ऊपर भरोसा करके पार्टी के प्रवेश करना चाह रहे हैं।

इस दौरान नरेन्द्र शर्मा, दुर्गा सोनी, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सुरेन्द्र सिंह लोधी, उपस्थित थे।

# रक्षाबंधन मनाने आए पुलिस जवान की नक्सलियों ने की हत्या

**बीजापुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिले से बड़ी खबर सामने आई है। रक्षाबंधन मनाने घर आये पुलिस जवान की नक्सलियों ने अपहरण कर हत्या कर दी है। हत्या के बाद नक्सलियों ने शव को गांव के समीप फेंका दिया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। ये घटना गंगालूर थाना क्षेत्र के दुआली पारा की है।जानकारी के अनुसार, गंगालूर थाना क्षेत्र के दुआली पारा में पुलिस जवान की अपहरण कर नक्सलियों ने हत्या कर दी है। मृतक जवान का नाम बुधराम अवलम है जो तोयनार थाना में पदस्थ था। मामले में एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि सूचना मिली है मृतक सहायक आरक्षक है। तस्दीक के लिए बल को मौके के लिए रवाना होने के निर्देश दे दिए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत



डुवालीपारा में माओवादियों ने तोयनार में पदस्थ सहायक आरक्षक बुधराम अवलम की हत्या कर दी है। बुधराम अवलम अवकाश पर अपने गृह ग्राम जांगला गया था। 30 अगस्त को जवान अपने भतीजे को मोटरसाइकिल से गंगालूर डुवालीपारा छोड़ने गया था। जहां डुवालीपारा में कुछ माओवादियों ने उसका अपहरण कर लिया और धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। पुलिस बल घटनास्थल जाकर शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पोस्ट मार्टम के लिए गंगालूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने की तैयारी कर रही है।

देशबन्धु पाठकों के लिए

माह अगस्त 2023 का अखबार बिल


| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 30 दिन | 4.00 | = 120.00 |
| कुल 30 दिन | | 120.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 सितम्बर 2023 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

| 01.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.60 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 475 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

दो दोस्त आपस में बात करते हुए।
रामू- मैं कभी ईट का जवाब पत्थर से नहीं देता।
श्यामू- क्यों?
रामू- क्योंकि पत्थर खोजने में बहुत समय लग जाता है।

## संपादकीय

# खुशी को ग़म में बदलते सड़क हादसे

वाहनों के लापरवाहीपूर्वक चालन से होने वाले सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ती महसूस की जा रही है। वैसे तो सारे ही हादसे दुखदायी होते हैं और उनमें होने वाली मौतें भी दुखद होती हैं पर यदि ये दुर्घटनाएं किसी खुशी के मौके पर हों तो वे बहुत गहन ग़म का कारण बन जाते हैं। ज्यादातर तीज-त्यौहारों में लोगों का आवागमन बढ़ जाता है। लोग एक दूसरे के घरों को या परिजन आपसी मेल-मिलाप के लिये जाते हैं। त्यौहारों का उत्साह और अपने लोगों से मिलने की खुशी में वाहनों की गति और परिचालन ऐसा अनियंत्रित हो जाता है कि हादसे हो जाते हैं। खुशियों को दुख में बदलते देर नहीं लगती। आवश्यक है कि वाहनों को बहुत नियंत्रित तरीके से और सावधान होकर चलाना चाहिये।

छत्तीसगढ़ में तीज, राखी, भाई-दूज आदि ऐसे ही पर्व हैं जब महिलाएं मायके जाती हैं और भाई-बहनों का एक दूसरे के घरों में आना-जाना होता है। दुर्भाग्य से शायद ही ऐसा कोई त्यौहार देखने में आता है जब सड़कों पर दुर्घटनाओं के चलते खून न बहता हो। यहां तक कि शादी ब्याह में भी हादसे होते हैं- ज्यादातर लापरवाही से वाहन चलाते हुए। राखी, भाई-दूज, तीज, दिवाली आदि में दोपहिया वाहनों पर पूरा परिवार बैठकर यात्रा करता है, जिनमें अक्सर पति-पत्नी के साथ दो या तीन बच्चे भी होते हैं। किसी तरह से उन्हें आगे-पीछे बैठाकर वाहन चालक बहुत असुविधापूर्ण तरीके से मोटर साइकल, स्कूटी आदि चलाते हैं। इससे अक्सर उनका नियंत्रण गड़बड़ाता है व हादसे हो जाते हैं।

बुधवार को मनाये गये रक्षाबन्धन (कई लोगों ने गुरुवार को भी मनाया) के लिये जाते हुए कुछ हादसे हुए हैं जिनके कारण अनेक लोगों के यहां मातम छा गया। जांजगीर के पामगढ़ थाना के तहत कोसला गांव के संतोष विश्वकर्मा की पत्नी तथा उनकी बेटी अपने भाइयों को राखी बांधने के लिये डोड़की गई थीं। राखी बांधकर बस से लौटीं। उतरकर मां तो सड़क के पार हो गई पर तन्नू एक हाइवा की चपेट में आ गई जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पैदल चलने वालों को भी उतनी ही सतर्कता बरतनी चाहिये। बुधवार को ही राखी पहुंचाने जा रहे युवक की बाइक और स्कूटी की टक्कर में मौत हो गई। बाइक को ओवरटेक करते हुए स्कूटी सवार युवक के सिर पर गम्भीर चोट लगने से मृत्यु हो गई। हेलमेट न पहनना भी मौत का कारण बन गया। साथ में उसकी पत्नी व एक बच्चा भी था। ऐसे ही, पलारी में खपरीडीह गांव के पास एक ट्रक ने मां-बेटे को रौंद दिया। खोलबहरीन साहू अपने बेटे जनेहर के साथ बाइक पर मिरचिद से हसुवा गांव राखी छोड़ने जा रही थी। तभी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। देवभोग में अमलीपदर में एक ढाई वर्षीय बच्चे को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। बच्चे का कपड़ा व पैर लेग गार्ड व हुक में बहुत देर तक फंसा रहा और बाइक सवार उसे लगभग एक किलोमीटर तक घसीटता हुआ चला गया। वह बच्चे के चीखने-चिल्लाने की आवाज भी नहीं सुन रहा था और न ही उसे रोकने के लिये चिल्लाते हुए लोगों की वह आवाज़ सुन पा रहा था। आखिरकार कुछ महिलाओं ने उसे रोका एवं पुलिस के हवाले किया। बच्चा इस कदर घायल हो गया था कि अस्पताल पहुंचते हुए उसकी मौत हो गई।

इन घटनाओं से साफ है कि चाहे वाहन खुद चलाएं या फिर रास्ते पर पैदल चलना हो। बहुत सावधानी आवश्यक है। कभी खुद के चालन से किसी की जान जा सकती है तो कभी खुद को खतरा हो सकता है। वाहनों की गति नियंत्रित हो, सतर्कता बनी रहे और सुरक्षा उपाय हेलमेट आदि भी ज़रूरी हैं।

# सीआरपीएफ के 131 बटालियन ने ग्रामीणों के साथ मनाया रक्षाबंधन त्यौहार

**सुकमा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिला सुकमा के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कैम्प बुरकापाल में 30 अगस्त को रक्षाबंधन त्यौहार पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे जहां सीआरपीएफ 131 के अधिकारी अरुण कुमार, कमाण्डेन्ट, 131 बटालियन के कुशल मार्गदर्शन में अमरजीत पंडित, उप कमाण्डेंट, 131 बटालियन एवं विश्वनाथ आर्य, सहायक कमाण्डेंट 226 बटालियन के साथ समवाय अधिकारी निरी0/जीडी लालचन्द चौहान के साथ सभी अधिनस्थ अधिकारी एवं कैम्प में उपस्थित सभी जवानों द्वारा ग्राम बुरकापाल के लगभग 100 से 120 ग्रामीणों एवं बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर रक्षाबंधन त्यौहार पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण महिलाओं द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों को राखी बाधकर आपसी प्रेमभाव का परिचय दिया गया एवं 131 वीं वाहिनी



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, कैम्प बुरकापाल में सभी के लिए भोजन का आयेजन किया गया एवं मिठाई वितरण भी किया गया।

ज्ञात हो कि चिन्तागुफा थाना क्षेत्र का गाँव बुरकापाल नक्सलियों का सुरिक्षत ठिकाना माना जाता रहा है। इस इलाके में चौबीसों घंटे नक्सलियों की मौजूदगी रहती थी, लेकिन जब से बुरकापाल में सीआरपीएफ का कैम्प खोला गया है। उसके बाद से सुरक्षाबलों के अधिकारियों द्वारा कई बार ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें विश्वास दिलाया गया कि सुरक्षाबलों की तैनाती उस गांव के विकास और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए की गयी। इसके बाद ग्रामीणों और सुरक्षाबलों के बीच बेहतर संबन्ध स्थापित हुआ है। उक्त प्रोग्राम के तहत केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दिया गया।

### सहयोग को तत्पर

इस क्षेत्र के सभी ग्रामीण हमारा परिवार है और गांव हमारा घर है। हम अपने परिवार रूपी सभी ग्रामीण लोगों की सहायता एवं सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगें और विकास कार्यों को करवाने एवं ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हेतु हमेशा आगे आकर भाग लेगें।

# पक्की सड़क के अभाव में गंभीर रूप से पीड़ित मरीज को खाट के सहारे लाया गया एंबुलेंस तक

**सुकमा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के कोंडरे ग्राम पंचायत के मूसलपारा की महिला को कावड़ में लाद कर ईलाज के लिए 3 किमी तक दूर 108 एंबुलेंस वहां तक पहुंचाया गया। इसके बाद महिला को 108 की मदद से जिला अस्पताल इलाज में भर्ती कराया गया है, जहां गंभीर रूप से बीमार महिला का इलाज जारी है। महिला को उल्टी और सिकल सेल की बीमारी से पीड़ित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कोंडरे ग्राम पंचायत के मूसलपारा की महिला पोडियाम जोगी 35 वर्ष, अचानक तबीयत खराब होने से परिजनों ने 108 को संपर्क कर गांव बुलाया गया, लेकिन गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं होने की वजह से 108 एंबुलेंस वाहन गांव से पहले 3 किलोमीटर दूर तक मरीज को कांवड़ के सहारे लाना पड़ा। वहीं इसके बाद मरीज को 108 वहां की मदद से जिला अस्पताल सुकमा लाया गया। बता दें कि यह इलाके में आज भी सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं होने की वजह से लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और आपातकालीन स्थिति पर मरीजों को कावड़ का सहारा लेना पड़ता है। इलाके के लोगों के लिए आपात स्थिति में मजबूरी वश खाट का सहारा लेना पड़ता है। वहीं बारिश के दिनों में पक्की सड़क वाले इलाकों पर ही 108 वहां पहुंच पाती है और अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में इसी प्रकार से खाट के सहारे मरीजों को 108 एम्बुलेंस तक पहुंचाया जाता है।



# कलेक्टर ने निर्वाचन कार्यों के तहत राजनीतिक दलों की ली बैठक



**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा राजनीतिक दलों की बैठक लेकर फोटोयुक्त निर्वाचक नाम वालियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की अंतिम अवधि 31 अगस्त को बढ़ाकर 11 सितम्बर करने और 2-3 सितम्बर को मतदान केंद्रों में विशेष शिविर आयोजन के सम्बंध में जानकारी दी गई। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बीएलए की सूची जल्द देने कहा गया।

इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, सभी रिटर्निंग अधिकारी और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित थे।

# पोलावरम बांध को लेकर कोन्टा के लोगों में काफी असमंजस : मनीष कुंजाम

## पोलावरम बांध को लेकर सीपीआई निकालेगी सुकमा से कोन्टा तक बाइक रैली

**सुकमा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। गुरुवार को पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने सीपीआई कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि पोलावरम बांध को लेकर कोन्टा के लोगों में काफी असमंजस की स्थिति है और राज्य सरकार के तरफ से उन्हें आज तक स्पष्ट रूप से कुछ नही कहा जा रहा है। राज्य सरकार ने इतने वर्षों में व्यवस्थापन और तटबंध बनाने को लेकर आज तक किसी प्रकार का कोई पहल नही किया है।

श्री कुंजाम ने कहा कि कोन्टा, ढोंडरा, आसीरगुड़ा, फन्दीगुड़ा और इंजरम का लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र डुबने वाला है। बीते वर्ष हम सभी ने देखा है कि क्षेत्र किस प्रकार जलमग्न हो गया था और लोगों को शिविर में रहना पड़ा। इस वर्ष बारिश नही होने से लोगों को राहत है परन्तु लोग काफी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अत्यधिक बारिश होने पर कैसे करें, कहां जाए इन सबको लेकर लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कवासी लखमा ने पोलावरम बांध के शुरुआती दौर में कोंटा में प्रदर्शन करते हुए कहा था कि जब तक मैं हूँ यह प्रोजेक्ट पूरा नही होगा कोन्टा के लोगों को डरने की जरूरत नही है। इतने वर्षों में कवासी लखमा ने कुछ नही किया और आज जब वे मंत्री बन गए हैं तो उनकी ज्यादा जिम्मेदारी बनती है कि इस समस्या का निराकरण करे पर उन्होंने विधायक से मंत्री बनने तक बीते इतने वर्षों में कोन्टा के लोगों के लिए कुछ नही किया। आज तक न तटबंध बनाने को लेकर कोई पहल इनके द्वारा की गई और न ही लोगों को विस्थापित करने के लिए किसी प्रकार की कोई व्यवस्था की गई। श्री कुंजाम ने कहा कि राज्य सरकार की उदासीनता व मंत्री कवासी लखमा के वादाखिलाफी को लेकर कल हमारे द्वारा सुकमा से कोन्टा तक बाइक रैली निकाली जाएगी और कोन्टा में आमसभा किया जाएगा।

# ओड़िशा राज्य से अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को 45 लीटर के साथ छिन्दगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सुकमा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी दिनों मे छ.ग. राज्य मे होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा सभी जिलों को विशेषकर अंतर्राज्यीय सीमा से लगने वाले जिलों को अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए आदेशित किया गया जिसके बाद लगातार जिला सुकमा के सीमावर्ती ओड़िशा राज्य से लगने वाले सीमा क्षेत्र मे नाकेबंदी कर तथा सूचना तंत्र को मजबूत कर अवैध शराब, गांजा(मादक पदार्थ) के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही किया जा रहा है।

मंगलवार को थाना छिन्दगढ़ ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम कोतरा पहुंचकर मनीष बघेल के घर की घेराबंदी की गई और मनीष बघेल अपने घर के सामने में ही अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया। मनीष बघेल के पास से कुल 17040 एम.एल



अंग्रेजी शराब सभी में ओड़िशा राज्य का लेबल लगा हुआ जप्त किया गया। आरोपी मनीष बघेल से पूछताछ करने पर उसने उक्त अंग्रेजी शराब को शबरी नदी के उस पार रहने वाले बुड़दी निवासी ओरिन्द्रो नाग से खरीद कर लाना बताया जिसके आधार पर ग्राम बुड़दी जाकर ओरिन्द्रो नाग के घर की घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसके कब्जे से कुल 28380 एम.एल. अंग्रेजी शराब सभी में ओड़िशा राज्य का लेबल लगा हुआ एवं शराब बिक्री का नकदी रकम 1520 रू. जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से तकरीबन 45 लीटर 420 एम.एल. अंग्रेजी शराब जप्त कर दोनों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उन्हे विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक एकेश्वर नाग एवं सउनि व्ही कृष्णा राव, प्र.आर. शेख शरीफ सिद्धीकी, आसमन मॉझी, चंदन नेगी आरक्षक मनोज साहू, सहायक आरक्षक सोड़ी दुला महिला आरक्षक पद्मनी नाग एवं कल्पना वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# राखी और ओणम के त्योहार पर मोदी सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर दिया तोहफा

**सुकमा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के आदिवासी नेता सोयम मूका ने मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि राखी और ओणम के त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर हमारी बहन बेटियों और माताओं को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। इससे देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ता परिवारों को फायदा मिलेगा। श्री मूका ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन बांटने का फैसला भी लिया है। जिससे देश की निर्धन वर्ग की महिलाओं को धुएं वाले चूल्हे से मुक्ति मिलेगी और वह बेहतर माहौल में अपने घर की रसोई तैयार कर सकेंगी।



भाजपा नेता सोयम मूका ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को मोदी सरकार के इस फैसले से बड़ी राहत मिली है। राज्य में 59 लाख परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। लगभग 34 लाख उज्ज्वला योजना हितग्राहियों को दोहरा लाभ मिला है। उज्ज्वला हितग्राहियों को केंद्र सरकार पूर्व से ही सब्सिडी दे रही है ताकि गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ ना पड़े। आज मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों सहित सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को त्यौहार का उपहार दिया है, देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति का प्राथमिकता के साथ ध्यान रखा है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के देश की सभी महिलाओं के हित में फैसले लिए हैं चाहे वह किसी भी धर्म वर्ग या पंथ से जुड़ी हुई क्यों न हों। एक देश में महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए। इस दिशा में भारत में पहली बार नीतियां बनी हैं तो यह नीतियां मोदी सरकार की देन हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले मोदी जी ने सबसे पहले हमारी बहन बेटियों माताओं को उनके घर पर शौचालय निर्माण के जरिए सम्मान दिया है। मोदी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शासकीय सेवक को गौरव के साथ पद से निर्गमन होना जरूरी : कलेक्टर



## सेवानिवृत्त हो रहे 18 कर्मचारियों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि शासकीय सेवक जिस प्रकार पद धारित करते समय गौरव की अनुभूति करता है उसी गौरव के साथ पद से निर्गमन होना जरूरी है। हर माह की तरह हमारे शासकीय कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिन्होंने बस्तर क्षेत्र के लिए शासकीय सेवक के रूप में अमूल्य योगदान दिया है। 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हमारे शासकीय सेवकों ने जीवन का अधिकांश हिस्सा सरकारी काम को दिया है। प्रशासन का फर्ज है, कि उन्हें सेवा के अंतिम दिन उनके सभी स्वत्वों का भुगतान और पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हमारे शासकीय सेवकों को शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता का समय पर प्रदाय किया जा रहा है, ताकि आमजनों को शासन-प्रशासन के प्रति भरोसा कायम रहे।

कलेक्टर ने सेवानिवृत्त सभी को बधाई-शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने अनुभव और ज्ञान का समुदाय- समाज को दिशा देने में उपयोग करें। उक्त बातें कलेक्टर ने गुरुवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त हो रहे 18 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। रिटायर्ड कर्मचारियों से कलेक्टर ने चर्चा कर उनके शासकीय सेवा के लिए सराहना किए और सेवानिवृत्त व्यक्तियों को पुष्पमाला, शॉल-श्रीफल और पीपीओ पत्र देकर सम्मानित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री सोनवानी ने बताया कि इस माह सेवानिवृत्त हो रहे 18 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। इस अवसर पर कार्यालय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन से उप संचालक भारती कोर्राम कश्यप सहित जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त हो रहे विशिष्टगण उपस्थित थे। सेवानिवृत्त हो रहे किशोर जाधव ने शासन प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शासकीय सेवक के लिए सेवा के अंतिम दिन उसके सभी स्वत्वों का भुगतान समय पर किया जा रहा है। यह संवेदनशील सराहनीय पहल है।

# कमिश्नर कार्यालय परिवार ने सहायक अधीक्षक किशोर जाधव को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कमिश्नर कार्यालय परिवार द्वारा गुरुवार को सहायक अधीक्षक किशोर जाधव की सेवानिवृत्ति पर उन्हें आत्मीय विदाई दी गयी और उनकी स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इस मौके पर कमिश्नर बस्तर संभाग श्याम धावड़े ने सहायक अधीक्षक श्री जाधव की बेहतर सेवाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि शासकीय सेवा में जीवनभर दायित्व निर्वहन के पश्चात सम्मानपूर्वक निर्गमन होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कमिश्नर श्री धावड़े ने श्री जाधव को सेवानिवृत्ति के बाद लम्बे अनुभव से नये कर्मचारियों को लाभान्वित किये जाने कहा। वहीं उन्होंने श्री जाधव को स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं देते हुए अब परिवार और समाज की सेवा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने कहा। इस दौरान उपायुक्त बीएस सिदार ने कहा कि सरल एवं सहज व्यक्तित्व के धनी श्री जाधव की कार्यशैली उत्कृष्ट रही है और वे सभी अधिकारी-कर्मचारियों के साथ अच्छा समन्वय कर कार्य करते रहे हैं। जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्पद है। इस मौके पर वरिष्ठ निज सहायक हरेन्द्र जोशी ने श्री जाधव के साथ दी गयी लम्बी सेवाओं के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मृदुभाषी और सदैव सहयोग करने की भावना के धनी श्री जाधव जरूरतमन्द लोगों की मदद >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# थाना बोधघाट पुलिस ने 10 गुम इंसान को ढूंढकर किया परिजनों के हवाले



**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बोधघाट पुलिस को 10 गुम इंसानों की तलाशी में सफलता मिली है। गुम इंसान के मामलों में वर्ष 2018 का 01 प्रकरण, वर्ष 2020 का 01 प्रकरण, वर्ष 2021 के 02 प्रकरण, तथा वर्ष 2023 के 06 प्रकरण में गुम इंसान का पता तलाश कर किया गया। गुम इंसानों में से 2 पुरूष तथा 8 महिलाएं है। गुम इंसानों में जिला जगदलपुर से 1, जिला धमतरी से 1, जिला दुर्ग से 1, जिला जबलपुर / खंडवा (म0प्र0) से 2, दीगर राज्य उड़ीसा, जिला काहांडी से 2, राजस्थान जिला सीकर / डिडवाना से 2, दिल्ली (पिलकुआं) यूपी से 1 को ढूंढ कर परिजनों के हवाले किया गया। इसी क्रम में थाना परपा का भी 1 गुम इंसान को ढूंढ कर परिजनों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन




## प्रतिभागियों को किया सम्मानित चंदन कश्यप व देवचंद मातलाम ने

**कोण्डागांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन एवं छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सफल हुए प्रतिभागियों को नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप एवं जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम के हाथों सम्मानित कराने के बाद किया गया।

तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023 का समापन समारोह स्टेडियम ग्राउंड कोंडागांव में 29 अगस्त 2023 दिन मंगलवार को दोपहर बाद 4 बजे आयोजित किया गया। समापन समारोह के आयोजन का मुख्य अतिथि चंदन कश्यप अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हस्तशिल्पी विकास बोर्ड एवं विधायक नारायणपुर, विशिष्ट अतिथि देवचंद मातलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव, श्रीमती भगवती पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोड़ागांव एवं अन्य जन प्रतिनिधियों तथा जिला कलेक्टर दीपक सोनी, डिप्टी कलेक्टर अंकित चैहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार विजय कुमार मिश्रा, अधिकारी कर्मचारी, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं सम्मानित किया। इस अवसर पर इंग्लिश मीडियम आत्मानंद विद्यालय महात्मा गांधी वार्ड आड़काछेपड़ा एवं कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कोंडागांव के छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो काफी आकर्षक रहा। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तृतीय दिवस 0-18 आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला वर्ग का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में गेडी, बिल्लस, कबड्डी, खो खो एवं रस्सा कसी में फरसगांव प्रथम रहा। वहीं बालिका वर्ग बिल्लस, पिट्ठूल, बांटी, कुश्ती, रस्सी कूद एवं खो खो में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने दबदबा बरकरार रखा। जबकि गिल्ली डंडा, दौड़, रस्सा कसी में माकड़ी प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त समस्त प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों के करकमल से सम्मानित किया गया। उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़ी ओलंपिक जिला कोंडागांव द्वारा दी गई।

# बहनों की प्यार भरी राखी के सामने मोहन मरकाम की कलाई पड़ी छोटी

## राखियों से लदा हाथ, मोहन मरकाम ने बहनों को कहा धन्यवाद

**कोण्डागांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने कोंडागांव ब्लॉक स्तरीय रक्षाबंधन मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें कोंडागांव ब्लॉक के 72 पंचायतों के स्व सहायता समूह की लगभग 5 हजार से अधिक स्व सहायता समूह की बहनों ने अपनी उपस्थिति दी और इस आयोजन के लिए मोहन मरकाम का धन्यवाद ज्ञापित कर कहा हम ग्रामीण महिलाओं के लिए ऐसा आयोजन बिरला ही होता है, आपने हमें अपनी बहन बनाने योग्य समझा, इस हेतु बहुत-बहुत धन्यवाद। मोहन मरकाम ने कहा मेरे एक बुलावे पर आप सभी बहनों ने मेरा आमंत्रण स्वीकार किया, आए बहुत ही अच्छा लगा इस भाई का वादा रहा आपके क्षेत्र के विकास में ये भाई कोई कसर नहीं छोड़ेगा। आपके आशीर्वाद से दो दफे कोंडागांव विधायक बनने का अवसर मिला, जिसमें मैंने पूरे समय क्षेत्र के विकास में लगाने का प्रयास किया।




कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र का कोई भी गांव हो या शहर विकास कार्यों से अछूता न रहे, ऐसी योजना बनाकर काम करने का प्रयास किया है। आप सभी के आशीर्वाद से कोंडागांव जनपद पंचायत, जिला पंचायत कोंडागांव, नगर पालिका सभी जगहों पर कांग्रेस की सरकार है। छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों की गति यथावत बनी हुई है, पौने पांच वर्षों में सरकार ने सभी वर्गों सभी क्षेत्रों के विकास का समुचित ध्यान रखा है, अगली सरकार कांग्रेस पार्टी की बनेगी, आपका सहयोग आशीर्वाद पुनः बना रहे। कांग्रेस पार्टी कोंडागांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, उमा दिवान, तबस्सुम बानो, शीलू पटेल, रेणुका पटेल, मिनेशवरी कौशिक, सीमा नेताम, अशो पोयाम, सरिता दिवान, पूरन्ति पोयाम, भावना पारासर, अनीता देवांगन सहित भारी संख्या में क्षेत्र से महिलाएं शामिल रही।

# रक्षाबंधन पर सीएम ने वितरित की पांचवी किश्त



- दंतेवाड़ा के बेरोजगारों को मिले 13 लाख 27 हजार 500
- पांच किश्तों में जिले के हितग्राहियों को अब तक मिले 57 लाख

**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को भत्ते की पांचवी किश्त वितरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जिले के 531 हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता के रूप में 2500 रूपये की दर से 13 लाख 27 हजार 500 रूपये प्रदान किये।

इस पर कार्यक्रम में आये हितग्राहियों ने हर्ष जाहिर किया एवं मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्राप्त भत्ते को अपने विकास एवं उत्थान हेतु प्रयोग करने हेतु कहा। पांच किश्तों में जिले के हितग्राहियों को अब तक 57 लाख रूपये वितरित किये जा चुके हैं। इस कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द ठाकुर, एसडीएम शिवनाथ बघोल, रोजगार अधिकारी अमित वर्मा के द्वारा योजना के पात्र हितग्राहियों के साथ शामिल हुए प्लेसमेंट से चयनित हितग्राही प्रमिला भोगामी को ऑफिस असिस्टेंट का नियुक्ति पत्र तथा श्रीमति सोनल राय को आईटीआई ट्रेनिंग ऑफिसर का नियुक्ति पत्र जिला कार्यालय में प्रदान किया गया ।

# समर्पित महिला नक्सलियों ने पुलिस अफसरों को बांधी राखी



- पुलिस का हिस्सा बनकर शांति बहाली में अहम योगदान
- एसपी गौरव और अन्य अफसरों को बाधा रक्षा सूत्र

**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के मौके पर पूरे देश भर में भाइयों की कलाई पर बहनों द्वारा राखी बांधी जा रही है। भाई अपनी बहन को सुरक्षा का वचन दे रहे हैं और बहनें भी अपने भाई की सुरक्षा की कामना कर रही हैं। रक्षाबन्धन के मौके पर पुलिस लाइन कारली दंतेवाड़ा में सुरक्षा स्नेह मिलन कार्यक्रम रखा गया। इसमें सभी पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं पुलिस के अन्य सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कलाई पर दंतेश्वरी फ़ाइटर्स एवं बस्तर फ़ाइटर्स के महिला बल द्वारा राखी बांधी गई । ग़ौरतलब है कि दंतेश्वरी फ़ाइटर्स की टीम में आत्मसमर्पित महिला नक्सली शामिल हैं, जो समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर अब खुशहाल जीवन जी रही हैं। पुलिस बल में शामिल होकर नक्सल उन्मूलन कर शांति बहाल करने हेतु अपना योगदान दे रही हैं। इस सुअवसर पर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सभी अधिकारियों द्वारा सभी बहनों को आशीर्वाद दिया गया और बेहतर काम करने के लिए शुभकामनाएँ दी गई ।

## सार-संक्षेप

### सशिमं दंतेवाड़ा में रक्षा बंधन का पर्व



**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा सरस्वती शिशु मंदिर में रक्षाबंधन पर्व पर रक्षा सूत्र बांधकर कर बहनों ने अपने भाईयों की लंबी उम्र एवं यशस्वी होने की कामना की। भाईयों- बहनो को पौराणिक कथाओं से अवगत कराते हुए राजा बलि, लक्ष्मी, द्रौपदी तथा यम की महत्वपूर्ण भूमिका का वर्णन किया गया।

### 5 साल बाद हो रहा चुनाव के वाहनों का भुगतान

**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2018 लोकसभा निर्वाचन 2019, विधानसभा उप निर्वाचन 2019 के अंतर्गत अधिग्रहित वाहनों का वाहन किराया भुगतान किया जा रहा है। ऐसे समस्त वाहन मालिक जिनका भुगतान नहीं हुआ है वे जिला निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित होकर लेखा शाखा से अपना लंबित भुगतान 10 सितम्बर तक प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद राशि समर्पण की कार्यवाही की जायेगी। इसके उपरांत किसी भी लंबित भुगतान के लिये दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा।

### रामदर्शन पब्लिक स्कूल में राखी समारोह आयोजित

**पिथौरा,** 31 अगस्त। भाई और बहनों के प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन को मनाने हेतु रामदर्शन पब्लिक स्कूल में प्री- राखी समारोह का आयोजन किया जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बहनों ने अपने भाइयों को प्रेम के बंधन स्वरूप राखी बांधकर मनाया।

# खेल से तन व पढ़ाई से संवरता है मन : अंति वेक



- ज्ञान नगरी के एकलव्य खेल परिसर में जुटे खिलाड़ी
- हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की जयंती पर विविध आयोजन

**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। खेल जगत के प्रसिद्ध खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाते हुए जिला प्रशासन एवं खेल व युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा द्वारा एजुकेशन सिटी जावंगा में एकलव्य खेल परिसर सौजन्य से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गीदम की अध्यक्ष अंति वेक ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल की भी जरूरत है, जिससे शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दंतेवाड़ा अपर कलेक्टर डॉक्टर संजय कन्नौजे ने खेल का महत्व बताते हुए कहा कि खेल, जीवन का प्रमुख अंग है एवं लगातार अभ्यास से एकाग्रता आती है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के बारे में उन्होंने बताया कि वे रेल की पटरियों में हॉकी अभ्यास किया करते थे और महान खिलाड़ी बने। खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करने शुभकामनाएं दी। सर्वप्रथम प्रातः खेल के प्रति लोगो में जागरूकता लाने एकलव्य खेल परिसर एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम के छात्र छात्राओं ने रैली निकाल कर खेल सद्भावना का संदेश दिया। बालिकाओ का फुटबाल, बालक एवं बालिकाओ का एथलेटिक्स, रस्साखीच, पासिंग बाल, विभिन्न प्रकार के मनोरंजनात्मक खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार दे कर से सम्मानित किया। डिप्टी कलेक्टर व जिला खेल अधिकारी मुकेश गोंड ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को अच्छा मंच प्राप्त करने में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा हमेशा साथ है। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक योगेश सोनी ने किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य कैलाश नीलम, एकलव्य खेल परिसर के अधीक्षक रजनीश ओसवाल, श्रीकांत मोदी, अधीक्षिका अंजु नाग, व्याख्याता राकेश मिश्रा एवं विशेष सहयोगी अमुजुरी विश्वनाथ ने खेल प्रतियोगिताओं को विधिवत शांतिपूर्वक संपन्न करवाया।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने स्कूली छात्रों की भागीदारी



- रंगोली एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश
- बचेली में ग्रामीणों ने सीखी वोट डालने की तकनीक

**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के निर्देश पर जिले के सभी विकास खंडों में मतदाता जागरूकता अभियान पूरे जोर पर है, इसके तहत दूर दराज के ग्रामों में स्वीप प्लान की गतिविधियां लगातार की जा रही है।

इस कड़ी में आज हायर सेकेंडरी स्कूल पोन्दूम में स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता के प्रति रंगोली एवं मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही बचेली में भी ग्रामीणों ने उपस्थित होकर ईवीएम मशीन के बारे में न केवल जानकारी ली बल्कि वोट डालने की प्रक्रिया के प्रति उत्साह दिखाया। दूरस्थ क्षेत्रों में जिस समुदाय एवं मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत कम है, वहां मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किए जाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने इस अभियान के तहत विशेष कार्य योजना के साथ कार्य किया जा रहा है, इसके अन्तर्गत स्वीप गतिविधियों के माध्यम से अलग-अलग पंचायत में मतदान के संबंध में जानकारी भी दी जा रही है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### राखी और ओणम के त्योहार ...

सरकार ने गरीब महिलाओं को पक्के मकान की सौगात दी है।

उन्होंने अब रसोई गैस के दाम में बड़ी कटौती करने का जो फैसला लिया है, उससे केंद्र सरकार पर 7680 करोड़ का अतिरिक्त बोझ आएगा, लेकिन बहनों की खुशी से बढ़कर भाजपा के लिए और कुछ भी नहीं है। यही कारण है कि महिलाओं के हित में यह फैसला लिया गया है, जिसका असर पूरे देश के आम नागरिकों पर दिखाई देगा। देश के हर निवासी, हर परिवार को इस राहत का लाभ मिलेगा।

### कमिश्नर कार्यालय परिवार ने...

के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और स्वयं की क्षमता अनुसार सहायता प्रदान करते हैं। उनकी मदद का मुझे भी छात्र जीवन के दौरान लाभ मिला जो अविस्मरणीय है। इस दौरान अपनी सरल और सहज अभिव्यक्ति में किशोर जाधव ने लम्बी शासकीय सेवा के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मुझे पूरी सेवावधि के दौरान सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग मिला, जिससे हर कार्य को करने के लिए प्रोत्साहित होकर उसे बेहतर तरीके से सम्पादित किया। आरंभ में अवगत कराया गया कि सहायक अधीक्षक किशोर जाधव 41 वर्ष 9 महीने 28 दिवस की शासकीय सेवा उपरांत अधिवार्षिकी पूरी कर 31 अगस्त 2023 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस मौके पर कमिश्नर श्री धावड़े तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने श्री जाधव को पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। वहीं उन्हें स्वत्वों के राशि सम्बन्धी कागजात और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर कार्यालय परिवार के अधिकारी-कर्मचारी सहित सहायक अधीक्षक किशोर जाधव के परिजन एवं सहपाठी भी मौजूद थे।

### थाना बोधघाट पुलिस द्वारा...

को सौंपा गया। अब तक के गुम इंसान दस्तयाबी मामलों में एकमुश्त सर्वाधिक 10 मामलों में गुम इंसानों को पता तलाश करने में बोधघाट पुलिस को मिली सफलता । गुम इंसानों के संबंध में परिवारजनों से सूचना व सायबर सेल से लोकेशन संबंध जानकारी प्राप्त कर कुल 10 मामलों में से 1 मामला थाना परपा से संबंधित होने से दस्तायाबी कार्यवाही सहित मामले की डायरी थाना परपा को अग्रिम कार्यवाही हेतु सौंपी गई। इस कार्य में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले अधिकारी ,कर्मचारियों में निरीक्षक कविता धुर्वे, दिलबाग सिंह प्रधान आरक्षक लवण पानीग्राही , महेश्वरी साहू शामिल है।

# जयंती ठाकुर को मुरमुरा उत्पादन से मिला आय संवृद्धि का जरिया

**जगदलपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के बस्तर विकासखंड अंतर्गत तुरपुरा निवासी जयन्ती ठाकुर ने घर-परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने गांव में ही मुरमुरा उत्पादन को अपनाकर आय संवृद्धि कर रही हैं। यह सब राष्ट्रीय सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजनान्तर्गत प्राप्त सहायता से फलीभूत हुआ है। खेती-किसानी और मजदूरी करने वाले 5 सदस्यीय परिवार की श्रीमती जयंती ठाकुर इस बारे में बताती हैं कि परिवार के सदस्य शुरू से ही कड़ी मेहनत करने वाले हैं। पति घर के कार्य करने के साथ ही स्वयं का कृषि कार्य और मनरेगा में कार्य करते हैं, लेकिन परिवार की आवश्यकतानुसार आमदनी कम होता था। बढ़ती मंहगाई और कम आमदनी के कारण परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस बीच नवम्बर 2017 में गांव की महिलाओं ने बिहान योजना से स्व सहायता समूह गठित किया तो जयन्ती भी इस समूह से जुड़ गयीं और समूह के सदस्यों के साथ छोटी- छोटी बचत, चर्चा सहित समूह की आर्थिक गतिविधियों में हिस्सा लेने लगीं। लेकिन जयन्ती को अपने स्वयं के परिवार के लिए एक अच्छा आय का जरिया विकसित करने की जुनून था, इसे पूरा करने के लिए वह उत्पादक गतिविधि संचालित करने की सोच रही थीं लेकिन पूंजी की कमी आड़े आ रही थी। इस दौरान जयन्ती के मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह को आपसी बचत, लेन-देन और आर्थिक गतिविधियों के बेहतर संचालन के फलस्वरूप बैंक लिंकेज के माध्यम से डेढ़ लाख रुपये की मदद मिली तो जयन्ती ने फौरन अपने समूह को व्यवसाय शुरू करने के लिए सहायता देने का आग्रह किया। वहीं श्रीमती जयंती ठाकुर के पति द्वारा आस-पास के बाजार का अवलोकन कर पाया गया कि उनके गांव के समीप मुरमुरा उत्पादन नहीं हो रहा है लेकिन मुरमुरा की मांग अधिक है। आस पास के एरिया जैसे बस्तर, भानपुरी और यहां तक जगदलपुर में भी मुरमुरा अन्य जगहों से सप्लाई होता है। इसे मद्देनजर रखते हुए जयंती ठाकुर ने मुरमुरा उत्पादन कर बेचने का कार्य करने के लिए निर्णय लिया और समूह की मदद सहित राष्ट्रीय सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजनान्तर्गत 40 हजार रुपये ऋण लेकर मुरमुरा उत्पादन के लिए आवश्यक मशीनरी स्थापित किया गया, वहीं कच्चे माल की खरीदी कर मुरमुरा उत्पादन शुरू कर दिया। जयन्ती बताती हैं कि उन्होंने जब देखा कि मुरमुरा उत्पादन के लिए स्थानीय स्तर पर ही सस्ती दर पर कच्चा माल उपलब्ध है तो उसे खरीदी कर व्यवसाय को आगे बढ़ाने का कार्य किया। इसके साथ ही उत्पादित मुरमुरा के विक्रय हेतु बस्तर, भानपुरी क्षेत्र के हाट-बाजारों के व्यावसायियों तथा ग्रामीण इलाकों के छोटे दुकानदारों से सम्पर्क कर आर्डर लेना आरंभ किया और जगदलपुर शहर में भी मुरमुरा की सप्लाई शुरू की। जिससे उसका व्यवसाय शीघ्र ही अच्छे ढंग से संचालित होने लगा और हर महीने मुरमुरा उत्पादन से 25 हजार रुपये तक की आमदनी मिलने लगी है। जयन्ती बताती हैं कि उसके इस व्यवसाय में सफलता का कारण कड़ी मेहनत और लगन के साथ ही उनके पति का उत्साहवर्धन एवं सक्रिय सहयोग है। जयन्ती अपने परिवार के लिए आर्थिक जरूरतों को पूरा करने शुरू किये इस उत्पादक गतिविधि को सदैव बेहतर तरीके से संचालित करने की कामना करते हुए इस ओर सहयोग देने के लिए अपने समूह के सदस्यों तथा अन्य सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करती हैं।



# हिरोली में सीपीआई की अहम बैठक

## विस चुनाव की रणनीति पर चर्चा



**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कुआकोण्डा ब्लाक के पंचायत हिरोली में ग्राम पटेल जोगा कुंजाम की अध्यक्षता में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का सांगठनिक बैठक सम्पन्न हुई। इसमें विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीतियों पर चर्चा की गई। संगठन के विस्तार के लिए भी निर्णय लिया गया। इस बैठक में प्रमुख रूप से सीपीआई जिला प्रभारी के. साजी, जागेश्वर प्रसाद अध्यक्ष एसकेएमएस युनियन बचेली, नारायण मण्डल संगठन सचिव एसकेएमएस युनियन बचेली, जिला सचिव भीमसेन मण्डावी, जिला सहायक सचिव बहिलोचन श्रीवास्तव, सुदरू तेलाम, जनपद उपाध्यक्ष व अखिल भारतीय नौजवान सभा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सोरी, अखिल भारतीय नौजवान सभा जिला सचिव रामलाल नेगी, पूर्व सरपंच धनीकरका सुखराम मरकाम, जिला परिषद सदस्य सोना राम मण्डावी, जोगा कुंजाम, हेमन्त मण्डावी, ग्राम पटेल जोगा कुंजाम, पुजारी बुधराम कुंजाम, गायता हुंगा मुडामी, सरपंच कोसा कुंजाम, उप सरपंच पालो कुंजाम, अर्जुन कुंजाम पूर्व सरपंच समलवार, लच्छू कुंजाम उप सरपंच समलवार एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीपीआई जिला परिषद ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**कोण्डागांव**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिले की जन समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु, सीपीआई जिला परिशद् कोण्डागांव द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्षन करके महामहिम राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री छ.ग.षासन के नाम प्रेशित ज्ञापन को एस.डी.एम. कार्यालय में पहुंचकर मौके पर मौजुद तहसीलदार कोण्डागांव विजय कुमार मिश्रा को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान सीपीआई जिला परिशद कोण्डागांव के जिला सचिव का. तिलक, सह सचिव का.शैलेष, का. जयप्रकाश, का.दिनेश, का.बिसम्बर, का. सरादु, का.अनिल, का. दुबेष, का.रामचंद, रामसिंह, सरादु, भगतराम, महाजन, सुखचरण आदि सहित जिले के विभिन्न ग्रामों से महिला-पुरुश कम्युनिश्ट काफी संख्या में उपस्थित रहे। सीपीआई एवं सहयोगी संगठनों एआईवायएफ, ए.आई.एस.एफ., अखिल भारतीय आदिवासी महासभा, अखिल भारतीय किसान महासभा द्वारा जिला मुख्यालय कोण्डागांव के डी.एन.के. मैदान में 31 अगस्त 2023 को धरना प्रदर्षन किया गया एवं 11 सूत्रीय मांगों सम्बन्धी ज्ञापन सौंपा गया।

मांग- 1. बस्तर संभाग में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हुए सभी वर्ग के स्थानीयों हेतु टीईटी, डी-एड, बी.एड. योग्यता की अनिवार्यता समाप्त कर बस्तर संभाग के ही उम्मीदवारों को भर्ती करने। 2. बस्तर संभाग में शिक्षकों की भर्ती एवं पदोन्नती प्रक्रिया में विषयवार शिक्षकों की भर्ती एवं पदोन्नती प्रक्रिया की अनिवार्यता को समाप्त करने पारित आदेश से बस्तर संभाग में शिक्षा का स्तर गिर जाएगा तथा सरकारी स्कूलों के बच्चों का जीवन अंधकारमय हो जाएगा। सरकार स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हुए विषयवार शिक्षकों की भर्ती एवं पदोन्नती प्रक्रिया को पुनः लागु करे। 3. सभी सरकारी स्कूलों में विषयवार शिक्षकों की भर्ती करे तथा सभी जीर्ण-शीर्ण स्कूलों का मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ करे। 4. छत्तीसगढ़ राज्य में होने वाले आगामी विधान सभा और लोक सभा चुनाव में शिक्षकों को चुनाव कार्य में संलग्न न किया जाय, ताकि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित ना



## जिले की जनसमस्याओं के तत्काल समाधान हेतु

हो। 5. कोण्डागांव जिले के सभी जाति वर्ग के पात्र किसानों को अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2008 के प्रावधानों के तहत वनाधिकार प्रपत्र तत्काल प्रदान किया जाय तथा जिन किसानों के आवेदन किन्हीं कारणवश निरस्त किए गए हैं, उनके काबिज भूमि पर वन विभाग का अमला जबरन प्रवेश कर खड़ी फसल को नष्ट करते हुए पौधा रोपण कर रहा है, उस पर तत्काल रोक लगायी जाये। 6. स्थानीय स्तर पर कुछ रसूखदारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर वर्ग के लोग, जो वन भूमि व राजस्व भूमि पर काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे हैं, अपने प्रभाव का उपयोग कर उनकी काबिज भूमि को छीनने का प्रयास किया जा रहा है, उस पर तत्काल रोक लगायी जाय। 7. ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के ऐसे नागरिकों को जो शासकीय भुमि पर मकान बनाकर कई वर्षों से निवासरत हैं, उन्हें उपरोक्त भूमि का निःशुल्क पट्टा तत्काल प्रदान किया जाय।

8. बस्तर संभाग की मुल जातियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किया जाय। 9. कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने चुनावी घोषण पत्र में शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिये जाने की घोषणा की गई थी, उक्त घोषणा के आधार पर शिक्षित बेरोजगारों को तत्काल बेरोजगारी भत्ता प्रदाय किया जाय। 10. कलेक्टर व अन्य अधिकारियों के समक्ष आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर कार्यवाही सुनिश्चित कर आवेदकों को उसकी जानकारी आवश्यक रूप से प्रदाय किया जाय। 11. कोण्डागांव जिले के ग्राम आदपाल, बागझार, बैलपाड़, छोटे फरसगांव, टेमरुगांव, चलका, चैड़ग, चिंगनार, रांधना, पाला, बन चपई, कहलाकोट, चिमड़ी, कोकोड़ी, चेरंग, मैनपुर, मोडेगा, मालाकोट, सदाड़ी, अलवाड़, नुगाली, चिमानार मुण्डपाल, बुगाली, फुटान चांदागांव आदि, जो कोण्डागांव राजस्व जिले के ग्राम हैं व प्रशासनिक त्रुटिवश पुलिस जिला नारायणपुर में शामिल किए गए हैं, सभी गांवों को प्रशासनिक सुविधा को दृष्टि में रखते हुए कोण्डागांव राजस्व जिले में शामिल किया जाय।

# क्षेत्र में हुए 2.50 लाख की लूट का खुलासा

**कोण्डागांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। थाना फरसगांव क्षेत्र में हुए दो लाख पचास हजार रूपये की लूट का खुलासा करते हुए एस.डी.ओ.पी.फरसगांव श्री विष्वकर्मा द्वारा बताया कि थाना फरसगांव एवं जिला सायबर की टीम के योगदान से आरोपी (किराना व्यापारी का पुराना कर्मचारी) से दो लाख पांच हजार दो सौ रूपये बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाना फरसगांव में 23 अगस्त 2023 को किराना व्यापारी मो.अशरफ खान पिता मो.कासम भाई निवासी फरसगांव द्वारा लिखित आवेदन देकर 2.50 लाख रूपये की चोरी होने की सूचना मिलने पर अप.क्र.77/2023 धारा 379 भादंवि कायम किया गया था। गंभीर अपराध के त्वरित निराकरण हेतु कोण्डागांव एस.पी. वाय.अक्षय कुमार आई.पी.एस.के निर्देशन एवं एडि.एस.पी. के पर्यवेक्षण में 03 टीमों का गठन किया गया, जिसमें थाना फरसगांव और सायबर टीम को शामिल किया गया। उक्त अपराध घटना के विवेचना के दौरान प्रार्थी से विस्तृत कथन प्राप्त करने पर लगभग 08.15 से 08.20 रात्रि में उसका बेटा दुकान में ताला लगा रहा था। उसी समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने डण्डे से पीछे से उस पर वार किया, फिर जब प्रार्थी पीछे मुड़ा तो उसके सिर पर फिर से वार करने के बाद अज्ञात चोर प्रार्थी के पास रखे बैग (जिसमें रुपए था) को छीनकर दीवार फांदकर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर खेत की ओर भाग गया। जिसपर धारा 394 भादंवि भी जोड़ा गया। सभी टीमों द्वारा शहर में लगे सभी सीसी कैमरों को खंगाला गया एवं तकनीकी छानबीन की गई, मुखबीर लगाए गए। घटना स्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। किराना व्यापारी के कर्मचारियों करीबी लोगों से पूछताछ की गई। फिर मुखबीर एवं तकनीकी सहायता से पता चला कि किराना व्यापारी के यहॉ पूर्व में कार्यरत कर्मचारी विनय पटेल निवासी पिपरा द्वारा गांव में ही अधिक नगद राशि रखा गया है और बैंक में भी पैसा जमा किया जा रहा है, जिस पर से घेराबंदी करने पर से विनय पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपराध करना कबूल करने पर लूट की राशि को उसके द्वारा अलग 2 बैंकों से तथा स्वयं के घर से बरामद कराया गया एवं कुछ पैसों को खर्च करना बताया। इस घटना को इसने स्वयं ही अंजाम दिया एवं घटना में प्रयुक्त डण्डे को वजह सबूत में जप्त कर लिया गया है, साथ ही उक्त आरोपी की शिनाख्तगी भी करा ली गयी है। उक्त आरोपी से लूट की राशि दो लाख पचास हजार रूपये में से दो लाख पांच हजार दो सौ रूपये एवं एक नग स्वयं के लिए खरीदा गया पैंट शर्ट एवं एक नग मोबाईल बरामद किया गया। बरामदगी 82 प्रतिशत रहा। आरोपी को धारा 394 भादंवि के तहत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त लूट प्रकरण निकाल में निरीक्षक विजय वर्मा, उपनिरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सउनि पीतांबर कठार सायबर टीम सउनि दिनेश डहरिया, प्र.आर. लूमन भंण्डारी एवं टीम के सदस्यों विशेष योगदान रहा।।



## आरोपी से बरामद हुआ 2.5 लाख, पुराना कर्मचारी निकला आरोपी

# विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक



**भानुप्रतापपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी मंडल भानु प्रतापपुर के द्वारा शक्ति केंद्र कच्चे के पांचो पोलिंग बूथों की बैठक साल्हे टेकाढोडा के बीच आमापारा में रखी गई थी।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव को लेकर था। बीजेपी मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने बताया छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा का कमल खिलाना के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं जन-जन तक भारतीय जनता पार्टी के 15 साल के किए गए राज्य के विकास के कार्यों को वा नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार के द्वारा लगातार 9 वर्ष में किए गए जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित महिला पुरुष युवाओं को मार्गदर्शन दिया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रभारी जनपद सदस्य देवेंद्र टेकाम ने सभी लोगों को बारीकी से पार्टी की रीति नीति के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन आदिवासी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चैतू राम अचला ने किया। आभार प्रदर्शन भाजपा मंडल महामंत्री कच्चे शक्ति केंद्र के प्रभारी ज्वाला प्रसाद जैन ने किया। जनपद सदस्य जीव राखन सलाम ने भी उपस्थित लोगों को अपना मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर परभाजपा मण्डल महामंत्री डिगेश खापर्डे,रमल सिंह कोर्राम, करबारी कोमरा, गेंद लाल चक्रधारी, सहदेव पद्दा, सुखलाल दुग्गा, रामसाय सलाम, सहदेव महल्ला, छन्नू राम मांडवी, बिर्सी बाई मांडवी, सपना मानिकपुरी, सगुना, छन्नू राम मंडावी, चैन सिंह,झाडू राम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नारायणपुर शीतला मंदिर जमीन विवाद ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया आवेदन



**भानुप्रतापपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर से लगे ग्राम नारायणपुर शीतला मंदिर की जमीन को लेकर इन दिनों विवादों चल रहा है। दरअसल यह मंदिर कई वर्षों पूर्व से नारायणपुर में स्थित है, और यह नारायणपुर, कन्हारगांव सहित भानुप्रतापपुर के लोगों के आस्था का केंद्र है, और साल में एक बार यहां माता मेला भी लगता है। परन्तु जिस जगह पर शीतला मंदिर स्थापित है उस जमीन का मालिकाना हक रखने वाले सनत यदु पिता लक्ष्मीनारायण यदु ने शीतला मंदिर के सामने की जमीन पर धान की बुवाई कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सनत यदु के पट्टा के जमीन बताया जा रहा है। इसी मामले को लेकर ग्राम कन्हारगांव, नारायणपुर और भानुप्रतापपुर के सैकड़ों ग्रामीणों ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय पहुंच कर अपने समस्या के निराकरण करने का निवेदन किया है । ग्रामीणों का कहना है कि इस जमीन में वर्षों से माता पहुचानी मड़ाई मेला किया जाता है, शीतला मंदिर किसी व्यक्ति विशेष का नहीं होता, बल्कि समस्त ग्रामीणों की आस्था का केंद्र होता है। ऐसे में मंदिर में आने जाने के लिए रास्ता दिया जाए और मंदिर में कार्यक्रम करने के लिए कुछ जमीन मंदिर के लिए आरक्षित की जाए । ग्रामीणों के आवेदन पर एसडीएम ने मंदिर की जमीन पर तथाकथित मालिकाना हक रखने वाले सनत यदु को अपना पक्ष रखने हेतु बुलाया है।

# महिला ग्रामीण पोस्ट मास्टर ने सीआरपीएफ कैम्प के जवानों की कलाई पर बांधी राखी



**कोण्डागांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर बुधवार को सीआरपीएफ 188 बटालियन चिखलपुटी में महिला शाखा डाकपाल चिखलपुटी कु. अंजली बर्मन ने कैम्प के पदाधिकारियों और जवानों की कलाई पर राखी बांधते हुए देश की सुरक्षा करने का वचन लिया। अपने घर से दूर देश की सुरक्षा और क्षेत्र की रक्षा में नियुक्त जवानों को रक्षा बंधन जैसे पवित्र त्योहार पर भी अपनी बहनों से राखी बंधवाने का अवसर नहीं मिल पाता है। लेकिन महिला डाककर्मी ने सीआरपीएफ जवानों की कलाई पर राखी बांध उनकी मायूसी को दूर कर दिया। राखी बांधकर बहन से दूर होने की कमी महसूस नहीं होने दिया। सीआरपीएफ के पदाधिकारी एवं जवानों को तिलक लगाया, आरती उतारी और उनकी कलाई पर राखी बांधी। अपने कलाई पर राखी बंधवाकर सीआरपीएफ के पदाधिकारी एवं जवान भी भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर मुख्य रुप से जितेंद्र चंद्रा, आकाश ठाकुर, बाला मुरगन, एच वेंकटाचार्य, तुलाराम, बसन्त कुमार सहित समस्त जवानों ने राखी बंधवाया।

# युवा व अनुभवी विमल सुराना को नई जिम्मेदारी

**दंतेवाड़ा**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए युवा और अनुभवी दोनों वर्गो को महत्व दिया है। इसी सिलसिले में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी, पूर्व जिला अध्यक्ष तथा वर्तमान में खाद्य आयोग के सदस्य विमल सुराना को संयुक्त महा सचिव नियुक्त किया गया है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

लंबे समय तक कांग्रेस की राजनीति से सुराना परिवार का अटूट रिश्ता रहा है। श्रीमती इंदिरा गांधी के दौर में जब पूरे देश में कांग्रेस की कीर्ति फैली हुई थी, उस वक्त से स्व. रतन लाल सुराना के रूप में कांग्रेस को एक महत्वपूर्ण हस्ती राजनीति में मिली जो सौम्यता, शालीनता और कर्मठता के मिसाल थे। राजनीति के इसी शुद्ध और धवल पक्ष को विमल सुराना ने भी एक संस्कार के रूप में ग्रहण किया और नई पीढ़ी की कांग्रेसी राजनीति में अपनी अलग पहचान बनायी। शहीद महेन्द्र कर्मा के साथ लंबे समय तक बतौर सहयोगी श्री सुराना ने कांग्रेस को पुष्पित और पल्लवित किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में बारसूर से लेकर बैलाडीला और दंतेवाड़ा, कुआकोंडा, कटेकल्याण व गीदम के सभी हिस्सों में कांग्रेस को जन-जन की अभिव्यक्ति का मंच बनाया। श्री सुराना की छवि बेहद निर्भिक और तटस्थ कांग्रेसी नेता के रूप में रही है। जिला पंचायत सदस्य रहते हुए भी श्री सुराना ने जन-जन की आवाज को मुखर किया और विकास कार्यो में सहभागिता निभाई।

2019 के उप चुनाव में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के साथ शानदार समन्वय के साथ कांग्रेस को जीत दिलाने में भी श्री सुराना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके समर्पण और परिश्रम को देखते हुए उन्हें राज्य खाद्य आयोग का सदस्य मनोनीत किया गया। उनके ही प्रयास से गीदम को राजस्व अनुविभाग का दर्जा मिला और एसडीएम की पोस्टिंग हुई। मेडिकल कॉलेज की सौगात भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गीदम को दी है। इस दिशा में भी उनका प्रयास रहा है। अनुविभाग की घोषणा के वक्त जन सभा में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्री सुराना का नाम लिया और उन्हें संबोधित करते कहा कि आप की मांग और प्रयास के चलते गीदम को अनुविभाग बना रहा हूं।



## पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने बनाया संयुक्त महासचिव

बहरहाल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की टीम में श्री सुराना को संयुक्त महासचिव की अहम जिम्मेदारी मिली है। अभी विधानसभा चुनाव में महज दो महीने से भी कम समय रह गया है। हफ्ते भर के भीतर उम्मीदवारों की घोषणा होने वाली है। ऐसे शानदार माहौल में श्री सुराना को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए कांग्रेस ने उनके अनुभवों का लाभ लेने का प्रयास किया और निश्चित रूप से दंतेवाड़ा में कांग्रेस की सीट बरकरार रखने श्री सुराना की भूमिका सार्थक और सफल रहेगी, यह उम्मीद की जा रही है। कनिष्ठ-वरिष्ठ सभी कार्यकर्ताओं को अपने साथ जोड़कर उन्हें प्रदेश सरकार और संगठन की गतिविधियों में भागीदार बनाने की जो महारथ विमल सुराना को हासिल है, यह कुशलता बहुत कम लोगों में होती है और इसी वजह से आगामी चुनाव में कांग्रेस की जीत दंतेवाड़ा से सुनिश्चित है, ऐसी चर्चा लोग अभी से करने लगे हैं।

# जोन स्तरीय प्रतियोगिता में स्मार्ट टॉयलेट का मॉडल रहा प्रथम



**भानुप्रतापपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जोन स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ विज्ञान मॉडल तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को भानबेड़ा में किया गया। पानी के सदुपयोग को लेकर शासकीय माध्यमिक शाला चिचगांव के बच्चों के द्वारा तैयार किए गए स्मार्ट टॉयलेट का मॉडल प्रथम रहा।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत संकुल केंद्र भानबेड़ा में प्राचार्य लिनुस मिन्ज के दिशा निर्देश, मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में उक्त प्रतियोगिता में तीन संकुल चीचगांव,भानबेड़ा एवं भेजा के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता दो स्तरों में आयोजित की गई प्राथमिक स्तर तथा माध्यमिक स्तर प्राथमिक स्तर में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर संकुल केंद्र चीचगांव द्वितीय स्थान पर संकुल केंद्र भानबेड़ा तथा तृतीय स्थान पर संकुल केंद्र भेजा रहा इसी तारतम्य में माध्यमिक स्तर में च्किज प्रतियोगिता में संकुल केंद्र चीचगांव प्रथम एवं द्वितीय स्थान तथा संकुल केंद्र भेजा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ माध्यमिक स्तर में ही विज्ञान मॉडल में संकुल केंद्र चीचगांव स्मार्ट टॉयलेट प्रथम, हमारा परिवेश संकुल केंद्र भेजा द्वितीय, सौरमंडल संकुल केंद्र भानबेड़ा तृतीय स्थान पर रहा उक्त कार्यक्रम में संकुल समन्वयक दिनेश ठाकुर, लीलाधर ठाकुर, अनु पिस्दा का संपूर्ण मार्गदर्शन रहा तथा प्रधान पाठक जयराम तेता, रामनारायण हिरवानी, चंद्रिका सोनी, यशोदा करंगा, कृष्ण ठाकुर, ताराचंद ठाकुर, सीमा सोनवानी, दिव्या ठाकुर, विनीता मोहबिया समस्त संकुल के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### न्यायालय में भर्ती पर दावा आपत्ति बुलाई गई

**दंतेवाड़ा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार कुल 13 पद आकस्मिकता निधि के अंतर्गत (चौकीदार, स्वीपर एवं वाटर मैन) की भर्ती के संबंध में प्राप्त आवेदनों में से पात्र एवं अपात्र सूची तैयार की गई है। जिसे कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय की वेबसाईट में अपलोड किया गया है। इसका अवलोकन कर अपात्र अभ्यर्थी अपलोड 29 अगस्त से 7 दिवस के भीतर रजिस्टर्ड डाक से अथवा स्वयं उपस्थित होकर अथवा ईमेल के माध्यम से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, जिस पर अंतिम निर्णय समिति द्वारा ही किया जाएगा। इस निर्णय पर किसी प्रकार का आक्षेप करने का अधिकार नहीं होगा।

# प्रा.शाला जोन्दरापदर में मनाया रक्षा बंधन, पेड़ों को बांधी राखी



**कोण्डागांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा पौधे को अनुपयोगी सामग्री से बनी राखी/रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन पर्व मनाया जाने के साथ ही पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया। रक्षा बन्धन पर्व के अवसर पर प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में पर्यावरण संरक्षण, पेड़ों की सुरक्षा के प्रति बालमन में जागरूकता, पेड़ पौधों के प्रति लगाव पैदा करने के उद्देश्य से रक्षा बंधन पर्व का आयोजन किया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बच्चों के सहयोग से अनुपयोगी सामग्री जैसे कपड़े की कतरन, टूटी सीडी, कागज के कतरन, कान की बाली आदि से विशाल राखी का निर्माण किया। सभी बच्चों ने पेड़ को सामुहिक रूप से रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सुरक्षा व पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ ली। साथ ही बच्चों को पेड़ पौधों से होने वाले लाभ, प्राण वायु आक्सीजन नदियों का संरक्षण ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले नुकसान आदि के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों सहित शिक्षिका स्मिता नेताम, स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**कोण्डागांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। 31 अगस्त 2023 को नालसा एवं सालसा के गाईड लाईन के अनुसार उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में नरेन्द्र सिंह नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति नारायणपुर एवं श्रीमति अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा जिला पंचायत नारायणपुर के सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में विभिन्न शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागों से उपस्थित अधिकरियों, कर्मचारियों तथा उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालिंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नागरिकगण को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में उपस्थित मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट के द्वारा उपस्थित जनसमूह को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के तेजी से बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए वरिष्ठ नागरिकों को जिस तरह सामाजिक, शारीरिक, मानसिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, वह उनके लिए अद्वितीय है। आर्थिक समस्याएँ रोजगार की हानि के साथ-साथ आय की हानि और आर्थिक असुरक्षा में कमी होना तथा शारीरिक समस्याओं में स्वास्थ्य और चिकित्सा समस्याएं शामिल हैं। सामाजिक समस्याएँ पारिवारिक समर्थन की कमी और सामाजिक कुसमायोजन हो सकती हैं। वृद्ध व्यक्तियों के लिए सुरक्षा एक और बड़ा मुद्दा होना बताते हुए उक्त संबंध में समस्त उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी, पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालिंटियर्स को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर वृद्धजनों को योजना/सुविधाओं को मुहैया कराने हेतु निर्देश किया गया। श्रीमति अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 'माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण व कल्याण अधिनियम 2007' के संबंध में यह जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को अपने घर में शांति से रहने का अधिकार है व वरिष्ठ नागरिक संरक्षण अधिनियम 2007 के तहत कार्यवाही की मांग कर सकते हैं तथा सीआरपीसी की धारा 125 के तहत् गुजारा-भत्ते की मांग करने हेतु, इसकी शिकायत एस.डी.ओ./कलेक्टर को कर सकते हैं, अगर बच्चे अपने माता-पिता से मारपीट की धमकी देते हैं, तो पुलिस में भी शिकायत कर सकते हैं, पुलिस मामले को न सुने तो मजिस्ट्रेट या फैमिली कोर्ट में अपील कर सकते है तथा न्यायालय में वरिष्ठ नागरिकों से जुडे मामलों को शीघ्र निराकरण हेतु प्राथमिकता देने के संबंध में जानकारी देते हुए शासन के योजनाओं के संबंध में इंदिरा गांधी राष्टीय वृद्धावस्था पेंशन योजना से लाभ दिलाने और ऐसे वृद्धजन जिनकी संरक्षण/देखरेख हेतु कोई पारिवारिक सदस्य नहीं है, ऐसे वरिष्ठजनों को वृद्धा आश्रम/वृद्धजन देखभाल केन्द्र तक पहुंचाने हेतु मार्गदर्शन कर, उक्त अधिनियम के संबंध में वरिष्ठजनों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करते हुए वरिष्ठजनों को इस अधिनियम के तहत् अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित करने हेतु प्रेरित किया गया।



इस अवसर पर अभयजीत मण्डावी डिप्टी कलेक्टर नारायणपुर, सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव, चन्द्रप्रकाश कश्यप प्रतिधारक अधिवक्ता नारायणपुर, एस.एस.पाण्डे उपसंचालक सामाज कल्याण विभाग नारायणपुर, श्रीमति किरण नैलवाड चतुर्वेदी, महिला बाल विकास महिला संरक्षण अधिकारी नारायणपुर समस्त पैनल अधिवकतागण के साथ समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, एन.जी.ओ.के सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिकगण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।

# शिवसेना जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक



**भानुप्रतापपुर,** 31 अगस्त। भानुप्रतापपुर में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी हेतु बैठक कर चर्चा किया।तैयारी के लिए दायित्व भी सोपा गया।बैठक के उपरांत शिवसेना द्वारा कहा गया कि एक शिवसेना ही ऐसी पार्टी है जो आम जनता हेतु त्वरित रूप से हर मुद्दे पर आंदोलन कर सड़क पर लड़ाई लड़ कर जनता को उसका हक और अधिकार दिलाती है।

## मोटर साइकिल चोरी के आरोपी गिरफ्तार



**भानुप्रतापपुर,** 31 अगस्त। कच्चे थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार की सुबह गाड़ी चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई गई थी। कच्चे पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड मे भेज दिया गया। कच्चे चौकी प्रभारी सन्तोष साहू ने बताया प्रार्थी गुलेश कोर्राम ग्राम पर्रेकोडो निवासी ने कच्चे पुलिस को बताया था कि गोदावरी माइंस कच्चे मे मजदूरी का काम करता हुं दिनांक 27/08/2023 को मै अपने जीजा देवल सिंह कोरेटी की मो.सा.सुपर स्पेलेण्डर क्रमांक ष्ट्त19 क्क्ष्1568 को लेकर माइंस मे डियूटी आया था जहाँ से चोरी हो गया। रिपोर्ट तत्काल प्रभाव से खोज बीन प्रारम्भ कर दिया। इस दौरान मुखबिर से मिली की मोटर सायकल क्रमांक ष्द्द 19 ड्डद्द 1569 दल्ली राजहरा निवासी ट्रक हेल्पर टूकेश कुमार निषाद को गाड़ी चलाते हुए देखा गया है। पुलिस की टीम ने दल्लीराजहरा पहुंच कर घटनास्थल से आरोपी को गिरफ्तार किया और बाइक को भी बरामद कर लिया गया।

संपादकीय

## खुशी को ग़म में बदलते सड़क हादसे

वाहनों के लापरवाहीपूर्वक चालन से होने वाले सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ती महसूस की जा रही है। वैसे तो सारे ही हादसे दुखदायी होते हैं और उनमें होने वाली मौतें भी दुखद होती हैं पर यदि ये दुर्घटनाएं किसी खुशी के मौके पर हों तो वे बहुत गहन ग़म का कारण बन जाते हैं। ज्यादातर तीज-त्यौहारों में लोगों का आवागमन बढ़ जाता है। लोग एक दूसरे के घरों को या परिजन आपसी मेल-मिलाप के लिये जाते हैं। त्यौहारों का उत्साह और अपने लोगों से मिलने की खुशी में वाहनों की गति और परिचालन ऐसा अनियंत्रित हो जाता है कि हादसे हो जाते हैं। खुशियों को दुख में बदलते देर नहीं लगती। आवश्यक है कि वाहनों को बहुत नियंत्रित तरीके से और सावधान होकर चलाना चाहिये।

छत्तीसगढ़ में तीज, राखी, भाई-दूज आदि ऐसे ही पर्व हैं जब महिलाएं मायके जाती हैं और भाई-बहनों का एक दूसरे के घरों में आना-जाना होता है। दुर्भाग्य से शायद ही ऐसा कोई त्यौहार देखने में आता है जब सड़कों पर दुर्घटनाओं के चलते खून न बहता हो। यहां तक कि शादी ब्याह में भी हादसे होते हैं- ज्यादातर लापरवाही से वाहन चलाते हुए। राखी, भाई-दूज, तीज, दिवाली आदि में दोपहिया वाहनों पर पूरा परिवार बैठकर यात्रा करता है, जिनमें अक्सर पति-पत्नी के साथ दो या तीन बच्चे भी होते हैं। किसी तरह से उन्हें आगे-पीछे बैठाकर वाहन चालक बहुत असुविधापूर्ण तरीके से मोटर साइकल, स्कूटी आदि चलाते हैं। इससे अक्सर उनका नियंत्रण गड़बड़ाता है व हादसे हो जाते हैं।

बुधवार को मनाये गये रक्षाबन्धन (कई लोगों ने गुरुवार को भी मनाया) के लिये जाते हुए कुछ हादसे हुए हैं जिनके कारण अनेक लोगों के यहां मातम छा गया। जांजगीर के पामगढ़ थाना के तहत कोसला गांव के संतोष विश्वकर्मा की पत्नी तथा उनकी बेटी अपने भाइयों को राखी बांधने के लिये डोड़की गई थीं। राखी बांधकर बस से लौटीं। उतरकर मां तो सड़क के पार हो गई पर तन्नू एक हाइवा की चपेट में आ गई जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पैदल चलने वालों को भी उतनी ही सतर्कता बरतनी चाहिये। बुधवार को ही राखी पहुंचाने जा रहे युवक की बाइक और स्कूटी की टक्कर में मौत हो गई। बाइक को ओवरटेक करते हुए स्कूटी सवार युवक के सिर पर गम्भीर चोट लगने से मृत्यु हो गई। हेलमेट न पहनना भी मौत का कारण बन गया। साथ में उसकी पत्नी व एक बच्चा भी था। ऐसे ही, पलारी में खपरीडीह गांव के पास एक ट्रक ने मां-बेटे को रौंद दिया। खोलबहरीन साहू अपने बेटे जनेहर के साथ बाइक पर मिरचिद से हसुवा गांव राखी छोड़ने जा रही थी। तभी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। देवभोग में अमलीपदर में एक ढाई वर्षीय बच्चे को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। बच्चे का कपड़ा व पैर लेग गार्ड व हुक में बहुत देर तक फंसा रहा और बाइक सवार उसे लगभग एक किलोमीटर तक घसीटता हुआ चला गया। वह बच्चे के चीखने-चिल्लाने की आवाज भी नहीं सुन रहा था और न ही उसे रोकने के लिये चिल्लाते हुए लोगों की वह आवाज़ सुन पा रहा था। आखिरकार कुछ महिलाओं ने उसे रोका एवं पुलिस के हवाले किया। बच्चा इस कदर घायल हो गया था कि अस्पताल पहुंचते हुए उसकी मौत हो गई।


इन घटनाओं से साफ है कि चाहे वाहन खुद चलाएं या फिर रास्ते पर पैदल चलना हो। बहुत सावधानी आवश्यक है। कभी खुद के चालन से किसी की जान जा सकती है तो कभी खुद को खतरा हो सकता है। वाहनों की गति नियंत्रित हो, सतर्कता बनी रहे और सुरक्षा उपाय हेलमेट आदि भी ज़रूरी हैं।

उल्टा पुल्टा

**दांत का डॉक्टर**- आपका दांत निकालना पड़ेगा क्योंकि ये सड़ चुका है।
**राजू**- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
**दांत का डॉक्टर**- बस 500 रुपये लगेंगे.
**राजू**- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

# आरोप पत्र से कांग्रेस को घेरेंगे अमित शाह

## प्रदेश में सत्ता वापसी के लिए भाजपा ने झोंकी ताकत



**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 में सत्ता वापसी के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। 70 दिनों के भीतर चौथी बार शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। शाह एक सितंबर को शाम 6ञ्40 बजे नियमित विमान से राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे।

शाह अपने साथ कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए बनाया गया खास च्आरोप पत्रज् साथ लेकर आएंगे। पार्टी सूत्रों की माने तो आरोप पत्र को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, विफलता और वादाखिलाफी शामिल हैं। ये ही भाजपा के प्रमुख चुनावी मुद्दे होंगे।

आरोप पत्र के साथ भाजपा एक गाना भी रिलीज करेगी। हर विधानसभा स्तर पर आरोप पत्र तैयार होगा। अलग-अलग वर्गों महिला, युवा, किसान आदिवासी के लिए अलग-अलग आरोप पत्र बनेंगे। चुनाव के लिए गठित आरोप पत्र समिति ने एक महीने पहले शाह को आरोपों का पुलिंदा दे दिया था। ये आरोप पत्र का प्रिंट भी दिल्ली में गोपनीय तरीके से किया गया है।

**ये होंगे भाजपा के प्रमुख मुद्दे**

**भ्रष्टाचार:** भाजपा कोल घोटाले, शराब, महादेव एप के जरिए सट्टे की कार्रवाई के सहारे कांग्रेस सरकार को घेरेगी।

**विफलता:** पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन समेत गोठान- किसानों की दुर्दशा, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था आदि मुद्दे शामिल हैं।

**वादाखिलाफी:** प्रदेश में शराबबंदी, अनियमित कर्मियों को नियमित करने का वादा आदि पर कांग्रेस को घेरने की तैयारी है।

**आरोप पत्र जारी करने से पहले लेंगे बैठक**

निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक शाह एक सितंबर को शाम 6ञ्40 बजे नियमित विमान से राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे। वहां से भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचकर भाजपा की आरोप पत्र समिति, घोषणा पत्र समित व अन्य समितियों की बैठकें लेंगे।

दो सितंबर को सुबह 11 बजे साइंस कालेज स्थित प. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता की ओर से आरोप पत्र पेश करेंगे।

**सराईपाली में चुनावी सभा**

दो सितंबर की शाम 3 बजे अर्जुंदा सराईपाली में जनजाति समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शाह चुनावी सभा का आगाज करेंगे। इसके पहले शाह ने 22 जून को दुर्ग में एक बड़ी आम सभा को संबोधित किया था। इसके 12 दिन बाद चार-पांच जुलाई और 22 जुलाई को को रायपुर आए। अब करीब 40 दिन बाद फिर शाह आ रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष पहुंच रहे हैं।

## तीन चार मंत्री क्षेत्र बदलकर लड़ेंगे चुनाव

### भूपेश कैबिनेट के सभी मंत्रियों की टिकट लगभग फाइनल

भूपेश कैबिनेट के सभी मंत्रियों की टिकट लगभग फाइनल है ।लेकिन तीन मंत्रियों ने सीट बदलकर चुनाव लड़ने की मंशा जताई है ।सूत्रों की माने तो सर्वे रिपोर्ट में भी इन मंत्रियों को वर्तमान सीट से खतरा बताया गया है ।वही अब तक का रिकार्ड देखे तो नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया हर बार सीट बदलते रहे है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन से ही चुनाव लड़ेंगे। वहीं उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव अम्बिकापुर से, मंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण या बेमेतरा, मंत्री रविंद्र चौबे साजा, मंत्री मो. अकबर कवर्धा, मंत्री कवासी लखमा कोंटा, डॉ. शिवकुमार डहरिया आरंग या बिलाईगढ़ या सरायपाली से लड़ेंगे। वहीं मंत्री अमरजीत भगत सीतापुर, मंत्री अनिला भेंड़िया डौंडीलोहारा या मोहला-मानपुर, मंत्री उमेश पटेल खरसिया, मंत्री मोहन मरकाम कोंडागांव, मंत्री गुरु रूद्रकुमार अहिवारा या नवागढ़ या मुंगेली और जयसिंह अग्रवाल कोरबा से चुनाव लड़ेंगे। मंत्री गुरु रूद्रकुमार, मंत्री ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अनिला भेंड़िया की सीटों में परिवर्तन होने की संभावना जताई गई है।

### अभनपुर व रायपुर पश्चिम मे कांग्रेस से केवल एक नाम

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस में प्रत्याशियों का पैनल तैयार होने लगा है। इस कड़ी में रायपुर जिले की 3 सीटों पर केवल एक ही नाम होने की वजह से प्रत्याशी तय बताए जा रहे हैं ।अन्य चार सीटों पर तीन और दो नाम का पैनल तैयार किया गया है। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस में रायपुर जिले की तीन सीटों आरंग, अभनपुर और रायपुर पश्चिम से केवल एक ही नाम पैनल में शामिल किया गया है। इसमें अभनपुर से धनेंद्र साहू और रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय का नाम शामिल है। ऐसे में दावेदारी स्पष्ट है। इसके अलावा अन्य चार सीटों पर तीन और दो नाम का पैनल तैयार हुआ है ।इसमें भी रायपुर ग्रामीण से पंकज शर्मा के नाम पर मुहर लगने की संभावना है। लेकिन रायपुर उत्तर और धरसींवा से कांग्रेस विधायकों के टिकट कटने के आसार नजर आ रहे हैं।

## छग में भाजपा ईडी के भरोसे, उनके पास आरोप लगाने लायक मुद्दा नहीं : सैलजा

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा आज रायपुर पहुंचीं ।उन्होंने कहा, 2 सितंबर को राहुल गांधी का दौरा है। दौरे को लेकर रायपुर में युवाओं के बीच उत्साह है ।भारत जोड़ो यात्रा के बाद से युवाओं को राहुल का इंतजार है। कुमारी सैलजा ने कहा, भाजपा के पास आरोप लगाने लायक कोई मुद्दा ही नहीं है. ईडी के जरिये लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है।

कुमारी सैलजा ने कहा, देश के भविष्य को प्रधानमंत्री ने अधंकार में डाल दिया है। युवाओं को समझ आ गया है कि भाजपा के साथ उनका भविष्य नहीं है ।दूसरी ओर पीएम मोदी इवेंट के भरोसे हैं। युवाओं के साथ प्रधानमंत्री ने छल किया है।



गृहमंत्री अमित शाह के दौरे और भाजपा के आरोप पत्र सैलजा ने कहा, अमित शाह और भाजपा तो छत्तीसगढ़ में ईडी के भरोसे हैं ।आरोप तो भाजपा पर ढेरों हैं ।15 साल के शासन में जो घोटाले हुए वो ईडी को नजर नहीं आ रही है। भाजपा सरकार में कितने भ्रष्टाचार हुए हैं, हजारों करोड़ के घोटाले हुए ।इसकी जांच नहीं हो रही है। दूसरे राजनीतिक दल के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी को छोड़े देंगे। कुमारी सैलजा ने कहा, भाजपा के पास आरोप लगाने लायक कोई मुद्दा ही नहीं है।

घोषणा पत्र में शराबबंदी की बात को लेकर लगातार बीजेपी सवाल उठा रही है, इस पर सैलजा ने कहा, पहले ही हमने इस बात को मान लिया, हम बिल्कुल चाहते थे कि शराबबंदी हो, लेकिन जब यहां के लोगों से बातचीत और बहुत कुछ इसके बारे में ग्राउंड वर्क किया गया तब ऐसा लगा कि शराबबंदी के लिए अभी समय ठीक नहीं है ।इस बार के घोषणा पत्र को लेकर सैलजा ने कहा, व्यापक रूप से लोगों से बातचीत कर इनपुट ले रहे हैं, उसके बाद ही हमारा घोषणा पत्र जारी होगा।

आज इंडिया एलाइंस की मीटिंग में डिप्टी सीएम महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस कह रहे हैं कि इंडिया का जो एलाइंस है यह बहुत ज्यादा इंपैक्ट नहीं करेगा और यह मोदी जी को टारगेट करने के लिए है ।इस पर कुमारी सैलजा ने कहा, यह पहले खुद देख लें की उनके यहां किन-किन की डायनेस्टी चल रही है ।भारतीय जनता पार्टी अपने गिरेबान में जाकर और भारतीय जनता पार्टी यह देखें कि उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों के साथ क्या खिलवाड़ किया ।वहां पर कैसे सरकारों को गिराया जाता है, वह सब कुछ दुनिया देख रही है, देश के लोग देख रहे हैं और फडणवीस जो पहले मुख्यमंत्री थे अब वह उपमुख्यमंत्री बनने में संतुष्ट हैं।

## महादेव ऐप की दुबई में पार्टी करने वाली इवेंट-कंपनी पर ईडी का छापा

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में चल रही महादेव ऐप की ईडी की जांच चारों तरफ बढ़ती जा रही है। देश के बाहर दूसरी जगहों पर भी इससे जुड़े लोगों की तलाश हो रही है, और इस ऑनलाईन सट्टेबाजी कारोबार से गया हुआ पैसा ढूंढा जा रहा है। इस बीच दो दिन पहले मुम्बई में एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी पर भी ईडी का छापा पड़ा है जिसने दुबई में महादेव ऐप चलाने वालों की एक पार्टी में फिल्मी सितारों और कलाकारों का इंतजाम किया था।

जानकार सूत्रों से पता चला है कि ईडी ने इस कंपनी पर छापा डाला है और ऐसे सुबूत जुटाए हैं कि सट्टेबाजी की कमाई में से करीब 40 करोड़ रूपया पिछले बरस सितंबर में दुबई की पार्टी के लिए इसे दिए गए थे। मुम्बई के अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक महादेव ऐप और छत्तीसगढ़ के कुछ प्रभावशाली लोगों पर पड़े ईडी छापों के साथ ही मुम्बई की इस कंपनी पर छापा पड़ा है। छत्तीसगढ़ में ईडी को यह पता लगा था कि सट्टेबाजी के इस कारोबार में सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल नाम के जो दो लोग इसके मुखिया दिखते हैं, उनके पीछे कुछ दूसरे ताकतवर लोग भी थे। ईडी उसकी जांच कर ही रही है कि यह भी पता लगा कि दुर्ग-भिलाई इलाके के बहुत से नौजवान दुबई की इस पार्टी में गए थे, और वहां से लौटते हुए उन सबको बहुत महंगे तोहफे भी दिए गए थे। जांच एजेंसी के सूत्रों से यह भी पता लगा है कि दुर्ग जिले के कई पुलिस अधिकारी-

**40 करोड़ भुगतान के मिले सुबूत**

कर्मचारी भी इस पार्टी में दुबई गए थे, और अब उनकी भी जांच चल रही है।

इस मामले में अब तक एक पुलिस अधिकारी, एएसआई चन्द्रभूषण वर्मा को ईडी ने गिरफ्तार किया है, जिसने प्रारंभिक बयान देने के बाद अदालत में आवेदन लगाया है कि ईडी को यह कहा जाए कि उससे पूछताछ हिन्दी में ही की जाए, क्योंकि वह अंग्रेजी नहीं जानता है। दूसरी तरफ ईडी के वकील से जानकारी मिली है कि एजेंसी गवाहों और आरोपियों के पलट जाने की वजह से अब सारे बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग भी करती जा रही है, और जरूरत पड़ने पर उसे अदालत के सामने रखा जाएगा।

महादेव ऐप नाम का ऑनलाईन सट्टेबाजी कारोबार छत्तीसगढ़ के इतिहास का आज तक का सबसे बड़ा जुर्म कहा जा रहा है जिसमें हजारों करोड़ की अफरा-तफरी की जानकारी सामने आई है। इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, और सीएम के दो ओएसडी पर भी छापे पड़े हैं, इनके बाद में ईडी दफ्तर में बयान भी लिए गए हैं, लेकिन उनमें से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ईडी ने अदालत में पेश रिमांड नोट में खुलासे से लिखा है कि किस तरह चन्द्रभूषण वर्मा बड़े राजनीतिक संरक्षण में काम कर रहा था, और ऊपर तक पैसा पहुंचा रहा था। उसे सट्टा कारोबारियों से नियमित उगाही करके पुलिस अफसरों और सत्तारूढ़ नेताओं तक पहुंचाने वाला बताया गया है। प्रदेश के कई आईपीएस अधिकारियों और राज्य पुलिस सेवा के अफसरों के नाम से बड़ी-बड़ी रकम पहुंचाने की बात ईडी को बयानों में मिली है, और चन्द्रभूषण वर्मा ने अदालत में अर्जी लगाकर खुद ही ऐसे आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों के नाम बताए हैं जिनके खिलाफ बयान देने के लिए ईडी के दबाव की बात उसने कही है।

## शिक्षा विभाग में पदस्थ एडिशनल कलेक्टरों को लौटना होगा

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु) ।स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ किए गए राज्य प्रशासनिक सेवा के दोनों अफसरों को मूल संवर्ग में लौटना होगा। दोनों ही अधिकारी जीएडी के आदेश का इंतजार कर रहे हैं । राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग में हो रही गड़बडियों पर निगाह रखने साढ़े तीन माह पहले राप्रसे के दो एडीशनल कलेक्टरों को एडिशनल डायरेक्टर पदस्थ किया था। 9 मई को जारी आदेशानुसार राजेंद्र गुप्ता एडिशनल कलेक्टर बलौदाबाजार और प्रणव सिंह रायपुर को पदस्थ किया था। उनके चार्ज लेते ही विभागीय कैडर के जेडी, डीडी और डीईओ ने विरोध शुरू कर दिया। इन्हें पूर्व मंत्री डॉ. टेकाम के ओएसडी एएन बंजारा की भी मदद मिली ।इस पर विभाग के इन अफसरों ने टेकाम से मिलकर नियुक्ति रद्द करने की मांग की थी।

टेकाम ने सीएम की व्यवस्था कहकर हाथ खड़े कर दिए थे ।उसके बाद रायपुर के जेडी श्री कुमार, और सरगुजा के जेडी हेमंत उपाध्याय ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसी सप्ताह के शुरू में हाईकोर्ट ने नियुक्ति को अनुचित ठहराते हुए विभागीय कैडर के अफसरों को पदस्थ करने कहा। सूत्रों ने बताया कि शिक्षा विभाग के इन अफसरों के कॉकस ने याचिका लगाने और सुनवाई के दौरान भर्ती, सेवा नियमों में कई रद्दो बदल कर प्ली लगाई। दोनों याचिकाकर्ता जेडी, कुमार और उपाध्याय , हाल में उजागर हुए पदोन्नति और पोस्टिंग घोटाले में लिप्त रहे हैं ।इन्हें मंत्री चौबे ने निलंबित कर दिया है ।बहरहाल दोनो एडिशनल कलेक्टर, अपनी नई पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं ।

## गहलोत के खत का जवाब दें भूपेश : चंदेल

**कोल खनन को लेकर कांग्रेस की नूरा कुश्ती का भेद खुला**

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कोल ब्लॉक रद्द करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मांग और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जमीन देने के लिए श्री बघेल को लिखी गई चिट्ठी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पहले तो जवाब दें कि वे राजस्थान की मांग पर जमीन दे रहे हैं या नहीं? कांग्रेस की नूरा कुश्ती एक बार फिर सामने आ गई है।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि भूपेश बघेल एक तरफ तो राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आग्रह पर कोल ब्लॉक खनन के लिए पेड़ काटने एनओसी देते हैं और कहते हैं कि बिजली चाहिए तो कोयला जरूरी है। विरोध करने वाले पहले अपने घर की बिजली बंद कर लें, फिर राजनीति करें। दूसरी तरफ वे केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आवंटित कोल ब्लॉक निरस्त किए जाएं! एनओसी किसने और क्यों दी, जनता जानती है। उन्होंने कहा कि हसदेव के जंगलों की कटाई की एनओसी देने वाले भूपेश बघेल की झूठ की दुकान 3 माह में बंद होने वाली है। कांग्रेस का दोहरा चरित्र जनता के सामने है। कांग्रेस पहले अपना स्वार्थ सिद्ध करती है और फिर शोर मचाती है। भूपेश



बघेल किस स्तर की राजनीति करते हैं, वे चालबाजियों में कितने माहिर हैं, यह छत्तीसगढ़ की जनता ने पौने पांच साल में अच्छी तरह अनुभव कर लिया है। अब जनता के सामने उनकी कोई चालाकी चलने वाली नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस में राहुल-सोनिया गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव तक सब के सब नौटंकी कर रहे हैं। इनके राजस्थान के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की शिकायत सोनिया गांधी से करते हैं कि वे छत्तीसगढ़ में राजस्थान के लिए आवंटित कोल ब्लॉक की एनओसी रोककर रखे हुए हैं। उनके साथ क्या सौदेबाजी हुई, यह भूपेश बघेल बतायें कि सोनिया दरबार में मामला पहुंचने के बाद एनओसी मिल गई। पेड़ों का कत्लेआम शुरू हो गया। लाखों पेड़ कट गए। दूसरा ड्रामा यह कि सिंहदेव कहते थे कि पेड़ बचाने पहली गोली वे खाएंगे। भूपेश बघेल कहते थे कि पेड़ क्या डंगाल भी नहीं कटेगी। तब आखिर क्या हुआ कि डंगाल तो क्या पूरा जंगल कट रहा है। क्या उप मुख्यमंत्री बनने के बाद सिंहदेव मीठी वाली गोली खा रहे हैं। तीसरा ड्रामा यह कि राहुल गांधी कहते थे कि पेड़ नहीं कटने दूंगा। लेकिन जब भूपेश बघेल ने लाखों पेड़ काटने की अनुमति दे दी तब विदेशी धरती पर राहुल गांधी की कोरी बकवास के बीच सवाल सामने आया कि हसदेव में आपकी भूपेश सरकार ने पेड़ काटने की इजाजत क्यों दी है तो उन्होंने कहा था कि इस पर कार्यवाही करेंगे। राहुल गांधी भारत आकर चुप्पी साध गए। भूपेश बघेल बतायें कि क्या डील हुई? राहुल की सीधी डील हुई या भूपेश बघेल और अशोक गहलोत ने मध्यस्थता की।

## राहुल गांधी प्रधानमंत्री के लिए सबसे योग्य व्यक्ति : भूपेश बघेल

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। इंडिया गठबंधन के पीएम उम्मीदवार को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सभी दल मिलकर क्या तय करेंगे मुझे नहीं पता। लेकिन उन्हें विश्वास है कि इसके लिए राहुल गांधी ही सबसे योग्य व्यक्ति हैं। साथ ही नक्सलवाद से निपटने को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे यहां नक्सलवाद से लड़ने के लिए अलग-अलग राजनेताओं की अलग-अलग नीतियां रही हैं। पिछली सरकार इस समस्या के निदान के लिए बंदूक के बदले बंदूक और गोली के बदले गोली की रणनीति से चली।

पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स को खुली छूट दी गई। इस कारण से सैंकड़ों लोगों की जान गई। हमारी सरकार आई तो हम लोगों ने कहा, आज तक जितनी भी समस्याओं का समाधान हुआ है, वह गोला बारूद



से तो हुआ नहीं है, बातचीत से हुआ। विश्वास जीतने के लिए हमने जहां 1700 किसानों की 4200 एकड़ जमीन वापस की। दरअसल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एएनआई के पॉडकास्ट में अपनी बात रख रहे थे। दरअसल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एएनआई के पॉडकास्ट में अपनी बात रख रहे थे। यहां देखें उनका पूरा इंटरव्यू।

ढ्ढ.द्ग.ष्ठ.ढ्ढ गठबंधन के पीएम उम्मीदवार को लेकर किए गए सवाल पर सीएम भूपेश ने कहा, 26 दल के लोग क्या तय करेंगे और क्या नहीं करेंगे, मुझे नहीं पता। लेकिन एक कांग्रेस के कार्यकर्ता होने के नाते मैं यह कह सकता हूं कांग्रेस का ही पीएम उम्मीदवार होना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मैं समझता हूं इसके लिए राहुल गांधी ही सबसे योग्य व्यक्ति हैं। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर किए गए सवाल पर सीएम भूपेश ने कहा कि पूरे देश में हो रहा है तो केंद्र को नियम बना देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कई नेताओं ने जब बार-बार छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के मामले बढ़ने के आरोप लगाए तो आंकड़े निकलवाए कि किस कार्यकाल में सबसे ज्यादा चर्च बने। साथ ही मैंने चुनौती दी कि सबसे ज्यादा चर्च भाजपा के शासन काल में बने। ये इस चुनौती को स्वीकार्य नहीं कर रहे और धर्मांतरण इन्हीं (भाजपा) के कार्यकाल में सबसे ज्यादा हुआ।

## भाजपा ने काटा 24 दावेदारों का नाम दागियों का आगे भी कटेगा पत्ता

**रायपुर**, 31 अगस्त (देशबन्धु) ।इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुत सतर्कता बरतते दिखाई दे रही हैं। और पुरानी किसी भी गलती को दोहराना नहीं चाहती। जो-जो गलतियां बीजेपी को चुनाव या उप-चुनाव में ले डूबीं थी, उनसे पार्टी ने पूरी तरह से किनारा कर लिया है। बीते अनुभवों से , भाजपा ने इस बार चुनाव में किसी भी दागी दावेदार को टिकट ना देने का फैसला किया है। इस बार प्रत्याशियों के चयन में ऐसे करीब 2 दर्जन दावेदारों के नाम काट दिए गए हैं।




01 नवंबर 2022 में हुए भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम पर दुष्कर्म के आरोपों के चलते भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए इस साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुत कोताही बरत रही है और किसी ऐसे उम्मीदवार को टिकट नहीं देना चाहती, जिसके खिलाफ कोई आपराधिक केस हो।

हाल ही में पामगढ़ विधानसभा सीट से टिकट की दावेदार महिला के खिलाफ दहेज यातना का केस दर्ज होने की पुष्टि हुई तो पार्टी ने उन्हें दरकिनार कर दिया ।21 टिकटों की पहली सूची तैयार करते हुए इस पर खासा ध्यान दिया गया और आगे किसी भी मामले के स्न्ढ्ढक्रदर्ज वाले दावेदारों को टिकट ना देने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब हैं की अब भाजपा केवल स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशियों को ही मौका देना चाहती हैं। हालाँकि देखना यह भी हैं कि इसका चुनाव मैदान में मुकाबले पर क्या असर पड़ता हैं।

छत्तीसगढ़ के चुनावी मैदान में दागी प्रत्याशियों या फिर विधानसभा में विधायकों की मौजूदगी नई नहीं है। मौजूदा विधानसभा के 90 में से 22 विधायकों पर आपराधिक केस दर्ज हैं। जिनमें 12 विधायक यानी 13 फीसदी पर गंभीर अपराध के केस रजिस्टर हैं।

इन आंकड़ों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि, सत्ता और सियासत के साथ किस तरह अपराध का तालमेल बना हुआ है। वहीं बीजेपी ने दागियों को नो एंट्री कहकर अब कांग्रेस पर भी दबाव बढ़ा दिया है।

# सिंहदेव का आंकलन हाहाकार की तस्दीक कर रहा : साय

## विधायकों का परफॉर्मेंस ही ठीक नहीं दिख रहा तो प्रदेश सरकार के काम को ठीक कैसे मान रहे

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के उस कथन को परस्पर विरोधाभासी करार दिया है, जिसमें उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने अपने स्तर पर कराए गए सर्वे के बाद दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति अलग है और विधायकों की स्थिति अलग है। श्री साय ने यह कहकर कि सिंहदेव का आकलन उनकी दुविधा और कांग्रेस में मचे हाहाकार की तस्दीक कर रहा है, सवाल किया कि जब विधायकों का परफॉर्मेंस ही उन्हें ठीक नहीं दिखाई दे रहा है तो फिर वे कांग्रेस और प्रदेश सरकार के कामकाज को ठीक कैसे मान रहे हैं?



भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री साय ने कहा कि उपमुख्यमंत्री सिंहदेव यह तो जानते ही होंगे कि किसी सत्तारूढ़ दल के परफॉर्मेंस का मापदंड उस दल के विधायकों की कार्यप्रणाली और रीति-नीति होती है। यह कैसे संभव है कि कांग्रेस विधायकों के परफॉर्मेंस को लेकर अलग राय हो और उस दल की सरकार के कामकाज को लेकर अलग राय हो। श्री साय ने कहा कि दरअसल चुनाव के नजदीक आते-आते कांग्रेस का घमासान कई रूपों में जगजाहिर हो रहा है। मुख्यमंत्री पद के दावेदार रहे सिंहदेव को सत्ता के आखिरी चरण में जिस तरह उपमुख्यमंत्री पद का झुनझुना थमाया गया है, वह मलाल उपमुख्यमंत्री को साल रहा है, जो सर्वे के जरिए सामने आ रहा है। श्री साय ने कहा कि कांग्रेस एकजुटता का राग अलाप कर भी धरातल पर पस्त है और कांग्रेस के नेता अपनी हार तयशुदा मानकर चल रहे हैं।

भाजपा प्रदेश पूर्व अध्यक्ष श्री साय ने कहा कि कांग्रेस की अंतर्कलह का आलम यह है कि उपमुख्यमंत्री अब अपने राजनीतिक विरोधियों पर खुलकर हमला बोल रहे हैं और इसके बाद भी यदि विरोधियों को तवज्जो दी गई तो सिंहदेव साफ कर चुके हैं कि आगे क्या होगा, यह जनता जाने और पार्टी जाने, पर अब वे कोई समझौता नहीं करेंगे। इधर उनके राजनीतिक विरोधी कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह चुनौती दे रहे हैं कि सरगुजा महाराजा व महारानी के खिलाफ उन्होंने कभी कुछ नहीं कहा, यदि साक्ष्य दें तो वह राजनीति छोड़ देंगे। श्री साय ने कहा कि अव्वल तो सिंहदेव को यह साफ करना चाहिए कि कौन उन पर समझौते के लिए दबाव बना रहा है? फिर यह समझ लें कि कांग्रेस में जिस तरह निजी महत्वाकांक्षा सिर पर चढ़ी हुई है, उसके चलते कांग्रेस अपनी हार की पटकथा तो रोज लिख ही रही है।

# मुख्यमंत्री की कलाई पर सजी गोबर और धान से बनी राखी

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती नायक ने मुख्यमंत्री की कलाई पर बांधी यह विशेष राखी



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कलाई पर गरियाबंद के बिहान समूह की बहनों द्वारा गोबर और धान के बीज से बनाई गई राखी सजी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक ने कल रात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कलाई पर यह विशेष राखी बांधकर उनके लिए मंगलकामना की। श्रीमती नायक ने गरियाबंद के बिहान समूह की बहनों द्वारा तैयार राखी खरीदकर मुख्यमंत्री की कलाई पर बांधी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों से ग्रामीण बहनों द्वारा बनाई गई राखी का रक्षाबंधन के पर्व पर उपयोग करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने श्रीमती नायक को भी रक्षाबंधन पर उपहार भेंट किए।

### रक्षाबंधन के दिन बुजुर्ग पेंशनरों की रक्षा हुई : विजय झा

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग ने प्रदेश के पेंशनरों के महंगाई राहत में वृद्धि करते हुए 1 जुलाई 2023 से केंद्रीय कर्मचारियों व राज्य सरकार के सेवारत कर्मचारियों के समतुल्य 42 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान करने का आदेश जारी किया है। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि प्रदेश के पेंशनर लगातार मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच पीसे जा रहे हैं। पेंशनरों को राज्य विभाजन के धारा 49 को हटाकर पेंशनरों के महंगाई राहत में छत्तीसगढ़ राज्य को स्वतंत्रता प्रदान किया जावे। लेकिन ऐसा न होने के कारण मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों के निर्णय उपरांत ही पेंशनरों को उनका विजीब हक मिलता है। श्री झा ने कहा है कि वृद्धावस्था में पेंशनरों को मिलने वाला महंगाई राहत केवल उनके स्वास्थ्य भोजन व्यवस्था आदि के लिए ही उपयोग होता है। इसलिए बुजुर्ग पेंशनरों को पहले महंगाई राहत मिलना चाहिए। इस आदेश का वीरेंद्र नामदेव प्रदेश अध्यक्ष एवं चेतन भारती प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत किया है।

### अमेज़न ने भारत में अपनी प्रतिबद्धता मजबूत की

**रायपुर,** 31 अगस्त। अमेज़ॅन सम्भव सम्मिट के चौथे संस्करण में भारत के प्रति अमेज़ॅन के भावी दृष्टिकोण को साझा करते हुए, अमेज़ॅन के एसवीपी इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स, अमित अग्रवाल ने कहा, हम भारतीय बाजार में विकास और दीर्घकालिक संभावनाओं और भारत में लाखों उपभोक्ताओं और विक्रेताओं को सेवा देने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं। हमने हाल ही में 2030 तक अपने सभी व्यवसायों में भारत में 15 बिलियन डॉलर के वृद्धिशील निवेश की घोषणा की थी और हम 21वीं सदी में भारत की प्रगति में भागीदार बने रहेंगे। मनीष तिवारी, कंट्री मैनेजर इंडिया कंज्यूमर बिजनेस, अमेज़ॅन इंडिया ने कहा, जैसे-जैसे हम 10 मिलियन एमएसएमई को डिजिटल बनाने, 20 बिलियन डॉलर के संचयी निर्यात को सक्षम करने और भारत में 2 मिलियन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने के अपने वादे को पूरा करने के करीब पहुंच रहे हैं,।

# अजय साहू हिंदी पढ़ाने मास्को जाएंगे

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। दीपक नगर दुर्ग निवासी हिंदी शिक्षक अजय साहू का चयन केंद्रीय विद्यालय की विदेश सेवा हेतु किया है। कठिन चयन प्रक्रिया से उनका चयन देश के उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में किया गया है।



■ केंद्रीय विद्यालय की विदेश सेवा के लिए चयनीत प्रदेश के पहले शिक्षक

वे छत्तीसगढ़ के पहले शिक्षक है जिनकी तीन वर्ष के लिए एम्बेसी ऑफ इंडिया स्कूल मास्को रूस में नियुक्ति हुई है। वे अपनी पत्नी पार्वती साहू और दो बच्चों भानुराज और नीतिज्ञ साहू के साथ कल एक सितंबर की संध्या पांच बजे दुर्ग से दिल्ली के लिए तथा तीन सितंबर को दिल्ली से मास्को के लिए रवाना होंगे। वे रूस की राजधानी मास्को में आगामी तीन वर्षों तक रूस में रहकर अपनी सेवाएं देंगे। वे भारतीय बच्चों के अलावा रूसी विद्यार्थियों को हिंदी पढ़ाएंगे। केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक के रूप में वे पिछले बीस वर्षों से देश के अलग-अलग हिस्सों में रहकर राजभाषा हिंदी का शिक्षण.प्रशिक्षण प्रदान करते रहे हैं। दंतेवाड़ा, जगदलपुर, नारायणपुर, रायपुर, कोरबा के अलावा गोधरा गुजरात, शिलांग-मेघालय सहित कई जगह हिंदी की सेवा करते हुए सम्मानित होते रहे हैं। वे दुर्ग-भिलाई के साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं रंगमंच-जगत में सक्रिय रहे हैं। आकाशवाणी से लगातार उनके लिखे सम-सामयिक आलेखों का प्रसारण होता रहा है। दूरदर्शन रायपुर से प्रसारित टेलीफिल्मों में भी उत्कृष्ट अभिनय किया है। अजय की इस उपलब्धि के लिए उनके परिजनों, मित्रों एवं साहित्यकारों, कलाकारों एवं नगरवासियों ने शुभकामना दी है।

# प्रदेश में अब तक 730 मिमी औसत वर्षा दर्ज

## प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा बीजापुर जिले में और कम वर्षा सरगुजा जिले में

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 730 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 31 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1282.9 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 336.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 655.7 मिमी, बलरामपुर में 695.3 मिमी, जशपुर में 593.6 मिमी, कोरिया में 707.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 715 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।



इसी प्रकार, रायपुर जिले में 827.3 मिमी, बलौदाबाजार में 723.2 मिमी, गरियाबंद में 661.3 मिमी, महासमुंद में 754.7 मिमी, धमतरी में 722 मिमी, बिलासपुर में 746.2 मिमी, मुंगेली में 884.5 मिमी, रायगढ़ में 813.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 660.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 615.9 मिमी, सक्ती में 608.2 मिमी, कोरबा में 719 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 745.4 मिमी, दुर्ग में 582 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 569 मिमी, राजनांदगांव में 784.7 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 923.7 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 747.1 मिमी, बालोद में 767.2 मिमी, बेमेतरा में 561.8 मिमी, बस्तर में 784.4 मिमी, कोण्डागांव में 691.4 मिमी, कांकेर में 682.7 मिमी, नारायणपुर में 686.8 मिमी, दंतेवाड़ा में 853 मिमी और सुकमा में 1085.2 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# दो गांजा तस्करों को 16-16 साल की सजा

**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबंधु)। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट लीलाधर सारथी ने गुरूवार को यहां 420 किलोग्राम गांजा तस्करी करते पकड़े गए उ.प्र के 2 युवकों सन्नी कुमार पिता बबलू 22 वर्ष निवासी जलालपुर, थाना करहल, जिला मैनपुरी तथा विष्णु जादौन पिता सत्यप्रकाश जादौन 23 वर्ष निवासी ग्राम. मौरहना, थाना.गवाना, जिला . अलीगढ़ को 16.16 वर्ष कठोर कारावास तथा 2.2 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड नहीं पटाने पर दोनों को 1.1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगताया जाएगा। अभियोजन के मुताबिक थाना कोमाखान के निरीक्षक सिद्धेश्वर प्रताप सिंह, स्टाफके साथ 31 अक्टूबर 2021 को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक.353 फारेस्ट नाका टेमरी पर वाहनों की चेकिंग में जुटे हुये थे। उसी दौरान एक टाटा मालवाहक ट्रक क्रमांक यूपी.83 सीटी.1655 आया। जिसे रोककर पूछताछ करने पर वाहन में लोहे के पाट्‌र्स होना बताया गया। लेकिन, वाहन को चेक कराने कहा गया तो ड्राइवर आना.कानी करने लगा। शंका होने पर तलाशी ली गई तो ट्रक के डाले में लोहे के 9940 किलो पाट्‌र्स के साथ रखा गया प्लास्टिक की 14 बोरियों में भरा हुआ मादक पदार्थ गांजा मिला।

## निधन

### बुधियारिन बाई चंद्राकर

**महासमुंद,** 31 अगस्त। ग्राम खरोरा निवासी श्रीमती बुधियारिन बाई उर्फ भूरी चंद्राकर 75 वर्ष का गुरूवार 31 अगस्त को निधन हो गया।



अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे श्यामा चरण, महेश चंद्राकर की मां व लोचन चंद्राकर की दादी थी।

### कुंदनमल सेठी

**दुर्ग,** 31 अगस्त। पूर्व में जैन गली गांधी चौक वर्तमान में अमर हाईट्स निवासी जैन समाज के अग्रणी कुंदनमल सेठी उम्र 89 वर्ष का आज 31 अगस्त को सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। अंतिम संस्कार शाम को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुभाष, राजेश, आशीष, संजीव सेठी के पिता थे।



# मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए अब 11 सितम्बर तक ली जाएगी दावा-आपत्ति

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में अभी चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के लिए दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम कटवाने तथा संशोधन के लिए 11 सितम्बर तक दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। इस दौरान आगामी शनिवार, 2 सितम्बर और रविवार, 3 सितम्बर को प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों में इसके लिए विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने लोगों से अपील की है कि वे सुदृढ़ लोकतंत्र एवं मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा अपने मताधिकार का उपयोग करें। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा राज्य में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 कार्यक्रम के तहत दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि पूर्व में 2 अगस्त से 31 अगस्त तक निर्धारित की थी। आयोग ने इसके लिए अंतिम तिथि अब 11 सितम्बर 2023 तक बढ़ा दी है। आयोग ने सभी कलेक्टरों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को इस बारे में लिखित में संसूचित भी किया गया है। मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए सभी मतदान केन्द्रों में आगामी शनिवार, 2 सितम्बर तथा रविवार, 3 सितम्बर को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**भारत निर्वाचन आयोग ने बढ़ाई अंतिम तिथि, 2-3 सितम्बर को सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर भी**

छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुये निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के नागरिक जो किन्हीं कारणों से 31 अगस्त 2023 तक अपना आवेदन या दावा-आपत्ति मतदान केन्द्र या बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा नहीं करवा पाए हैं, वे अब 11 सितम्बर 2023 तक अपना आवेदन मतदान केन्द्र में जमा कर सकते हैं। आयोग ने इसमें सुविधा के लिए ऑनलाइन वोटर पोर्टल 1श्वह्लद्गह्म्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठतथा वोटर्स हेल्पलाइन एप का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने की अपील की है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के लिए प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 सितम्बर तक किया जाकर इसका अंतिम प्रकाशन पूर्व की भांति 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा।

# बाइक की ठोकर से युवक की मौत

**गरियाबंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार देर रात 10 बजे पैरी नदी पुल में बाइक की ठोकर से मालगांव के 17 वर्षीय युवक हुमन निषाद की मौत हो गई। हुमन राखी बंधवा कर खाना खाने के बाद टहलने निकला था, इसी दौरान रायपुर से गरियाबंद दिशा में आ रही एक बाइक ने उसे पीछे से ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया परंतु उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र गरियाबंद का है।



इधर, घटना के बाद से आक्रोशित ग्रामीणों ने देर रात ही आरोपी की बाइक आग के हवाले कर दी। जिला अस्पताल पहुंच आरोपी को पीट दिया, अस्पताल के भीतर भी तोड़ फोड़ की। मामला शांत कराने पहुंची पुलिस के साथ भी ग्रामीणों की धक्कामुक्की हुई। देर रात 12 बजे तक अस्पताल में हंगामा चलता रहा। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ग्रामीणों को शांत कराने में सफल हुई।

वही घटना के दूसरे दिन गुरूवार सु बह भी ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला। सुबह सात बजे के बाद ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे 130 सी जाम कर दिया। करीब एक घंटे हाइवे जाम रहा। सड़क के दोनो ओर वाहनों को कतार लग गई। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस के साथ एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक भी मौके पर पहुंचे। पहले तो पुलिस ने मोहरा और गरियाबंद से रूट डायवर्ट कर परिवर्तित मार्ग से आवाजाही शुरू करवाई। इसके बाद ग्रामीणों को समझाइश देकर हाइवे बहाल कराया। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाइक चालक भागवत देवांगन को हिरासत में ले लिया है जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। इस बीच पीएम के बाद मृतक का शव भी मालगांव पहुंचा। नम आखो से परिजनो और ग्रामीणो ने युवक का अंतिम संस्कार किया।

# रद्दी के ढेर में मिले कागज के टुकड़े से करोड़ों के भ्रष्टाचार का खुलासा

## मेघा खदान से बाइक, मोपेड और कार से भी किया गया रेत का परिवहन, आईजी एसपी से शिकायत

**नवापारा-राजिम,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम चंदना के कृषक कृष्ण कुमार साहू को रद्दी के ढेर मे एक कागज का टुकडा मिला ।कागज का अवलोकन के बाद उसमे भ्रष्टाचार नजर आया और तत सम्बंधी जानकारी एकत्र करने शासन के विभागों में सूचना का अधिकार के तहत आवेदन पत्र लगाया ।

सूचना का अधिकार के तहत शासन के विभागों से दस्तावेज प्राप्त कर उसका सत्यापन संबंधित विभाग से कराया गया। इस संबंध मे श्री साहू ने बताया कि दस्तावेज को खंगालने, एकत्रित करने, उसका पता लगाकर आवेदन पत्र तैयार करने में दो वर्ष का समय लगा। शिकायत पत्र में 47 पृष्ट तथा उसमें संलग्न दस्तावेज 2205 पृष्ट इस तरह आवेदन पत्र में कुल 2312 पृष्ट अभिलेखीय दस्तावेज तैयारहुआ जिसका वजन करीब 10.500 किलोग्राम है। अधिक वजन व मोटाई होने के कारण आवेदन पत्र को 07 भाग में तैयार कर प्रस्तुत किया गया।

बिना रायल्टी के ही रेत खदान को खाली कर दिया गया। इसके बाद रायल्टी दिखाने के लिए फर्जी वाहनों के नाम पर रायल्टी पर्ची काटी गई है। कई पर्ची तो मोपेड, स्कूटी, बाइक के नाम पर काटी गई है। पजेरो, ग्रेड स्पोर्ट जैसी लक्जरी कार से लेकर जेसीबी मशीन, हार्वेस्टर मशीन में रेत का परिवहन दिखाया गया है। इस मामले का खुलासा समीपस्थ ग्राम चंदना के आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने किया है।

मामला मगरलोड क्षेत्र के ग्राम मेघा का है। आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू ने दस्तावेजों के आधार पर बताया कि मेघा में वर्ष 2015-2016 में महानदी खसरा नम्बर 959 रकबा 8.00 हेक्टेयर में 1,60,000 घनमीटर रेत उत्खनन स्वीकृति दी गई थी। रेत खदान के संचालन की जिम्मेदारी तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल लच्छवानी, पंचायत एवं समाज सेवा संगठक मोहनलाल साहू, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी द्वय बेदराम सिन्हा एवं हरीश कुमार ध्रुव की थी।



उन्होंने दस्तावेजों के आधार पर आरोप लगाया है कि इन लोकसेवकों ने अपने पद का दुरुपयोग कर रेत रायल्टी की राशि में गबन कर लिया तथा स्वीकृत मात्रा से अधिक रेत खनन करने के आशय से शासन द्वारा आवंटित 142 नग अभिवहन पासबुक में गैर व्यवसायिक वाहन मोटर साइकिल, मोपेड, ऑटोरिक्शा, कार से रेत का परिवहन दर्शाया। यही नहीं कई फर्जी वाहन नम्बर से रेत का परिवहन दर्शाया गया है जिनका रिकार्ड किसी भी जिले के परिवहन विभाग के रिकार्ड से मैच नहीं करता है। वाहन चालक के रूप में भगवान, मालिक, ईश्वर, परमेश्वर, प्रभु, ईशु, शिव, शंभु, उमा, विष्णु, महेश, लक्ष्मी, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन, रामसीता, राजाराम, रामकृष्ण, गंगाराम, हरि, कृष्ण, मोहन, श्याम जैसे धार्मिक नामों का उल्लेख किया गया है। चालक की जगह खुद ही दस्तखत किए हैं।

### 2312 पृष्ठों का आवेदन

आरटीआई कार्यकर्ता ने इस मामले में 2 जनवरी 2023 को मगरलोड थाना प्रभारी से शिकायत की थी। इसके बाद 3 जनवरी को एसडीओपी कुरूद एवं पुलिस अधीक्षक धमतरी से शिकायत की थी। पुलिस अधीक्षक ने जांचकर विधिपूर्ण कार्रवाई करने थाना प्रभारी को निर्देशित किया है। यही नहीं मगरलोड तहसीलदार, पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज को आवेदन पत्र सौपा है। आवेदन पत्र में 47 पृष्ठ और 2265 पृष्ठ के दस्तवेज सलग्न है। इस प्रकार कुल 2312 पृष्ठों का आवेदन है, जिसका वजन 10.500 किया है। आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि इस आवेदन को तैयार करने में उन्हें 2 साल का वक्त लगा।

### कई फर्जी वाहन का कटा पिटपास

आरटीआई कार्यकर्ता श्री साहू ने बताया कि सूचना का अधिकार के तहत अभिवहन पास को प्राप्त सत्यापित प्रति का मिलान रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगाव, कबीरधाम, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, कांकेर से मेनुअल एवं कम्प्यूटरीकृत अभिलेख से किया गया। पिटपास में 688 वाहन फर्जी मिले, जिनका रिकार्ड छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला परिवहन कार्यालय में नहीं है। इसके अतिरिक्त 140 मोटरसाइकिल, 36 स्कूटी, 76 कार, 3 हार्वेस्टर, 1 ऑटोरिक्शा एवं चौन माउंटेन मशीन के नाम पर पिटपास जारी किया गया है। कुल 945 वाहन से 4249 घनमीटर रेत भरकर दूरस्थ स्थानों पर रेत का परिवहन करना दर्शाया गया है। 13 अगस्त 2015 से 27 नवंबर 2015 तक इन वाहनों से कुल 1,44,383 घनमीटर रेत का परिवहन दर्शाकर 1,65,040 रुपए राजस्व का राजस्व मिलना बताया गया है।

■ आरटीआई से पिटपास में अनियमितता की खुली पोल, कार्रवाई की मांग
■ दो साल की मेहनत के बाद साढ़े 10 किलो वजनी शिकायत पत्र हुआ तैयार

फर्जीवाड़ा ऐसा कि प्रतिबंध को भी भूल गए

नियम के अनुसार बारिश के मौसम में रेत घाटों से रेत निकासी पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है लेकिन फर्जीवाड़ा के चक्कर में अधिकारी प्रतिबंधित समय को भूल गए। उन्होंने अगस्त माह से लेकर नवंबर माह तक खदानों में रेत का उत्खनन दर्शाया है। जबकि इस समय खदानों से निकासी पर प्रतिबंध रहता है। यही नहीं कई वाहनों में तो राकेट की रफ्तार से परिवहन करना दर्शाया गया है।



राष्ट्रपति के रायपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और महापौर एजाज ढेबर ने उनकी अगुवाई की। मेयर ने राष्ट्रपति को चांदी से बनी शहर की चाबी भी सौंपी। इसके बाद एयरपोर्ट पर ही पुलिस के जवानों ने राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

# रणविजय सिंह ने रायपुर पश्चिम से चुनाव लड़ने किया दावा



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने रायपुर पश्चिम सीट से दावेदारी पेश की है। वर्तमान में क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के विकास उपाध्याय विधायक हैं। जिन्होंने भाजपा के राजेश मूणत को शिकस्त दी थी।

रणविजय सिंह ने रायपुर पश्चिम से अपनी दावेदारी की पुष्टि करते हुए बताया कि पार्टी टिकट देगी तो बिल्कुल लड़ूंगा। इसके पीछे उन्होंने तर्क देते हुए बताया कि मेरा घर भी रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में है।मेरे रायपुर पश्चिम लड़ने से न केवल रायपुर में बल्कि सरगुजा क्षेत्र में सकारात्मक संदेश जाएग।इसके अलावा जनसंघ ने वर्ष 1967 में दादी रानी जया सिंह जूदेव को विद्याचरण शुक्ल के खिलाफ रायपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़वाया था. इससे परिवार की वहां एक पृष्ठभूमि भी है।

2013 के विधानसभा चुनाव में रणविजय सिंह जूदेव ने अहम भूमिका निभाई थी, जिसकी वजह से भाजपा ने उन्हें राज्यसभा सांसद बनाया था। जूदेव परिवार का प्रभाव सिर्फ जशपुर तक सीमित नहीं है, बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ में है। हालांकि, रायपुर पश्चिम से मंत्री रहे राजेश मूणत इस सीट के पहले दावेदार माने जा रहे हैं। लेकिन भाजपा ने जिस तरह से पहली सूची जारी की है, उससे पुराने समीकरण टूटते दिख रहे हैं।

# ऐसा लगा जैसे कोई अपना अपने ही घर आया : भूपेश



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ब्रम्हकुमारी सेवा सरोवर में आयोजित सकारात्मक परिवर्तन वर्ष 2023 के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रपति जी का आगमन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बहुत गौरव का क्षण है। उनकी इस यात्रा के लिए मैं छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ नागरिकों की ओर से आपको बहुत धन्यवाद देता हूं। आज राष्ट्रपति, पूरे देश की मुखिया के आगमन से हम छत्तीसगढ़ के लोग विशेष आत्मीयता का अनुभव कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई अपना, अपने ही घर आया है।

यह प्रदेश एक आदिवासी प्रदेश है, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग भी बहुत बड़ी संख्या में यहां निवास करते हैं। यह प्रदेश किसानों का प्रदेश है, यह वंचितों का प्रदेश है। सभी वंचितों को न्याय मिले, यह संविधान की भावना है। आप संविधान की रक्षक हैं, आपके आगमन से छत्तीसगढ़ के लोग बहुत सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ की बहुत लंबी सीमा ओडिशा से लगती है, इसलिए उत्कल संस्कृति के साथ हमारी सबसे अधिक साझेदारी है।

हमारा रहन-सहन, खान-पान, आचार-विचार सबकुछ एक जैसा है। यहां तक की हमारा संघर्ष भी ओडिशा के वंचितों के संघर्ष जैसा ही है। यह बड़ा ही शुभअवसर है। रक्षाबंधन का समय है। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सकारात्मक परिवर्तन वर्ष का आज शुभारंभ भी हो रहा है। सामाजिक और आध्यात्मिक परिवर्तन की दिशा में इस संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों में यथासंभव भागीदार बनने के लिए प्रयत्नशील रहता हूं। छत्तीसगढ़ प्रदेश की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के संचालन में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें मिलता रहा है। मैं इसके लिए इस मंच से आभार व्यक्त करता हूं।

# ईडी के शिकंजे में उद्योगपति

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय ने दुर्ग के एक बड़े उद्योगपति अभय नरेंद्र लोढ़ा को गिरफ्तार कर लिया है। अभय मेसर्स टॉपवर्थ स्टील्स एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर और प्रबंध निदेशक है। पीएमएलए कोर्ट, मुंबई ने अभय नरेंद्र लोढ़ा को 8.सितंबर तक ईडी को हिरासत में दे दिया है। अभय नरेंद्र लोढ़ा का प्लांट बोरई औद्योगिक क्षेत्र ग्राम रसमड़ा जिला दुर्ग में है। ईडी के स्टेटमेंट में यह जानकारी दी गई है।

- **नरेंद्र लोढ़ा 8 सितंबर तक ईडी को हिरासत में रहेगा**
- **बैंक को लगाया चूना, 3000 करोड़ अर्जित किए**

ईडी ने मेसर्स टॉपवर्थ स्टील्स एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ सीबीआई, बीएस और एफबी, मुंबई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत जांच शुरू की। मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, नागपुर और दुर्ग में विभिन्न स्थानों पर 12 परिसरों में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान विदेशों और भारत के भीतर विभिन्न अचल संपत्तियों और कंपनियों के स्वामित्व का विवरण (अब तक घोषित नहीं किया गया) पता चला। विभिन्न देशों की विदेशी मुद्राएँ जिनका वर्तमान मूल्य 7 लाख रुपये से ऊपर है, के साथ कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज और मीडिया भी बरामद किए गए हैं। अभय लोढ़ा द्वारा नियंत्रित शेल संस्थाओं का विवरण भी बरामद किया गया।

ईडी की जांच में पता चला कि 2014-15 से 2016-17 की अवधि के दौरान लेटर ऑफ क्रेडिट/ट्रेड क्रेडिट बैंक गारंटी (एलसी/टीसीबीजी) की क्रेडिट सुविधा में धोखाधड़ी करके आईडीबीआई बैंक को 63.10 करोड़ रुपये का गलत नुकसान पहुंचाया गया। अभय नरेंद्र लोढ़ा द्वारा नियंत्रित टॉपवर्थ समूह की कंपनियों ने टॉपवर्थ समूह और उससे जुड़ी संस्थाओं के माध्यम से 3000 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित की है।

# युवक के हाथ से ले गए एक लाख का सोना

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में एक युवक के हाथों से एक लाख रुपए का सोना पार हो गया। यह युवा सड़क के किनारे अपनी कार खड़ी कर सो गया था। इसी बीच किसी ने उसके हाथ में पहने हुए सोने में ब्रेसलेट और अंगूठी निकाल ली। जब युवक नींद से जागा तो उसे चोरी का पता चला। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

**सड़क किनारे कार में सो रहा था, नींद खुली तो ब्रेसलेट-अंगूठी हो चुकी थी चोरी**

कचना के रहने वाले सौरभ मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उसका पब्लिकेशन और प्रिंटिंग प्रेस का बिजनेस है। वो 28 अगस्त को सुबह 4.30 बजे के करीब धड़ी चौक के पास पहुंचा था। इतने में ही उसकी दोस्त की मर्सिडीज कार का पेट्रोल खत्म हो गया। तो वह कार को सड़क किनारे में खड़ी कर मदद के इंतजार में उसमें बैठा रहा। इसी बीच उसकी आंख लग गयी फिर वो सो गया। इसी बीच चोरी की घटना हो गयी।

**कार का दरवाजा खुला छोड़ा:** पीड़ित सौरव का कहना है कि उसने कार के अंदर गर्मी न लगे करके दरवाजे को खुला रखा हुआ था। जब उसकी नींद पड़ी तो उसके कलाई में 50 ग्राम वजन का ब्रेसलेट और उंगली से एक सोने की अंगूठी किसी ने निकाल ली। जिसकी कीमत करीब 1 लाख रुपए के आसपास थी।

इस मामले में सिविल लाइन टी आई विनय सिंह बघेल ने बताया कि युवक की शिकायत पर शुरुआती पूछताछ के बाद एफ आई आर दर्ज किया गया है। युवक ने जिस जगह अपनी कार खड़े करने का दावा किया है। वहां आसपास के फुटेज को खंगाला जा रहा है। आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# बहन-भांजे की बीमारी से मौत, सदमे में आकर मामा ने अस्पताल से कूदकर कर ली आत्महत्या



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक हॉस्पिटल की दूसरी मंजिल से युवक ने कूदकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि युवक की बहन प्रेग्नेंट थी। रक्षाबंधन के एक दिन पहले उसने बच्चें को जन्म दिया। लेकिन बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद बीमारी की वजह से बहन ने भी दम तोड़ दिया। अपनी सगी बहन और भांजे की मौत से युवक सदमें में था। जिसकी बाद वो खुद अस्पताल के दूसरी मंजिल से कूद गया। जमीन में गिरते ही उसके सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। ये पूरा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, कबीरधाम का रहने वाला नरेंद्र कुमार सहरिया(उम्र-23) की बहन नवा रायपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती थी। रक्षाबंधन के एक दिन पहले नरेंद्र की बहन ने एक बच्चे को जन्म दिया। जिसकी पैदा होते ही मौत हो गई। इस घटना से पूरा परिवार दुखी था। तभी अगले दिन मां की भी सिकलसेर बीमारी से हॉस्पिटल में मौत हो गई। बहन और नवजात भांजे की मौत से भाई नरेंद्र सदमें में चला गया। इस मामले में राजेंद्र नगर थाना पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है।

**दूसरी मंजिल की ग्रिल खोलकर लगाई छलांग:** रक्षाबंधन के दिन बहन की मौत का सदमा नरेंद्र सहन नही कर पाया। उसने परिवार के किसी को बिना कुछ कहे, शाम के वक्त वो हॉस्पिटल की दूसरी मंजिल में चढ़ गया। फिर वहां मौजूद ग्रिल को खोलकर नीचे की ओर छलांग लगा ली। उसका सिर जमीन में लगते ही बुरी तरह लहूलुहान हो गया। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन वहां उसकी आज दोपहर मौत हो गई।

इस मामले को लेकर राजेंद्र नगर टीआई अर्चना धुरंधर ने बताया कि हमें अस्पताल से एक युवक की मौत की खबर मिली है। उसने अस्पताल की बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। फिलहाल लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में परिवार वालों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा महिला मोर्चा आज करेगी मुख्यमंत्री निवास का घेराव



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय के बारे में दिए गए बयान के विरोध में कल 1 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर विरोध करेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जिस प्रकार से एक नारी के बारे में इस प्रकार का बयान दिया गया वह पूर्णत: अशोभनीय है। जिसके विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की बहनों द्वारा मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।।

इसकी तैयारी के मद्देनजर एकात्म परिसर में महिला मोर्चा की बैठक आहूत की गई जिसमें विशेष रूप से महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, महामंत्री विभा अवस्थी, संध्या तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी कृतिका जैन, मिनी पांडे, रायपुर शहर एवं ग्रामीण की महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# बिना एरियर 4 प्रतिशत महंगाई राहत के आदेश से पेंशनरों में असंतोष

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश शासन से आदेश जारी होने के 2 घण्टे के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने भी जुलाई 23 से पेंशनरों एवं परिवार पेंशनर्स को 4त्र प्रतिशत महंगाई राहत की किस्त देने के आदेश जारी कर दिया।जबकि आदेश केन्द्र के देय तिथि जनवरी 23 जारी होना था।इस तरह 6 माह का एरियर न देकर हर बार की तरह एरियर राशि हजम कर ली गई।इसके पहले भी जुलाई 23 से 5त्र महंगाई राहत किस्त के आदेश जारी किये गए थे जो जुलाई 22 से लम्बित था। उसमें भी मध्यप्रदेश शासन द्वारा चाही गई तिथि से न देकर उसका भुगतान भी जुलाई 23 से देने के आदेश जारी करने से पेंशनर 1 साल के एरियर से वंचित हो गए। छत्तीसगढ़ सरकार के लगातार गत 5 वर्षो से केन्द्र सरकार द्वारा देय तिथि से एरियर भुगतान नही करने से पेंशनरों को हजारों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।इस तरह से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एरियर भुगतान करने आदेश जारी नहीं करने से राज्य के पेंशनरों घोर असन्तोष है।आज बिना एरियर जारी 4त्र प्रतिशत महंगाई राहत को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन ने नाराजगी जाहिर किया है।

जारी विज्ञप्ति में पेंशनर्स फेडरेशन के प्रदेश संयोजक वीरेंद्र नामदेव और पेंशनर फेडरेशन से जुड़े छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डी पी मनहर, प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष आर पी शर्मा, पेंशनर्स एसोशियेसन के प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जे पी मिश्रा तथा पेंशनर समाज के अध्यक्ष ओ पी भट्ट ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आदेश में संशोधन करने और एरियर सहित आदेश जारी करने हेतु वित्त विभाग को निर्देश दिए जाने मांग की है।

# आफ सीजन में भी हवाई किराया सस्ता नहीं



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। विमानन कंपनियों के लिए सामान्य रूप से जुलाई व अगस्त का महीना आफ सीजन माना जाता है और इन महीनों में हवाई किराया भी कम रहता है। लेकिन इस वर्ष आफ सीजन में भी हवाई किराया सस्ता नहीं हुआ है। रायपुर से दिल्ली, रायपुर से मुंबई उड़ान को छोड़कर अन्य बहुत से क्षेत्रों के लिए हवाई किराया डेढ़ से दोगुना महंगा हो गया है। विशेषकर रायपुर से इंदौर का हवाई किराया तो पहली बार नौ से 10 हजार रुपये तक पहुंच गया है।

ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि रायपुर से दिल्ली सेक्टर में छह उड़ानें संचालित हो रही है, वहीं रायपुर से मुंबई के लिए भी तीन उड़ानें हैं। इसके चलते ही रायपुर से दिल्ली व मुंबई का हवाई किराया सामान्य स्तर पर है लेकिन दूसरे शहरों जहां के लिए केवल एक या दो उड़ानें है, काफी ज्यादा हवाई किराया है। ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि सामान्य दिनों में रायपुर से इंदौर का हवाई किराया 4500-5000 रुपये के आसपास रहता था, जो अब दोगुना हो गया है। इसी प्रकार बेंगलुरू, कोलकाता का भी हवाई किराया बढ़ा है।

**पहले से बुकिंग में भी नहीं हो रहा फायदा:** यह देखा जा रहा है कि काफी दिनों पहले से भी टिकट बुक कराने पर भी सस्ती हवाई सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है और यात्रियों को महंगी टिकट में ही यात्रा करनी पड़ रही है। ट्रैवल्स संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि विमानन कंपनियां हवाई किराये को लेकर मनमानी कर रही है। जिन शहरों के लिए हवाई किराया महंगा हुआ है, उन क्षेत्रों के लिए उड़ानें और बढ़ानी चाहिए, ताकि यात्रियों को सस्ती हवाई टिकट मिल सके।

**दिल्ली-मुंबई का हवाई किराया छह से सात हजार:** रायपुर से दिल्ली-मुंबई का हवाई किराया इन दिनों छह से सात हजार रुपये है। इन शहरों के लिए भी पूरी फ्लाइटें हाउसफुल जा रही है। रायपुर से इंदौर का हवाई किराया इन दिनों नौ हजार से 10 हजार रुपये, रायपुर से बेंगलुरु का हवाई किराया नौ हजार रुपये तथा रायपुर से कोलकाता का हवाई किराया भी नौ हजार रुपये पहुंच गया है। इसी प्रकार रायपुर से पुणे का हवाई किराया भी 8500 रुपये है।

# भाजपा को अपने परफॉर्मेंस की चिंता करनी चाहिए : बैज



रायपुर, 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के गुटबाजी के शिकार हुए विष्णु देव साय को कांग्रेस की नहीं बल्कि भाजपा की परफॉर्मेंस की चिंता करनी चाहिए। मुद्दाविहीन भाजपा ईडी और सीबीआई के सहारे चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा के पास प्रदेश में ना मुद्दा है ना चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी है भाजपा ने जो 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की है उसका भी विरोध बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता कर रहे हैं। विष्णु देव साय को डॉ. रमन सिंह, सरोज पांडे, बृजमोहन अग्रवाल ने विश्व आदिवासी दिवस के दिन ही पद से हटवा दिया। भाजपा को अपने वर्तमान के 13 विधायकों के परफॉर्मेंस के बारे में चिंता करनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का परफॉर्मेंस बेहतर है तभी तो प्रदेश में हुए विधानसभा के पांच उपचुनाव नगर निगम के चुनाव नगर पालिका के चुनाव जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है। और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार का संकेत बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व को मिल गया है इसीलिए जो भाजपा नरेंद्र मोदी के चेहरा में चुनाव लड़ने का दावा कर रही थी वो अब मोदी का नाम लेने से बच रही है। अमित शाह रात में आकर गुपचुप मीटिंग कर सुबह जनता से दूरी बनाकर वापस चले जाते हैं। भाजपा के द्वारा कराई गई हर सर्वे में भाजपा का परफॉर्मेंस शून्य बता रहा है और विष्णु देव साय कांग्रेस के विधायकों पर सवाल उठाकर अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियां का निर्वहन कर रहे हैं।

दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने 36 बिंदुओं के घोषणा पत्र में 34 वादों को पूरा करके प्रदेश की जनता को खुशहाल बनाया है। प्रदेश के हर वर्ग के साथ न्याय हो रहा है भूपेश सरकार के ऊपर हर वर्ग का भरोसा बढ़ा है और आने वाले विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस जनता के इन्हीं भरोसे के बदौलत 75 से अधिक सीट जीतकर पुन: सरकार बनाएगी।

## फुण्डहर गौठान में पशुओं की नीलामी स्थगित

**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर जिले के ग्राम फुण्डहर गौठान में पशुओं की नीलामी आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक-9 के आयुक्त ने बताया कि विगत 15 दिवस से अधिक रखे गए कुल 51 नग गाय, बछड़ा, बछिया और सांड को खुली नीलामी द्वारा 1 सितंबर को अपरान्ह 3 बजे फुण्डहर गौठान में नीलामी की जानी थी। किन्तु नीलामी के पूर्व पशुधन विभाग से समन्वय स्थापित कर मालिकाना हक की जानकारी और पशुओं की चिकित्सकीय जांच करते हुए पशुओं की कीमत (मूल्य) तय करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण नीलामी स्थगित कर दी गई है। उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नीलामी की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

# सैकड़ों करोड़ खर्च करने के बाद गायों की नीलामी निंदनीय : आप



**रायपुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर नगर निगम द्वारा की जा रही गौवंश नीलामी के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। 'आप' छत्तीसगढ़ मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने पत्रकार वार्ता में कहा कि, प्रदेश में गौठान के नाम पर सैकड़ों करोड़ खर्च करने के बाद अब गायों की नीलामी होना बहुत ही निंदनीय कृत्य है।

उन्होंने कहा कि, इस सरकार ने पैसों के चक्कर में इंसानों के साथ-साथ मूक पशुओं तक के साथ धोखा किया है। गौमाता के नाम पर अपनी ब्रांडिंग करने वालों ने गौवंश संरक्षण संवर्धन के बहाने करोड़ों का गौठान घोटाला किया। चारा घोटाला किया और अब गौवंश को बाकायदा टेंडर जारी कर बेचने का न्यौता दे डाला है।

24 अगस्त को रायपुर नगर निगम के जोन 9 के कमिश्नर ने गौवंश की नीलामी के लिए खुली बोली आमंत्रित की थी।

इसमें नियम शर्त में भी गजब का खेल किया गया है। यह रायपुर नगर निगम आयुक्त के विवेक पर छोड़ दिया गया है कि, निर्धारित कीमत से कम की निविदा भी स्वीकार की जा सकती हैं। निविदा में न्यूनतम मूल्य का भी उल्लेख नहीं किया गया है।गौवंश को कत्ल के लिए नीलाम करने के इस खेल में आयुक्त, महापौर और न जाने कौन-कौन शामिल हैं।

**उल्टा पुल्टा**

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे.
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

# छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में माहौल, सरकार बनाएंगे : मण्डविया

## महिला मोर्चा ने मनाया रक्षाबंधन त्यौहार, रिक्शा आटो चालकों को बांधी राखियां

■ कांग्रेस अध्यक्ष को मैने नहीं, उनके प्रवक्ता ने ही बच्चा कहा - सरोज पाण्डेय



**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आज उतई टेम्पो स्टैंड में रक्षाबंधन का पर्व अत्यंत आत्मीयता के साथ आगत चुनाव में पाटन दुर्ग सहित सभी क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों को जिताकर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर महिला मोर्चा की महिलाओं ने भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं के अलावा उतई टेम्पो स्टैंड में बड़ी संख्या में आटो, टेम्पो व ई रिक्शा चालकों को राखियां बांधी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवंभाजपा प्रदेश सहचुनाव प्रभारी मनसुख मंडाविया थे। इस अवसर पर उन्होंने गैस सिलेण्डर की कीमतों में 2 सौ रूपयों की रियायत दिये जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी जी बहिनों की लगातार चिंता कर रहे है। उन्होंने टायलेट निर्माण सहित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी सीटों पर चुनाव के बाद जीत का दावा कर रहे है। मंच से सांसद विजय बघेल, एवं राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा डॉ. सरोज पाण्डेय ने भी संबोधित किया।

आज के इस आयोजन के लिये जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी के मार्गदर्शन में दोपहर से ही तैयारियां की जाती रही थी। विशाल शामियाना लगाकर सैकड़ों महिलाओं के बैठने की व्यवस्था की गई थी। शाम 5 बजे के आसपास मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री मंडविया अपने काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। यहां पर महिला मोर्चा एवं युवा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने उनकी अगुवानी की। इस अवसर पर मंच से अपने उद्बोधन में श्री मंडाविया ने रक्षा बंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई बहन के प्रेम और एक दूसरे के प्रति विश्वास के साथ रक्षा का वचन देता है। उन्होंने आटो, टेम्पो, ई रिक्शा चालकों की सराहना करते हुए कहा कि ये लोग कड़ी धूप और बरसात में जिस तरह से लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाते है वह बहुत पुण्य का कार्य है। इन श्रमवीरों के सम्मान के लिये महिला मोर्चा की महिलाओं ने आज जो रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम रखा है वह काफी प्रशंसनीय है।

उन्होंने आने वाले चुनाव को लेकर केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो गैस सिलेण्डर की कीमतें घटाने, उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को सस्ता सिलेण्डर उपलब्ध कराने, महिलाओं की लज्जा बचाने के ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# अजय साहू हिंदी पढ़ाने मास्को जाएंगे



■ केंद्रीय विद्यालय की विदेश सेवा के लिए चयनीत प्रदेश के पहले शिक्षक

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। दीपक नगर दुर्ग निवासी हिंदी शिक्षक अजय साहू का चयन केंद्रीय विद्यालय की विदेश सेवा हेतु किया है। कठिन चयन प्रक्रिया से उनका चयन देश के उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में किया गया है।

वे छत्तीसगढ़ के पहले शिक्षक है जिनकी तीन वर्ष के लिए एम्बेसी ऑफइंडिया स्कूल मास्को रूस में नियुक्ति हुई है। वे अपनी पत्नी पार्वती साहू और दो बच्चों भानुराज और नीतिज्ञ साहू के साथ कल एक सितंबर की संध्या पांच बजे दुर्ग से दिल्ली के लिए तथा तीन सितंबर को दिल्ली से मास्को के लिए रवाना होंगे। वे रूस की राजधानी मास्को में आगामी तीन वर्षों तक रूस में रहकर अपनी सेवाएं देंगे। वे भारतीय बच्चों के अलावा रूसी विद्यार्थियों को हिंदी पढ़ाएंगे। केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक के रूप में वे पिछले बीस वर्षों से देश के अलग-अलग हिस्सों में रहकर राजभाषा हिंदी का शिक्षण.प्रशिक्षण प्रदान करते रहे हैं। दंतेवाड़ा, जगदलपुर, नारायणपुर, रायपुर, कोरबा के अलावा गोधरा गुजरात, शिलांग-मेघालय सहित कई जगह हिंदी की सेवा करते हुए सम्मानित होते रहे हैं। वे दुर्ग-भिलाई के साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं रंगमंच-जगत में सक्रिय रहे हैं। आकाशवाणी से लगातार उनके लिखे सम-सामयिक आलेखों का प्रसारण होता रहा है। दूरदर्शन रायपुर से प्रसारित टेलीफिल्मों में भी उत्कृष्ट अभिनय किया है। अजय की इस उपलब्धि के लिए उनके परिजनों, मित्रों एवं साहित्यकारों, कलाकारों एवं नगरवासियों ने शुभकामना दी है।

# आदर्श कन्या शाला का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी बालाराम जोशी के नाम पर



**दुर्ग**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला का नाम अब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.बालाराम जोशी के नाम पर कर दिया गया है। गत दिवस एक समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अरूण वोरा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर धीरज बाकलीवाल ने स्व. जोशी के नामकरण वाले बोर्ड का अनावरण कर आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला का नामकरण किया। इस अवसर पर शिक्षा व खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विधायक महापौर सहित विभिन्न वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. बालाराम जोशी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिये गये योगदान की चर्चा करते हुए छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। इस अवसर पर स्व. जोशी के सुपुत्र घनश्याम जोशी, संतोष जोशी, सुनील जोशी, राजेन्द्र शर्मा एवं सुमन जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पार्षद नजहत परवीन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमीज रजा, संस्था प्रमुख डॉ. कृष्णा अग्रवाल, प्रधान पाठक हरिशर्मा उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ में सांतवा स्थान प्राप्त करने वाली कु. सानिया मरकाम का सम्मान अतिथियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों के द्वारा किया गया। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले माही गुप्ता, देविका बंछोर का सम्मान एवं पुस्तक व गणवेश वितरण मिडिल के छात्राओं एवं कक्षा नवमी के छात्राओं को किया गया। ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# आज भी रही शहर भर में रक्षा बंधन की धूम

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। आज दूसरे दिन भी शहर में राखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने अलग अलग कार्यक्रम कर एक दूसरे को राखी बांधी। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा टेम्पो स्टैंड में कार्यक्रम किया गया। कांग्रेसी महिलाओं ने विधायक अरूण वोरा के निवास में जाकर विधायक सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को राखियां बांधी। शासकीय, अशासकीय व अर्धशासकीय कार्यालयों में आज दूसरे दिन भी अधिकांश महिला कर्मचारी अवकाश पर रहीं। सभी जगह त्यौहारी माहौल छाया रहा।

प्रत्येक हिंदू त्यौहार की तरह रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर भी मुहूर्त का संशय बना रहा। इसी के चलते एक बड़े वर्ग ने 30 अगस्त कोतो अधिकांश परिवारों ने आज रक्षाबंधन का पर्व मनाया। आज भी बाजारों में रौनक बनी रही व राखी की दूकानें शाम ढलते तक सजी रही। इसी तरह मिष्ठान भंडार, गिफ्ट आयटम की दूकानें, ज्वेलर्स व रेडीमेड गारमेंटस की दूकानों में भी ग्राहकों की भीड़ देखी गई।

## भोजली की धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा



**दुर्ग।** नगर में आज भोजली का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

**सांसद सरोज पाण्डेय हुई शामिल**

डिपरापारा से भव्य एवं विशाल भोजली यात्रा निकाली गई जिन्हें पवित्र जलाशयों में ठंडा किया गया। पश्चात लोगों ने एक दूसरे को भोजला भेंट कर शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया। राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय भी आज भोजली की ऐसी ही एक शोभायात्रा में शामिल होकर सिर पर भोजली का गमला रखकर चलीं। भोजली पर आज शहर के अनेक किसान परिवारों ने घर में बोई गई ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## भव्य शोभायात्रा के साथ महेश नगर में जन्माष्टमी उत्सव का शुभारंभ



**दुर्ग।** श्री राधाकृष्ण मंदिर महेश नगर में जन्माष्टमी पर किये जाने वाले नवधा रामायण पाठ अनुष्ठान तथा श्री विष्णु महायज्ञ अनुष्ठान के पूर्व दिवस आज भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कल 1 सितंबर से नवधा रामायण एवं विष्णु महायज्ञ प्रारंभ हो जायेगा। यह जानकारी श्री राधाकृष्ण मंदिर उत्सव समिति महेश नगर के संरक्षक चतुर्भुज राठी ने दी।

शोभायात्रा मां चंडी मंदिर दुर्ग से प्रारंभ होकर पंचमुखी हनुमान मंदिर मारूति मंदिर, राम मंदिर, दुर्गा मंदिर, सत्ती चौरा, बाबा रामदेव मंदिर, गंजपारा होते हुए श्री राधाकृष्ण मंदिर महेश नगर पुलगांव चौक पहुंची। पूरे रास्ते में विभिन्न मंदिर समितियों दिगंबर जैन पंचायत, श्री बोलबम सेवा समिति, राजस्थान गौड़ ब्राम्हण समाज ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# निर्माण कार्यों के लिए 19 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत विधायक रविन्द्र चौबे की अनुशंसा पर 6 निर्माण कार्यों के लिए 18 लाख 99 हजार 688 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र साजा के अंतर्गत धमधा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अरसी में शिव मंदिर के पास मंच निर्माण 3 लाख रुपए, ग्राम पंचायत भाठाकोकड़ी के आश्रित ग्राम मुड़पार में सुरेश के घर के पास नलकूप खनन कार्य एवं 1 एचपी पंप फिटिंग कार्य 99 हजार 688 रूपएए ग्राम पंचायत खिलोराकला के आश्रित मंदिर खिलौरा में शीतला के पास कक्ष निर्माण 3 लाख रूपए, ग्राम पंचायत राजपुर श्रमिक कार्यालय भवन में अहता निर्माण 2 लाख रूपए, ग्राम पंचायत रूहा में मंच निर्माण कार्य 5 लाख तथा ग्राम पंचायत रूहा के आश्रित ग्राम पेण्ड्री में मंच निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रूपए की स्वीकृत की गई है।

## दो निर्माण कार्यों के लिए 5 लाख

कलेक्टर द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर की अनुशंसा पर 2 निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा के अंतर्गत धमधा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गोता में सांस्कृतिक मंच में छत निर्माण हेतु 2 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत दारगांव में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 3 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

# अवैध शराब नियंत्रण हेतु छानबीन कर रहा आबकारी विभाग



दुर्ग, 31 अगस्त (देशबन्धु)। आबकारी विभागए संभागीय उड़नदस्ता एवं रेलवे पुलिस फोर्स के संयुक्त टीम द्वारा 30 अगस्त को शराब एवं मादक पदार्थों के अवैध परिवहन, धारण पर नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग रेलवे स्टेशन एवं स्टेशन से गुजरने वाली रेल गाड़ियों का निरीक्षण किया गया। साथ ही दुर्ग जिले के बस स्टैंड का निरीक्षण किया गया है। जिले में चलने वाली बसों के साथ.साथ अन्य जिलों एवं राज्यों से आने वाली बसों का भी गश्त किया गया।

सहायक आयुक्त आबकारी दुर्ग ने बताया कि वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शराब एवं मादक पदार्थों के अवैध परिवहन, धारण एवं चौर्यनयन पर नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# सेवानिवृत्त कर्नल दुबे को दी गई विदाई



**नये कर्नल मकसूद अलीखान ने किया पदभार ग्रहण**

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। 37 सीजी बटालियन एनसीसी दुर्ग के कमान अधिकारी कर्नल हेमंत दुबे भारतीय सेना से सेवानिवृत हुए संबंधित अधिकारी के सम्मान में नवनियुक्त कमान अधिकारी कर्नल मकसूद अली खान द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया द्य कर्नल हेमंत दुबे कमान अधिकारी ने अपने कार्यकाल के दौरान समय-समय में समस्त स्टाफको स्वास्थ्य, परिवार एवं ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# जेठानी के गहने चोरी के आरोप में देवरानी सहित दो गिरफ्तार

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जेवरा सिरसा थाना अंतर्गत ग्राम समोदा के एक निषाद परिवार में हुई लगभग डेढ़ लाख रूपये के सोने चांदी के जेवरात की चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट होने के कुछ घंटों के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे जेवर बरामद कर लिये। इसके पश्चात दोनों आरोपी निशा निषाद एवं चमेली निषाद को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला हेमलता आरोपी निशा की जेठानी तथा एक अन्य आरोपी चमेली निषाद निशा की मौसी है। इस तरह पूरा मामला घर के घर में ही पकड़ा गया।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस हेमलता निषाद पति जितेन्द्र निषाद समोदा की आलमारी से लगभग डेढ़ लाख रूपये मूल्य के सोने, चांदी के जेवरात चोरी हो गये। चोरी गये सोने के जेवरात में एक नग गुलबंध, एक अंगूठी, मंगल सूत्र, सोने के गेहूं दाना, एक नगर झुमका, चांदी के जेवरात में करधन, चाबी का गुच्छा, दो नग पायल व करधन शामिल है। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने पतासाजी शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान जेठानी ने अपनी देवरानी निशा निषाद पर संदेह जताया। इस आधार पर पुलिस ने निशा से पूछताछ की। पूछताछ में वह टूट गई और चोरी करना कबूल कर लिया। उसने बताया कि चोरी के जेवरात में से एक अंगूठी, पायव व चाबी का गुच्छा अपनी मौसी के पास रखवा दिया था। बाकी गहने अपने पास रखी थी। पुलिस ने आरोपियों से सारे गहने बरामद कर लिया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया है। ये दोनों आरोपी निशा निषाद पति राकेश निषाद (20), व चमेली निषाद पति द्वारिका निषाद (30) दुर्ग है।



# आयुक्त ने गौठानों में मवेशियों की ली जानकारी

## डोर-टू-डोर कलेक्शन में लगी महिलाओं को उनके क्षेत्र के पशुओं की सूची करनी होगी तैयार



**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। आज गुरुवार 31अगस्त को भिलाई चरोदा निगम क्षेत्र के पशुपालकों को दि गई पूर्व सूचना के आधार पर कार्यालय सभागार में बैठक आहूत की गई। इस बैठक को निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारी एवं पशुपालकों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में केवल 4 डेयरी संचालक सहित 9 पशु पालक उपस्थित हुए। आज की बैठक लिये गये निर्णय के अनुसार डोर-टू-डोर कलेक्शन में लगी महिलाएं को उनके क्षेत्र के पशुओं की सूची दी जायेगी। महिलाओं कलेक्शन के साथ साथ घरो में यह भी सत्यापन करेगीं की पाले गये पशु के हिसाब से पशुपालकों के पास पूर्ण व्यवस्था है अथवा नही साथ ही यह भी ज्ञात करेंगी की किसी भी पशुपालक के द्वारा अपने पालतू पशु बाहर छोड़े जा रहे है या नही। प्रतिदिन यह रिपोर्ट सुपरवाईजर के माध्यम से संग्रहित की जायेगी। पशु अधिचार अधिनियम अंतर्गत पशु पालकों एवं डेयरी संचालकों के कार्य की जांच करने हेतु सभी वार्डों के सहायक राजस्व निरीक्षकों को अधिकृत किया जाता है। जो प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को साप्ताहिक कार्यवाही विवरण सहायक राजस्व अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करेगें। जरवाय तथा गनियारी दोनो ही गौठानों में सभी आवश्यक व्यवस्था करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। गौठानों में कीचड़ हो जाता है जो पशुओं के स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं है। इस कारण दोनों गौठान के प्रभारी उप अभियंता को निर्देशित किया जाता है कि बांस अथवा बल्ली के माध्यम से व्यवस्था कर शेड निर्माण करावे। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जीरा गिट्टी पटवा तथा लायनिंग कर जल निकासी सुनिश्चित करे। पेयजल एवं चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने दोनो उप अभियंता गौठान की निरीक्षण करेंगे। उपसंचालक पशुधन विकास विभाग द्वारा दोनों गौठानो में पशु चिकित्सक की उपस्थिति हेतु आदेश करने कलेक्टर दुर्ग द्वारा निर्देशित किया गया है। दोनो गौठान के प्रभारी उप अभियंता निगम आयुक्त को इस संबंध में प्रतिदिन अवगत कराएंगे कि कोई पशु बीमार अथवा चोटिल तो नहीं है। इस कार्य हेतु दैनिक रजिस्टर संधारित करना सुनिश्चित करेंगे। दोनो गौठानो में 24 घंटे चौकीदार रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दिन में काउ कैचर के द्वारा आवारा पशु पकड़ने के साथ रात में अभियान चलाकर पशुओं की धरपकड़ करने की कार्यवाही की जायेगी, ताकि सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण किया जा सके।

## डेंगू की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास जारी



**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। डेंगू की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर भिलाई इस्पात संयंत्र, जिला प्रशासन और अन्य एजेसिंयों द्वारा समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। घर-घर लगी हुई टीम के 94 सदस्यों द्वारा सेक्टर.2ए 4ए 6 के साथ ही पूरे टाउनशिप में सघनता के साथ कार्य किया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग और जिला मलेरिया उन्मूलन विभागए स्वास्थ्य सेवाएं विभाग की देखरेख में पूरी गति से सर्वे और जनजागृति लाने का प्रयास किया जा रहा है। आज 30 अगस्त 2023 को भी कई प्रभावित सेक्टरों में विशेष मुहिम के तहत डेंगू के खिलाफअभियान चलाया गया। घर.घर जाकर पानी एकत्र किए जाने वाले स्थानों का सर्वेए खाली करवाना और दवाओं का छिड़कावए फॉगिंगए ऑयलिंगए टेमीफॉस का वितरण और बैकलाइन में फॉगिंग एवं दवाओं का स्प्रे युद्धस्तर पर किया गया। ज्ञात हो कि कल जिलाधीश दुर्ग श्री पुष्पेन्द्र मीणाए आयुक्त श्री रोहित व्यासए अपर आयुक्त श्री अशोक द्विवेदीए मुख्य महाप्रबंधक ;नगर सेवाएं एवं सीएसआरद्ध श्री जे वाय सपकाले जी ने डेंगू प्रभावित सेक्टरों का निरीक्षण किया और चलाए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की। विदित हो कि दुर्ग जिला और इस्पात नगरी भिलाई में डेंगू के बढ़ते प्रकरणों के रोकथाम के लिये भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ विभाग एवं जिला मलेरिया विभागए दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से वृहद सर्वेक्षणए लार्वानाशी के नि:शुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 30 अगस्त को समाचार लिखे जाने तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार इस्पात नगरी के विभिन्न सेक्टरों में 73 सर्वे कर्मियों के माध्यम से नगर सेवा विभाग के जनस्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों के मार्गदर्शन में मच्छरों को समाप्त करने और मच्छरों की उत्पत्ति को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सेक्टर.2 में सड़क 1 से 14 तकए सेक्टर.4 में सड़क 19 से 27 तकए सेक्टर.6 में जमा पानी को खाली करनाए दवाओं का छिड़कावए फॉगिंगए ऑयलिंगए बैकलाइन में विशेष प्रयास किए गए। इसके साथ ही उपरोक्त सेक्टरों के सभी क्षेत्रों में भी अभियान जारी रहा। इसके साथ ही विभिन्न सेक्टरों के सार्वजनिक स्थलों.धार्मिक स्थलए स्कूलए बाजार के क्षेत्र में भी छिड़काव और फॉगिंग की गई। 30 अगस्त के रिपोर्ट के अनुसार इस्पात नगरी के कुल 1191 घरों का सर्वेक्षण किया गयाए जिसमें से 1055 पात्रोंए कूलर और अन्य जल एकत्र किए स्थानों का सर्वे किया और उन्हें साफभी करवाया गया। सर्वेक्षण अभियान में लार्वा पाए गए 44 घरों में एकत्रित जल की सफाई की गयी और दवा का छिड़काव किया गया। इस सर्वेक्षण अभियान के तहत 48 घरों में स्प्रे किया गया तथा 613 घरों में टेमीफॉस दवाई का वितरण किया गया। पूरे सेक्टर.2 क्षेत्र में वाटर फॉगिंग का कार्य किया गया। साथ ही सेक्टर.1ए 2ए 4 तथा 6 में पाम्पलेट वितरण कर डेंगू के लक्षणए रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर लोगों को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त सेक्टर.2 के सड़क 1 से 12 तक के बैकलाइन क्षेत्र में आयलिंग वर्कए मिस्ट ब्लोवर मशीन के माध्यम से स्प्रेए पोर्टेबल फॉगिंग मशीन की सहायता से फॉगिंग का कार्य किया गया। इसी प्रकार सेक्टर.4 के सड़क 19 से 27 तक के बैकलाइन क्षेत्रों में आयलिंग वर्कए सड़क 19 से 24 तक में स्प्रे तथा सड़क 19 से 26 तक में पोर्टेबल फॉगिंग मशीन के माध्यम से फॉगिंग किया गया।

## उल्टी-दस्त, महापौर आयुक्त ने किया निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर डबरा पारा भिलाई 3 में उल्टी दस्त के मरीज के मिलने की जानकारी क्षेत्रीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती हेमलता गीते ओर मितानिन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 को दी गई। जिसके उपरांत रैपिड रिस्पांस टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 द्वारा क्षेत्र में पहुंच कर घर घर सर्वेक्षण कराया। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि वर्तमान 3 मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में भर्ती कर उपचार उपरांत छुट्टी दिए हैं। वहीं दो मरीज में एक सेक्टर 9 अस्पताल से उपचार के बाद डिस्चार्ज हो गई है एक मरीज सनसआइ अस्पताल से उपचार उपरांत डिस्चार्ज हो गई है आज सर्वेक्षण में कुल 6 लोग दस्त से पीड़ित मिले हैं। सभी को दवा ओर ओ आर एस पावडर एवं पानी शुद्ध करने क्लोरीन टेबलेट वितरण किया गया है। वहीं नगर निगम चरोदा के स्वास्थ्य सहायक अश्वनी चंद्राकर, सेनेटरी इंस्पेक्टर वीणु वर्मा ने स्वच्छता अभियान चलाकर नालियों में गंदगी को दूर कर हैंडपंप ओर निजी हैंडपंप का पानी जांच करने सैम्पल लिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य भिलाई 3 चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि स्थिति समान्य है। हम प्रत्येक मरीजों पर सतत् निगरानी कर रहे हैं। लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए ताजा भोजन ओर पानी उबलकर ठंडा करके पीना चाहिए तीन मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में उपचार कर छुट्टी दिए है। खिचड़ी साबुदाना ओर हलका भोजन केला खाना चाहिए क्लोरीन टेबलेट को पीसकर एक गोली पिने के पानी में रात में डालकर सुबह उस पानी को दिनभर उपयोग करना चाहिए।

### सासंद ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। पाटन के शासकीय कन्या उच्वतर माध्मिक विद्यालय ग्राम तर्रा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान मुख्य अतिथि सांसद ने किया। अध्यक्षता श्रीमती हर्षालोकमणी चन्द्राकार जिला पंचायत सदस्य जिला दुर्ग, विशेष अतिथि योगेश चंद्राकार सदस्य ग्राम पंचायत तर्रा, अरविंद खुराना प्रदेश उपाध्यक्ष के हाथों सब जूनियर बालक बालिका जुनियर पुरुष महिला का सम्मान किया। जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में 14 वर्ष से 20 वर्ष के सब जूनियर बालक बालिका ने भाग लिया। पाटन धमधा और दुर्ग विकासखंड के 110 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को मेंडल देकर सांसद श्री बघेल ने उनका उत्साह वर्धन किया तथा किसी कारण वश अपने अच्छे प्रदर्शन नहीं दे पाए उन खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## झुमुक साहू को मिली प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी



**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी की गई प्रदेश स्तरीय सूची में धमधा क्षेत्र के वरिष्ट कांग्रेसी नेता झुकुक लाल साहू को प्रदेश में सयुक्त महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौपी गई है। ज्ञात हो कि झुमुक साहू वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण में महामंत्री के पद पर कार्यरत है। उनको कांग्रेस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपे जाने पर झुमुक साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी शैलजा ब्यास, केबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे, राज्य के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, केविनेट मंत्री राज्य शासन गुरु रुद्र कुमार, सहित अन्य वरिष्ट कांग्रेसियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ पार्टी ने उन्हे जो जिम्मेदारी सौपी है, उसका वे पुरी ईमानदारी से कार्य कर कांग्रेस को और अधिक मजबूत किया जायेगा। उन्होनें कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए वे वरिष्ट कांग्रेस नेताओं के मर्गदर्शन में पुरी निष्ठा के साथ कार्य करेगे। उन्हें कहा कि वे प्रदेश सरकार द्वारा शुरु की गई जन कल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाने का कार्य करेगे, ताकि लोगों को उनका लाभ मिल सके।

## चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने बदमाशों की ली क्लास



**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। शलभ कुमार सिन्हा पुलिस अधीक्षक व्दारा बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने तथा आगामी विधान सभा चुनाव 2023 एवं त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये निगरानी गुण्डा बदमाशों की चेकिंग करने हाजिरी लगाने, उनका गुजर बसर की तस्दीक करने आपराधिक कृत्यों से दूर रहने, किसी भी प्रकार का कहीं भी कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं कर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यवाही करने निर्देशित किया था। संजय ध्रुव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर व्दारा क्षेत्र के निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों को पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में तलब कर उपस्थित को सामाजिक परिवेश में बने रहने, किसी भी आपराधिक कृत्यों में संलग्न नहीं रहने की सख्त हिदायत दी गई। कंट्रोल रुम परिसर में 180 से अधिक गुंडा बदमाश उपस्थित हुए। इस दौरान इनके बारे मे गुजर बसर के बारे मे पूछताछ कर हाजिरी लिया गया जो उपस्थित नहीं सके उनका अनुपस्थिति रिपोर्ट डाला गया पृथक से तलब करने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया। इस कार्यवाही मे नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक काईम, थाना व् चौकी प्रभारी, प्रभारी एसीसीयू साइबर उपस्थित रहे।

### वायर सहित आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव तथा नगर पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना भिलाई भट्ठी पुलिस ने जे.पी. सीमेंट डैम एरिया में कुछ व्यक्तियों द्वारा चोरी के केबल तार को कबाड़ी के पास खपाने की नियत से जलाकर छिल रहे है कि सूचना तस्दीकी हेतु तत्काल घेराबंदी कर 10 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर 29 की दरम्यानी रात को बीएसपी प्लांट में जोरातराई मगडम एरिया के पास से संयंत्र में प्रवेश कर प्लेटमिल एसपी-2 क्षेत्र के पास कट हुआ कॉपर केबल तार को छोटे टुकड़ो बाहर निकाला। आरोपीगणों के कब्जे से कॉपर तार एवं कटर को बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विपिन रंगारी, प्रधान आरक्षक पुरूषोत्तम साहू, आरक्षक अंकित सिंह, अब्दुल शफीक, हिरेश साहू, विश्वजीत सिंह, सुरेश नायड, शैलेष यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही। आरोपी द्रविन्द्र, सतीश , दीपक , ललित कुमार, शिवकुमार, उमेश कुमार, उदय यादव, राहुल यमराज , विकास यादव, लवकुमार है।

## गाड़ी का सेल्फ बनवाने गए ट्रांसपोर्टर से मिस्त्री ने की मारपीट

**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। पावर हाऊस स्थित रविशंकर शुक्ला मार्केट गैरेज में वाहन का सेल्फ रिपेयर करने पहुंचे माल ट्रांसपोर्टर पवन मिश्रा से मिस्त्री और उसके साथियों ने कल रात जमकर मारपीट की है। कल रात हुई इस वारदात में पवन के माथे, गले और छाती में चोट आई है। छावनी पुलिस ने इस मामले में आरोपी शिव, संतोष, दिलीप के खिलाफ धारा 294, 323, 327, 34 और 506बी के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मिश्रा आटा चक्की, सेक्टर-11 जोन 1 मार्केट, खुर्सीपार निवासी पवन माल ट्रांसपोंटिंग का काम करता है। कल वह अपने आटो का सेल्फ बनाने के लिए आटो लेकर मिस्त्री के जहां यह मारपीट की घटना घटित हुई।

### सड़क दुघर्टना में संयंत्र कर्मी घायल

**भिलाईनगर।** संयंत्र में ठेका साईट पर सेफ्टी इंचार्ज सड़क दुघर्टना में घायल हुई। कैम्प.1 निवासी मंजू 22 वर्ष बीएसपी ठेकेदारी में सेफ्टी इंचार्ज है। वह घर से सुबह करीब 9 बजे प्लांट जाने के लिये अपनी सायकल से निकली तभी पावर हाउस अंडरब्रिज के पास पीछे से आ रही मोटर सायकल के चालक ने अपनी मोटर सायकल तेज रफ्तार से निकाली जिससे मंजू सायकल सहित गिर गयी और गिरने से उसे सिर में दाहिने तरफ पैर में चोट आयी है। तभी पीछे से आ रहे मोहल्ले के मनीष ने मोटर सायकल वाले को रोकने का प्रयास किया मगर वह भाग निकला। घायल को उपचारार्थ सुपेला शासकीयअस्पताल सुपेला ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद शासकीय अस्पताल दुर्ग रेफर किया गया। छावनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

## अंकुश ने तैयार की महान वैज्ञानिक आर्यभट्ट की प्रतिमा



**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रयान-3 की सफलता से देशभर में अभूतपूर्व राष्ट्रीय एकता का सूत्रपात हुआ है और अब सूर्ययान आदित्य एल 1 की बारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निरंतर देश हित में लिए जा रहे निर्णयों से लोगों में सकारात्मक सोच के साथ ही विकसित भारत का स्वप्न तैयार हुआ है। इस उपलब्धि पर मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने मात्र 5 दिनों में भारत के महान वैज्ञानिक आर्यभट्ट की विशालकाय प्रतिमा बनाकर सबको हैरत में डाल दिया है। ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के एक्जीक्यूटीव बोर्ड मेम्बर एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी डॉक्टर अंकुश कुमार देवांगन समकालीन भारतीय मूर्तिकला जगत के एक स्तम्भ हैं। दल्ली राजहरा में छ: मंजिली इमारत जितना दुनिया का सबसे बड़ा लौहरथ, रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन में सबसे लंबा भित्तिचित्र एवं दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियां बनाने के लिए उन्हें लिम्का तथा गोल्डन बुक ऑफद वर्ल्ड रिकार्ड का एवार्ड प्राप्त है। उन्होंने इसरो के उपलब्धिपूर्ण कार्यों पर वैज्ञानिकों को इस कला के माध्यम से बधाई दी है। वे कहते हैं कि अब समय आ चुका है कि विश्वगुरु कहलाने वाले भारत का प्राचीन गौरव फिर से प्राप्त हो सकेगा। भारतवर्ष में पहले से ही आर्यभट्ट जैसे महान ऋषि-मुनियों की एक लंबी परंपरा रही है। जिन्होंने अंतरिक्ष पर हजारों वर्ष पहले व्यापक शोध किए थे। उन्होंने ही सर्वप्रथम पूरी दुनिया को अवगत कराया था कि पृथ्वी अपनी ही धुरी पर घुमती है। गणित और ज्योतिष के अनेकानेक सिद्धांतो का उन्होंने प्रतिपादन किया था जिसके कारण भारत के प्रथम उपग्रह का नाम आर्यभट्ट रखा गया है। आदित्य एल 1 का प्रक्षेपण 2 सितंबर को इसरो द्वारा किया जाएगा जिस पर न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर की निगाहें टिकी हुई है। आर्यभट्ट की इस भव्य प्रतिमा को उन्होंने सीमेंट कांक्रीट से बनाकर इसरो को समर्पित किया है और सूर्ययान आदित्य के सफलता की दुआएं मांगी है।

## बाल मुकुंदेश्वर महादेव मंदिर में महा रुद्राभिषेक व पुर्णाहुति



**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावन मास के महीनें में जगह.जगह भगवान शिव का रुद्राभिषेक व विशेष अनुष्ठान किया गया। संकट मोचन हनुमान मन्दिर के प्रांगण में बाल मुकुन्देश्वर महादेव का पूजन अर्चन एवं रुद्राभिषेक2 माह से लगातार अनवरत दंग सें चल रहा था। जिसे आचार्य ओमप्रकाश द्विवेदी के मंत्र उच्चारण व मार्गदर्शन में पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी द्वारा सावन माह की शुरुआत से ही निशुल्क रुद्राभिषेक में लगभग 1900 से अधिक लोगों ने भाग लेकर प्रतिदिन पूजा अर्चना कर महा आरती का प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालु प्रस्थान करते हैं आचार्य ओम प्रकाश द्विवेदी द्वारा सावन माह के प्रथम दिन से ही प्रतिदिन श्रद्धालुओं को निशुल्क रुद्राभिषेक करवाया जाता है इस धार्मिक कार्य में भिलाई, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, राजनांदगांव, बेमेतरा साजा धमतरी बलोदा बाजार राजनांदगांव कबीरधाम बालोद से भक्तों का आने का ताता लगा रहता है मंदिर में प्रतिदिन शिव पंचाक्षर स्त्रोत्र पाठ, महामृत्युंजय मंत्र जाप एवं रुद्र सूक्त अभिषेक किया जाता है।

## लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीत के दिए टिप्स



**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमिन मेमन मुख्य अतिथि में आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सभी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समाज के प्रमुखजनों ने अपने समाज से जुड़े मुद्दे व् अनेक सुझाव एवं वर्त्तमान में देश में चल रहे बाटने वाले राजनीती पर प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष अपने विचार प्रमुखता से रखा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने समाज कल्याण व देश में एकता अखंडता की बात कही। कार्यक्रम अति विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रिय सदस्य अरुण सिंह सिसोदिया ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृव में कांग्रेस पार्टी की सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के विचार से लोगो को अवगत कराया। कांग्रेस पार्टी की रीती निति समाज के सभी वर्ग सभी समुदाय को साथ लेकर आगे बढ़ने समाज के सभी वर्गों का संगठन व सत्ता में सहभागिता सुनिचित करने की रही है। जब भी कांग्रेस पार्टी की सरकार सत्ता में रही है देश में शान्ति, एकता, भाईचारा, मोहब्बत सामाजिक सामंजस्य बरक़रार रहा है। फूट डालो राज करो जैसी निति अपना कर देश की सत्ता करो वाली विचार धारा के लोग देश व् समाज के लिए हानिकारक है। उनके नेताओं के कृत्यों से लगतार अंतर्ष्ट्रीय पटल पर देश की छवि धूमिल हो रही है। हम सभी को आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में ऐसी विचारधारा के लोगों को रोकना होगा। देश के अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले सभी समाज को एक मत होकर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाना व सामजिक ताना बना को बढ़ावा देना पड़ेगा तभी देश उन्नति व् देश के लोगों की आर्थिक स्तिथि ठीक होने में सफलता हासिल होगी। मुख्य अतिथि अमीन मेमन ने कहा की छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी की सरकार के मुखिया भूपेश बघेल की नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी निरंतर सामाजिक एकता, शांति, उन्नति के लिए जमीनी स्तर पर प्रयासरत है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी मेंबर शिजु एंथोनी, रज्जन अकील खान, गुलजेब अहमद, वरिष्ठ अधिवक्ता व कांग्रेस नेता जमील अहमद, प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त सचिव अयूब खान, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सरजिस घोष, सेवा दल के जिला अध्यक्ष लड्डुन भाई, खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमित सिंह, आरटीआई प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अली भाई सिद्दीकी, विधिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजहर अली, जिला सचिव आसिफ अंसारी कार्यक्रम के आयोजक फारूक खान, अमीर अहमद सिद्दीकी, हरिद्वार चौहान, नूर मोहम्मद, पप्पू भाई, जावेद खान, इरशाद अली, उमर खान, सतनाम सिंह, सादिक राजा नवाब असलम, मारूफ आलम, पिंकी वर्मा प्रवीण बानो सहित अनेक उपस्थित थे।

## शंकराचार्य महाविद्यालय में स्लो साइक्लिंग प्रतियोगिता



**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालयए जुनवानी के इको क्लब ने स्लो साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिस दौरान छात्रों ने एक सप्ताह तक प्रतिदिन धीमी साइकिल चलाने का अभ्यास किया। इसमें कुल 5 समूहों ने भाग लिया। जिसमें से खुशी भुवाल, बी.एस.सी- प्रथम वर्ष, अभिषेक पाधी बी.सी.ए. प्रथम वर्ष, ढाल सिंह बी.ए. द्वितीय वर्ष, प्रांशु दुबे बी.कॉम. तृतीय वर्ष एवं आदित्य राज देवांगन बी.एस.सीय द्वितीय वर्ष विभिन्न समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और कुमकुम वर्मा, बी.एस.सी. तृतीय वर्ष, कृष्ण प्रताप सिंह बी.ए. तृतीय वर्ष, शिवम कुमार बी.कॉम. द्वितीय वर्ष, हिमांशु शुक्ला बी.कॉम तृतीय वर्ष और अमीन देशपांडे बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष विभिन्न समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम का प्रबंधन डॉ. वी.के. सिंह, डॉ.संदीप जसवंत, डॉ. राहुल मेने, डॉ. के.जे. मंडल, डॉ. सोनिया बजाज, डॉ. सुषमा दुबे, डॉ. लक्ष्मी वर्मा, डॉ. शिल्पा कुलकर्णी, डॉ. महेंद्र शर्मा, ठाकुर रणजीत सिंह, श्रीमती उज्ज्वला भोसल,रचना तिवारी के निर्देश में किया गया प्रचार्य डा.अर्चना झा, डीन डॉ.जे.दुर्ग प्रसाद राव ने कहा कि यह टीम और छात्रों का सराहनीय प्रयास था।

## बेमेतरा पुलिस चौकी देवरबीजा टीम की कार्रवाई

**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।?

# भाजपा प्रदेश भर में घूम–घूम कर ले रहे लोगों से विचार : शिवरतन

**राजनांदगांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र में लोगों के सुझाव हेतु जिले के दौरे पर आए भाजपा चुनाव घोषणा पत्र निर्माण समिति के सह. संयोजक एवं भाठापारा के विधायक शिवरतन शर्मा आज भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से मुखातिब हुए और कहा कि कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ में रोहिंग्याओं को लाकर बसाया जा रहा है ताकि वह उनका वोट बैंक बने। श्री शर्मा ने प्रदेश में बड़ी मात्रा में धर्मांतरण होने की बात भी कही तथा कहा कि आदिवासी क्षेत्र सुकमा जिले के पुलिस प्रमुख ने इस ओर कांग्रेस सरकार का ध्यान आत्कृष्ट किया इसके बाद भी सरकार द्वारा एक्शन लेने के बजाय चुप्पी साध ली गई। श्री शर्मा ने आगे बताया कि धर्मांतरित लोगों व प्रदेश के मूल रहवासी आदिवासियों में आए दिन टकराव हो रहा है। जिससे प्रदेश में बैमनस्य की स्थिति बढ़ती जा रही है। जिससे यहां का नुकसान हो रहा है।

**कांग्रेस ने जनता से किया छल**

भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचन्द पारख, पूर्व सांसद एवं भाजपा घोषणा पत्र निर्माण समिति के सदस्य मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, सौरभ कोठारी, रविन्द्र वैष्णव, किशुन यदु, सावन वर्मा, अमर ललवानी, त्रिगुण टांक तरूण लहरवानी आदि की उपस्थिति में श्री शर्मा ने पिछले विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी द्वारा शहर के बीएनसी मिल को फिर से चालू करने के वादे को पूरा नहीं करने के सवाल पर कहा कि राहुल गांधी व कांग्रेस जो कहते है उसे पूरा नहीं करते। उनका छल–छदम वाला काम ऐसे ही चलता रहता है।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश का आदिवासी समाज कांग्रेस के हाथों छला गया। उनके तेन्दूपत्ता तोड़ाई की मजदूरी बढ़ाने की बात कह आज तक वादा पूरा नहीं किया। किसानों को केन्द्र सरकार से धान समर्थन मूल्य की राशि में भी धोखा दे रहे है जबकि केन्द्र से पूरी राशि लेकर 150 रू और कम किसानों को दे रहा है। महिलाओं को 4 सिलेण्डर देने का वादा किया था लेकिन आज तक उन्हें नहीं दिया गया। महिला स्व–सहायता समूह को कर्ज माफी के बादे किए थे। आज तक पूरा नहीं किया। शिक्षा विभाग में सैकड़ों



पद रिक्त पड़े है जिसे भरा नहीं गया। शिक्षित बेरोजगार घूम रहे है।

श्री शर्मा ने आगे कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस के जन संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) में कर्मचारियों के नियमितिकरण के वादे किए थे उसे आज तक पूरा नहीं किया गया। भाजपा के शासन के समय किसानों के बाकि 2 साल का बोनस कांग्रेस सरकार के आने पर किसानी को देने का वादा किया था। आज तक नहीं दिया गया। श्री शर्मा ने कहा कि गत विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता से 36 वादे किए थे। गंगाजल उठाकर शपथ लिया था कि प्रदेश में शराब बंदी करेंगे। जबकि प्रदेश में शराब की गंगा बह रही है। नशे का व्यापार हो रहा है। शराब की घर पहुंच सेवा हो रही है। हेरोइन, चरस नशे के टेबलेट धडल्ले से बिक रहे है। छत्तीसगढ़ विकास में पिछड़ गया है। कांग्रेस के शासन में विकास के सभी काम रूक गए है। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में सीएम चुनौती भी दी थी कि जहां चाहे इस पर चर्चा कर ले। उन्होंने कहा कि कांग्रेने केन्द्र सरकार की बहुत सी गरीब हितैषी योजनाएं लागू ही नहीं की गई है। शुरू में विकास में हम छत्तीसगढ़ में पांचवे नम्बर पर थे अब हम आखिरी के पांचवे नम्बर पर है और अपराध में पहला। जल जीवन मिशन के 28 वें स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास के 16 लाख ग्रामीण परिवार वंचित है। उज्जवला गैस कनेक्शन पिछले पांच साल से बंद है। इस तरह प्रदेश की भूपेश बघेल वाली कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ का भट्टा बैठा दिया है।

**छत्तीसगढ़िया मन के बात**

श्री शर्मा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा चुनाव घोषणा पत्र निर्माण समिति के संयोजक विजय बघेल है। उक्त समिति में उनके सहित पूर्व सांसद मधुसूदन यादव सहित 32 सदस्यों की समिति बनाई गई है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ की जनता से घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए सुझाव प्रदेश भर में घूम–घूम कर उनके विचार लिए जा रहे है। उन्होंने बताया कि भाजपा के इस घोषणा पत्र का नाम छत्तीसगढ़िया मन के बात रखा गया है। प्रदेश की जनता से उक्त सम्बंध में मो. नं. 9480456500 में वाट्सअप द्वारा सुझाव मांगे जा रहे है। इसमें उन्होंने अब तक लगभग 50 हजार सुझाव आने की बात कही है, साथ ही बताया कि इस सम्बंध में जनता की राय जानने व सुझाव हेतु प्रत्येक विधानसभा में एक सुझावा पेटी भी लगाया गया है।

# रक्षाबंधन बुधवार और गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया



**देवकर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बहन–भाई के प्यार का प्रतिक इस त्योहार को लेकर घर–घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। बुधवार रात को 9बजे के बाद और गुरुवार की सुबह लोग स्नान कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म जन्म तक सुख–दुख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढे– बुजुर्गों का पैर छुकर आशिर्वाद लिया। दोपहर में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई सुबह से शुरू हुआ रक्षाबंधन का त्यौहार रात तक चलता रहा। रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा एक्साइटेड बच्चे रहे सुबह से ही भाई–बहन इसे लेकर हालचाल करते नजर आए। इसके अलावा मिलने वाले उपहारों का इंतजार बच्चों को रहा। साथ ही मनपसंद के पकवान और घूमने जाने का मौका भी बच्चों के लिए रोमांच भरा था रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा खुश बच्चे ही नजर आए। ईश्वर पूजन के बाद भाई को तिलक मिष्ठान पूजन नारियल रुमाल के साथ बहन ने राखी बांधी। इस मौके पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भाई और बहन के इस विशेष त्योहार को लेकर अधिकांश घरों में बहनों ने मंगल की रात में प्लानिंग कर ली थी जिससे सुबह होने की त्योहार की धूम घरों में नजर आने लगी।

# प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री कृष्णा दुबे बने

## बधाई देने वालों का लगा तांता



**गुरुर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कृष्णा दुबे को कांग्रेस कमेटी प्रदेश संयुक्त महामंत्री बनाए जाने पर जिला सरपंच संघ बालोद अध्यक्ष लेखक चतुर्वेदी, प्रदेश सचिव तुकाराम साहू, हलधर साहू, ओमप्रकाश गजेंद्र ,संजय चंद्राकर,जीवरखन साहू जिला अध्यक्ष असंगठित मजदूर समस्या निवारण क्षेत्र जिला बालोद ,विकास चोपड़ा, जिला पंचायत सभापति मीना सत्येंद्र, जिला पंचायत सभापति केदार देवांगन एवं कांग्रेस के सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्य गण की ओर से बधाई दिए और शुभकामनाएं दिए।

## बालोद डीएफओ की बड़ी कार्रवाई रोपनी प्रभारी निलंबित

**बालोद,** 31 अगस्त। वन विभाग बालोद के अंतर्गत पर्यावरण पार्क में निर्माण हेतु वन परिक्षेत्र अधिकारी बालोद के द्वारा सरिया सप्लाई हेतु सप्लायर को दिया गया था ,जिस संदर्भ में जानकारी मिली कि रोपनी प्रभारी रेनू निषाद ने सरिया 2800 किलो जो कि लगभग 1,65,000 राशि का था में से अपने निजी मकान स्टेडियम के पास निर्माणाधीन गंजपारा बालोद में 37 बडल खाली करवाया है व शेष 6 बडल पर्यावरण पार्क में खाली कराया गया है, इसके बाद सभी पक्षों का बयान होने के बाद इस संदर्भ में वन विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में आया उसके बाद बालोद जिला वन मंडलाधिकारी आयुष जैन कार्यवाही करते हुए रेनू निषाद के निलंबन आदेश जारी किया गया।

# डोंगरगांव विस क्षेत्र में एलबी नगर किसान मोर्चा अध्यक्ष तामेश्वर साहू की बढ़ी लोकप्रियता

**डोंगरगांव,** 31 अगस्त। विधानसभा क्षेत्र के लालबहादुर नगर किसान मोर्चा अध्यक्ष टामेश्वर साहू की एक किसान नेता के रूप में क्षेत्र में अच्छी खासी लोकप्रियता बढ़ गई है क्षेत्र में देखा जाए तो साहू समाज के अलावा पार्टी स्तर में भी उनकी अच्छी पकड़ होने के कारण बीजेपी से अच्छा प्रत्याशी हो सकते है विगत चार वर्षों में भाजपा मंडल के विभिन्न पदों और ग्राम पंचायत कुरूभांठ सरपंच प्रतिनिधि होने के साथ काफी लोकप्रिय हैं मंडल के दायित्वों के रूप में मोर आवास मोर अधिकार के मंडल प्रभारी के रूप में पुरा क्षेत्र में जाकर राज्य सरकार के आवास रोकने के खिलाफ आंदोलन मे खड़ा होने के साथ ही रोका छेंका योजना जो पुरी तरह फ़ैल है उसका भी विरोध किया गया ।, सड़क खोजों चिखला यात्रा में साठ किलोमीटर पैदल चलकर राज्य सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ ख़राब सड़कों का प्रदर्शन विधायक निवास में किया गया , नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना के खोलबो पोल का भी गौठान में जाकर विरोध किया गया।, विधायक के खिलाफ स्वेच्छा अनुदान की राशि बंदर बांट



करने के मामले में विरोध प्रदर्शन व फर्जी केसीसी ऋण मेंढ़ा मामला आनंद कवंर किसान आत्महत्या का मामला भी का आंदोलन किसान मोर्चा के नेतृत्व में किया गया था इसी प्रकार अमानक वरमी कम्पोस्ट खाद का विरोध , किसानों के कृषि पम्पो को स्थाई कनेकसन के लिए आवाज उठाई और समय–समय पर शोसल मिडिया में भी राज्य सरकार के नाकामी को भी जमकर प्रचार प्रसार किया गया वही सोसायटी में खाद बीज की समस्या को भी आंदोलन के माध्यम से किसानों के बीच रखकर आंदोलन किया गया आए दिन क्षेत्र में अध्यक्ष टामेश्वर साहू द्वारा आंदोलन व प्रदर्शन में भाग लेने से उनकी क्षेत्र में अच्छी खासी लोकप्रियता बढ़ गई है ।

# रक्षाबंधन पर नारी शक्ति को मोदी सरकार का बड़ा उपहार : परविंदर



**डोंगरगढ़,** 31 अगस्त। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विगत कुछ वर्षों से वैश्विक स्तर पर बढ़ी हुई महंगाई का असर भारतीय महिलाओ के रसोई बजट पर भी हुआ था, बढ़ी हुई सिलेंडर की कीमतों से महिलाओ को घर चलाने मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था जिसको दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कैबिनेट की मीटिंग करके उज्ज्वला योजना के लाभार्थी महिलाओ को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर 400 रुपए एवम सामान्य घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए 200 रुपए प्रति गैस सिलेंडर कटौती करके बहनों को रक्षाबंधन का उपहार दिया। रक्षाबंधन का पर्व परिवार में खुशियां बढ़ाने का होता है,गैस की कीमत में कटौती होने से भारतीय परिवार की महिलाओं की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन आसान होगा। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा गैस की कीमत में की गई कटौती के लिए सभी महिला बहनों को सांसद प्रतिनिधि भाटिया ने बधाई दी।

## सार-संक्षेप

### सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख स्वीकृत

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत विधायक आनंद छाबड़ा की अनुशंसा पर धमधा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दारगांव में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### संगीतमय श्रद्धांजलि यादें मुकेश आज

**दुर्ग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)।



छत्तीसगढ़ मंच के बैनर तले शुक्रवार 1 सितंबर को शाम 7 बजे से पुराना बस स्टैंड में अमर गायक स्व मुकेश चंद्र माथुर की याद में जाने चले जाते है कहां, संगीतमय श्रद्धांजलि यादें मुकेश का आयोजन किया गया है। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं दिनेश जैन ने बताया की उक्त संगीतमय श्रद्धांजलि में शहर के प्रमुख गायक प्रशांत श्रीवास्तव, शरीक अली मन्नी, गुलाब चौहान, किशोर जैन सराफ, तुलसी सोनी,युनुस चौहान, हाजी मिर्जा साजिद बैग, त्रिलोक सोनी, साबिर खान,जाहिद अली, अनिल गुप्ता, कमल जैन, दीपक शर्मा सहित अन्य गायक अपनी प्रस्तुति देंगे।

### जिले में 13 तक होगा वजन त्यौहार का आयोजन

**बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बच्चों के पोषण स्तर ज्ञात करने के लिए कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले में 1 से 13 सितंबर तक प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जायेगा। वजन त्यौहार में जिले के 0 से 6 वर्ष तक के 1 लाख 25 हजार से अधिक बच्चों का वजन लेकर बच्चों के पोषण स्तर का ज्ञात किया जायेगा।

# प्रदेश में 36 जिला मुख्यमंत्री की घोषणा, राज्य बनने के बाद मिले 16 जिला

- रमन सिंह ने बनाए 11 जिला, भूपेश ने 6 अब 3 जिला की घोषणा शेष
- मुख्यमंत्री शेष 3 जिले मे राजिम को देगे क्या चुनाव पूर्व जिला की सौगात

**राजिम,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजिम जिला निर्माण पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर क्षेत्र के लाखों जनता की निगाहें टिकी हुई है। हर दृष्टिकोण से राजिम को जिला बनाने मांग शांतिपूर्ण ढंग से विभिन्न माध्यमों के माध्यम से प्रदेश सरकार को अवगत करा रहे हैं। बच्चों से लेकर युवा एवं उम्र दराज लोगों की मांग मुख्यमंत्री कैसे अनसुना कर सकते हैं। यहां के जनता को पूरा विश्वास है कि आचार संहिता लगने से पहले राजिम जिला की घोषणा अवश्य करेंगे। जानकारी के मुताबिक 5 अक्टूबर से आचार संहिता लग जाएगी उसके बाद सरकार किसी प्रकार की कोई घोषणा नहीं कर सकते हैं। चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद राजनीतिक दल सिर्फचुनाव की तैयारी में ही लग जाएंगे।



ऐसे में मात्र गिनती के एक महीना ही समय शेष है। इस एक महीने में कांग्रेस सरकार यदि जिला की घोषणा भी करती है तो उनको स्टेबिलिट करने में समय लगेगा। जानकारों की माने तो कांग्रेस सरकार इस पंचवर्षीय के जाते–जाते तीन नए जिला बनाने का श्रेय ले सकती है। वैसे भी छत्तीसगढ़ राज्य 1 नवंबर सन् 2000 को अस्तित्व में आया। तब गिनती के 16 जिला ही थे। प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने अपने कार्यकाल के दौरान नया जिला नहीं बनाया। उसके बाद प्रदेश की सत्ता में काबिज भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा 11 नए जिले बनाकर जिले की संख्या 27 कर दिए। सन् 2018 में सत्ता परिवर्तन के साथ पुन: कांग्रेस की सरकार आई और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 6 नए जिले गठन कर दिए। अब जिले की संख्या 33 हो गई है। चर्चा है कि छत्तीसगढ़ में 36 जिले ही होंगे। इस लिहाजा से प्रदेश में कुल तीन जिला और नए बनाए जाने हैं। प्रदेश सरकार के पास अभी भी महीने भर से भी ज्यादा समय है इस दौरान वह प्रदेशवासियों को तीन नए जिले का सौगात दे सकती है। चूंकि राजिम जिले की मांग बहुत पुरानी है। हर दृष्टिकोण से राजिम जिला बनने के सारे मापदंड को पूर्ण करती है। वैसे भी प्रदेश का इन्हें प्रयागराज कहा जाता है। राज्य का सबसे बड़ा माघ पूर्णिमा मेला त्रिवेणी संगम नदी में लगता है। जिसमें प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहती है। दर्शन, पूजन, स्नान एवं मेला घूमने देश विदेश से भी लोग पहुंचते हैं। पूरे प्रदेश में राजिम का अपना एक विशेष महत्व है इसे हरि और हर की नगरी भी कहा जाता हैं। साक्षात भगवान विष्णु राजीवलोचन के रूप में विराजमान है। महादेव तीन नदियों के मध्य में कुलेश्वरनाथ महादेव के रूप में मौजूद है। मुख्यमंत्री जब भी राजिम आते हैं तो प्रदेश की खुशहाली के लिए भगवान राजीवलोचन एवं कुलेश्वरनाथ महादेव दर्शन करने जरूर पहुंचते हैं। यहां पंचकोशी यात्रा की परंपरा सदियों से चली आ रही है। जिले बन जाने से इनकी ख्याति और बढ़ जाएगी। बताया जाता है कि देश में जितने भी बड़े तीर्थ स्थल है सभी जिला के रूप में अस्तित्व में आ चुके हैं लेकिन छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े तीर्थ स्थल राजिम आज भी जिले की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भरोसा लगाकर निगाहें टिकाएं हुए हैं।

# बेमेतरा ज़िले में 4641 इस योजना का लाभ पात्र युवाओं के खाते में राशि अंतरित



**बेमेतरा,** 31 अगस्त। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर अपने निवास कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत पाँचवी किश्त के रूप में प्रदेश के 01 लाख 29 हजार 886 हितग्राहियों को 34 करोड़ 55 लाख 65 हज़ार रूपए की राशि सीधे उनके खाते में हस्तांतरित की। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ता की अप्रैल, मई, जून,जुलाई और अगस्त माह की पाँच किश्तों को मिलाकर हितग्राहियों के खाते में अब तक 146 करोड़ 97 लाख 95 हजार रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। वही बेमेतरा ज़िले की बात करें तो ज़िले के 4641 शिक्षित पात्र बेरोज़गार के खाते में माह अप्रैल से अगस्त तक पाँच माह में 4 करोड़ 96 लाख 97 हज़ार 500 सौ रुपये की राशि संबंधित के बैंक खातों में आयी आयी है। ज़िलेमें अगस्त माह की बात करे तो 168 आवेदन पात्र पाए गये इनके खाते में 4 लाख 20 हज़ार रुपये आये। बेमेतरा ज़िले में आज सिर्फ़ माह अगस्त में 4641 हितग्राहियों के खाते में 1 करोड़ 16 लाख 25 हज़ार रुपये अंतरित हुए। डिप्टी कलेक्टर श्री भूपेन्द्र जोशीए सहायक संचालक ज़िला कौशल विकास प्राधिकरण सहित बेरोज़गारी भत्ता पत्र युवा, लाइवलीहुड से कौशल प्रशिक्षण ले रहे युवा और प्रशिक्षण उपरांत प्रतिष्ठित संस्थान में नौकरी कर रहे युवा ज़िला कलेक्ट्रेट बेमेतरा से वर्चुअल जुड़े।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पूरे छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में ...

लिये देशभर में 12 करोड़ से ज्यादा परिवारों में टायलेट की सुविधा दी। श्री मंडाविया ने केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए आने वाले समय में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील जनता से की। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर वादाखिलाफी के अनेक आरोप लगाये।

सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रदेश में चुनावी संदर्भ में कहा कि पाटन विधानसभा क्षेत्र में तो भाजपा चुनाव जीतेगी पूरे प्रदेश में भारी बहुमत से जीतकर भाजपा की सरकार बनायेगें। राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने भी अपने उद्बोधन में दुर्ग शहर में दस वर्षो तक महापौर रहने का उल्लेख करते हुए कहा कि वे जब जब दुर्ग आती है उन्हें अपनापन महसूस होता है। यहां की खुशबू वे जहां भी रहें महसूस करती है। सुश्री पाण्डेय ने रक्षाबंधन का उल्लेख व उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए आज कहा कि आज भी उन्होंने अपने सीएम भाई को राखी भेजी है पर यह भाई विश्वासघाती है। उसने पिछले चुनाव में प्रदेश में शराबबंदी का वादा किया था मगर वादा पूरा न कर महिलाओं को छल रहा है। उन्होंने इन दिनों चर्चित एक विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष को बच्चा नहीं कहा। उनके किसी प्रवक्ता ने कहा था जिसे मैने दोहरा दिया। उन्होंने दुर्ग, पाटन सहित पूरे दुर्ग जिले और प्रदेश में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय शर्मा, राजीव अग्रवाल, शालिनी राजपूत, जितेन्द्र वर्मा, बृजेश ब्रिचपुरिया, माया बेलचंदन, जागेश्वर साहू, उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, एवं जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी उपस्थित थे। संचालन गायत्री वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, लाभचंद बाफना, नटवर ताम्रकार, राजेश ताम्रकार, अनूप गटागट, कांतिलाल बोथरा, सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### आदर्श कन्या शाला का नामकरण ...

इस अवसर पर छात्र संघ के पदाधिकारियों शपथ के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बालाराम जोशी के अतुल्य योगदान को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संघ के अध्यक्ष मुरली मनोहर खण्डेवाल ने स्व. बालाराम जोशी के बलिदानों को स्मरण करते हुए परम्परा का निवर्हन करने को कहा। प्रधान पाठक श्रीहरि शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा शाला के कक्ष क्रमांक 4 में विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। प्रारंभ में स्वागत भाषण संस्था प्रमुख डॉ. कृष्णा अग्रवाल ने दिया।

### भोजली की धूमधाम से निकाली...

भोजली के गमले निकालकर उन्हें राखियां अर्पण कर पूजन किया गया। पश्चात महिलाओं ने सिर पर भोजली के पात्र को रखकर शोभायात्रा निकाली। डिपरापारा से बाजे गाजे डीजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा शिवनाथ नदी गई वहां पर विधि विधान से भोजली को ठंडा किया गया।

### भव्य शोभायात्रा के साथ ...

एवं अन्य कई समाज द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में रामधुनि के कलाकार श्री तुलसीदास कृत रामचरित मानस, नवधा रामायण एवं विष्णु महायज्ञ के मुख्य आचार्य श्री गिरधर गोपाल आसोया, सुशीलजी आसोया, एवं पवन द्विवेदी के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं एवं सभी समाज के पुरूषगण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। मंदिर समिति के संरक्षक चतुर्भुज राठी ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

### सेवानिवृत्त कर्नल दुबे को दी गई...

अनुशासन के संबंध में मार्गदर्शन करते थे यह उनकी विशेषता रही द्य इस समारोह में कर्नल हेमंत दुबे के साथ उनका परिवार भी उपस्थित हुआ। उनके द्वारा अपने साढे 32 वर्ष की सेवा काल के स्मरण उपस्थितजनों को बताएं इस दौरान वे भावुक भी हुए। उपस्थित स्टाफने बताया कि कर्नल हेमंत दुबे के साथ कार्य करने का अच्छा अनुभव रहा ।

कर्नल हेमंत दुबे के विदाई सम्मान समारोह में सूबेदार मेजर भूपति थापा एवं पी आई स्टाफए सिविलियन स्टाफतथा विद्यालय एवं महाविद्यालय से आए एनसीसी अधिकारी गण तथा एनसीसी कैडेट द्वारा कर्नल हेमंत दुबे कमान अधिकारी को गॉड आफऑनर देकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त कमान अधिकारी कर्नल मकसूद अली खान एवं समस्त स्टाफद्वारा स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विदाई समारोह के पश्चात नव पदस्थ कर्नल मकसूद अली खान के द्वारा कार्यभार भी ग्रहण किया गया।

# भाजपा नेताओं ने चुनाव घोषणा पत्र हेतु मांगी छात्र व समाज के लोगों की राय, ली बैठक



**डोंगरगढ़,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव होने वाले है भाजपा के 2023 चुनाव घोषणा पत्र समिति के सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने डोंगरगढ़ पहुंच कॉलेज के छात्र–छात्राओं व नगर के विभिन्न समाज के लोगों से मिल चर्चा की है भाजपा नेताओं के गुरुवार दोपहर यह नगर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोर–शोर से स्वागत किया है इसके बाद नेताओं ने नगर के विद्यार्थियों, मितानिन ,व्यापारी वर्ग, पेंशनर एसोसिएशन सहित कंडरा पारा में समाज के लोगों से मुलाकात कर चुनावी घोषणा पत्र संबंधी चर्चा की । इसी कड़ी में उन्होंने स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में भी एक बैठक रख नगर के विभिन्न समाज के लोगों को आमंत्रित कर उनकी राय मांगी है जिसमें समाज के लोगों ने क्षेत्र व समाज के विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर नेताओं को ध्यान आकर्षण कराया और चुनावी घोषणा पत्र में उक्त विषयों को जोड़ने की बात कही । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पटेल महामंत्री महेंद्र वैष्णव सचिन बघेल पूर्व विधायक रामजी भारती विनोद खांडेकर वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे सुरेंद्र सिंह बन्नोवाना सुनील जैन महेंद्र भाई पटेल तुलसी मिश्रा डॉ पन्नालाल बाफना शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन ग्रामीण अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम महामंत्री राकेश अग्रवाल संतोष राव उपाध्यक्ष नागेंद्र परिहार नपा नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ अनीता इंदुरकर लक्ष्मी यादव वीरेंद्र सोनी विजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारका प्रसाद शर्मा महेंद्र अग्रवाल विवेक मोनू भंडारी हेमिन लाउतरे लोकेश इंदुरकर महेश यादव चेतन अग्रवाल छबील साहू मुरली गेडांम वीरेंद्र साहू सहित विभिन्न समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निधन

### बुधियारिन बाई चंद्राकर

**महासमुंद,** 31 अगस्त। ग्राम खरोरा निवासी श्रीमती बुधियारिन बाई उर्फ भूरी चंद्राकर 75 वर्ष का गुरूवार 31 अगस्त को निधन हो गया।



अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे श्यामा चरण, महेश चंद्राकर की मां व लोचन चंद्राकर की दादी थी।

### कुंदनमल सेठी

**दुर्ग,** 31 अगस्त। पूर्व में जैन गली गांधी चौक वर्तमान में अमर हाईट्स निवासी जैन समाज के अग्रणी कुंदनमल सेठी उम्र 89 वर्ष का आज 31 अगस्त को सुबह निधन हो गया।



वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। अंतिम संस्कार शाम को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुभाष, राजेश, आशीष, संजीव सेठी के पिता थे।

## गन्ना उत्पादक किसान संघ की बैठक आज

**बालोद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के गन्ना उत्पादक किसानों की बैठक झलमला स्थित गंगा मइया प्रांगण में आज 1 सितंबर शुक्रवार को रखा गया है। जिसमें जिले के सभी गन्ना उत्पादक किसान भाइयों व पदाधिकारियों को समय पर 12 बजे उपस्थित होने की अपील संघ के संरक्षक छगन देशमुख ने किया है। उक्त जानकारी गन्ना उत्पादक संघ के सदस्य हीरापुर निवासी उमेश साहू ने दी।

# चारभाठा में 40 वर्षों से मनाया जा रहा है भोजली उत्सव

**खैरागढ़,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम ग्राम पंचायत चारभाठा में 40 वर्षों से ग्रामीण लगातार भोजली उत्सव का त्योहार मनाते आ रहे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू विशिष्ठ अतिथि के रूप में जनपद सदस्य ममता साहू विषेश अतिथि यदुकुमार साहू ग्राम पटेल मनराखन साहू, निलेश यादव, विमल बोरकर सहित अन्य ग्रामीण मंच पर आसीन रहे है। आयोजक टीम के द्वारा सभी अतिथियो का बैच लगाकर व माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। चारभाठा गांव के ग्राम पटेल मनराखन साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि भोजली का यह उत्सव विगत 40 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा की गांव के सभी लोगो के द्वारा मिलजुल कर कार्यक्रम को सफल बनाते है।



■ भोजली उत्सव का मतलब मित्रता करना

यदु कुमार साहू ने कहा कि चारभाठा में मुझे एक अपना पन सा लगता है। भोजली उत्सव को आज भी ग्रामीण इलाको में जिंदा रखा है। सभ्यता और संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। जनपद सदस्य ममता साहू ने कहा कि 2 माह से ग्रामीण रामचरित मानस ग्रंथ को अपने जीवन में उतार रहे है। पुराने रीति रिवाज व संस्कृति को बढ़ावा दे रहे है। निलेश यादव ने ग्रामीणों को भोजली उत्सव की बधाई देते हुए कहा की आप हमेशा अपने बच्चो को शिक्षा के लिए प्रेरित करे। पत्रकार विमल बोरकर ने कहा कि चारभाठा के ग्रामीण 40 वर्षों से लगातार भोजली उत्सव मनाते आ रहे है। आप सभी ग्रामीणों को भोजली उत्सव की बधाई जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चारभाठा गांव में मुझे एक अपना पन से लगता है। भोजली उत्सव का मतलब मित्रता करना होता है। बंजरग मानस परिवार व राजीव युवा मितान क्लब के सभी सदस्यों को बहुत बहुत बधाई अतिथियो के द्वारा भोजली उत्सव में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच श्रवण लाल साहू,पूर्व सरपंच देवकी साहू,ग्राम पटेल मनराखन साहू, उप सरपंच राकेश साहू, अमरुत साहू, गुलाब साहू,अलख राम साहू, शर्मा देवदास,गोविंद साहू, तामेश्वर साहू, नंद कुमार साहू,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अपने निजी वाहनों से कथा स्थल तक नि:शुल्क ले जाने वाले वाहन मालिकों के प्रति ग्रामीणों ने जताया आभार

**बालोद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम जुंगेरा रानीतराई में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं प्रदीप मिश्रा के पांच दिवसीय मणीलिंग शिवमहापुराण कथा प्रवाह के दौरान स्थानीय ग्राम कोहंगाटोला, घुमका, जगन्नाथपुर, सुंदरा के स्कॉर्पियो, बोलेरो, टेक्टर ट्राली, आटो रिक्शा वाहन मालिकों ने अपने निजी वाहनों से अंचल के शिव भक्तों को नि:शुल्क रूप से कथा स्थल तक लाने ले जाने का कार्य किया। जिसका इस क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के आम जनता व शिव भक्तों ने वाहन मालिकों के प्रति आभार व्यक्त किए और भगवान भोलेनाथ से दिल से दुआ प्रार्थना किए। इस प्रकार के नि:स्वार्थ भाव से कथा स्थल तक नि:शुल्क वाहनों में दिन दुखियों व गरीब तबके के लोगों को लाने ले जाने का कार्य किया है भगवान भोलेनाथ उन वाहन मालिकों का मनोकामना पूर्ण करे व उनके परिवार में दिन दोगुना रात चौगुना अन्न धन की बढोत्तरी हो व यश वैभव कीर्ति का पताका दूर दूर तक फैले तथा इसी भावना के साथ बालोद शहर ग्रामीण अंचल के ग्रामीणजनों ने मणीलिंग शिवमहापुराण कथा कराने वाले आयोजन समिति का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। जिनके बदौलत हम सब ग्रामीणजनों को अतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से भगवान भोलेनाथ की कथा वाचन सुनने का अवसर मिला। नि:शुल्क अपने निजी वाहनों से शिव भक्तों को लाने ले जाने का कार्य करने वाले वाहन मालिक कोहंगाटोला निवासी छगन साहू पूर्व सरपंच, पाल सिंह साहू, राहुल साहू, मनोज साहू, युवराज सिंह, सुरेश सिंह, रिखी साहू, नरेन्द्र साहू, राजेन्द्र ठाकुर, तुलसी सिन्हा, गणेश राम साहू, राजेश साहू का विशेष योगदान रहा।



# रसोई गैस मे दो सौ रुपए कम किए जाने पर केन्द्र सरकार का माना आभार



**गुण्डरदेही,** 31 अगस्त (देशबन्धु) । केंद्र की मोदी सरकार ने मंगलवार को रक्षाबंधन के अवसर पर महंगाई से लोगों को राहत देते हुए रसोई गैस सिलेंडर के दाम पर दो सौ रुपए कम करने की घोषणा की है जिसका भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया है गुण्डरदेही भाजपा मंडल मंत्री लाभार्थी प्रमुख व वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीधर साहू ने कहा कि निश्चित ही यह सराहनीय कदम है देशभर के करोड़ों महिलाओ को रक्षाबंधन का उपहार मोदी सरकार ने दिया है उन्होने आगे कहा कि मोदी सरकार के इस फैसले के बाद अब उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को कुल चार सौ रुपए की गैस सब्सिडी मिलेगी पहले 1193.50 रूपए मे सिलेंडर मिलता था अब दो सौ रूपए कम यानि 993.50 रूपए मे हितग्राहियो को सिलेंडर मिलेगा।

# 5 लाख 80 हजार के ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा के मार्ग निर्देशन में 5 लाख 80 हजार रुपये की ठगी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना खैरागढ़ की अहम भूमिका रही। जिसमें आरोपी को शाजापुर (मध्य प्रदेश) से गिरफ्तार किया गया। ये आरोपी शेयर मार्केट में 20 प्रतिशत का लाभ दिलाने के नाम पर लोगो से धोखाधड़ी किया कर्ता था। एक प्रार्थी से बोला कि शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर प्रतिदिन 20 प्रतिशत का लाभ दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी किया कर्ता था। शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर प्रतिदिन 20 प्रतिशत का लाभ होगा करके प्रार्थी से 5 लाख 80 हजार रुपये पैसे आरोपियों ने ठग लिया आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियों जेल भेज दिया गया है। एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा उनके खिलाफ तत्काल अपराध पंजीबद करने के निर्देश प्राप्त होने पर उनके खिलाफ धारा 420, भद्दे 66 आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्यवाही में थाना खैरागढ़ के पुलिस स्टाफ कोमल मिंज, सायबर सेल प्रभारी टैलेश सिंह, प्रआर दानेश सिंह, आर चंद्रविजय, सत्यनारायण, आर विजय कुर्रे का सराहनीय योगदान रहा है। आरोपी रोहित रंजन व नेहा शर्मा के द्वारा 5 लाख 80 हजार रुपये का ठगी किया गया था। शेयर मार्केट के नाम पर ठगी की और प्रार्थी से पैसे ठग लिए। केसीजी के एसपी अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में खैरागढ़ पुलिस ने इन आरोपियों को गिरफ्तार किया जेल भेज दिया है।




# बंद ब्लास्ट फार्नेस में लगी आग

**भिलाईनगर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र में आज गुरुवार सुबह लगभग पौने 5 बजे ब्लास्ट फर्नेस-6 में अचानक आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्नि शमन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार अग्मि शमन विभाग की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग चार घंटे में आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि ब्लास्ट फार्नेस-6 पिछले सप्ताह ही कैपिटल रिपेयर के चलते बंद किया गया था। जिसके कारण आगजनी में कोई बड़ी अनहोनी नही हुई। आग लगने के कारणों का पता नही चल सका है। मिली जानाकारी के अनुसार आग ब्लास्ट फार्नेस के समीप हाईटेंशन रुम में लगी थी।



**प्रबंधन का कथन बंद ब्लास्ट फर्नेस.6 में आगजनी'**

भिलाई इस्पात संयंत्र के बंद ब्लास्ट फर्नेस-6 में आज 31अगस्त को सुबह 4.45 बजे धुंआ निकलने की जानकारी मिली। तत्काल कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड ने कार्यवाही करते हुए घटनास्थल को चारों ओर से घेरकर आग बुझाने का प्रयास किया। आग पर काबू पा लिया गया है। आग फर्नेस-6 के केबल रूम और कंट्रोल रूम में केबल में लगी हुई थी। इस घटना में कोई जनहानि या क्षति नहीं हुई है। जांच के बाद आग लगने के कारण का पता चल पाएगा।

# एसपी ने किया विधान सभा चुनाव को देखते हुए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण

**खैरागढ़,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा ने विधान सभा चुनाव को देखते हुए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। रक्षाबंधन पर्व में उपस्थित होकर पुलिस जवानों के साथ मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी किया। एसपी अंकिता शर्मा ने रक्षाबंधन पर्व में पुलिस जवानों के साथ मिलकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया उसके बाद भावे कैम्प, मलैदा, थाना बकरकट्टा क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी किया गया।



## निरीक्षण के दौरान दिए गए दिशा निर्देश

एसपी अंकिता शर्मा ने कहा कि छतीसगढ़ की सीमा से लगा हुआ मध्य प्रदेश के जिला बालाघाट से लगा हुआ थाना साल्हेवारा क्षेत्रांतर्गत पुलिस अन्तर्राज्यी चेक पोस्ट का निरीक्षण कर दिशा निर्देश भी दिया गया। विधानसभा चुनाव की तैयारियों की जाँच और पुलिसकर्मियों को प्रेरित भी किया गया। विधानसभा चुनाव की तैयारियों की जाँच के दौरान एसपी अंकिता शर्मा ने थाना साल्हेवारा के उपनिरीक्षक रामनरेश यादव सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों को प्रेरित कर उन्हें ईमानदारी से ड्यूटी करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# ब्रम्हकुमारी बहनों ने बांधी राखी



**बालोद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद की ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा अपने सेवा केन्द्र के अलावा जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी जितेन्द्र यादव, थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय, 21 वीं वाहिनी बटालियन के जवानों को नगर के वृध्दा आश्रम, अनाथ आश्रम, कोतवाली थाना, बैंक अधिकारी तथा समस्त विभागो के अधिकारी कर्मचारी एवं नगर के वरिष्ठ गणमान्य भाई-बहनों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का रहस्य बताया गया। इस अवसर पर संस्था की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन एक अलौकिक पवित्र बंधन है जो सर्व बंधनों से मुक्ति दिलाता है। इस पवित्र पर्व के दिन पवित्र राखी बंधवाकर हम प्यार के सागर परमात्मा से जुड़ जाते हैं। यह पर्व हम सभी को प्रेरित करता है कि जीवन को आध्यात्मिक मूल्यों से भरपूर कर शान्ति और शुभभावना से रंगकर व्यवहार में स्नेह, सहानुभूति, दिव्यता एवं मधुरता आदि दिव्य गुणों को धारण कर संस्कार परिवर्तन द्वारा संसार परिवर्तन के श्रेष्ठ कार्य में सहयोगी बनें। सभी का मुख मीठा कराते हुए जीवन में मधुरता अपनाने एवं कोई एक बुराई त्यागने का संकल्प कराया गया।

# नहर मे उतरते समय ट्रक चालक बहा 24 घंटे खोजबीन के बाद भी नही मिली सुराग , गोताखोर की ली जा रही मदद

**गुण्डरदेही,** 31 अगस्त (देशबन्धु) । गुरूवार को तांदुला नहर मे फुण्डा के पास शौच के लिए गए ट्रक चालक 27 वर्षीय आशीष दामले नहर मे बह गया जिसकी खोजबीन देर रात तक चलती रही मगर चालक का कोई पता नही चल पाया हालांकि डोगितराई पुल मे रोकने के लिए जाली लगाया है सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक गुरुवार की सुबह 6.30 बजे सीमेंट भरकर अरमरीकला भोथली खाली करने जा रहा था इस बीच फुण्डा के पास नहर मे चालक शौच करने के बाद नीचे उतरा और अचानक उनका पैर फिसल गया पानी का बहाव काफी तेज होने के कारण चालक बह गया घटना की जानकारी ट्रक मे सो रहे हेल्पर को भी नही चल सका नहर के दुसरे छोर मे नहा रहे ग्रामीणो ने देखा की ट्रक चालक नहर मे बह रहा है और देखते ही देखते चालक जलमग्न हो गया हालांकि ग्रामीण चालक को बचाने का प्रयास किया गया मगर पानी के तेज बहाव के कारण नही बचा पाई इधर ट्रक मे सो रहे हेल्पर को ग्रामीणो ने बताया की ट्रक का चालक नहर मे बह गया उसके बाद घटना की जानकारी रनचिरई पुलिस को दी इधर रनचिरई पुलिस ने गोताखोर की मदद से चालक की देर रात तक खोजबीन की मगर उसका कोई पता नही चल पाया है मृतक चालक दल्लीराजहरा का बताया जा रहा है।



# बस किराया नि:शुल्क किए जाने पर छात्र छात्राओ ने सीएम का जताया आभार




**गुण्डरदेही,** 31 अगस्त (देशबन्धु) । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओ को बस किराया नि:शुल्क किए जाने की घोषणा के बाद विधायक कुंवर सिंह निषाद के मार्गदर्शन में बालोद एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष जितेंद्र पाण्डेय के निर्देशन मे गुरुवार को गुण्डरदेही विधानसभा अध्यक्ष उस्मान रजा के नेतृत्व में गुण्डरदेही के सभी महाविद्यालयो में पहुंचकर मुख्यमंत्री का छात्र छात्राओं के साथ आभार व्यक्त करते हुए कालेज परिसर में मिठाई बाटकर खुशी मनाई गई इस तरह सभी बच्चो के मन में काफी खुशी थी साथ ही बच्चों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया जिसमे अर्जुन्दा ब्लाक अध्यक्ष चित्रांश गेंद्रे गुण्डरदेही शहर अध्यक्ष कुणाल निषाद रत्नेश गायकवाड़ चंद्रकांत साहू वैभव माधवानी शिवम गजेंद्र छत्रपाल मारकंडे तोमेश्वर साहू सिम्मी देवा साहू वारण्य साहू व समस्त एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों की बैठक लेकर विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की

**बालोद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के कार्य को सफ्लतापूर्वक एवं स्वतंत्र निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए। श्री शर्मा गुरूवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विधानसभा आम निर्वाचन के रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों प्रभारी अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों के अलावा पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न कराना निर्वाचन आयोग एवं प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। जो कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी.कर्मचारियों के कार्य व्यवहार एवं आचरण में परिलक्षित होनी चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डाण् रेणुका श्रीवास्वत उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा ने निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी तैयारियों की बारी बारी से समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने कानून व्यवस्था के अंतर्गत पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की रूकने की व्यवस्था तथा संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों तथा तहसीलदारों एवं थाना प्रभारियों को समन्वय बनाकर तथा संयुक्त रूप से फील्ड विजिट कर वस्तु स्थिति की जानकारी रखने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने जिले में मादक पदार्थां के अवैध परिवहन एवं विक्रय की स्थिति की समीक्षा करते हुए पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को इस कार्य में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री शर्मा ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत किए जा रहे कार्यां की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त को वृद्धि कर 11 सितंबर 2023 तक कर दी गई है। उन्होंने सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर अनिवार्य रूप से कार्रवाई विवरण बनाने के निर्देश दिए। मतदान केंद्रो में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए जिले के मतदान केंद्रों में अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के अलावा मतदान दलों के लिए भोजन व्यवस्था पेयजल साफसफाई विद्युत एवं शौचालय तथा ठहरने आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मतदान दलों एवं निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी.कर्मचारियों के लिए जरूरी चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मतदान दलों के लिए जरूरी दवाइयों से युक्त चिकित्सा किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में श्री शर्मा ने मतदान दलों को मतदान केंद्र तक सुरक्षित पहुँचाने तथा वापसी हेतु रूट चार्ट का निर्धारण की भी समीक्षा की तथा इसके लिए उन्होंने नोडल अधिकारी नियुक्त करने के भी निर्देश दिए। बैठक मं उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों तक पहुँचने में असमर्थ 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम मतदान की सुविधा प्रदान करने के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने मतदान दलों के सभी अधिकारी.कर्मचारियों के लिए विकासखण्डवार प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने सभी प्रशिक्षण में सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दलो का प्रशिक्षण बेहतर से बेहतर होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने ईण्व्हीण्एमण् को लाने ले जाने के लिए निर्धारित रूट सीसीटीवी कैमरा आदि सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्ट्रांग रूम में आब्जर्वर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के लिए भी पृथक से कक्ष बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मतदान सामग्रियों की वितरण व्यवस्था रेण्डमाइजेशन आदि के कार्यों की भी समीक्षा की। श्री शर्मा ने चुनाव के दौरान आने वाले प्रेक्षकों के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा लाईजनिंग आफिसर नियुक्त करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्र से जुड़े सभी अधिकारी.कर्मचारियों के लिए मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य रूप से जारी करने को कहा। इस दौरान उन्होंने नामाकंन की तैयारियों की भी समीक्षा की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही की बिलकुल भी गुंजाईश नहीं होती। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी कर्मचारियों को अभी से निर्वाचन कार्य में जुट जाने तथा निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों को पूरी निष्ठा ईमानदारी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश भी दिए।



# पहले चॉकलेट देकर नेत्र जांच करते हैं: डॉ. मुकेश

■ गैंदाटोला छुरिया क्षेत्र में नेत्र सेवा के लिए विशेष पहचान बन चुके हैं



**राजनांदगांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। संसार में हर जीव और निर्जीव दूसरों की सेवा के लिए उत्पन्न हुआ है लेकिन किसी की सेवा अपनी खास और अमिट पहचान बना लेती है उन्ही में से एक है डॉ. मुकेश कुमार साहू जो अपने अलग शैली के लिए भी जाने जाते हैं। वे शासकीय नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जो पहले मरीज को चॉकलेट देकर नेत्र जांच करते हैं और गांव-गांव घूमकर नेत्र मरीजों की सेवा करते हैं।

मुकेश कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-गैन्दाटोला ने नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया हैं। पिछले 15 दिनों में ही इन्होने अपने छेत्र के 12 शास. पूर्व माध्य. शाला के 1000 छात्र -छात्राओं का आँख जाँच कर और और 3 ग्राम - पंचायत में नि: शुल्क नेत्र शिविर लगाकर -200 लोगों का नेत्र जांच कर एक अनोखा कार्य करने रिकॉर्ड बना लिया हैं।डोंगरगांव ब्लॉक में भी हमेशा से अपने कार्य और व्यवहार के कारण मरीज व जनता के बिच में स्वास्थ्य विभाग के सबसे लोकप्रिय कर्मचारी रहे हैं। वर्तमान में ही इनकी पोस्टिंग छुरिया ब्लॉक के प्राथ. स्वा. केंद्र- गैन्दाटोला में हुई हैं।जहाँ सोमवार, गुरुवार, शनिवार को नेत्ररोग हक्ष्क्ष देखते हैं। बाकि 3 दिन अपने कार्य छेत्र में दौरा करते हैं।स्कुल नेत्र शिविर में मिडिल स्कुल 6वीं ,7वीं और 8वीं कक्षा के बच्चों का आँख जांच कर शासन द्वारा मुक्त चश्मा वितरण और उपचार कर रहे हैं।बच्चों को स्वास्थ, स्वछता, पर्यावरण,आँख की बिमारी, नेत्र दान,खानपान आदि विषय पर क्लास लेकर तथा प्रश्न- उत्तरी कार्यक्रम के द्वारा जागरूक कर रहे हैं।पाम्पलेट पोस्टर बाटकर बच्चों में स्वास्थ के बारे में रूचि बना रहे हैं। अभी तक शास. पूर्व माध्य. शाला- गैन्दाटोला,चिरचारी कला, मुंजाल कला, मुंजाल पाथरी, हैदलकोड़ो, गहिराभेड़ी, बैरागीभेड़ी,बेलरगोंदी,घुपसाल, छुरिया आत्मानंद हिंदी/ इंग्लिश मेडियम में नेत्र जाँच किया हैं। नेत्र दान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक चलने वाली हैं।जिसमे गांव गांव जाकर नेत्रदान करने के लिए लोगो को समझा रहे हैं।यहाँ भी प्रचार में अनोखा तरीका अपना रहे हैं। पाम्पलेट, पोस्टर, लेकर अकेले ही सफर में निकल जाते हैं। साथ में कोई अन्य स्टाफ नहीं रखते। दुकान, ठेले, चौक-चौराहो,गलियों में घूम घूम कर लोगों के भींच जा रहे हैं। अभी तक 200 लोगों ने नेत्रदान फार्म भरा हैं। जो की गैन्दाटोला छेत्र की पहली घटना हैं।लोग भी स्वास्थ्य अधिकारी को अपने बीच पाकर बहुत खुश हो जाते हैं।और लोगों में इनकी लोकप्रियता देखते ही बनती हैं।सरल और मिलनसार स्वभाव के कारण जनता इनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

गैन्दाटोला हॉस्पीटल की भी आँख की ओ. पी. डी. पहले से तीन गुनी हो गयी हैं।अपने प्रत्येक मरीजों को पहले चॉकलेट देते हैं, फिर उनका जाँच, उपचार करते हैं। चॉकलेट देकर उपचार करने का ये तरीका मरीजों को बहुत पसंद आ रहा हैं। उनका लक्ष्य सिर्फ जनसेवा हैं। अधिक से अधिक लोगों के बिच पहुंच कर सही और समय पर उपचार करना चाहता है। अपने काम में 100त्न देना अच्छा लगता हैं। इससे उनको बहुत खुशी मिलती हैं। मरीजों को हॉस्पीटल तक लाना भी उनका उद्देश्य हैं। शासन की योजनाओं को जनता के बीच में पहुंचाने की पूरी जिम्मेदारी से काम करते हैं। उन्हें अकेले काम काम करना पसंद हैं। इसलिए वे अन्य स्टाफ का कम सहयोग लेता हैं।

# अहिंसा और गौरक्षा के लिए तेजकरण जैन यति यतनलाल सम्मान से सम्मानित



**डोंगरगांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। अहिंसा और गौरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण यति यतनलाल सम्मान से सम्मानित तेजकरण जैन ने अलग-अलग बैंकों के 555 चेक संग्रहित कर इस वर्ष का ओ.एम.जी. बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अपने नाम कर लिया है। मुम्बई की प्रतिष्ठित संस्था ने श्री जैन को रिकॉर्ड बनाने पर सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया है।

तेजकरण जैन अविभाजित जिले के मोहला के निवासी है। गौवंश की संरक्षण के क्षेत्र में इनका योगदान अविस्मरणीय है।इस क्षेत्र में सतत रूप से सक्रिय है।छत्तीसगढ़ शासन ने 2015 में अहिंसा व गौरक्षा के क्षेत्र हेतु यति यतन लाल से सम्मानित किया था।बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री जैन ने देश के आठ राज्यों में गौवंश के महत्व को प्रदर्शित करते हुए 41 एकल प्रदर्शनी का आयोजन किया है।जहां उनकी सर्वत्र प्रंशसा हुई। साथ ही लिम्का बुक ऑफ़ रिकार्ड्स, ग्रैंडमास्टर ऑफ़ इंडिया फिलाटेली सम्मान, आनंद हेरिटेज गैलरी द्वारा ऑन लाइन डिजिटल बैंक चेक प्रदर्शनी में गोल्ड सर्टिफिकेट सम्मान से सम्मानित हो चुके है। ओ.एम.जी. बुक ऑफ़ रिकार्ड्स के वर्ष 2024 -25 हेतु सर्वाधिक 555 विभिन्न बैंक के चेक के संग्रह हेतु सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है।

श्री जैन की इस उपलब्धि के लिए संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी, सरपंच श्रीमती सरस्वती ठाकुर, नारायणलाल खंडेलवाल संजय जैन सहित अन्य शुभचिंतको ने बधाई दी है।

## भाजयुमो समोदा के अध्यक्ष बने गोविंद वर्मा

**पलारी,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। विगत दिनों अरुण साव प्रदेश अध्यक्ष, पवन साय संगठन महामंत्री एवं सुनील सोनी सांसद टंक राम वर्मा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग , जिला महामंत्री , फनेंद्र भूषण वर्मा जिलाअध्यक्ष भाजयूमो रायपुर ग्रामीण नंद कुमार साहू मंडल अध्यक्ष समोदा के सहमति पर गोविंद वर्मा को भाजपा युवा मोर्चा समोदा मंडल के अध्यक्ष बनाया गया श्री वर्मा की नियुक्ति पर सर्व समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी युवा मोर्चा मंडल पदाधिकारी एवम कार्यकरणीय की घोषणा की !

# सरपंच संघ के अध्यक्ष टीकाराम सोनकर ने की डोंगरगांव भाजपा से टिकट की मांग

**डोंगरगांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सरपंच संघ जनपद पंचायत डोंगरगांव ब्लॉक के अध्यक्ष टीकाराम सोनकर ने भी भाजपा से अपनी दावेदारी की गई है श्री सोनकर सरपंच संघ अध्यक्ष व सामाजिक संगठन के साथ-साथ मुलाकात कर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं अन्य संगठन मंत्रियों को अपनी संपूर्ण बायोडाटा सौंपा गया है सरपंच संघ के अध्यक्ष टीकाराम सोनकर ने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के लिए अपनी एक सीट मांगा है अन्य पिछड़ा वर्ग अंतर्गत सोनकर समाज को टिकट देने की मांग पूर्व मुख्यमंत्री और अन्य संगठन मंत्रियों को आवेदन सौंप दिया गया है सरपंच संघ के अध्यक्ष सोनकर वर्तमान में ग्राम रूद गांव के सरपंच भी है पूर्व में भी जनपद सदस्य पंचायत के सदस्य भी रह चुके हैं उनके अलावा उनकी राजनीति और सामाजिक गतिविधियों पर पकड़ मजबूत है वह लंबे समय से भाजपा पार्टी में जुड़कर कार्य कर रही है वह छत्तीसगढ़ से होकर सोनकर समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर है उन्होंने पिछड़ा वर्ग होने के नाते सरपंच संघ की ओर से प्रयास किया है दावेदारी के लिए आवेदन सौंपते हुए सरपंच संघ के सदस्यों एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे



# महिला समूह के पदाधिकारियों का नेतृत्व प्रशिक्षण

**राजनांदगांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से जन कल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव द्वारा ग्राम- बहेराभाठा विकासखंड - राजनांदगाव, जिला- राजनादगांव के सतनाम सामुदायिक भवन में स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारियों का एक दिवसीय समूह नेतृत्व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जन कल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जन कल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह ने नाबार्ड एवं उससे संबंधित योजनाओं के बारे में साथ ही समूह के पदाधिकारियों को समूह के संचालन की कार्यप्रणाली एवं उससे जुड़कर अपनी आय को अधिक कैसे किया जा सकता है इस पर प्रकाश डाला। उन्होनें बताया कि समूह द्वारा जो ऋण लिया गया है उसे आप समय पर जमा कर बैंक से पुन: ऋण प्राप्त कर सकते है। बैंक में समय से ऋण अदायगी आपकी साख को प्रदर्शित करती है। आपके द्वारा जमा पूंजी को बैंक में ही जमा करें, जिससे आपके लेन-देन के द्वारा बैंक में आपकी साख मजबूत बनेगी। समूह के कुशल संचालन के लिए समूह नेतृत्व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। अत: कुशल संचालन के लिए समूह की अवधारणा, स्वयं सहायता समूह की आवश्यकता, बचत एवं समूह संचालकों के दायित्व एवं नियमावली, समूह के पदाधिकारियों अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष के कर्तव्यों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। समूह सदस्यों की पात्रता 18 से 60 वर्ष की उम्र की महिला जो आर्थिक रूप से पिछड़े हों समूह के सदस्य बनने की पात्रता में आते हैं। एक समूह में सदस्यों की संख्या कम से कम 10 और अधिकतम 20 सदस्य होना चाहिए यह बताया गया समूह में नियमित बैठक, नियमित बचत, बैंक में खाता का संचालन एवं नियमों का पालन, रिकार्ड संधारण करना, ऋण का लेन देन आवश्यक है। बैंक से लिंकेज करके आपसी लेन देन छोटे-छोटे घरेलू या कुटीर उद्योगों को चलाया जा सकता है। बैंक हमेशा ऋण समूह के नाम पर स्वीकृत एवं जारी करता है। बैंक समूह की ग्रेडिंग करके राशि स्वीकृत करता है। प्रस्ताव पंजी, बचत पंजी, ऋण पंजी, बैंक पास बुक, नियमित बचत आदि का ग्रेडिंग कर बैंक समूह को 01 से 04 गुना ऋण देता है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में श्री जितेन्द्र कुमार जंघेल एवं श्री रेवा कुमार साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला समूह की अध्यक्ष श्रीमती विशाखा कोशले सक्रिय महिला श्रीमती देवकी श्रीमती सीमा चंदेल, श्रीमती रमशिला वर्मा, श्रीमती उतरा वर्मा, श्रीमती अनिता कोसरे एवं संस्था की कार्यकर्ता श्रीमती कांति कोसले व ग्राम के 20 स्वयं सहायता समूह के 40 पदाधिकारी उपस्थित थे।



# इंदामरा अल-अज़ीज़ मस्ज़िद में मुस्लिम समाज के शहर अध्यक्ष का हुआ ईस्तक़बाल

**राजनांदगांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। अल अजीज-मस्ज़िद में शहर - ऐतराफ़ के नव-निर्वाचित अध्यक्ष का फूलों से स्वागत हुआ। जिसमें आईबी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर जनाब बहादुर अली साहब ने राज्य वक्फ बोर्ड गाईड लाईन के अनुसार प्रजातंत्रिक तरीक़े से पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव में निर्वाचित हुये शहर ऐतराफ जामा मस्जिद के सदर बनने पर जनाब हाजी रईस अहमद शक़ील साहब को मुबारकबाद दी।इसी परिपेक्ष में देश के जानेमाने उद्योगपति जनाब बहादुर अली साहब को उनके अमेठी जगदीशपुर (उ. प्र.) में बने नए प्लांट के लिए हाजी रईस अहमद शक़ील साहब के साथ गये पूरे शहर 51 वार्ड के मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों व युवाओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर मुबारकबाद दी गई। जनाब बहादुर अली साहब ने शहर जामा मस्जिद (शहर ऐतराफ़) राजनांदगांव के नये सदर जनाब रईस अहमद शकील साहब को मुबारकबाद देकर कहा कि समाज ने आपको अपने बेहतर कल के लिए बहोत ही भरोसे से चुना है। आप मुस्लिम समाज के बेहतर मुस्तकबिल के लिए मदारिस - खानगाहों की तमीरात के साथ - साथ समाज सुधार पर बेहतरीन से बेहतरीन काम करे। उक्त जानकारी मुस्लिम समाज से सैय्यद अफज़ल अली ने दी।



# हल्दी में अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी रंगे हाथ पकड़ाया

**राजनांदगांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री की रोकथाम अभियान के तहत आज दिनांक 31.08.2023 को चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हल्दी में गौठान के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा मौके पर जाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी अजय कुमार निषाद पिता रामकिशुन निषाद उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 51 हल्दी पुलिस चौकी सुरगी थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 3.240 बल्क लीटर कीमती 1440/रुपये एवं शराब बिक्री का नगदी रकम 160/ रुपए जप्त किया गया। आरोपी द्वारा अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी के विरूध्द पुलिस चौकी सुरगी में धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है! उक्त कार्यवाही में प्र.आर. 726 शिशुपाल भालाधरे एवं आर. 1092 चंद्रकांत यादव की भूमिका सराहनीय रहा ।



# खेल दिवस के अवसर पर वनांचल ग्राम सिंगपुर पहुंचे पुलिस अधीक्षक

■ पुलिस अधीक्षक ने खेल प्रशिक्षकों को किया सम्मानित

■ वनांचल के बहनों ने पुलिस अधीक्षक को बांधी राखी

**कवर्धा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कबड्डी खेल रोमांच का खेल है। इसमें युवाओं को अपनी ताकत के साथ साथ बुद्धिमता का भी प्रदर्शन करना होता है। युवाओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इससे न सिर्फ उनकी शारीरिक क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमता में भी विस्तार होता है। खेल हमेशा एकजुट रहने व संघर्ष करने की प्रेरणा देता है, जो युवा पीढ़ी के लिए जरूरी भी है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव आज खेल दिवस के अवसर पर कुकदुर थाना अंतर्गत वनांचल ग्राम सिंगपुर में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता को संबोधित कर रहे थे।

खेल दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने खेल प्रशिक्षकों को सम्मानित भी किया। उन्होंने सामुदायिक पुलिस के तहत ग्राम सिंगपुर में कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन किया। कबड्डी प्रतियोगिता में सरहदी गांव के लगभग 26 टीमों ने भाग लिया है। एसपी के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके, नृत्य से भव्य स्वागत किया। वनांचल के बहनों ने पुलिस अधीक्षक को राखी भी बांधी। पुलिस अधीक्षक ने बहनों को उपहार भी भेट किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देशन में पुलिस अनुभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन के के वासनीक उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन संजय धुर्वे एवं रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, थाना प्रभारी कुकदुर सावन सारथी के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत समस्त ग्रामवासी, ग्राम खेल समिति के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने आज विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच सिंगपुर झंगर सिंह, ग्राम खेल समिति अध्यक्ष रोहित, सरपंच ग्राम पंचायत कुलिहीडोगरी कृष्णा परसते, ग्राम पटेल भानसिंग मरकाम, थानु मरकाम, देवनाथ मरावी, मेघवाल मरकाम सहित आसपास से आए हुए लगभग सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, खिलाड़ी उपस्थित थे।

# विधायक छन्नी के प्रयासों से क्षेत्र को मिली 3 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति

**राजनांदगांव,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। खुज्जी विधानसभा में विकास कार्यो में नित नए आयाम जुड़ रहे है,कई वर्षों से लंबित कार्य इन बीते चार वर्षों में हुए है,वही वर्तमान में विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू के प्रयास से विधानसभा के छुरिया ब्लाक में 3 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। लंबे समय से अलग अलग क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा विभिन्न कार्यो की मांग की जा रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए विधायक छन्नी चंदू साहू ने इन कार्यो के लिए राशि की स्वीकृति दिलाई है।

विकास कार्यो की स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों में भी हर्ष का माहौल है। मिली स्वीकृति के अनुसार छुरिया ब्लाक के ग्राम आंको में सीसी रोड 5.20 लाख रुपए,बोइरडीह में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 रुपए, एटमेटा में सामुदायिक भवन 6.50 रुपए,फाफामार में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 रुपए, भर्रीटोला ब में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 रुपए,जरहामहका में सीसी रोड के लिए 5.20 लाख रुपए, तुर्रेगढ़ में सीसी रोड के लिए 5.20 रुपए, खुर्शीटिकुल में सीसीकरण के लिए 2.60 लाख रुपए, पैरीटोला में व्यावसायिक परिसर के लिए 8.92 रुपए, रामतराई में सीसी रोड के लिए 5.20 रुपए, मेटेपार सीसी रोड में 5.20 रुपए, मन्होरा में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख रुपए, टेकेहर्रा सामुदायिक भवन में 6.50 लाख रुपए, तेंदूटोला सामुदायिक भवन के लिए 6.50 रुपए, मेटेपार में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 रुपए, कुमर्दा कला में मंच के लिए 2.00 रुपए, हाटबंजारी में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख रुपए, कलडबरी में व्यावसायिक परिसर के लिए 8.92 रुपए, छुरिया डोंगरी में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 रुपए, रंगीटोला में सीसी रोड के लिए 5.20 लाख रुपए, भंडारीभरदा में सीसी रोड के लिए 2.60 रुपए, चांदो में सीसी रोड के लिए 2.60 रुपए, आमाकट्टा सामुदायिक भवन के लिए 6.50 रुपए, बम्हनी चारभांठा में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 रुपए, रानामटीया सीसी रोड के लिए 2.60 रुपए, चिखला कसा सीसीकरण के लिए 2.60 रुपए, शिकारीटोला में सीसी रोड के लिए 5.20 रुपए, डूमरडीह में 5.20 लाख रुपए, बरछाटोला सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख रुपए ,चिरचारी कला में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 रुपए, बापूटोला में तालाब सौंदर्य करण के लिए 2.00 रुपए, चिखलामटिया में निर्मल घाट के लिए 2.60 रुपए, रंगीटोला में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख रुपए, महराजपुर में सीसी रोड के लिए 2.60 रुपए,जयसिंह में टोला सीसी रोड के लिए 2.60 रुपए, पठान धोड़गी में सीसी रोड के लिए 2.60 रुपए,राणामटिया में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख रुपए, नवागांव पि. में सामुदायिक भवन 6.50 लाख रुपए, बांधाबाजार में कलामंच निर्माण के लिए 3.00 लाख रुपए,बहोरनभेड़ी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.50,कहाड कसा में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख रुपए, मक्के में सीसी रोड के लिए 5.20 लाख रुपए, हज्जुटोला में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख रुपए ,डूमरघुंचा में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख रुपए, हालमकोडो में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख रुपए, खड़खड़ी में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख रुपए, राजाटोला में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख रुपए और ग्राम बिटाल में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।



■ खुज्जी विधानसभा के विभिन्न गांवों में होंगे विकास कार्य, ग्रामीणों में हर्ष का माहौल

विकास कार्यों की स्वीकृति में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद ग्राम केसाल में कलामंच निर्माण कार्य, बौद्ध पारा में 2 लाख की लागत से , मुंजालकला में यात्री प्रतिक्षालय 4 लाख की लागत से, लाममेटा में यात्री प्रतिक्षालय 4 लाख , घोरतलाव में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6 लाख 50 हजार, जरहामहका सी.सी. रोड निर्माण कार्य, चौड़ी से लेकर जैतखाम तक लागत 3 लाख , शिकारीमहका सौन्दर्यीकरण कार्य, जैतखाम के पास पांच लाख पचास हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है ।

इसी तरह मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के अंतर्गत सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम व ग्राम पंचायत सीताकसा में 7 लाख की लागत से, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम व ग्राम पंचायत केसाल में 6 लाख की लागत से , सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम (हल्बा पारा में) ग्राम तुमड़ीकसा ग्राम पंचायत में 5 लाख की लागत से , सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम व ग्राम पंचायत गैंदाटोला में चार लाख की लागत से , सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम व ग्राम पंचायत मातेखेड़ा में पांच लाख की लागत से एवं सी.सी.रोड निर्माण ग्राम पंचायत तुर्रेगढ़ में तीन लाख की लागत से की स्वीकृति प्रदान की गई है ।

जहां ग्रामो के रोड/ भवन विकास के कार्यो से गांव को नई दिशा मिलेगी को विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं पंचायत मंत्री श्री रविंद्र चौबे जी का आभार जताते हुए कहा है कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के लिए सदैव विकास के रास्ते खोले हैं । आज करोड़ों की सौगात मिलने पर मै समस्त विधानसभा की ओर से उनका आभार व्यक्त करती हूँ ।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों के विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन,अनिल मानिकपुरी जी,अब्दुल खान जी,विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल कटेगा,एकनाथ सिन्हा,मिथलेश ठाकुर,प्रकाश शर्मा,जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी,प्रवक्ता राहुल तिवारी,चौंकी जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जुरेसिया,जनपद सदस्य शेश्वरी ध्रुव कमलेश यादव,रेवा राम लाडेकर,कन्हैया कोले,जयपाल यादव ,धर्मेंद्र साहू, प्रताप घावड़े,विजय साहू,संजीव गुप्ता,महेंद्र पाल,जागेश्वर सान्ग, पुष्पा सिन्हा,भीखम देवांगन, हेमलता बंजारे,प्रतिमा साहू,दरेव पन्द्रों,लालचंद साहू,गिरधारी साहु,पन्ना लाल साहू,विशाल बघेल,मुकेश पटेल,चन्द्रिका वर्मा,उदय प्रकाश,देवनारायण नेताम,मनीष बसोड़,बेनी राम साहू, गोलू खान,,मनीराम सहारे,सलीम खान,बसंत मंडावी,रामसाय उइके,डुमेश्वर साहू,भवभूति साहू,गौतम चुरेन्द्र,महेन्द साहू,ओमप्रकाश पडौती,देवरू मालेकर,डिमेश हिरवानी,राकेश बारले,जगदीश बघेल आरिफ खान,रिखी साहू,भैया लाल यदु,मुकेश सिन्हा,यसवंत साहू,ललित मंडावी, जितेंद्र उइके सहित क्षेत्र के समस्त ग्रामीणों ने विधायक व मंत्रियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## संपादकीय

### खुशी को ग़म में बदलते सड़क हादसे

वाहनों के लापरवाहीपूर्वक चालन से होने वाले सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ती महसूस की जा रही है। वैसे तो सारे ही हादसे दुखदायी होते हैं और उनमें होने वाली मौतें भी दुखद होती हैं पर यदि ये दुर्घटनाएं किसी खुशी के मौके पर हों तो वे बहुत गहन ग़म का कारण बन जाते हैं। ज्यादातर तीज-त्यौहारों में लोगों का आवागमन बढ़ जाता है। लोग एक दूसरे के घरों को या परिजन आपसी मेल-मिलाप के लिये जाते हैं। त्यौहारों का उत्साह और अपने लोगों से मिलने की खुशी में वाहनों की गति और परिचालन ऐसा अनियंत्रित हो जाता है कि हादसे हो जाते हैं। खुशियों को दुख में बदलते देर नहीं लगती। आवश्यक है कि वाहनों को बहुत नियंत्रित तरीके से और सावधान होकर चलाना चाहिये।

छत्तीसगढ़ में तीज, राखी, भाई-दूज आदि ऐसे ही पर्व हैं जब महिलाएं मायके जाती हैं और भाई-बहनों का एक दूसरे के घरों में आना-जाना होता है। दुर्भाग्य से शायद ही ऐसा कोई त्यौहार देखने में आता है जब सड़कों पर दुर्घटनाओं के चलते खून न बहता हो। यहां तक कि शादी ब्याह में भी हादसे होते हैं- ज्यादातर लापरवाही से वाहन चलाते हुए। राखी, भाई-दूज, तीज, दिवाली आदि में दोपहिया वाहनों पर पूरा परिवार बैठकर यात्रा करता है, जिनमें अक्सर पति-पत्नी के साथ दो या तीन बच्चे भी होते हैं। किसी तरह से उन्हें आगे-पीछे बैठाकर वाहन चालक बहुत असुविधापूर्ण तरीके से मोटर साइकल, स्कूटी आदि चलाते हैं। इससे अक्सर उनका नियंत्रण गड़बड़ाता है व हादसे हो जाते हैं।

बुधवार को मनाये गये रक्षाबन्धन (कई लोगों ने गुरुवार को भी मनाया) के लिये जाते हुए कुछ हादसे हुए हैं जिनके कारण अनेक लोगों के यहां मातम छा गया। जांजगीर के पामगढ़ थाना के तहत कोसला गांव के संतोष विश्वकर्मा की पत्नी तथा उनकी बेटी अपने भाइयों को राखी बांधने के लिये डोड़की गई थीं। राखी बांधकर बस से लौटीं। उतरकर मां तो सड़क के पार हो गई पर तन्नू एक हाइवा की चपेट में आ गई जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पैदल चलने वालों को भी उतनी ही सतर्कता बरतनी चाहिये। बुधवार को ही राखी पहुंचाने जा रहे युवक की बाइक और स्कूटी की टक्कर में मौत हो गई। बाइक को ओवरटेक करते हुए स्कूटी सवार युवक के सिर पर गम्भीर चोट लगने से मृत्यु हो गई। हेलमेट न पहनना भी मौत का कारण बन गया। साथ में उसकी पत्नी व एक बच्चा भी था। ऐसे ही, पलारी में खपरीडीह गांव के पास एक ट्रक ने मां-बेटे को रौंद दिया। खोलबहरीन साहू अपने बेटे जनेहर के साथ बाइक पर मिरचिद से हसुवा गांव राखी छोड़ने जा रही थी। तभी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। देवभोग में अमलीपदर में एक ढाई वर्षीय बच्चे को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। बच्चे का कपड़ा व पैर लेग गार्ड व हुक में बहुत देर तक फंसा रहा और बाइक सवार उसे लगभग एक किलोमीटर तक घसीटता हुआ चला गया। वह बच्चे के चीखने-चिल्लाने की आवाज भी नहीं सुन रहा था और न ही उसे रोकने के लिये चिल्लाते हुए लोगों की वह आवाज़ सुन पा रहा था। आखिरकार कुछ महिलाओं ने उसे रोका एवं पुलिस के हवाले किया। बच्चा इस कदर घायल हो गया था कि अस्पताल पहुंचते हुए उसकी मौत हो गई।

इन घटनाओं से साफ है कि चाहे वाहन खुद चलाएं या फिर रास्ते पर पैदल चलना हो। बहुत सावधानी आवश्यक है। कभी खुद के चालन से किसी की जान जा सकती है तो कभी खुद को खतरा हो सकता है। वाहनों की गति नियंत्रित हो, सतर्कता बनी रहे और सुरक्षा उपाय हेलमेट आदि भी ज़रूरी हैं।

## उल्टा पुल्टा

दो दोस्त आपस में बात करते हुए।
**रामू-** मैं कभी ईट का जवाब पत्थर से नहीं देता।
**श्यामू-** क्यों?
**रामू-** क्योंकि पत्थर खोजने में बहुत समय लग जाता है।

# कृष्ण कुमार साहू ने रद्दी के ढेर में मिले कागज के टुकड़े का किया अवलोकन, खुलासा हुआ करोड़ों के भ्रष्टाचार का मामला

## मेघा खदान से बाइक, मोपेड और कार से भी किया गया रेत का नाम परिवहन, आईजी एसपी से शिकायत

**नवापारा-राजिम,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम चंदना के ऋषक कृष्ण कुमार साहू को रद्दी के ढेर मे एक कागज का टुकडा मिला ।कागज का अवलोकन के बाद उसमे भ्रष्टाचार नजर आया और तत सम्बंधी जानकारी एकत्र करने शासन के विभागों में सूचना का अधिकार के तहत आवेदन पत्र लगाया ।

सूचना का अधिकार के तहत शासन के विभागों से दस्तावेज प्राप्त कर उसका सत्यापन संबंधित विभाग से कराया गया। इस संबंध मे श्री साहू ने बताया कि दस्तावेज को खंगालने, एकत्रित करने, उसका पता लगाकर आवेदन पत्र तैयार करने में दो वर्ष का समय लगा। शिकायत पत्र में 47 पृष्ट तथा उसमें संलग्न दस्तावेज 2205 पृष्ट इस तरह आवेदन पत्र में कुल 2312 पृष्ट अभिलेखीय दस्तावेज तैयारहुआ जिसका वजन करीब 10.500 किलोग्राम है। अधिक वजन व मोटाई होने के कारण आवेदन पत्र को 07 भाग में तैयार कर प्रस्तुत किया गया।

बिना रायल्टी के ही रेत खदान को खाली कर दिया गया। इसके बाद रायल्टी दिखाने के लिए फर्जी वाहनों के नाम पर रायल्टी पर्ची काटी गई है। कई पर्ची तो मोपेड, स्कूटी, बाइक के नाम पर काटी गई है। पजेरो, ग्रेड स्पोर्ट जैसी लक्जरी कार से लेकर जेसीबी मशीन, हार्वेस्टर मशीन में रेत का परिवहन दिखाया गया है। इस मामले का खुलासा समीपस्थ ग्राम चंदना के आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने किया है।



मामला मगरलोड क्षेत्र के ग्राम मेघा का है। आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू ने दस्तावेजों के आधार पर बताया कि मेघा में वर्ष 2015-2016 में महानदी खसरा नम्बर 959 रकबा 8.00 हेक्टेयर में 1,60,000 घनमीटर रेत उत्खनन स्वीकृति दी गई थी। रेत खदान के संचालन की जिम्मेदारी तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल लच्छवानी, पंचायत एवं समाज सेवा संगठक मोहनलाल साहू, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी द्वय बेदराम सिन्हा एवं हरीश कुमार ध्रुव की थी।

- आरटीआई से पिटपास में अनियमितता की खुली पोल, कार्रवाई की मांग
- दो साल की मेहनत के बाद साढ़े 10 किलो वजनी शिकायत पत्र हुआ तैयार

उन्होंने दस्तावेजों के आधार पर आरोप लगाया है कि इन लोकसेवकों ने अपने पद का दुरुपयोग कर रेत रायल्टी की राशि में गबन कर लिया तथा स्वीकृत मात्रा से अधिक रेत खनन करने के आशय से शासन द्वारा आवंटित 142 नग अभिवहन पासबुक में गैर व्यवसायिक वाहन मोटर साइकिल, मोपेड, ऑटोरिक्शा, कार से रेत का परिवहन दर्शाया। यही नहीं कई फर्जी वाहन नम्बर से रेत का परिवहन दर्शाया गया है जिनका रिकार्ड किसी भी जिले के परिवहन विभाग के रिकार्ड से मैच नहीं करता है। वाहन चालक के रूप में भगवान, मालिक, ईश्वर, परमेश्वर, प्रभु, ईशु, शिव, शंभु, उमा, विष्णु, महेश, लक्ष्मी, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन, रामसीता, राजाराम, रामकृष्ण, गंगाराम, हरि, कृष्ण, मोहन, श्याम जैसे धार्मिक नामों का उल्लेख किया गया है। चालक की जगह खुद ही दस्तखत किए हैं।

### 2312 पृष्ठों का आवेदन

आरटीआई कार्यकर्ता ने इस मामले में 2 जनवरी 2023 को मगरलोड थाना प्रभारी से शिकायत की थी। इसके बाद 3 जनवरी को एसडीओपी कुरूद एवं पुलिस अधीक्षक धमतरी से शिकायत की थी। पुलिस अधीक्षक ने जांचकर विधिपूर्ण कार्रवाई करने थाना प्रभारी को निर्देशित किया है। यही नहीं मगरलोड तहसीलदार, पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज को आवेदन पत्र सौपा है। आवेदन पत्र में 47 पृष्ठ और 2265 पृष्ठ के दस्तवेज सलग्न है। इस प्रकार कुल 2312 पृष्ठों का आवेदन है, जिसका वजन 10.500 किया है। आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि इस आवेदन को तैयार करने में उन्हें 2 साल का वक्त लगा।

### कई फर्जी वाहन का कटा पिटपास

आरटीआई कार्यकर्ता श्री साहू ने बताया कि सूचना का अधिकार के तहत अभिवहन पास को प्राप्त सत्यापित प्रति का मिलान रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगाव, कबीरधाम, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, कांकेर से मेनुअल एवं कम्प्यूटरीकृत अभिलेख से किया गया। पिटपास में 688 वाहन फर्जी मिले, जिनका रिकार्ड छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला परिवहन कार्यालय >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# रक्षा सूत्र बांधकर सतनामी समाज की बहनों ने दी रोहित को विजयी भव: का आशीर्वाद

**राजिम,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के अवसर पर भाजपा के राजिम विधानसभा प्रत्याशी रोहित साहू को सतनामी पारा में शहर के सतनामी समाज की बहनो ने रक्षा सूत्र बांधा। बाकायदा आरती उतारी गई तथा मिठाई खिलाया और चुनाव में राजिम विधानसभा से भारी मतों से जितने का आशीर्वाद दिया। रोहित साहू ने सभी बहनों को प्रणाम कर कहा बहनों का मुझ पर ये अपार स्नेह सदैव बना रहे ईश्वर से यही कामना करता हूं। इस मौके पर उपस्थित बहन दूज बाई कुर्रे, हेमीन कुर्रे, गंगा महिलांगे, चंपा महिलांगे, बिलई कोसरे ने बताया कि रोहित भैया को टिकट देकर भाजपा ने पुण्य का काम किया है हम बहनों का आशीर्वाद है कि राजिम विधानसभा से भाजपा भारी मतों से जीत का परचम लहराएगी। रक्षाबंधन के पर्व पर बहनों >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**बहनों का मुझ पर ये अपार स्नेह सदा बना रहे: रोहित साहू**

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा उपकार भवन नयापारा महासमुंद में पवित्रता का पर्व रक्षाबंधन बड़े ही धूमधाम और हर्शोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: काल परमात्मा पिता की अमृतवाणी सुनने के पश्चात ब्रह्माकुमारी बहनों ने ईश्वरीय परिवार के सभी भाई.बहनों को आत्मिक स्मृति का तिलक लगाया और कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने रक्षाबंधन पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए इस पर्व को इन्द्रियजीत बनने का पर्व बताया कि कैसे हम स्वयं राजयोग की गहन तपस्या से ज्ञान सूर्य परमात्मा से पवित्रता की लाइट माईट की शक्ति लेकर अपने मनोविकारों व कर्म इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर सच्चा रक्षाबंधन उत्सव मना सकते हैं। वास्तव में देखा जाय तो इस कलयुग >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# दो गांजा तस्करों को 16-16 साल की सजा

**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबंधु)। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट लीलाधर सारथी ने गुरूवार को यहां 420 किलोग्राम गांजा तस्करी करते पकड़े गए उ.प्र के 2 युवकों सन्नी कुमार पिता बबलू 22 वर्ष निवासी जलालपुर, थाना करहल, जिला मैनपुरी तथा विष्णु जादौन पिता सत्यप्रकाश जादौन 23 वर्ष निवासी ग्राम. मौरहना, थाना.गवाना, जिला . अलीगढ़ को 16.16 वर्ष कठोर कारावास तथा 2.2 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड नहीं पटाने पर दोनों को 1.1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगताया जाएगा। अभियोजन के मुताबिक थाना कोमाखान के निरीक्षक सिद्धेश्वर प्रताप सिंह, स्टाफके साथ 31 अक्टूबर 2021 को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक.353 फारेस्ट नाका टेमरी पर वाहनों की चेकिंग में जुटे हुये थे। उसी दौरान एक टाटा मालवाहक ट्रक क्रमांक यूपी.83 सीटी.1655 आया। जिसे रोककर पूछताछ करने पर वाहन में लोहे के पाट्र्स होना बताया गया। लेकिन, वाहन को चेक कराने कहा गया तो ड्राइवर आना.कानी करने लगा। शंका होने पर तलाशी ली गई तो ट्रक के डाले में लोहे के 9940 किलो पाट्र्स के साथ रखा गया प्लास्टिक की 14 बोरियों में भरा हुआ मादक पदार्थ गांजा मिला। गांजा का कुल वजन 420 किलोग्राम था। तथा उसकी कीमत करीब 85 लाख रूपये बताई गई थी। पुलिस ने गांजा, ट्रक, 99540 किलो वजन के लोहे के पाट्र्स, 2 मोबाइल आदि जब्त कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। थाने में उनके विरूद्ध 20 ख एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश श्री सारथी ने लिखा कि समाज में खासकर युवा वर्ग तथा उन बालकों की मन: स्थिति को नशे की गिरफ्त में लिया जा रहा है, जिसे यह ज्ञान भी नहीं है कि नशे का उसके जीवन पर क्या प्रभाव होगा। अत: नशे के इन कारोबारियों पर उदार दृष्टिकोण अपनाया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता।

## छग के 59 लाख परिवारों को रक्षाबंधन पर्व पर मोदी सरकार का तोहफा : धनंजय साहू



**बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा विधि प्रकोष्ठ व अधिवक्ता धनंजय साहू ने मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि राखी और ओणम के त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर हमारी बहनों बेटियों माताओं को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। इससे देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ता परिवारों को फायदा मिलेगा। श्री साहू ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन बांटने का फैसला भी लिया है। जिससे देश की निर्धन वर्ग की महिलाओं को धुएं वाले चूल्हे से मुक्ति मिलेगी और वह बेहतर माहौल में अपने घर की रसोई तैयार कर सकेंगी।

भाजपा नेता धनंजय साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को मोदी सरकार के इस फैसले से बड़ी राहत मिली है। राज्य में 59 लाख परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। लगभग 34 लाख उज्ज्वला योजना हितग्राहियों को दोहरा लाभ मिला है। उज्ज्वला हितग्राहियों को केंद्र सरकार पूर्व से ही सब्सिडी दे रही है। ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर ज्यादा बोझ ना पड़े। श्री मोदी ने उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों सहित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## गैस में दो सौ रुपये की छूट ऊंट के मुंह में जीरा :कृष्णा



**महासमुंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने रसोई गैस में दो सौ रुपये की छूट दी है इस पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर इसे ऊंट के मुंह में जीरा करार दिया है। आम जनता महंगाई के बोझ तले दबी जा रही है। जब सात सौ रुपये में रसोई गैस सिलिंडर मिलता था, तब 250 रुपये की सब्सिडी दी जाती थी। वर्तमान में रसोई गैस की कीमत बढ़कर 1174 रुपये हो गई है लिहाजा केंद्र सरकार को 50 प्रतिशत सब्सिडी देकर आम जनता को महंगाई से थोड़ी राहत देनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार को लाखों, करोड़ों रुपये जीएसटी और इनकम टैक्स से मिल रहा तो आम जनता को महंगा सिलिंडर क्यों दिया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आगामी चुनावी रणनीति को लेकर बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा के समर्थकों की हुई बैठक

**बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा के विधायक प्रमोद शर्मा के भाजपा व कांग्रेस प्रवेश को लेकर चर्चाएं एवं उनके समर्थकों की बैठक लगातार जारी है। सुहेला तिल्दा क्षेत्र के बाद आज गुरूवार को बलौदाबाजार ब्लॉक के कार्यकर्ताओं की बैठक अम्बेडकर मांगलिक भवन बलौदाबाजार में संपन्न हुआ। जहां सैंकडों की संख्या में उनके कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। ज्ञात हो कि जोगी कांग्रेस से विधायक बने प्रमोद शर्मा जोगी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। जिसके चलते उनका भाजपा प्रवेश होने की चर्चाएं लम्बे समय से जारी है। लेकिन अब उनका कांग्रेस प्रवेश होने की चर्चा व्याप्त है। हालाकि जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने इनके कांग्रेस प्रवेश का विरोध किया है। इसी राजनीति निर्णय को अंतिम रूप देने उनके कार्यकर्ताओं एवं समर्थको की रायशुमारी बैठके जारी है।

उक्त स्थिति को लेकर बलौदाबाजार ब्लॉक के कार्यकर्ताओं की बैठक अम्बेडकर भवन बलौदाबाजार में संपन्न हुई। जहां सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल होकर पार्टी प्रवेश को लेकर सब ने अपनी अपनी राय दी। अंत में सभी ने कहा की विधायक प्रमोद शर्मा जो भी फैसला लेंगे उस फैसले का सभी कार्यकर्ता समर्थन करेंगे। इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने चुनाव पुन: लड़ने के पक्ष में अपनी राय रखी और दोनों पार्टी से टिकट न मिलने की स्थिति में निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए भी कार्यकर्ताओं ने ताल ठोका। हालाकि इस पर विधायक प्रमोद शर्मा ने अपनी ओर से कोई ऐलान अभी नही किया है। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को उनके स्नेह एवं समर्पित भावना के लिए विधायक प्रमोद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि विधायक प्रमोद शर्मा के समर्थक पूरे विधानसभा में >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**कार्यकर्ताओं ने भाजपा व कांग्रेस से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लडने का दिया सुझाव**



## अम्बुजा सीमेंट के ठेका श्रमिकों का समय पर किया भुगतान

**बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सीमेंट एवं खदान श्रमिक यूनियन (एटक) अंबुजा सीमेंट लिमिटेड रवान ईकाई भाटापारा तथा अंबुजा प्रबंधन के बीच 26 अगस्त को हुए मीटिंग में थर्ड पार्टी (सी पुल) ठेका श्रमिकों के सेवा शर्तों, बकाया भुगतान तथा अन्य समस्याओं पर यूनियन द्वारा प्रबंधन को अवगत कराया गया।

# मालगांव में बाइक की ठोकर से युवक की मौत

**गरियाबंद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार देर रात 10 बजे पैरी नदी पुल में बाइक की ठोकर से मालगांव के 17 वर्षीय युवक हुमन निषाद की मौत हो गई। हुमन राखी बंधवा कर खाना खाने के बाद टहलने निकला था, इसी दौरान रायपुर से गरियाबंद दिशा में आ रही एक बाइक ने उसे पीछे से ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया परंतु उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र गरियाबंद का है।

इधर, घटना के बाद से आक्रोशित ग्रामीणों ने देर रात ही आरोपी की बाइक आग के हवाले कर दी। जिला अस्पताल पहुंच आरोपी को पीट दिया, अस्पताल के भीतर भी तोड़ फोड़ की। मामला शांत कराने पहुंची पुलिस के साथ भी ग्रामीणों की धक्कामुक्की हुई। देर रात 12 बजे तक अस्पताल में हंगामा चलता रहा। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ग्रामीणों को शांत कराने में सफल हुई।

वही घटना के दूसरे दिन गुरूवार सु बह भी ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला। सुबह सात बजे के बाद ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे 130 सी जाम कर दिया। करीब एक घंटे हाइवे जाम रहा। सड़क के दोनो ओर वाहनों को कतार लग गई। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस के साथ एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक भी मौके पर पहुंचे। पहले तो पुलिस ने मोहरा और गरियाबंद से रूट डायवर्ट कर परिवर्तित मार्ग से आवाजाही शुरू करवाई। इसके बाद ग्रामीणों को समझाइश देकर हाइवे बहाल कराया। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाइक चालक भागवत देवांगन को हिरासत में ले लिया है जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। इस बीच पीएम के बाद मृतक का शव भी मालगांव पहुंचा। नम आखो से परिजनो और ग्रामीणो ने युवक का अंतिम संस्कार किया।

इधर, रक्षाबंधन के त्यौहार के दिन घटना से मालगांव में मातम की लहर है। दो साल पहले भी यहां



### नाराज ग्रामीणों ने अस्पताल में की तोड़फोड़, आरोपी बाइक चालक को पीटा

इसी तरह की घटना हो चुकी है। तेज रफ्तार कार ने गांव के 9 साल के बच्चे को कुचल दिया था। तब भी इसी तरह आक्रोशित ग्रामीणों ने 12 घंटे नेशनल हाईवे जाम कर दिया था। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वही सूत्रों के मुताबिक पुलिस बाइक में आग लगाने, अस्पताल में तोड़ फोड़ करने और आरोपी को पीटने वाले के विरुद्ध भी के अपराध पंजीबद्ध कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक बाइक की हेडलाइट बंद दी। रफ्तार भी तेज थी। बताया जाता है कि बाइक की ठोकर से हुमन उछल के दूर जा गिरा। उसका सिर पीछे से फट गया। गर्दन की हड्डी भी क्रैक हो गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर पहले ही हुमन की बहन ने उसे राखी बांधी थी।

इधर, घटना के बाद अस्पताल स्टाफ और बीती रात कार्यरत स्टाफ नर्स ने अस्पताल में तोड़ फोड़ और हंगामा करने वाले ग्रामीणों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर गुरुवार को कलेक्टर, एसपी और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। स्टाफ ने कहा कि घटना के बाद से वे दहशत में है। आक्रोशित लोगो ने उन हमला करने की कोशिश की, गली गलोच की, लोहे के स्टूल से दरवाजा-खिड़की को तोड़ने का प्रयास की उन्हें दौड़ाया भी। बाथरूम में छुप कर अपनी जान बचानी पड़ी। घटना से मरीज भी भयभीत है, रात में डिस्चार्ज करनें की मांग करने लगे। स्टाफ ने हमालवर के उपर कड़ी कार्यवाही करने और अस्पताल में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। कहा कि रात्री कालीन में सुरक्षा गार्ड नहीं होने रात्री कोई कर्मचारी ड्युटी नहीं करेंगे।

इधर घटना के बाद कलेक्टर आकाश छिकारा ने अस्पताल में तोड़ फोड़ की घटना को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होने संबंधित पर कार्यवाही करने के निर्देश अफसरो को दिए है। साथ की सुरक्षा गार्ड बढ़ाने तथा बिते रात तैनात गार्ड के वेतन कटौती के निर्देश भी दिए है।

# नवापारा समेत अंचल में धूमधाम से मना भाई बहन के अटूट प्यार का पर्व रक्षाबंधन



**नवापारा राजिम,** 31 अगस्त। भाई बहन के अटूट प्यार का पर्व रक्षाबंधन नगर सहित अंचल में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. रक्षाबंधन के सही तिथि के असमंजस के बीच कुछ बहनो ने 30 तारीख सुबह 10रू30 के पहले राखी बांधी तो रात 9रू07 के बाद भद्रा काल के समापन के बाद बहनो ने अपने प्रिय भाइयो के कलाईयों पर राखी बांधी और मुँह मीठा कराकर उनके सकुशल व समृद्ध जीवन के लिए प्रार्थना की. वही बदले में भाइयो ने बहनो को उपहार भेंटकर कर उनका सुरक्षा के लिए कसमें खाई. आम से लेकर खास हर वर्ग के लोगो में रक्षाबंधन के प्रति काफ़ी उत्साह देखा गया.नगर के सभी वार्डो समेत गांव के गलियां भी राखी बांधने वाली बहनो के आने जाने से चहल पहल देखी.।

# अभा कांग्रेस स्केनिंग कमेटी के सदस्य से टिकेंद्र ठाकुर ने की भेंट



**नवापारा-राजिम,** 31 अगस्त। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्ति स्केनिंग कमेटी के सदस्य डॉ. एल. हनुमंथैया 29 अगस्त. मंगलवार को रायपुर लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्र धरसीवा, आरंग, अभनपुर, रायपुर ग्रामीण कांग्रेस पार्टी के समस्त दावेदारों व अन्य कार्यकर्ताओं से मुलाकात प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन शंकर नगर मे किये। इस अवसर पर कांग्रेस नेता टिकेंद्र सिंह ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक छत्तीसगढ़ पूर्व सभापति जनपद पंचायत अभनपुर जिला रायपुर सहित अनेक प्रत्याशी ने मुलाकात की और अभनपुर विधान सभा के सम्बध्द मे चर्चा कर जनभावना से अवगत कराया।

# बढ़ते सड़क हादसों को लेकर सांसद चुन्नीलाल साहू ने जताई चिंता

**गरियाबंद**, 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिले से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे सहित जिले के विभिन्न शहरी व ग्रामीण सड़को में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने चिंता जताई है। सांसद ने इसे रोकने प्रभावी उपाय करने के निर्देश जिले के अफसरो को दिए है। सांसद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। गुरूवार को सांसद चुन्नीलाल साहू ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होने जिले में इस साल हुए विभिन्न सड़क हादसो, विशेषकर बिते रात ग्राम मालगांव में हुए घटना को लेकर गहरी चिंता जताई। सांसद ने कहा कि सड़क हादसे में कमी लाने के लिए प्रशासन कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। इस दौरान उन्होने अफसरो को जिले में यातायात नियमो का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान बैठक में प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ़ विधायक डमरूधर पुजारी, कलेक्टर आकाश छिकारा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित कांबले, वनमण्डलाधिकारी मणिवासगन एस, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव एवं विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

**नियमों की अनेदखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें**




### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अफसरों को दिए यातायात नियमों के कड़ाई से पालन कराने के निर्देश

बैठक में सांसद साहू ने आमजनो जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश अफसरो को दिए। साथ ही नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा। सांसद ने कहा कि दुपहिया वाहन चालको से अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग कराए। साथ ही यात्री बसो की भी समय समय पर फिटनेस जांच की जाए। वाहनों के ओवर स्पीडिंग व एवं ओवर लोडिंग के प्रकरण में भी परिवहन विभाग को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

**दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों को चिंहित करें**

सांसद ने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों को चिन्हित कर रंबल स्ट्रिप बनाने, आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने, घुमन्तु मवेशियों को सड़क से हटाने व रेडियम बेल्ट लगाने, रात्रि में अंधेरे की वजह से हो रही दुर्घटनाओं वाले स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही गाड़ियों के पीछे रिफ्लेक्टर लगवाने के निर्देश दिए। सांसद ने स्कूली वाहनों एवं यात्री बसों में सड़क सुरक्षा मानकों का गंभीरता से पालन कराने के लिए कहा। बैठक में कलेक्टर आकाश छिकारा ने भी सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यापक इंतजात करने के निर्देश एनएच को दिए। साथ ही नेशनल हाईवे में सहायक सड़क को जोड़ने वाले जंक्शन पॉइंट में रंबल स्ट्रिप वाले गति अवरोधक बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ यातायाता नियमो को लेकर सख्ती करने तथा स्कुली बच्चो व नाबालिको के वाहन चलाने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव मलकीत सिंह को टिकेंद्र ठाकुर ने दी बधाई



**नवापारा-राजिम,** 31 अगस्त। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव मलकीत सिंह गेंदु के कार्यभार ग्रहण के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक छत्तीसगढ एवम पूर्व सभापति जनपद पंचायत अभनपुर के टिकेंद्र सिंह ठाकुर ने बधाई दी और गुलदस्ता भेंट किया।

### तृप्ति यादव ने भाई को बांधी राखी



**बिलाईगढ़,** 31 अगस्त (देशबंधु)। भाई बहन का अटूट प्यार का त्यौहार रक्षाबंधन आज पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे प्रदेश के महिलाए,बहन अपने भाई को राखी बांधने दूर दूर से पहुँचकर भाई बहन के अटूट प्यार ,दुलार का रिश्ता को कायम रखने की काम किया है।भाई अपनी बहन को उपहार स्वरूप भेट करते है।

### जिले में 13 तक होगा वजन त्यौहार का आयोजन

**बलौदाबाजार,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बच्चों के पोषण स्तर ज्ञात करने के लिए कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले में 1 से 13 सितंबर तक प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जायेगा। वजन त्यौहार में जिले के 0 से 6 वर्ष तक के 1 लाख 25 हजार से अधिक बच्चों का वजन लेकर बच्चों के पोषण स्तर का ज्ञात किया जायेगा।

# प्रदेश में 36 जिला मुख्यमंत्री की घोषणा, राज्य बनने के बाद मिले 16 जिला

**राजिम,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजिम जिला निर्माण पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर क्षेत्र के लाखों जनता की निगाहें टिकी हुई है। हर दृष्टिकोण से राजिम को जिला बनाने मांग शांतिपूर्ण ढंग से विभिन्न माध्यमों के माध्यम से प्रदेश सरकार को अवगत करा रहे हैं। बच्चों से लेकर युवा एवं उम्र दराज लोगों की मांग मुख्यमंत्री कैसे अनसुना कर सकते हैं। यहां के जनता को पूरा विश्वास है कि आचार संहिता लगने से पहले राजिम जिला की घोषणा अवश्य करेंगे। जानकारी के मुताबिक 5 अक्टूबर से आचार संहिता लग जाएगी उसके बाद सरकार किसी प्रकार की कोई घोषणा नहीं कर सकते हैं। चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद राजनीतिक दल सिर्फचुनाव की तैयारी में ही लग जाएंगे। ऐसे में मात्र गिनती के एक महीना ही समय शेष है। इस एक महीने में कांग्रेस सरकार यदि जिला की घोषणा भी करती है तो उनको स्टेबिलिट करने में समय लगेगा। जानकारों की माने तो कांग्रेस सरकार इस पंचवर्षीय के जाते-जाते तीन नए जिला बनाने का श्रेय ले सकती है। वैसे भी छत्तीसगढ़ राज्य 1 नवंबर सन् 2000 को अस्तित्व में आया। तब गिनती के 16 जिला ही थे। प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने अपने कार्यकाल के दौरान नया जिला नहीं बनाया। उसके बाद प्रदेश की सत्ता में काबिज भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा 11 नए जिले बनाकर जिले की संख्या 27 कर दिए। सन् 2018 में सत्ता परिवर्तन के साथ पुन: कांग्रेस की सरकार आई और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 6 नए जिले गठन कर दिए। अब जिले की संख्या 33 हो गई है। चर्चा है कि छत्तीसगढ़ में 36 जिले ही होंगे। इस लिहाजा से प्रदेश में कुल तीन जिला और नए बनाए जाने हैं। प्रदेश सरकार के पास अभी भी महीने भर से भी ज्यादा समय है इस दौरान वह प्रदेशवासियों को तीन नए जिले का सौगात दे सकती है। चूंकि राजिम जिले की मांग बहुत पुरानी है। हर दृष्टिकोण से राजिम जिला बनने के सारे मापदंड को पूर्ण करती है। वैसे भी प्रदेश का इन्हें प्रयागराज कहा जाता है। राज्य का सबसे बड़ा माघ पूर्णिमा मेला त्रिवेणी संगम नदी में लगता है। जिसमें प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहती है। दर्शन, पूजन, स्नान एवं मेला घूमने देश विदेश से भी लोग पहुंचते हैं। पूरे प्रदेश में राजिम का अपना एक विशेष महत्व है इसे हरि और हर की नगरी भी कहा जाता हैं। साक्षात भगवान विष्णु राजीवलोचन के रूप में विराजमान है। महादेव तीन नदियों के मध्य में कुलेश्वरनाथ महादेव के रूप में मौजूद है। मुख्यमंत्री जब भी राजिम आते हैं तो प्रदेश की खुशहाली के लिए भगवान राजीवलोचन एवं कुलेश्वरनाथ महादेव दर्शन करने जरूर पहुंचते हैं। यहां पंचकोशी यात्रा की परंपरा सदियों से चली आ रही है। जिले बन जाने से इनकी ख्याति और बढ़ जाएगी। बताया जाता है कि देश में जितने भी बड़े तीर्थ स्थल है सभी जिला के रूप में अस्तित्व में आ चुके हैं लेकिन छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े तीर्थ स्थल राजिम आज भी जिले की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भरोसा लगाकर निगाहें टिकाएं हुए हैं।



- रमन सिंह ने बनाए 11 जिला, भूपेश ने 6 अब 3 जिला की घोषणा शेष
- मुख्यमंत्री शेष 3 जिले मे राजिम को देगे क्या चुनाव पूर्व जिला की सौगात

# 20 लोगों ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

### विधायक ने गमछा पहनाकर कराया प्रवेश



**गरियाबंद,** 31 अगस्त। जिले के राजिम विधानसभा क्षेत्र के 20 लोगो ने कांग्रेस सरकार की विकासमुखी योजनाओ प्रभावित होकर कांग्रेस में प्रवेश किया। गत दिनो एक दिवसीय प्रवास में गरियाबंद पहुँचे प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने सभी को कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी मे प्रवेश कराया। साथ ही उनका स्वागत भी किया। इस दौरान सभी ग्रामीणो ने विधायक के समक्ष कांग्रेस के लिए समर्पित होकर काम करने का भी संकल्प लिया। जानकारी के मुताबिक सभी ग्रामीण ग्राम पंचायत टेका के आश्रिम ग्राम कपसीडीह है। जिसमें मेघराज साहू, परमेश्वर तारक, महेंद्र ध्रुव, पंकज ध्रुव, कुंजलाल साहू, जड़ित साहू, मोहन मानिकपुरी, गुलशन ध्रुव, चंदन ध्रुव, टेकेश्वर साहू, रविकुमार ध्रुव, गणेश्वर तारक, दीपक तारक, डिकेश्वर ध्रुव, देवशरण साहू, तोरण तारक, नीलेश तारक, कृष्ण कुमार साहू, लक्की साहू एवं जितेंद्र साहू शामिल है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कृष्ण कुमार साहू ने रद्दी के...

में नहीं है। इसके अतिरिक्त 140 मोटरसाइकिल, 36 स्कूटी, 76 कार, 3 हार्वेस्टर, 1 ऑटोरिक्शा एवं चौन माउंटेन मशीन के नाम पर पिटपास जारी किया गया है। कुल 945 वाहन से 4249 घनमीटर रेत भरकर दूरस्थ स्थानों पर रेत का परिवहन करना दर्शाया गया है। 13 अगस्त 2015 से 27 नवंबर 2015 तक इन वाहनों से कुल 1,44,383 घनमीटर रेत का परिवहन दर्शाकर 1,65,040 रुपए राजस्व का राजस्व मिलना बताया गया है।

**फर्जीवाड़ा ऐसा कि प्रतिबंध को भी भूल गए**

नियम के अनुसार बारिश के मौसम में रेत घाटों से रेत निकासी पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है लेकिन फर्जीवाड़ा के चक्कर में अधिकारी प्रतिबंधित समय को भूल गए। उन्होंने अगस्त माह से लेकर नवंबर माह तक खदानों में रेत का उत्खनन दर्शाया है। जबकि इस समय खदानों से निकासी पर प्रतिबंध रहता है। यही नहीं कई वाहनों में तो राकेट की रफ्तार से परिवहन करना दर्शाया गया है।

### रक्षा सूत्र बांधकर सतनामी...

का आशीष व्यर्थ नहीं जायेगा। इस अवसर पर विशाखा, सावित्री, देवकी, नंदिनी ने कहा कि सही मायने में जनता के सच्चे हितैषी रोहित साहू का कार्य किसी से छिपा नहीं है वह विधानसभा जीतकर हर बहनों की जीवन में खुशियां जरूर लाईगी। उल्लेखनीय है कि रोहित साहू गांव के सरपंच से अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत की। शुरुआती दौर पर जो मेहनत उन्होंने किया वही आज भी हर भाई और बहन के सुरक्षा के लिए हमेशा आगे रहते हैं। वहां उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता मंसाराम कुर्रे ने बताया कि हमें बहुत ही अच्छा लग रहा है कि भाजपा ने रोहित साहू को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा है हमारी ओर से पूरी सपोर्ट है। भाजपा मंडल राजिम के अध्यक्ष कमल सिंहा ने कहा कि लगातार पार्टी विधानसभा के प्रत्येक गांव में तूफानी दौरा कर रही है और जनता से मुलाकात कर सुख दुख के सहभागी बन रहे है। अभी तक जितने भी गांव में राजिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू गए हैं। सब का आशीर्वाद लगातार मिल रहा है और बड़ी मतों से भाजपा राजिम विधानसभा जीतेगी। मौके पर उपस्थित भाजपा के राजिम विधानसभा प्रत्याशी रोहित साहू ने कहा की रक्षाबंधन के मौके पर बहनों का प्यार, दुलार मिला इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। इनके आशीर्वाद ही मुझे चुनाव में जीतायेगी।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय...

के अंतिम चरण में काम क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार इन पांच भयंकर बीमारियों से हमें अपनी स्वयं की रक्षा करनी है और तभी हम वास्तव में सच्चा रक्षाबंधन पर्व मना सकेंगे। सभी भाई बहनों को बुराई त्याग करने का प्रतिज्ञा पत्र भी भराया गया।

### छग के 59 लाख परिवारों को...

सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को पावन रक्षाबंधन त्यौहार का उपहार दिया है। भाजपा नेता धनंजय साहू ने कहा कि श्री मोदी ने देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति का प्राथमिकता के साथ ध्यान रखा है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के देश की सभी महिलाओं के हित में फैसले लिए हैं चाहे वह किसी भी धर्म वर्ग या पंथ से जुड़ी हुई क्यों न हों। एक देश में महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए। इस दिशा में भारत में पहली बार नीतियां बनी हैं तो यह नीतियां मोदी जी की देन हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले मोदी जी ने सबसे पहले हमारी बहनों बेटियों माताओं को उनके घर पर शौचालय निर्माण के जरिए सम्मान दिया है। मोदी जी ने गरीब महिलाओं को पक्के मकान की सौगात दी है। उन्होंने अब रसोई गैस के दाम में बड़ी कटौती करने का जो फैसला लिया है, उससे केंद्र सरकार पर 7680 करोड़ का अतिरिक्त बोझ आएगा। लेकिन बहनों की खुशी से बढ़कर मोदी जी और भाजपा के लिए और कुछ भी नहीं है। यही कारण है कि महिलाओं के हित में यह फैसला लिया गया है। जिसका असर पूरे देश के आम नागरिकों पर दिखाई देगा। देश के हर निवासी, हर परिवार को इस राहत का लाभ मिलेगा।

### गैस में दो सौ रुपये की छूट...

कहा कि महंगे सिलिंडर होने के कारण ही गरीब वर्ग फिर से लकड़ी जलाकर खाना पका रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार पांच सौ रुपये में गैस सिलिंडर दे रही है, वहीं मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पांच सौ रूपये में सिलिंडर देने की मांग की है, जबकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पांच सौ रुपये में सिलिंडर देने का विचार किया है। जल्द ही इसकी घोषणा होगी।

### आगामी चुनावी रणनीति को लेकर...

आज भी सक्रिय है जो उनके कार्यक्रमों में एक संदेश पर पहुंच जाते है। ऐसी स्थिति में राजनीति समीकरण का उथल पुथल होना स्वाभाविक बात है। पर देखना है कि विधायक प्रमोद शर्मा का आगामी राजनीति भविष्य क्या होता है।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में किसान सम्मान समारोह

**पिथौरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पिथौरा द्वारा किसान सेवा सप्ताह के तहत पिथौरा कृषि उपज मंडी प्रांगण किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि देवेंद्र बहादुर अध्यक्ष वन विकास निगम एवं विधायक बसना विधानसभा कार्यक्रम के अध्यक्षता द्वारिकाधीश यादव संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत पिथोरा के अध्यक्ष आत्मा राम यादव मंडी अध्यक्ष कार्तिक राम ठाकुर विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत श्री कुलवंत कनूजा उपस्थित रहे। किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम में लगभग 850 किसानों को गमछा देकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए देवेंद्र बहादुर ने कहा की वर्तमान में हमारी भूपेश सरकार किसानों की सरकार है छत्तीसगढ़ के आधार स्तंभ किसान को मजबूत करना उन्हें खुशहाल बनाने से ही हमारा राज्य खुशहाल हो पाएगा। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों को खुशहाल बनाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई इसका लाभ सीधे रूप से किसानों को मिल रहा है और हमारा राज्य आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। भूपेश सरकार के किस कल्याणकारी योजनाओं के कारण किसानों की रुचि खेती की ओर बड़ी है और छत्तीसगढ़ विकास की ओर आगे बड़ रहा है। कार्यक्रम को आगे संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष की अध्यक्षता कर रहे हैं संसदीय सचिव विधायक द्वारकाधीश यादव जी ने कहा की वर्तमान में हमारी भूपेश सरकार किसानों की सरकार है एक किसान परिवार से मुख्यमंत्री बने भूपेश बघेल किसानों के हित के बारे में ही सोच रहे है किसानों के हित में किए गए सरकार की योजनाएं और निर्णय कर्ज माफी ?2500 धान खरीदी बिजली बिल हाफ राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत सब्सिडी जैसे अनेक किसान कल्याणकारी योजनाएं किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बना रहा है किसानों के हित में चलवराहे कई योजनाओं का सीधा लाभ किसानों को मिल पा रहा है इसके कारण किसान अत्यंत समृद्ध और मजबूत हो रहे हैं और अब हमारे छत्तीसगढ़ राज्य में किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है यही एक कारण है द्वद्व छत्तीसगढ़िया राज्य अब अपनी नई पहचान बना रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव ने कहा की छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकारी एक मात्र ऐसी सरकार है जो किसानों के हित के बारे में सोचती है छत्तीसगढ़ की प्रमुख पक्षी विपक्षी पार्टी केवल का किसानों को बहला फुसलाकर अपनी राजनीति रोटी सेकते है लेकिन जब से भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ में है किसानों के कर्ज माफी धान खरीदी राजीव गांधी न्याय योजना जैसे नीतियों के कारण किसान मजबूत हो रहे हैं। साथ ही समस्त किसानों से निवेदन भी किया की आने वाले समय में पुन कांग्रेस सरकार के लिए मतदान कर फिर से हमारे विधायक देवेंद्र बहादुर को विधायक बनाकर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाएं।



## निधन

### बुधियारिन बाई चंद्राकर



**महासमुंद,** 31 अगस्त। ग्राम खरोरा निवासी श्रीमती बुधियारिन बाई उर्फ भूरी चंद्राकर 75 वर्ष का गुरूवार 31 अगस्त को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे श्यामा चरण, महेश चंद्राकर की मां व लोचन चंद्राकर की दादी थी।

### कुंदनमल सेठी



**दुर्ग,** 31 अगस्त। पूर्व में जैन गली गांधी चौक वर्तमान में अमर हाईट्स निवासी जैन समाज के अग्रणी कुंदनमल सेठी उम्र 89 वर्ष का आज 31 अगस्त को सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। अंतिम संस्कार शाम को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुभाष, राजेश, आशीष, संजीव सेठी के पिता थे।

# केबिनेट मंत्री डॉ. डहरिया की अनुशंसा से 4 करोड़ के विकास कार्यों की मिली स्वीकृति



**आरंग,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक व नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा जनदर्शन के माध्यम से विकास कार्यो की मांग की गई थी। जिस पर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा एवं प्रयासों से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2023-24 के अंतर्गत अद्योसंरचना निर्माण कार्यो हेतु ?04 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति मिली हैं। जिसमें ग्राम छतौना(म.) में उचित मूल्य की दुकान निर्माण हेतु 07 लाख, परसदा(से.) में उचित मूल्य की दुकान निर्माण हेतु 07 लाख, भण्डारपुरी में उचित मूल्य की दुकान निर्माण हेतु 07 लाख, परसवानी में उचित मूल्य दुकान निर्माण हेतु 07 लाख, गुजरा में उचित मूल्य दुकान निर्माण हेतु 07 लाख, राटाकाट में आंगन बाड़ी भवन निर्माण हेतु 06 लाख, कुरूद (कु.) कुम्हार पारा में आंगन बाड़ी भवन निर्माण हेतु 06 लाख, जावा में निर्मला घाट निर्माण हेतु 5.20 लाख, दरबा बंधवा तालाब में निर्मला घाट निर्माण हेतु 7.80 लाख, धोबभट्ठी बंधवा तालाब में निर्मला घाट निर्माण हेतु 2.60 लाख, रानीसागर सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, कुटेशर में कोटवार घर से पंचू बैस घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण निर्माण हेतु 5.20 लाख, कलई लोधी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, रसौटा मेन रोड नंद किशोर घर से चंगू खेत तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख एवं मेन रोड़ से साहड़ा चौक से चंगू खेत तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, गुजरा में बंजारे पारा से नईया तालाब तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, बोरिद में खेदू घर से मिडिल स्कूल मैदान तक सी.सी.रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, भानसोज में शारदा सैलून से रंजीत सिन्हा घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, धोबभट्ठी मेन रोड़ में सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, संकरी (जा.) यादव पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, गुल्लू धीवर पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, सेमरिया (प) यादव पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, परसदा (से) यादव पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, सेजा सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, करमा (अछोली) में लालजी घर से मांगसिंग यादव घर तक सी.सी.रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, अमोदी में विरेन्द्र चन्द्राकर घर से सतनामी पारा तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, बरौदा साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, कठिया गुरूघासीदास चौक में सी.सी. रोड़ निर्माण 5.20 लाख, टेकारी में नवीन बाल समिति के पास रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, मोहमेला सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख, नवागांव (खु.) में बाजार चौक में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, भैंसा में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, खोरसी सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, कोड़ापार कुर्मी पारा तालाब पार में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, खमतराई मुक्तिधाम पहुंच मार्ग में नाली निर्माण हेतु 3.94 लाख, एवं मुख्य मार्ग से भागवत घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, मुनरेठी में घासीदास चौक से स्कूल तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, फरफौद लोधी समाज पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, परसट्ठी (अकोलीखुर्द) में केकराम घर से नया तालाब तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, अकोलीखुर्द में साधन घर से पवन ब्यारा तक नाली निर्माण हेतु 3.94 लाख, लांजा में दिनदयाल घर से स्कूल तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, उमरिया(प) भाठापारा में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, एवं शीतला मंदिर से मेन रोड़ तक सी.सी.रोड़ निर्माण 5.20 लाख, अमसेना बाजार चौक से तेली सक्ति तक नाली निर्माण हेतु 3.94 लाख, एवं साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, खौली चन्द्राकर पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, रसनी में भूषण टंडन घर से अरूण के दुकान तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, कोरासी देवांगन पारा में सामुदाकिय भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, भैंसा में मुख्य मार्ग से सतनामी पारा तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, गुल्लू में घासीदास मंदिर के पास सी.सी.रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, तोड़गांव यादव पारा में सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख, चकवे साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, बनरसी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, कुरूद (कु.) निषाद पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, बाना बायपास मार्ग में सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, परसदा (च.) में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, गुमा में दुर्गा मंदिर से बाजार चौक तक सी.सी.रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, एवं मेन रोड़ से शीतला चौक तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, अकोलीकला बाजार चौक में सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, दरबा में गणेश ढ़ीढ़ी घर से धनेश टंडन घर तक सी.सी.रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, एवं सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, कुंडा(टे.) में वर्मा घर से आर.डी. साहू घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, पलौद में तिजू धीवर घर से जुरी खार तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, कोटराभाठा पाल पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, मुनरेठी सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, बकतरा साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, परसदा (से) निषाद पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, खुटेरी मुख्य मार्ग से सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 5.20 लाख, देवर तिल्दा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, तथा ग्राम गुखेरा में जुगनू तालाब से बाजार चौक तक सी.सी.रोड़ निर्माण हेतु 2.60 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। उपरोक्त विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष के साथ मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया के प्रति आभार व्यक्त किये हैं।

# कांग्रेस शासित नगर पालिका ने जनता के हितों के लिए एक भी कार्य नहीं किए : शिवरतन शर्मा



**भाटापारा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक शिवरतन शर्मा ने भाटापारा नगर के महासती वार्ड में बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में विकास कार्य अवरूद्ध हो गये है, निर्माण का काम बंद हो रहे हैं। प्रगति के स्वरूप की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़ पिछले 15 सालों में विकास की गति पर चल रहा था। जो पूरी तरह इन पौने 05 सालों में रुक से गए है, भाजपा सरकार द्वारा चालू किए गए काम ही अभी तक चल रहे हैं। दूसरी ओर प्रदेश की गरीब जनता को मिलने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन के तहत घर-घर नल से मीठा पानी सहित केंद्र सरकार की योजना कांग्रेस सरकार की नाकामी के कारण भाटापारा विधानसभा सहित छत्तीसगढ़ में दम तोड़ रही है।

विधायक शर्मा ने कहा शांति का टापू कहे जाने वाला छत्तीसगढ़ भुपेश बघेल के कार्यकाल में चोरी, डकैती, जुआ, सट्टा, मर्डर ये छत्तीसगढ़ की पहचान बन गया है। आज हर व्यक्ति खुद को इस सरकार में असुरक्षित महसूस कर रहा है। विधायक शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस शासित नगर पालिका पर तंज कसते हुए कहा कि भाटापारा नगर में जनता के हितों के लिए एक भी कार्य नही किये गए है जिनसे जनता को लाभ प्राप्त हो. उनके मूल भूत सुविधा जिनका वो पालिका प्रशासन को टैक्स देती है वो कार्य तक सही तरीके से क्रियान्वित नहीं हो रहे है. ना सफाई, ना पानी, ना उचित बिजली व्यवस्था, ना ही सड़क, ना नाली, कुछ भी काम नगर में अब तक नही हुए है. चारो ओर गंदगी का आलम है। उक्त कार्यक्रम डॉ. मोहन बांधे, आशिष जायसवाल, वार्ड पार्षद गोवर्धन डहरिया, हारून रजा, मनोज अहिरवार, नसीम खान, हिरवान लहरें, माधव पंजवानी, मंत्री राम नारंग, तनुजा, उर्मिला, भुनेश्वरी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# भाजयुमो समोदा के अध्यक्ष बने गोविंद वर्मा



**पलारी,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। विगत दिनों अरुण साव प्रदेश अध्यक्ष, पवन साय संगठन महामंत्री एवं सुनील सोनी सांसद टंक राम वर्मा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला महामंत्री, फनेंद्र भूषण वर्मा जिलाअध्यक्ष भाजयूमो रायपुर ग्रामीण नंद कुमार साहू मंडल अध्यक्ष समोदा के सहमति पर गोविंद वर्मा को भाजपा युवा मोर्चा समोदा मंडल के अध्यक्ष बनाया गया श्री वर्मा की नियुक्ति पर सर्व समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी युवा मोर्चा मंडल पदाधिकारी एवम कार्यकरणीय की घोषणा की !

# रक्षाबंधन का महत्व बदला : गिरीश



**खरोरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खरोरा भवन में बुधवार को रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। जहाँ के व्यापारियों, पत्रकारों, समाजसेवियों व अनेक गणमान्य लोगों के कलाई पर राखी बाधी। जहाँ खरोरा ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कि संचालक दीदी उमा ने कहा कि रक्षाबंधन दो शब्दों से मिलकर बना है रक्षा और बंधन। इस बंधन में बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और भाई अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है।

वहीं इस अवसर पर खनीज विकाश निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने कहा कि धीरे -धीरे इस प्यार के बंधन के मायने ही बदल गए हैं लोग पहले पुरे परिवार के साथ मिलकर हर त्यौहार बनाते थे पर अब लोग परिवार के लिए भी समय नहीं निकालते.

वहीं उन्होंने आगे कहा ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर बदले में महंगे उपहार न लेकर केवल मात्र भाइयों की आने जीवन से बुरी आदतें छोड़ने का वचन लेती हैं.

प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कि बहनो के द्वारा आईटीबीपी कैम्प मे जाकर जवानो को राखी बाँधी.

# दो बाइकों में भिड़न्त, युवक की मौत, तीन गंभीर

**बागबाहरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। तेंदूकोना थाने के अंतर्गत कल बुधवार को रक्षाबंधन के दिन भुरकोनी-बुंदेली रोड में शिकारीपाली गांव के पास दो बाइकों में आपस में जोरदार भिड़न्त होने से एक युवक की अस्पताल में पहुंचते ही मौत हो गई। वहीँ तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे उपचार हेतु 112 एम्बुलेंस वाहन की मदद से सरकारी अस्पताल बागबाहरा में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायल युवकों को जिला अस्पताल महासमुंद रिफर कर दिया गया। इधर बागबाहरा पुलिस ने जीरो में मर्ग कायम कर लाश का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले की जाँच कर रही है। इस मामले के विवेचना अधिकारी बागबाहरा थाने के सहायक उपनिरीक्षक हरीप सोना ने बताया कि तेंदूकोना पुलिस थाने के अंतर्गत कल बुधवार को रक्षाबंधन त्यौहार के दिन कमारपारा कलमीदादर निवासी आदिवासी युवक दिनेश कुमार कमार उम्र 26 वर्ष पिता फोटकू राम कमार अपने गांव के साथी युवक कोमल दीवान के साथ बाइक में बैठ कर तेंदूकोना से भुरकोनी-बुंदेली रोड की तरफ राखी का सामान खरीदने दोपहर में गया था। जहाँ से सामान की खरीदी कर अपने गांव कलमीदादर वापस जा रहे थे। इसी दौरान शिकारीपाली गांव के पास तेंदूकोना से भुरकोनी की तरफ विपरीत दिशा से आ रहे मोटर सायकल वालो से आपस में जोरदार आमने-सामने दोनों टकरा गए। जिसमे दोनों बाइकों में सवार चार युवक सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज हेतु 112 एम्बुलेंस वाहन की सहयोग से बागबाहरा के सरकारी अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ कलमीदादर निवासी आदिवासी युवक दिनेश कुमार कमार की अस्पताल में पहुंचते ही मौत हो गई। वहीँ गंभीर रूप से घायल तीनों युवकों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल महासमुंद रिफर कर दिया गया। इधर बागबाहरा थाना पुलिस ने जीरो जीरो में मर्ग कायम कर मृतक आदिवासी युवक दिनेश कुमार कमार के शव का बागबाहरा में पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बहरहाल पुलिस इस मामले की विवेचना में जुट गई है।

# सामुदायिक भवन भूमि आबंटन हेतु संसदीय सचिव यादव ने ली समीक्षा बैठक



**बागबाहरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बागबाहरा रेस्ट हाउस में भेट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न समाज के प्रतिनिधि मंडलों द्वारा उनके समक्ष सामुदायिक भवन निर्माण की मांग प्रमुखता से रखी थी। जिसके लिए सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा समाज के नाम से भूमि आबंटन हेतु आवेदन पत्र राजस्व विभाग बागबाहरा में प्रस्तुत किया गया है। भूमि आबंटन हेतु त्वरित कार्यवाही करने के लिए संसदीय सचिव एवं खल्लारी क्षेत्र के युवा विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा बागबाहरा के तहसीलदार लीलाधर कँवर एवं सामाजिक पदाधिकारियों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक विधायक कार्यालय में ली गई। जिसमे सामाजिक पदाधिकारियों की भूमि आबंटन की वर्तमान प्रगति एवं आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करने हेतु तहसीलदार द्वारा अवगत कराया गया। विधायक श्री यादव द्वारा उपस्थित सामाजिक पदाधिकारियों से वन टू वन चर्चा कर उनके समाज की सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटन के सम्बन्ध में जानकारी दी। तथा तहसीलदार को समस्त दस्तावेज पूर्ण कर आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सामाजिक पदाधिकारी अग्रवाल समाज से दिनेश कुमार अग्रवाल, साहू समाज से भेखलाल साहू, गांडा समाज से हीराराम नेताम, चंद्राकर समाज से पुष्पेंद्र चंद्राकर, सतनामी समाज से किशोर सोनवानी, मानिकपुरी समाज से गौतम दास मानिकपुरी, कुम्भकार समाज से ललित चक्रधारी, मानिकपुरी समाज से खेम दास मानिकपुरी, कुम्भकार समाज से दयाराम चक्रधारी, अघरिया समाज से गोपाल राम चौधरी, निषाद समाज से राकेश निषाद, कोसरिया पटेल समाज से बलराम पटेल, ब्राम्हण समाज से दानवीर शर्मा, मुस्लिम समाज से अमजद मेमन, शेख निजामुद्दीन, मुस्लिम समाज नर्रा से दामिन खान, बंजारा समाज से भोपाल सिंह नायक, देवांगन समाज से पीलूराम देवांगन, कुर्मी समाज से बालेश्वर चंद्राकर, भोयरा मरार समाज से खेमराज पटेल, यादव समाज से विनोद यादव, कोसरिया यादव समाज से हबेलाल यादव, कहार भोई समाज से मनीष अवसरिया, राजपूत समाज से अजय ठाकुर एवं अमात गोंड़ समाज से देव सिंह ठाकुर उपस्थित थें। बागबाहरा के तहसीलदार लीलाधर कंवर को भूमि आबंटन हेतु पूर्ण दस्तावेज के साथ अग्रिम कार्यवाही करने हेतु विधायक श्री यादव ने निर्देशित किया है।

# राजीव युवा मितान क्लब की बैठक में शामिल हुए विधायक नन्द



**सरायपाली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजीव युवा मितान क्लब की आवश्यक बैठक जनपद पंचायत सरायपाली जनपद भवन में विधायक क़िस्मतलाल नंद एवं राजीव युवा मितान क्लब सरायपाली विधानसभा समन्वयक दीपक साहू की अध्यक्षता में रखी गई थी 2 सितंबर को राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के रायपुर आगमन के सम्बंध में चर्चा तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यो को जन जन तक पहुचानें के लिए कहा गया ओर छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकरी योजनाओं को विशेष चर्चा कर अधिक से अधिक संख्या में एकजुट होने की बात की गई इस अवसर पर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सनत महादेवा, एस. डी. सिदार अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सरायपाली, मंडी उपाध्यक्ष सरायपाली विवेक अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद ग्वाल, अर्जुन्दा सरपंच चित्रसेन बीसी, सरायपाली विधानसभा के अध्यक्षगण, सचिव, अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कांटा तार या तार जाली नहीं अब पैल्टोफोरम से घेराबंदी



निकाय क्षेत्र की सड़कों के लिए हो रही तैयारी

**भाटापारा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। पैल्टोफोरम टेरोकार्पम, यह उस वृक्ष का नाम है, जिसके पौधों का रोपण नगरीय क्षेत्र की सड़कों के किनारे किया जाएगा। ज्यादा देखरेख की जरूरत का नहीं होना और मिट्टी की किसी भी किस्म में आसानी से तैयार होने वाले गुण ने नगरीय क्षेत्र की सड़कों के लिए इसे उपयुक्त बनाया है।

कचनार, गुलमोहर, अमलतास, सहजन और कदम्ब सहित 16 अन्य प्रजातियों के बीच पैल्टोफोरम भी अब नगरीय क्षेत्रों में नजर आएगा। पौधरोपण के लिए निजी क्षेत्र की नर्सरियों में इसके पौधे तैयार हो चुके हैं तो वन विभाग की नर्सरियां भी मांग की बाट जोह रही हैं। मालूम हो कि पहली बार इसके बीज हाथों-हाथ खरीदे गए हैं क्योंकि नगरीय क्षेत्र के उद्यानों में भी इसकी डिमांड हो रही है।

**जानिए पैल्टोफोरम को:** उष्णकटिबंधीय पौधा है। सालाना तापमान 27 से 36 डिग्री सेल्सियस अधिकतम और माइनस 7 डिग्री सेल्सियस तापमान पर भी यह बिना अवरोध के ग्रोथ लेता है। 800 मिली मीटर बारिश में भी तैयार होने वाला पैल्टोफोरम प्रतिकूल मौसम में बढ़िया बढ़वार लेने में सक्षम है। तेजी से बढ़ने वाली यह प्रजाति 3 साल में 9 मीटर ऊंचाई तक ग्रोथ ले सकती है। चौथे वर्ष इस में फूल लगते हैं। पहली कटाई और छंटाई के बाद यह अपने वास्तविक स्वरूप में आ जाता है।

**छाल और तना से बनते हैं:** अनुसंधान में इसकी छाल में टेनिन नामक जिस रसायन की जानकारी मिली है, उसकी मदद से कपास और बुटीक के लिए जरूरी रंग बनाए जाते हैं। टेनिन की यह मात्रा 11 से 21 प्रतिशत मिली है। तना से नाव बनाए जा सकते हैं तो नक्काशीदार जालियां भी बनाई जा सकती है। यही वजह है कि घरेलू उपयोग के लिए बन रही सामग्रियों में पैल्टोफोरम की लकड़ियां अच्छी मांग में हैं।

**प्राकृतिक बाड़ भी:** कांटा तार और तार जाली जैसी कृत्रिम बाड़ की बढ़ती कीमत, घेराबंदी के काम की लागत बढ़ा रही है। जो किसान अपने खेतों की प्राकृतिक बाड़ बनाने की चाहत रखते हैं उनके लिए पैल्टोफोरम वरदान से कम नहीं है। मजबूत तने और सख्त शाखाएं, प्राकृतिक बाड़ के रूप में ऐसे किसानों की पहली पसंद बन रहे हैं।

**उपयोग अलंकारी वृक्ष के रूप में:** यह तीव्र गति से बढ़ने वाला वृक्ष है। इस वृक्ष का सबसे महत्वपूर्ण प्रयोग अलंकारी वृक्ष के रूप में है। गुलमोहर के साथ एकांतर पर लगाने से एक अत्यंत मनोहारी दृश्य देखने को मिलता है जिसमें चमकीले पीले और गहरी सिंदूरी रंग के फूल भू-दृश्य की सुंदरता बढ़ाने की होड़ करते दिखते हैं।

**- अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट ( फॉरेस्ट्री ), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# कुरुद में धूमधाम से मना रक्षाबंधन का पर्व



**कुरुद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को भद्रा के साये के बीच नगर व ग्रामीण अंचल में भाई-बहन के विश्वास का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया। रात्रि 9 बजे के पश्चात शुभ मुहूर्त में बहनों ने विधिवत रूप से भाइयों का तिलक वंदन करते हुए उनका मुंह मीठा कर उनके कलाइयों पर राखी बाँधते हुए परम्परा का निर्वहन किया। दिनभर पर्व का उल्लास छाया रहा। कुछ ने तो दिन में ही रक्षाबंधन का पर्व मनाकर धागों के इस पर्व की खुशियां बिखेरी। बाजार भी आज पर्व के चलते गुलजार रहा, राखी, मिठाईयां सहित विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी भी जमकर हुई।

नगर के शिक्षक मुकेश कश्यप ने बताया कि मान्यताओं के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह पर्व भाई -बहन के रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक है। भारतीय परम्पराओं का यह एक ?सा पर्व है, जो केवल भाई बहन के स्नेह के साथ साथ हर सामाजिक संबन्ध को मजबूत करता है। इसलिये यह पर्व भाई-बहन को आपस में जोडने के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व भी रखता है। रक्षाबंधन के महत्व को समझने के लिये सबसे पहले इसके अर्थ को समझना होगा. च्च्रक्षाबंधन च्च रक्षा+बंधन दो शब्दों से मिलकर बना है. अर्थात एक ?सा बंधन जो रक्षा का वचन लें. इस दिन भाई अपनी बहन को उसकी दायित्वों का वचन अपने ऊपर लेते है। रक्षा बंधन का पर्व विशेष रुप से भावनाओं और संवेदनाओं का पर्व है. एक ?सा बंधन जो दो जनों को स्नेह की धागे से बांध ले। रक्षा बंधन को भाई - बहन तक ही सीमित रखना सही नहीं होगा. बल्कि ?सा कोई भी बंधन जो किसी को भी बांध सकता है. भाई - बहन के रिश्तों की सीमाओं से आगे बढ़ते हुए यह बंधन आज गुरु का शिष्य को राखी बांधना, एक भाई का दूसरे भाई को, बहनों का आपस में राखी बांधना और दो मित्रों का एक-दूसरे को राखी बांधना, माता-पिता का संतान को राखी बांधना हो सकता है।

# शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया



**सरायपाली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भैया, बहनों द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र की पूजा चंदन से तिलक एवं अगरबत्ती जलाकर किया गया। तत्पश्चात बहनों ने दीप की थाल सजाकर भाईयों का तिलक चंदन, आरती कर कलाई में राखी बांधकर रक्षाबंधन पर अनंत प्रेम, स्नेह, विश्वास एवं संकल्प का पर्व मनाया। भाईयों ने बहनों की रक्षा करने का संकल्प एवं उपहार स्वरूप कलम भेंट किया। भैया व बहनों द्वारा इस पवित्र अवसर पर वृक्षों की पूजा अर्चना कर रक्षासूत्र बांधकर वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया। जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और हम सभी को शुद्ध ऑक्सीजन की प्राप्ति होगी। हम सभी स्वस्थ रहेंगे प्रतिदिन स्कूल आ सकेंगे। प्रधान पाठक दुर्वादल दीप ने रक्षाबंधन पवित्र पर्व के बारे में बताया। मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय खरोरा में मतदान के लिए नागरिकों को संकल्प दिलाई गई



**खरोरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय खरोरा में आज शत प्रतिशत मतदान करने जनजागरूकता हेतु संकल्प सूत्र बांधकर शत प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प व्यवसायियों व नागरिक जनों, युवाओं से लिया गया। सभी नागरिकों ने संकल्प लिया कि शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने का कार्य करेंगे। आज बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने विशेष प्रकार की राखी बनाकर लाये जो मतदान के लिये लोगों को प्रेरित कर सके। साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा कपड़े के थैले बनाकर लाये थे उन्हें भी सर्व जन को वितरित किया गया व संदेश दिया गया कि हम सदैव पालीथिन की थैलियों से दूर रहकर कपड़े की थैलियों का उपयोग करेंगे। छात्र पोस्टर व बैनर के साथ नारा बुलंद करते उत्साह पूर्वक खरोरा नगर का भ्रमण किया व शुभ संदेश दिया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज उपप्राचार्य हरीश देवांगन व्याख्याता पुरषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, डोमार यादव, अमर बर्मन, सुनीता सिंह, रजनी त्रिपाठी, नेहा राठौड़ सहित समस्त छात्र छात्रायें उपस्थित थे।